65वीं

एम्स वार्षिक रिपोर्ट

2020—2021

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

नई दिल्ली 110029

65वीं
एम्स
वार्षिक रिपोर्ट
2020-21

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

नई दिल्ली - 110029

संयुक्त रूप से संपादित:

डॉ. संदीप अग्रवाला, बाल शल्य चिकित्सा विभाग

डॉ. नसरीन अख्तर, शरीरक्रिया विज्ञान विभाग

डॉ. दालिम बैद्य, संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा एवं गंभीर उपचार विभाग

डॉ. नीतू भारी, त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान विभाग

डॉ. अंजना दुहा, बाल शल्य चिकित्सा विभाग

डॉ. राकेश गर्ग, अर्बुद संवेदनाहरण विभाग, डॉ. भीम राव अम्बेडकर सं.रो.कैं.अ.

डॉ. विवेक गुप्ता, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्रविज्ञान केंद्र

डॉ. टोनी जॉर्ज जैकब, शरीररचना विज्ञान विभाग

डॉ. सिद्धार्थ जैन, मूत्ररोग विज्ञान विभाग, जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा केंद्र

डॉ. राजीव कुमार, सह-संकायाध्यक्ष (शैक्षिक) एवं मूत्ररोग विज्ञान विभाग

डॉ. राकेश लोढ़ा, बाल चिकित्सा विभाग

डॉ. आर. लक्ष्मी, हृद जैवरसायन विभाग

डॉ. संजीव लालवानी, कुल सचिव एवं न्याय चिकित्सा विभाग, जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा केंद्र

डॉ. कल्पना लूथरा, जैवरसायन विभाग

डॉ. पूर्वा माथुर, प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग, जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा केंद्र

डॉ. रश्मि रामाचन्द्रन, संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा एवं गंभीर उपचार विभाग

डॉ. पीयूष साहनी, जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं यकृत प्रत्यारोपण विभाग

डॉ. सिद्धार्थ सरकार, राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र

डॉ. प्रताप शरण, मनोचिकित्सा विभाग

डॉ. अर्चना सिंह-I, जैवरसायन विभाग

डॉ. शालिनी सिंह, राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र

डॉ. अल्पना शर्मा, जैवरसायन विभाग

डॉ. जितेंद्र सोढ़ी, अस्पताल प्रशासन विभाग

डॉ. दीप्ति विभा, तंत्रिका विज्ञान विभाग, तंत्रिका विज्ञान केंद्र

डॉ. राखी यादव, जैवरसायन विज्ञान

प्रकाशनों की जांच मुख्य रूप से सुश्री नीतू प्रिया, पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा डॉ. शांतनु गांगुली, मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष के मार्गदर्शन में की गई है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अ.भा.आ.सं.) की स्थापना सन 1956 में संसद के एक अधिनियम के द्वारा राष्ट्रीय महत्त्व के एक संस्थान के रूप में की गई थी। संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भारत में सभी मेडिकल कॉलेजों एवं अन्य संबद्ध संस्थाओं के लिए एक उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा के प्रदर्शन हेतु स्नातक-पूर्व तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा की सभी शाखाओं में शैक्षिक पैटर्न विकसित करना; स्वास्थ्य कार्यकलापों की सभी महत्त्वपूर्ण शाखाओं में कार्मिक के प्रशिक्षण हेतु सर्वोच्च स्तर की शैक्षिक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था।

संस्थान में शिक्षण, अनुसंधान तथा रोगी उपचार हेतु व्यापक सुविधाएं हैं। संस्थान द्वारा स्नातक-पूर्व तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर चिकित्सा एवं परा चिकित्सा पाठ्यक्रमों में शिक्षण संचालित किए जाते हैं तथा अपनी ही डिग्रीयाँ प्रदान की जाती हैं। लगभग 100 विषयों में शिक्षण एवं अनुसंधान कार्य संचालित किए जाते हैं। एक वर्ष में अपने अनुसंधानकर्ताओं द्वारा रुपए सौ करोड़ से अधिक का बाहरी अनुदान प्राप्त करने के साथ-साथ एम्स चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी है। एम्स द्वारा एक नर्सिंग कॉलेज भी चलाया जाता है।

विभिन्न विभागों एवं केन्द्रों द्वारा परा-नैदानिक विभागों की सहायता से सभी प्रकार के रोगों का व्यावहारिक उपचार किया जाता है। एम्स द्वारा हरियाणा में बल्लभगढ़ में एक 50-बिस्तरों वाला अस्पताल एवं व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र भी चलाया जाता है तथा सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र के माध्यम से लगभग 8 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

विषय-सूची

वार्षिक रिपोर्ट 2020-21

1. निदेशक की समीक्षा 1
2. संस्थान और इसकी समितियां 10
3. शैक्षिक अनुभाग 17
4. परीक्षा अनुभाग 43
5. सामान्य प्रशासन 52
6. अस्पताल 56
   - 6.1 चिकित्सा अभिलेख विभाग 58
   - 6.2 आहारविज्ञान 74
   - 6.3 अस्पताल बिलिंग अनुभाग 76
   - 6.4 नर्सिंग सेवाएं 76
   - 6.5 चिकित्सा समाज कल्याण एकक 86
   - 6.6 मुख्य रक्त कोष 96
7. नर्सिंग कॉलेज 99
8. अनुसंधान अनुभाग 120

विभाग

9.1. संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा और गंभीर उपचार 159
9.2. शरीर-रचना विज्ञान 177
9.3. जैव रसायन 191
9.4. जैव आयुर्विज्ञान इंजीनियरी 212
9.5. जैव भौतिकी 217
9.6. जैव सांख्यिकी 227
9.7. जैव प्रौद्योगिकी 238
9.8. सामुदायिक चिकित्सा केंद्र 251
9.9. त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान 285
9.10. आपात चिकित्सा 291
9.11. अंत:स्राविकी एवं चयापचय 302
9.12. न्याय चिकित्सा 315
9.13. जठरांत्ररोग विज्ञान एवं मानव पोषण एकक 321
9.14. जठरांत्र शल्य चिकित्सा और यकृत प्रत्यारोपण 335
9.15. जराचिकित्सा 341
9.16. रुधिर विज्ञान 346
9.17. अस्पताल प्रशासन 356
9.18. प्रयोगशाला चिकित्सा 365
9.19. काय चिकित्सा 384
9.20. सूक्ष्मजैव विज्ञान 396
9.21. वृक्क विज्ञान 428
9.22. नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद (एनएमआर) 438

9.23. नाभिकीय चिकित्सा....444
9.24. प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान....453
9.25. अस्थिरोग....479
9.26. नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान....486
9.27. बाल चिकित्सा....500
9.28. बाल शल्य चिकित्सा....544
9.29. विकृति विज्ञान....556
9.30. भेषजगुण विज्ञान....578
9.31. भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास....585
9.32. शरीर क्रिया विज्ञान....592
9.33. प्लास्टिक, पुनर्संरचना और दग्ध शल्य चिकित्सा....608
9.34. मनोचिकित्सा....612
9.35. पुल्मोनरी चिकित्सा एवं निद्रा विकार....634
9.36. विकिरण निदान....642
9.37. प्रजनन जैवविज्ञान....656
9.38. रूमेटोलॉजी....667
9.39. शल्य चिकित्सा विभाग....674
9.40. आधान चिकित्सा....700
9.41. प्रत्यारोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी....705
9.42. मूत्रविज्ञान....714

केंद्र

10.1. हृद् वक्ष विज्ञान केंद्र....724
10.2. दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र....769
10.3. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल....795
10.4. डॉ राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र....866
10.5. जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र....905
10.6. राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केन्द्र....968
10.7. तंत्रिका विज्ञान केन्द्र....986

केंद्रीय सुविधा

11.1. बी.बी. दीक्षित पुस्तकालय....1046
11.2. कैफेटेरिया....1049
11.3. केंद्रीय पशु सुविधा....1051
11.4. केंद्रीय कार्यशाला....1053
11.5. कंप्यूटर सुविधा....1057
11.6. इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी सुविधा....1072
11.7. छात्रावास अनुभाग....1076
11.8. नीति विषयक समिति....1080
11.9. के.एल. विग चिकित्सा शिक्षा, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार केंद्र, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन (सीएमईटी-आई)....1081
11.10. मीडिया प्रकोष्ठ और प्रोटोकॉल प्रभाग....1094
12. प्रकाशन....1154

वित्त विभाग

13.1. बजट और वित्त....1155
13.2. लेखा परीक्षा रिपोर्ट....1249

एम्स-एक नज़र में

2020-2021

स्थापना वर्ष 1956

शिक्षण विभाग एवं केंद्र	**42+7**	चिकित्सा स्नातक	**3351**
संकाय सदस्य (स्वीकृत 1099)	**743**	स्नातकोत्तर	**11534**
गैर-संकाय स्टाफ (स्वीकृत 12,392)	**9,762**	नर्सिंग/परा-चिकित्सा स्नातक	**3570**
स्नातक-पूर्व विद्यार्थी	**1101**	पत्रिकाओं/सार में प्रकाशन	**2315**
स्नातकोत्तर विद्यार्थी	**1985**	पुस्तकों में अध्याय/पुस्तक	**327**

अस्पताल सेवाएं

अस्पताल/केंद्र	**बाह्य रोगी (आपातकालीन सहित)**	**दाखिले**	**शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन/प्रक्रियाएं)**	**बिस्तर**		
				सामान्य	**प्राइवेट**	**कुल**
मुख्य अस्पताल	5,64,962	55,282	28,083	997	165	1162
डॉ. रा.प्र. केंद्र	1,28,979	13,786	18,899	288	22	310
डॉ. भी.रा.अ.सं.कैं.अ.	82,392	28,225	3650	167	15	182
हृद वक्ष विज्ञान केंद्र	33,015	2966	1296	226	33	464
तंत्रिका विज्ञान केंद्र	47,002	3116	1513	174	31	
एन.डी.डी.टी.सी.*	2,21,947	4445	-	50	-	50
सी.सी.एम.†	2,13,513	9491	951	50	-	50
जे.पी.एन.ए.टी.सी.	49,041	8348	3919	243	22	265
सी.डी.ई.आर.	10,131	255	8142	17	-	17
एन.सी.आई, झज्जर	48,676	15,048	5667	694	-	694
आऊटरीच बाह्य रोगी बाढ़सा, झज्जर	1,43,196	-	617	-	-	-
कुल	**15,42,854**	**1,40,962**	**72,737**	**2906**	**288**	**3194**

*त्रिलोकपुरी, सुन्दर नगरी तथा कोटला मुबारकपुर सहित †पी.एच.सी. दयालपुर सहित

अस्पताल कार्य निष्पादन सूचकांक

मानक	मुख्य अस्पताल		हृद वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केंद्र		जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र	
	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20
ठहरने की औसतन अवधि (दिन)	**10.4**	**9.9**	**13.8**	**10.5**	**9**	**10**
औसत बिस्तर अधिभोग दर (%)	**56.2**	**85.9**	**46.7**	**83.8**	**67**	**84**
शुद्ध मृत्यु दर (%)	**3.0**	**1.7**	**6.9**	**2.6**	**9**	**5**
संयुक्त अपरिष्कृत संक्रमण दर (%)	**8.9**	**5.6**	-	-	-	-

सी.सी.एम.: सामुदायिक चिकित्सा केंद्र
सी.डी.ई.आर.: दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र
डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ.: डॉ. भीम राव अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल
डॉ. रा.प्र. केंद्र: डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्रविज्ञान केंद्र
जे.पी.एन.ए.टी.सी.: जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र
एन.सी.आई.: राष्ट्रीय कैंसर संस्थान
एन.डी.डी.टी.सी.: राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र

1. निदेशक की समीक्षा

मुझे संस्थान की 65वीं वार्षिक रिपोर्ट तथा वर्ष 2020-2021 के लेखों का लेखा परीक्षित विवरण प्रस्तुत करते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है।

भारतीय संसद के एक अधिनियम द्वारा आयुर्विज्ञान शिक्षा और स्वास्थ्य उपचार के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु एक केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली (एम्स-दिल्ली) की स्थापना वर्ष 1956 में की गई थी।

वैश्विक स्वास्थ्य आपातकालीन स्थिति का सामना करते हुए, एम्स-दिल्ली परिवार ने कोविड-19 से प्रभावित रोगियों को सर्वोत्तम उपचार सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ सार्स-कोविड-2 के एटियोपैथोजेनेसिस को समझने, इसका उपचार विकसित करने और इलाज करने के लिए गंभीर प्रयास करते हुए कड़ी मेहनत की। इस संकट के बीच भी एम्स-दिल्ली में अन्य उत्कृष्ट कार्य बिना किसी बाधा के जारी रहे, क्योंकि हमने लोगों की परेशानियों को कम करने तथा सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा में सुधार करने और उनके कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया। हजारों संकाय-सदस्यों, वैज्ञानिकों, नर्सिंग कार्मिकों, इंजीनियरिंग स्टाफ, तकनीशियनों, स्वच्छता और स्वास्थ्य परिचरों और छात्रों की प्रेरक छवि और अथक परिश्रम, संस्थान की कार्य क्षमता और निरंतर प्रतिभा को सशक्त करती है।

एम्स-दिल्ली में उनके द्वारा हर दिन किए जाने वाले काम के लिए मैं उनका आभारी हूँ और अपनी विनम्रता प्रकट करता हूँ; और मैं जानता हूँ कि मैं अत्यंत भाग्यशाली हूँ कि इस असाधारण परिवार का हिस्सा हूँ।

नेतृत्व

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एम.ओ.एच.एफ.डब्ल्यू.), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आई.सी.एम.आर.) और राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति) आयोग के सहयोग से, एम्स-दिल्ली ने कोविड महामारी की रोकथाम और कोविड-19 से संक्रमित लोगों का उपचार करने से संबंधित राष्ट्रीय प्रयासों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एम्स-दिल्ली ने व्यापक टेस्टिंग क्षमताओं (रेपिड एंटीजन जांच [आरएटी] सहित), स्वास्थ्य उपचार कर्मियों के लिए बेहतर संक्रमण नियंत्रण पद्धति, और अधिक अस्पताल क्षमता की आवश्यकता की पहचान की प्रक्रिया हेतु नेतृत्व किया।

एम्स-दिल्ली ने एसएआरएस-कोविड-2 के जीवविज्ञान पर अनुसंधान कार्य करके वायरस का सामना करने और भविष्य में इस प्रकार की किसी भी महामारी जैसी स्थिति के लिए तैयार होने के लिए सहयोगी अनुसंधान पहल आरंभ की। एम्स प्रयोगशालाओं ने परीक्षणों के विकास और प्रयोगशाला सेवाओं की निगरानी करने पर कार्य किया। अस्पताल के अन्वेषणकर्ताओं ने नए उपचारों की खोज शुरू की। जन स्वास्थ्य और नैदानिक विशेषज्ञों ने महामारी विज्ञान और टीकों के विकास पर एक साथ मिलकर काम किया। एक सुव्यवस्थित नीति विषयक समिति प्रक्रिया के कारण अध्ययन की सुविधा भी प्राप्त हुई।

अप्रैल 2020 में, देश भर में कोविड-19 जांच क्षमता को तेजी से बढ़ाने की आवश्यकता थी। एम्स-दिल्ली ने एक समन्वय केंद्र के रूप में कार्य किया और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और

आई.सी.एम.आर. द्वारा चिन्हित 14 परामर्शदाता संस्थानों के साथ, कोविड जांचों पर कई मेडिकल कॉलेजों में प्रयोगशालाओं के कौशल को उन्नत करने में मदद की। इसके परिणामस्वरूप, जांच क्षमता 2000 से अधिक प्रयोगशालाओं और प्रतिदिन 20 लाख से अधिक जांचों तक बढ़ गई।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोविड-19 से संबंधित मृत्यु-दर को कम करने के उद्देश्य से ई-आईसीयू परियोजना शुरू की। इस परियोजना के अंतर्गत, एम्स-दिल्ली ने गंभीर उपचार एकक (आईसीयू) में भर्ती कोविड-19 रोगियों के नैदानिक उपचार पर बड़े सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों के लिए टेली-परामर्श मार्गदर्शन का आयोजन किया। कुल 30 वीडियो कांफ्रेंसिंग आयोजित की गई जिसमें देश भर के 543 संस्थानों के चिकित्सक शामिल हुए।

उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) को हब एवं स्पोक तरीके से क्षेत्रीय एवं राज्य केंद्रों के बीच क्षमता निर्माण हेतु योजनाबद्ध किया गया है। इसमें सर्वोत्तम नैदानिक प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान तथा राज्य सीओई द्वारा उनसे संबंधित राज्य सुविधाओं के अनुवर्ती ज्ञान का प्रसार करना सम्मिलित था। एम्स-दिल्ली द्वारा राज्यों द्वारा नामित 28 सीओई को परामर्श दिया गया।

एम्स द्वारा नीति आयोग तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रीय कोविड ग्रैंड राउंड आयोजित किए गए। इनमें विशेषज्ञों तथा स्वास्थ्यकर्मियों से जुड़े लाइव दर्शकों के बीच नैदानिक मामलों तथा कोविड-19 के साक्ष्य-आधारित उपचार पर संवादात्मक चर्चा करना शामिल था। इस प्रकार के बीस एन-सीजीआर आयोजित किए गए तथा एम्स के यूट्यूब चैनलों पर इसे देखने वाले कुल दर्शकों की संख्या 2 लाख से अधिक हो गई।

सूचना, महामारी का सामना करने की कुंजी है। प्रकाशित साहित्य की समालोचनात्मक समीक्षा करने तथा एम्स कोविड वेबसाइट पर तर्कपूर्ण सारांश तीव्रता से अपलोड करने के लिए संकाय-सदस्यों की सोलह टीमों का गठन किया गया था।

सार्स-कोव-2 संक्रमण के प्रसार को कम करने तथा कोविड-19 की गंभीरता एवं मृत्यु दर को कम करने के लिए एक व्यापक टीकाकरण की आवश्यकता है। एम्स-दिल्ली में एक सफाईकर्मी श्री मनीष कुमार के टीकाकरण के साथ 16 जनवरी 2021 को राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण अभियान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, श्री हर्षवर्धन की सतर्क देखरेख में आरंभ किया गया। टीकाकरण हेतु पात्र होने के पहले दिन ही माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं 1 मार्च 2021 को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगवाई। प्रधानमंत्री ने भारत बायोटेक तथा आईसीएमआर द्वारा विकसित भारत में निर्मित कोवैक्सिन का टीका लगवाया। उन्होंने ट्वीट किया, "मैंने एम्स में कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली। उल्लेखनीय है कि किस प्रकार हमारे चिकित्सकों तथा वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के विरुद्ध वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के लिए त्वरित समय में कार्य किया है। मैं सभी पात्र लोगों से अपील करता हूँ कि वे टीका लगवाएं। आइए, हम सब मिलकर भारत को कोविड-19 मुक्त बनाएं।" उनके इस कार्य ने टीके के प्रति असमंजस की स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

एम्स ने सार्स-कोव-2 के नियंत्रण, चिकित्सा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने तथा कोविड के उपचार की सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के विषय में गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार और दिल्ली सहित कई राज्य सरकारों को परामर्श दिया।

अपनी सामान्य भूमिकाओं तथा कर्तव्यों को जारी रखते हुए, एम्स-दिल्ली ने भारत सरकार के कई अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं पहलों के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान की। सामुदायिक चिकित्सा केंद्र (सीसीएम) ने राष्ट्रीय एचआईवी निगरानी संस्थान के रूप में कार्य किया तथा देश में एचआईवी महामारी पर नज़र रखने में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) को सहयोग दिया। नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) के लिए एम्स तकनीकी सहायता इकाई ने भारत के महापंजीयक (आरजीआई), गृह मंत्रालय तथा संस्थानों के नेटवर्क (एमआईएनईआरवीए) के सहयोग से भारत की मृत्यु दर निगरानी में सहायता की। संस्थान द्वारा आईसीएमआर के कई 'सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड एक्सीलेंस (सीएआरई),' का सहयोग भी किया जाता है। जैसे, वर्चुअल ऑटोप्सी में सीएआरई (न्याय चिकित्सा विभाग), अग्नाशय रोग चिकित्सा तथा आंतों के रोगों में सीएआरई (जठरान्त्ररोग विज्ञान एवं मानव पोषण विभाग), न्यूरोमॉड्यूलेशन में सीएआरई (मनोचिकित्सा विभाग), वृक्क विज्ञान में सीएआरई, फुप्फुसीय विज्ञान में सीएआरई, तथा बाल्यावस्था तंत्रिका विकासात्मक विकारों में सीएआरई (बाल चिकित्सा विभाग)। दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया गया था। सामुदायिक चिकित्सा केंद्र ने एनीमिया नियंत्रण (एनसीईएआर-ए) पर राष्ट्रीय उत्कृष्टता एवं उन्नत अनुसंधान केंद्र के रूप में कार्य किया तथा एनीमिया मुक्त भारत अभियान का नेतृत्व किया। राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी) ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से 25 'एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी (एटीएफ)' कार्यक्रम आरंभ किया।

एम्स-दिल्ली ने कई विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोगी केंद्रों (डब्ल्यूएचओ सीसी) [जैसे- समुदाय आधारित गैर-संचारी रोग (एनसीडी) के नियंत्रण एवं रोकथाम संबंधी अनुसंधान एवं क्षमता निर्माण हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोगी केंद्र, औषध दुरुपयोग (राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र) हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोगी केंद्र, अंधता की रोकथाम (राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र [आरपीसीओएस]) हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोगी केंद्र, मुख स्वास्थ्य वर्धन (दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र [सीडीईआर]) हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोगी केंद्र, नवजात उपचार में नवजात प्रशिक्षण एवं अनुसंधान हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोगी केंद्र तथा नैदानिक एवं प्रयोगशाला अनुवांशिकी में प्रशिक्षण (बाल चिकित्सा विज्ञान विभाग) हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोगी केंद्र तथा ट्यूबरकुलोसिस में प्रशिक्षण एवं अनुसंधान (काय-चिकित्सा विभाग) हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोगी केंद्र।] को आवासीय व्यवस्था देकर वैश्विक स्तर पर नेतृत्वकारी की भूमिका निभाना जारी रखा है। राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र ने म्यांमार सरकार को ब्यूप्रेनोफिन-आधारित ओपिओइड निर्भरता उपचार शुरू करने के लिए तकनीकी सहायता भी प्रदान की।

सेवा

25 मार्च 2020 को प्रथम देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा के एक सप्ताह के भीतर, एम्स-दिल्ली ने अपने जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र (ज.प्र.ना.ए.ट्रॉ.कें.) एवं राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई), झज्जर को सफलतापूर्वक 1500 से अधिक बिस्तरों वाले एक समर्पित कोविड अस्पताल में परिवर्तित कर दिया तथा क्लीनिकल स्टाफ नियुक्त किया जिन्होंने बाद के महीनों में हजारों रोगियों को उपचार

प्रदान किया। इसके बाद, एम्स ने नए आरंभ हुए 'बर्न्स एवं प्लास्टिक' ब्लॉक में कोविड-19 रोगियों के उपचार हेतु 100 बेड और बढ़ाए। महत्वपूर्ण रूप से, इसने एम्स में कोविड-19 के लिए गंभीर चिकित्सा (सघन चिकित्सा एकक) सुविधा में पहले से उपलब्ध 90 बेड (ट्रॉमा केंद्र में 50 और एनसीआई-झज्जर में 40) की संख्या को बढ़ाकर उसमें 30 बेड की अतिरिक्त बढ़ोतरी कर दी।

एम्स-दिल्ली ने कोविड-19 हेतु एक प्रबंधन प्रोटोकॉल विकसित करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया और संसाधन प्रबंधन समिति, मानव संसाधन समिति, नैदानिक प्रबंधन समिति और चिकित्सा प्रबंधन समिति सहित रोगियों के उपचार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के समन्वय के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को रोगियों का उपचार करते समय स्वयं की देखभाल करने के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) को संभालने तथा उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। एम्स ने अपने उन्नत कोविड-19 वार्ड में स्वास्थ्यकर्मियों और संक्रमित रोगियों के बीच शारीरिक दूरी बढ़ाने में सहायता प्रदान करने के लिए रोबोट तैनात किए ताकि संक्रमण प्रसार के जोखिम को कम किया जा सके। आइसोलेशन वार्ड के रोगी भी इस रोबोट द्वारा समय-समय पर अपने संबंधियों से वार्तालाप कर सकते थे। एम्स ने अस्पताल से छुट्टी प्राप्त कर चुके कोरोना वायरस रोगियों की स्वास्थ्य लाभ प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक पोस्ट-कोरोना वायरस स्वास्थ्य लाभ क्लिनिक भी आरंभ किया।

कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए, सूक्ष्मजैव विज्ञान विभाग ने सीबीएनएएटी/ टीआरयू ईएनएटी पद्धति का उपयोग करके कोविड-19 हेतु तीव्र निदान (90 मिनट के भीतर) प्रदान करने के लिए एक नई प्रयोगशाला आरंभ की। इस सेवा ने न केवल संक्रमित रोगियों की प्रारंभिक जांच एवं उनको अलग करने में सहायता प्रदान की, बल्कि स्वास्थ्य चिकित्सा कर्मचारियों की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

एम्स-दिल्ली यद्यपि कोविड-19 महामारी के विरुद्ध लड़ाई में सबसे आगे था, लेकिन यह गैर-कोविड रोगियों को आवश्यक चिकित्सा के प्रति भी जागरूक रहा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के निदेशों के अनुरूप, हमें 24 मार्च 2020 को कोविड-19 पॉजिटिव रोगियों के लिए वेंटिलेटर एवं सघन चिकित्सा एकक (आईसीयू) बेड खाली करने के लिए अपनी गैर-आवश्यक सेवाओं तथा वैकल्पिक प्रक्रियाओं को स्थगित करना पड़ा। पूरे लॉकडाउन के दौरान, एम्स ने अपने आपातकालीन विभाग को चौबीसों घंटे चलाए रखा तथा कैंसर केंद्र एवं डायलिसिस इकाइयों जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं में पूरी क्षमता से कार्य किया। हमने तीव्र गति से लॉकडाउन पर अपनी प्रतिक्रिया दी और अप्रैल के आरंभ तक अपने रोगियों के लिए टेली-परामर्श सेवाएं आरंभ कर दीं। चिकित्सकों तथा रोगियों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए कोविड-19 नेशनल टेलीकंसल्टेशन सेंटर (सीओएनटीईसी) नामक एक टेली-हेल्पलाइन नंबर और एक ईमेल हेल्पलाइन (technicalquery.covid19@gov.in) भी विकसित की गई। एम्स-दिल्ली ने 25 जून 2020 को चरणबद्ध तरीके से अपनी गैर-आवश्यक स्वास्थ्य चिकित्सा सेवाओं को पुनः आरंभ कर दिया, शुरुआत में सीमित बाह्य रोगी पंजीकरण तथा संक्रमण के कम जोखिम वाली इंटरवेन्शन/प्रक्रियाओं को आरंभ किया गया। अत्यावश्यकता को देखते हुए, कोरोना वायरस महामारी की अवधि के दौरान सामान्य सेवाओं की पुनर्बहाली होने तक एम्स-दिल्ली ने अपने सभी रोगियों को सामान्य वार्डों में भर्ती तथा चिकित्सा जांच के लिए शुल्क के भुगतान की छूट प्रदान की।

एम्स अस्पताल ने सभी रोगियों के लिए अपने उच्च मानकों और लागत प्रभावी सेवाओं को जारी रखा। एम्स के मुख्य अस्पताल एवं केंद्रों - हृद्-वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केंद्र (सीएन सेंटर), जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र (जेपीएनएटीसी), डॉ. बीआर अंबेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल (बीआरएआईआरसीएच), डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (आरपीसीओएस), दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (सीडीईआर), राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी)- में कुल बिस्तरों की संख्या 3194 है। वर्ष 2020-2021 के दौरान एम्स ने लगभग 15.42 लाख बाह्य रोगियों तथा 1.42 लाख भर्ती रोगियों को उपचार प्रदान किया तथा इष्टतम रोगी चिकित्सा सेवा मानकों के अनुसार 0.7 लाख से अधिक शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएं की गईं, जिसमें बिस्तर अधिभोग औसत लगभग 56%, अस्पताल में भर्ती रहने की औसत अवधि लगभग 10.4 दिन; तथा निम्न शुद्ध मृत्यु दर लगभग 3% रही। एम्स, भारत के भीतर तथा बाहर, विशेष रूप से दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में आगे बढ़ा रहा है।

प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग ने राजकुमारी अमृत कौर नई ओपीडी ब्लॉक में टोटल लेबोरेटरी ऑटोमेशन प्लेटफॉर्म का उपयोग करके एक अत्याधुनिक पूर्णतः स्वचालित एकीकृत प्रयोगशाला (स्मार्ट लैब) का संचालन किया। इसने उपलब्ध जांच मापदंडों को पिछले वर्ष के लगभग 35 से बढ़ाकर चालू वर्ष में 92 (रुधिर विज्ञान, जैव रसायन, प्रतिरक्षा विश्लेषण तथा सीरम विज्ञान) कर दिया है। सूक्ष्मजैव विज्ञान विभाग ने आईएसओ 15189:2012 के अनुसार एनएबीएल प्रत्यायन जारी रखने के लिए ऑनसाइट एनएबीएल बाह्य मूल्यांकन को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, श्री हर्षवर्धन ने 18 जनवरी 2021 को एम्स में बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक का उद्घाटन किया। ब्लॉक में एक समर्पित बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी वार्ड, एक 20-बेड वाली आपातकालीन इकाई, एक आईसीयू तथा 6 ऑपरेशन कक्ष हैं। इसमें प्रति वर्ष बर्न संबंधी 50,000 आपातकालीन रोगियों तथा 5000 भर्ती रोगियों का उपचार करने की क्षमता है। इसमें स्किन बैंकिंग सेवा, पूर्णतः सुसज्जित फिजियोथेरेपी एकक तथा विशेष रूप से निर्मित दाब वस्त्र भंडार का प्रावधान भी है।

प्रशिक्षण

एम्स-दिल्ली अपने शैक्षिक हितधारकों के स्वास्थ्य की रक्षा करते हुए शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया एवं कौशल विकास की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए शैक्षणिक अनुभाग ने कई कदम उठाए। इनमें आंतरिक शैक्षणिक कार्यक्रमों का प्रबंधन, देशभर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य चिकित्सा कर्मियों के लिए पेशेगत विकास कार्यक्रम और साथ ही आम जनता के लिए शैक्षिक कार्यक्रम शामिल थे।

संकाय-सदस्यों ने पूर्णतः नए पाठ्यचर्या दृष्टिकोण का प्रतिपादन किया जिससे छात्रों को अपनी पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रखने में सहायता मिली। ऑनलाइन स्क्रीन समय को कम करने के लिए समय-सारणी को पुनः तैयार किया गया तथा लो-बैंड-विड्थ वाले प्लेटफार्मों पर व्याख्यान की रिकॉर्डिंग अथवा लाइव प्रसारण हेतु प्रावधान किए गए ताकि खराब नेटवर्क कनेक्टिविटी वाले छात्र बाद में इन्हें देख सकें। ऑनलाइन मूल्यांकन कार्य किए गए और छात्रों को तनाव मुक्त करने के लिए कई मूल्यांकनों को एक साथ जोड़ दिया गया अथवा स्थगित कर दिया गया।

शैक्षिक सामग्री के ऑनलाइन वितरण के साथ-साथ छात्र जीवन चक्र प्रबंधन (ऑनलाइन आवेदन, शोधपत्र जमा करना, आदि) के लिए एक समर्पित शिक्षण प्रबंधन प्रणाली, छात्र उन्नत संसाधन एवं शिक्षा (सरल) का व्यापक रूप से उपयोग किया गया था। इस प्लेटफॉर्म पर कई ऑनलाइन पाठ्यक्रम बनाए गए और वितरित किए गए। सरल प्लेटफॉर्म पर शिक्षाप्रद सामग्री के भंडारण, मिश्रित शिक्षण तथा शिक्षण के फ़्लिप कक्षा मॉडल के लिए अनुमति दी गई। संवादात्मक वर्चुअल केस चर्चाओं का उपयोग करके नैदानिक मामलों पर चर्चा की गई।

एसईटी (कौशल, ई-लर्निंग, टेलीमेडिसिन) सुविधा ने अपने बुनियादी ढांचे में एक उन्नत एयरवे प्रशिक्षण प्रयोगशाला एवं अल्ट्रासाउंड सिमुलेशन प्रयोगशाला को जोड़ा। एसईटी सुविधा ने 34 ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण के मॉड्यूल बनाए। इनमें से कुछ मॉड्यूल विशेष रूप से कोविड-19 पर लक्षित थे, जैसे कोविड-19 रोगियों हेतु उन्नत कार्डियक लाइफ सपोर्ट [एसीएलएस] प्रशिक्षण; कोविड-19 आईसीयू हेतु इंट्यूबेशन प्रशिक्षण; हल्के/मध्यम कोविड हेतु नैदानिक उपचार दिशानिर्देश; कोविड-19 संदिग्ध मां से पैदा हुए बच्चे के पुनर्रुज्जीवन हेतु व्यवस्थित दृष्टिकोण; तथा पीपीई में काले चश्मे की फॉगिंग की रोकथाम। टेलीमेडिसिन सेवाओं ने 700 से अधिक शैक्षणिक सत्र आयोजित किए और 100 से अधिक परीक्षाओं में सहयोग किया। कोविड संबंधी उपचार पर चिकित्सकों एवं नर्सों के लिए कई वेबिनार आयोजित किए गए, जैसे, प्रसूति चिकित्सा तथा आवश्यक प्रजनन स्वास्थ्य पर वेबिनार। पंजाब कोविड-19 टास्क फोर्स तथा कोविड-19 स्वास्थ्य चिकित्सा कर्मियों के लिए विशिष्ट वेबिनार आयोजित किए गए। सार्क देशों एवं ऐन-शम्स विश्वविद्यालय, मिस्र में संस्थानों के सहयोग से स्वास्थ्यकर्मियों के लिए; तथा आम लोगों के लिए श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, दिल्ली के सहयोग से वेबिनार भी आयोजित किए गए। एम्स टेलीमेडिसिन यूट्यूब चैनल को वर्ष के दौरान 6 लाख से अधिक बार देखा गया।

डॉ. के एल विग चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी एवं नवाचार केंद्र (सीएमईटीआई), जो पहले से ही नवाचार वर्चुअल शिक्षण अनुभव प्रदान करने में अग्रणी है, ने हमारे संकाय-सदस्यों को नवीनतम कोविड-19 संबंधी विकास कार्यों पर ऑनलाइन पेशेगत विकास पाठ्यक्रमों की ओर निर्बाध रूप से बढ़ने में सहायता प्रदान की।

एम्स-दिल्ली पहला संस्थान था जिसने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु समय से प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के सहयोग से यात्रा प्रतिबंधों और अन्य लॉजिस्टिक बाधाओं के बावजूद 11 जून 2020 को पहले लॉकडाउन में ढिलाई के एक सप्ताह के भीतर राष्ट्रव्यापी प्रवेश परीक्षा (239 शहरों में) आयोजित की थी। एम्स के शैक्षिक अनुभाग तथा कोविड टास्क फोर्स के परामर्श से प्रवेश परीक्षाओं के साथ-साथ पेशेगत परीक्षाओं के लिए नई मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार की गईं। इन्हें बाद में हमारे देश की अन्य परीक्षा संचालन एजेंसियों द्वारा अपनाया गया। जुलाई 2020 एवं जनवरी 2021 के लिए एम्स के विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु सभी प्रवेश परीक्षाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली गईं।

एम्स ने आम जनता के साथ अपनी साझेदारी को बहुत गंभीरता से लिया। प्रिंट मीडिया में संस्थान के 700 से अधिक संदर्भ थे और संस्थान के संकाय-सदस्यों ने वर्ष के दौरान मीडिया के साथ 127 बार वार्तालाप किया, जिनमें अधिकतर कोविड स्थिति पर थीं। एम्स के निदेशक रणदीप गुलेरिया, सार्वजनिक

नीति एवं स्वास्थ्य प्रणाली विशेषज्ञ, चंद्रकांत लहरिया तथा वैक्सीन शोधकर्ता एवं विषाणु-विज्ञानी, गगनदीप कांग की एक पुस्तक "टिल वी विन" ने कोविड-19 के विरुद्ध भारत की लड़ाई का एक निश्चित विवरण प्रस्तुत किया है। सामान्य पाठकों को कोविड अनुरूप व्यवहार पर सुझाव देने के अतिरिक्त इस पुस्तक में यह भी बताया गया है कि कैसे कोविड -19 महामारी से मिलने वाली सीख का उपयोग भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली को और अधिक मजबूत करने के लिए किया जा सकता है।

आगे आने वाली चुनौतियों एवं अवसरों के लिए तैयार रहकर, हम मानव पीड़ा को कम करने तथा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध मार्गदर्शकों के एक विविध समुदाय का निर्माण करके भविष्य के लिए रचनात्मक रूप से नींव बनाना जारी रखेंगे। अपने 7 केंद्रों में विभिन्न शिक्षण विभागों एवं सुविधाओं और 42 एकल विभागों तथा 700 से अधिक संकाय-सदस्यों सहित 10,000 से अधिक की श्रमशक्ति के साथ, एम्स-दिल्ली बड़ी संख्या में चिकित्सा स्नातक, विशेषज्ञ (एमडी/एमएस), उत्कृष्ट-विशेषज्ञ (डीएम/एमसीएच), पीएचडी स्कॉलर तथा संबद्ध स्वास्थ्य एवं मूलभूत विज्ञान विशेषज्ञ तैयार करता है जिनमें नर्स एवं पराचिकित्सा पेशेवर भी शामिल हैं। वर्ष के दौरान, हमने विभिन्न पाठ्यक्रमों में 1179 स्कॉलरों का पंजीकरण किया। संस्थान ने 45 अल्पकालिक प्रशिक्षुओं को स्नातकोत्तर प्रशिक्षण भी प्रदान किया। एम्स-दिल्ली ने अन्य एम्स के लिए संरक्षक की भूमिका निभानी जारी रखी।

उत्कृष्टता की खोज के लिए सहयोगी संस्कृतियों के ज्ञान को जानने की आवश्यकता होती है। एम्स का संयुक्त राज्य अमेरिका में हार्वर्ड विश्वविद्यालय, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और मिशिगन विश्वविद्यालय; यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन, यूके; ऑस्ट्रेलिया में डीकिन विश्वविद्यालय, मोनाश विश्वविद्यालय और जॉर्ज इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लोबल हेल्थ; कोलोन विश्वविद्यालय, जर्मनी; इरास्मस विश्वविद्यालय, नीदरलैंड; और आईआईटी-खड़गपुर और आईआईटी-दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) हैं।

एम्स-दिल्ली स्वास्थ्य उपचार के क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों एवं विज्ञान के अग्रणियों को चिकित्सा की वास्तविक दुनिया के क्षेत्र में विज्ञान एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में नए रुझानों से परिचित कराता है। संस्थान ने हजारों चिकित्सकों और स्वास्थ्य पेशेवरों को कौशल, ज्ञान एवं प्रदर्शन में सुधार करने में सहायता करने के लिए क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा प्रदान की। हमने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से 69 कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया/की मेजबानी की।

राजकुमारी अमृत कौर के विजन को ध्यान में रखते हुए, एम्स-दिल्ली ने देश में चिकित्सा प्रशिक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संस्थान बने रहने हेतु स्वयं को चुनौती देना जारी रखा। एम्स-दिल्ली ने 2020 के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में चिकित्सा महाविद्यालयों में; भारत में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की इंडिया टुडे ग्रुप रैंकिंग के 2020 संस्करण में तथा सब्जेक्ट 2021 द्वारा क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया।

अनुसंधान

एम्स-दिल्ली में अनुसंधान अनुभाग को शासनादेश प्राप्त है कि वह विज्ञान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान के संचालन हेतु बुनियादी ढांचे का निर्माण करे। वर्ष के दौरान, केंद्रीकृत कोर अनुसंधान सुविधाएं (सीसीआरएफ) एवं नैदानिक अनुसंधान इकाई (सीआरयू) क्रियाशील कर दी गईं। सीसीआरएफ जैव सुरक्षा स्तर 2 एवं 3 प्रयोगशाला सुविधाओं का सहयोग करता है, जो समकालीन प्रौद्योगिकियों, जैसे जीनोमिक्स, प्रोटिओमिक्स, बायोएनालिटिक्स एवं बायोइनफॉरमेटिक्स के एकीकृत केंद्र के रूप में कार्य करता है। हमने ज्ञान-साझाकरण तथा अनुसंधान कार्य प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी एवं अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को अनुसंधान सहयोगी भी बनाया है।

अनुसंधान अनुभाग ने अनुसंधान निधि प्रस्तावों हेतु विभिन्न निर्णयों की शुरुआत की, कार्यशालाओं का आयोजन किया तथा अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया। एक अधिक जीवंत अनुसंधान वातावरण बनाने, क्रॉस-डोमेन अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा दीर्घकालिक सहयोग की नींव रखने के उद्देश्य से, एम्स के भीतर एवं अन्य संस्थानों जैसे आईआईटी और ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेकनोलॉजी इंस्टीट्यूट (टीएचएसटीआई) के साथ सहयोगी परियोजनाओं हेतु निधि प्रस्ताव दिए गए थे। यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन (यूसीएल) और एम्स, नई दिल्ली के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए एक संयुक्त अनुसंधान सीड फंड की स्थापना की गई थी।

एम्स अनुसंधानकर्ताओं के पास 155 करोड़ रुपये लागत के जारी 878 बाह्य अनुदान हैं। इन परियोजनाओं में लगभग 1250 शोधकर्ता कार्यरत हैं, जिन्हें भविष्य के अनुसंधान अग्रणी बनने के लिए तैयार किया जाता है। निधि प्रदाता एजेंसियों में आईसीएमआर, डीबीटी, डीएसटी, आईएनएसए, सीएसआईआर, डीआरडीओ, स्वास्थ्य मंत्रालय, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, वेलकम ट्रस्ट आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एम्स अनुसंधान अनुभाग ने 16 करोड़ रुपये के 341 आंतरिक अनुदानों को वित्तपोषित किया। एम्स ने स्त्रीरोग अर्बुदविज्ञान में 'मीरा सेठ कॉर्पस फ़ंड' के तहत एक प्रतिष्ठित चेयर: शोभा सेठ वेंगर भी सृजित की। प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर नीरजा भाटला इस पुरस्कार की प्रथम प्राप्तकर्ता हैं।

एम्स ने बड़ी तेजी से महामारी का जवाब दिया। कोविड-19 पर अनुसंधान को तीव्रता प्रदान करने के लिए अनुसंधान अनुभाग ने 'सार्स-कोव-2 पर शोध' तथा 'कोविड-19 के दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों पर अनुसंधान' विषयों पर आंतरिक परियोजनाओं हेतु दो विशिष्ट प्रस्ताव दिए। 81 कोविड-19 परियोजनाओं तथा 11 दीर्घ कोविड परियोजनाओं को अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गई।

वर्ष 2020-2021 में, एम्स में अनुसंधान समुदाय ने छात्रवृत्ति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष के दौरान संस्थान के संकाय-सदस्यों तथा वैज्ञानिकों ने 154 बाह्य अनुसंधान परियोजनाएँ आरंभ कीं तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 1900 से अधिक शोधपत्र तथा 300 से अधिक मोनोग्राफ, पुस्तकें एवं पुस्तकों में अध्याय प्रकाशित हुए।

उपसंहार

यह वर्ष महान बलिदानों का वर्ष था, किन्तु इसने चिकित्सा विज्ञान के साहस एवं सहनशक्ति को भी प्रदर्शित किया। 11 जनवरी 2021 को हमारे 47वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, श्री हर्षवर्धन ने कहा कि एम्स-दिल्ली ने संकट के दौरान रोगी चिकित्सा, अनुसंधान एवं शिक्षा में अपना बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, "हमें अंदर तक हिला कर रख देने वाली कोविड महामारी से उबरते समय हमको एम्स स्टाफ द्वारा लड़ी गई प्रतिदिन की लड़ाइयों को याद रखना चाहिए। हमारे चिकित्सक हमारे असली नायक हैं।" इन प्रशंसनीय शब्दों तथा एम्स में विद्वत समुदाय के हमारे प्रति विश्वास से प्रोत्साहित होकर, हम सर्वोत्तम संभावित चिकित्सा को खोजने, उसका प्रसार करने तथा प्रत्येक व्यक्ति को इसे उपलब्ध कराने के प्रति अपने निरंतर प्रयासों को जारी रखने का संकल्प लेते हैं, क्योंकि हमारा काम अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है।

रणदीप गुलेरिया
निदेशक

2. संस्थान और इसकी समितियां

संस्थान निकाय

1.	**डॉ हर्ष वर्धन** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	अध्यक्ष
2.	**डॉ अनिल जैन, सांसद(राज्य सभा)** डी-244, अनुपम गार्डन, सैयद उल अजैब नई दिल्ली-110068	सदस्य (25 मार्च, 2021 से)
3.	**प्रोफेसर राम गोपाल यादव, सांसद (राज्य सभा)** 8-ए, लोधी एस्टेट, नई दिल्ली-110003	सदस्य (25 मार्च, 2021 तक)
4.	**श्री रमेश बिधूड़ी सांसद (लोक सभा)** हॉउस नं. 179, सनपथ हॉउस, गाँव तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044	सदस्य
5.	**श्री मनोज कुमार तिवारी, सांसद (लोकसभा)** 24, मदर टेरेसा क्रीसेंट मार्ग, नई दिल्ली	सदस्य
6.	**श्री अमित खरे** सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001	सदस्य
7.	**श्रीमती प्रीति सूदन** सचिव(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	सदस्य
8.	**प्रोफेसर पी.सी. जोशी** कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007	सदस्य (पदेन) (28 जून, 2020 से)

9.	**प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी** कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007	सदस्य (पदेन) (27 जून, 2020 तक)
10.	**डॉ सुनील कुमार** महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	सदस्य (पदेन) (13 अगस्त, 2020 से)
11.	**डॉ राजीव गर्ग** महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	सदस्य (पदेन) (12 अगस्त, 2020 तक)
12.	**डॉ डी.एस. राणा** अध्यक्ष, प्रबंधन बोर्ड, सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली	सदस्य
13.	**डॉ (श्रीमती) विजय लक्ष्मी सक्सेना** पूर्व महासचिव, भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन, (आई.एस.सी.ए.), कोलकाता, पश्चिम बंगाल समन्वयक, जैव सूचना विज्ञान डीबीटी (भारत सरकार) का मूल संरचना सुविधा केंद्र, अध्यक्ष, प्राणिविज्ञान विभाग, दयानंद कन्या पी.जी. कॉलेज, कानपुर, उत्तर प्रदेश 7/182, स्वरूप नगर, कानपुर-208002, उत्तर प्रदेश	सदस्य
14.	**डॉ महेश बी. पटेल** एफ-001, शिलालेख टॉवर, पुलिस स्टेडियम के सामने, शाही बाग, अहमदाबाद-380004, गुजरात	सदस्य
15.	**डॉ डी.जी. महैसेकर** कुलपति, महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, डिंडोरी रोड, महासरूल, नासिक-422004, महाराष्ट्र	सदस्य

16. **डॉ एन. गोपालकृष्णन** सदस्य
आचार्य (वृक्क विज्ञान), मद्रास मेडिकल कॉलेज,
चेन्नई-600003, तमिलनाडु

17. **डॉ डी.एस. गंगवार** सदस्य
अपर सचिव और वित्त सलाहकार,
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,
भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011

18. **डॉ डी.के. वर्मा** सदस्य
प्रोफेसर, शल्य चिकित्सा विभाग, इंदिरा गांधी मेडिकल
कॉलेज, शिमला, हिमाचल प्रदेश-171001

19. **प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया** सदस्य-सचिव
निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

20. **श्री निलाम्बुज शरण** विशेष आमंत्रित
सयुंक्त सचिव
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011

21. **श्री सुनील शर्मा** विशेष आमंत्रित
सयुंक्त सचिव
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011

22. **प्रोफेसर वी.के. बहल** विशेष आमंत्रित
संकायाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

23. **डॉ डी.के. शर्मा** विशेष आमंत्रित
चिकित्सा अधीक्षक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

शासी निकाय

1.	**डॉ हर्ष वर्धन**	अध्यक्ष
2.	**डॉ अनिल जैन, सांसद (राज्य सभा)**	सदस्य (25 मार्च, 2021 से)
	प्रोफेसर राम गोपाल यादव, सांसद (राज्य सभा)	सदस्य (25 मार्च, 2021 तक)
3.	**श्रीमती प्रीति सूदन**	सदस्य
4.	**श्री अमित खरे**	सदस्य
5.	**डॉ डी.एस. राणा**	सदस्य
6.	**डॉ सुनील कुमार**	सदस्य (पदेन) (13 अगस्त, 2020 से)
7.	**डॉ राजीव गर्ग**	सदस्य (पदेन) (12 अगस्त, 2020 तक)
8.	**डॉ महेश बी. पटेल**	सदस्य
9.	**डॉ डी.जी. महैसेकर**	सदस्य
10.	**डॉ डी.एस. गंगवार**	सदस्य
11.	**प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया** निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य-सचिव
12.	**प्रोफेसर वी.के. बहल** संकायाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	विशेष आमंत्रित
13.	**डॉ डी.के. शर्मा** चिकित्सा अधीक्षक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	विशेष आमंत्रित

वित्त समिति

1.	**श्रीमती प्रीति सूदन**	अध्यक्ष
2.	**डॉ सुनील कुमार**	सदस्य (पदेन) (13 अगस्त, 2020 से)
3.	**डॉ राजीव गर्ग**	सदस्य (पदेन) (12 अगस्त, 2020 तक)
4.	**श्री अमित खरे**	सदस्य
5.	**डॉ. डी.जी. महैसेकर**	सदस्य
6.	**डॉ डी.एस. गंगवार**	सदस्य
7.	**प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया** **निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**	सदस्य-सचिव

स्थायी शैक्षिक समिति

1.	**डॉ महेश बी. पटेल**	अध्यक्ष
2.	**डॉ सुनील कुमार**	सदस्य (पदेन) (13 अगस्त, 2020 से)
3.	**डॉ राजीव गर्ग**	सदस्य (पदेन) (12 अगस्त, 2020 तक)
4.	**श्री अमित खरे**	सदस्य
5.	**डॉ डी.जी. महैसेकर**	सदस्य
6.	**डॉ डी.एस. राणा**	सदस्य
7.	**डॉ (श्रीमती) विजय लक्ष्मी सक्सेना**	सदस्य

8. **प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया** सदस्य-सचिव
निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

स्थायी संपदा समिति

1.	**प्रोफेसर राम गोपाल यादव, सांसद (राज्य सभा)**	अध्यक्ष
2.	**डॉ डी.एस. राणा**	सदस्य
3.	**डॉ सुनील कुमार**	सदस्य (पदेन) (13 अगस्त, 2020 से)
4.	**डॉ राजीव गर्ग**	सदस्य (पदेन) (12 अगस्त, 2020 तक)
5.	**प्रोफेसर पी.सी. जोशी**	सदस्य (पदेन)
6.	**प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी**	सदस्य (पदेन)
7.	**डॉ डी.एस. गंगवार**	सदस्य
8.	**डॉ एन. गोपाकृष्णन**	सदस्य
9.	**प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया** निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य-सचिव

स्थायी अस्पताल कार्य समिति

1.	**श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोक सभा)**	सदस्य
2.	**डॉ डी.एस. राणा**	सदस्य
3.	**डॉ (श्रीमती) विजय लक्ष्मी सक्सेना**	सदस्य
4.	**डॉ डी.जी. महैसेकर**	सदस्य

5.	**डॉ एन. गोपालकृष्णन**	सदस्य
6.	**प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया** निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान	सदस्य-सचिव

स्थायी चयन समिति

1.	**डॉ डी.एस. राणा**	अध्यक्ष
2.	**डॉ सुनील कुमार**	सदस्य (पदेन) (13 अगस्त, 2020 से)
3.	**डॉ राजीव गर्ग**	सदस्य (पदेन) (12 अगस्त, 2020 तक)
4.	**डॉ डी.जी. महैसेकर**	सदस्य
5.	**डॉ महेश बी. पटेल**	सदस्य
6.	**श्री अमित खरे**	सदस्य
7.	**डॉ एन. गोपालकृष्णन**	सदस्य
8.	**प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया** निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान	सदस्य-सचिव

3. शैक्षिक अनुभाग

संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)
वी.के. बहल (31 जुलाई, 2020 तक)
चित्रा सरकार (1 अगस्त 2020 से 28 अगस्त 2020)
अनिता सक्सेना (29 अगस्त, 2020 से)

सह-संकायाध्यक्ष
राजीव कुमार

कुलसचिव
संजीव लालवानी

शैक्षिक अनुभाग द्वारा नीतियां एवं योजनाएं बनाई जाती हैं तथा शैक्षिक गतिविधियों का एम्स, नई दिल्ली में संचालन किया जाता है। इन गतिविधियों के अंतर्गत चिकित्सा, नर्सिंग तथा पराचिकित्सा पाठ्यक्रमों हेतु स्नातक-पूर्व, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल कार्यक्रम आते हैं। इन गतिविधियों का संचालन स्नातक-पूर्व, स्नातकोत्तर तथा परा-चिकित्सा प्रकोष्ठों द्वारा किया जाता है।

स्नातक-पूर्व शिक्षा
अनुभाग द्वारा नए छात्रों के प्रवेश के उपरांत की औपचारिकताएं पूरी की जाती है, पाठ्यक्रमों का विकास एवं संशोधन किया जाता है तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले स्नातक-पूर्व छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन करने के साथ ही शैक्षिक कार्यक्रम प्रदान किए जाते हैं। इन पाठ्यक्रमों में एम.बी.बी.एस., बी.एस.सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिक, नेत्रविज्ञान तकनीक, ऑपरेशन थिएटर प्रौद्योगिकी, बी.एस.सी. दंत स्वच्छता, बी.एस.सी. दंत ऑपरेटिंग कक्ष सहायक (डीओआरए), बी.एस.सी. नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) एवं बी.एस.सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं।

चिकित्सा स्नातक एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (एम.बी.बी.एस.)
जुलाई 2004 में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में शिक्षा के पैटर्न की समीक्षा तथा पुन:संरचना की गई। एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम साढ़े पांच वर्ष का है तथा इस अवधि में 3 चरण और इटर्नशिप होती है। विवरण निम्नानुसार हैं:-

चरण	**अवधि (वर्षों में)**	**प्रशिक्षण**
प्रथम	एक वर्ष	पूर्व-नैदानिक
द्वितीय	डेढ़ वर्ष	परा-नैदानिक
तृतीय	दो वर्ष	नैदानिक
इंटर्नशिप	एक वर्ष	विभिन्न विभागों में अनिवार्य रूप से रोटेशन

वर्तमान में प्रतिवर्ष 125 भारतीय छात्रों को (50 सामान्य श्रेणी, 34 अन्य पिछड़े वर्ग, 12 आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी, 19 अनुसूचित जाति और 9 अनुसूचित जनजाति) एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया गया। दिव्यांग (पी.डब्ल्यू.डी.) व्यक्तियों को 5% क्षैतिज आधार पर आरक्षण दिया जाता है। प्रत्येक वर्ष सात विदेशी राष्ट्रीय छात्रों को भी प्रवेश दिया जाता है। 2020 के प्रारंभ से, ये प्रवेश, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के माध्यम से योग्यता के आधार पर किए जाते हैं।

31 मार्च, 2021 को, एम.बी.बी.एस. के 73 इंटर्न सहित 523 विद्यार्थी पंजीकृत थे। व्यावसायिक परीक्षाओं के प्रथम, द्वितीय तथा अंतिम चरण में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले नौ योग्य एम.बी.बी.एस. छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

परा-चिकित्सा तथा नर्सिंग शिक्षा

वर्ष 2020-21 में, बी.एस.सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम में 98 छात्रों (38 सामान्य श्रेणी, 10 आर्थिक रूप से कमज़ोर श्रेणी, 15 अनुसूचित जाति, 7 अनुसूचित जनजाति और 26 अन्य पिछड़े वर्ग, 2 विदेशी नागरिक) को प्रवेश दिया गया। बी.एस.सी. नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रम में 45 छात्रों (21 सामान्य श्रेणी, 8 अनुसूचित जाति, 3 अनुसूचित जनजाति, 9 अन्य पिछड़ा वर्ग, 3 आर्थिक रूप से कमज़ोर और 1 विदेशी नागरिक को प्रवेश दिया गया। विभिन्न बी.एस.सी. पाठ्यक्रम में दाखिल छात्र:-

पाठ्यक्रम	**सामान्य**	**अनुसूचित जाति**	**अनुसूचित जनजाति**	**अन्य पिछड़ा वर्ग**	**आर्थिक रूप से कमज़ोर**	**कुल**
नेत्र विज्ञान तकनीक	9	2	2	5	2	20
रेडियोग्राफी चिकित्सा तकनीकी	5	1	1	3	1	11
ऑपरेशन थिएटर तकनीकी	1	1	1	2	1	6
दंत स्वच्छता	1	1	0	2	1	6
दंत ऑपरेटिंग कक्ष सहायक	2	2	1	3	2	10

दिनांक 31 मार्च 2021 के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों की संख्या निम्नलिखित है:

पाठ्यक्रम	**छात्रों की संख्या**
नर्सिंग	
बी.एस.सी. नर्सिंग (पोस्ट बेसिक)	78
बी.एस.सी. (ऑनर्स) नर्सिंग	323
परा-चिकित्सा	
बी.एस.सी. (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक	74
बी.एस.सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी चिकित्सा तकनीकी	39

बी.एस.सी. शल्यक्रिया कक्ष तकनीकी	31
बी.एस.सी. दंत स्वच्छता	11
बी.एस.सी. दंत शल्यक्रिया कक्ष सहायक	22

स्नातकोत्तर शिक्षा

शैक्षिक अनुभाग द्वारा जूनियर तथा सीनियर रेज़िडेंटों सहित स्नातकोत्तर छात्रों के प्रवेश तथा प्रशिक्षण संबंधी सभी गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इस अनुभाग द्वारा विभिन्न विषयों में फेलोशिप, पी.एच.डी., डी.एम.,एम.सी.एच., एम.डी.,एम.एस., एम.डी.एस., एम.सी.एचा.डी.एम. (प्रत्यक्ष तौर पर 6 वर्षीय पाठ्यक्रम) एम. बायोटेक्नोलॉजी (एम. बायोटेक) तथा एम.एस.सी. पाठ्यक्रमों से संबंधित सभी गतिविधियों का संचालन भी किया जाता है।

भारतीय नागरिकों तथा प्रायोजित उम्मीदवारों को सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश, अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के द्वारा दिया जाता है। सभी एम.एस.सी., एम.एस.सी. नर्सिंग तथा एम. बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष में एक बार प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है तथा अन्य सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष में दो बार परीक्षा आयोजित की जाती है। विदेशी नागरिकों को एक ही प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रायोजित श्रेणी के तहत प्रवेश दिया जाता है। वर्ष 2020-21, के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में 748 छात्रों को प्रवेश दिया गया। 31 मार्च 2021 तक पंजीकृत स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल छात्रों की कुल संख्या 1966 थी।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश-

क्र.सं.	**पाठ्यक्रम**	**जुलाई 2020**	**जनवरी 2021**	**कुल**
1.	एम.एस.सी. / एम. बायोटेक / एम.एस.सी. नर्सिंग (अगस्त)	76	*	76
2.	एमडी / एमएस / एमडीएस/एमसीएच / डीएम (प्रत्यक्ष तौर पर 6 वर्ष)	260	186	446
3.	डीएम / एमसीएच	96	105	201
4.	पीएचडी	53	37	90
5.	फेलोशिप	17	22	39
	कुल	**502**	**350**	**852**

*दाखिले वर्ष में एक बार किए जाते हैं।

पंजीकृत स्नातकोत्तर छात्र

क्र.सं.	**पाठ्यक्रम का नाम**	**पंजीकृत छात्रों की संख्या**
1.	पीएचडी	295
2.	डीएम	363
3.	एमसीएच	174

4.	फेलोशिप कार्यक्रम	49
5.	एम.डी.	766
6.	एम.एस.	115
7.	एमडीएस	67
8.	एमएससी / एम.बायोटेक / एम.एस.सी. नर्सिंग	156
	कुल	**1985**

पंजीकृत पी.एच.डी. छात्रों का विषय-वार वितरण:-

क्र.सं.	**विषय**	**ओपन**	**प्रायोजित**
1.	अर्बुद-संवेदनाहरण विज्ञान एवं प्रशामक चिकित्सा (डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ.)	-	1
2.	संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा एवं गंभीर उपचार (ज.प्र.ना.ए.ट्रॉ.सें.)	1	1
3.	शरीर रचना विज्ञान	14	-
4.	जैव रसायन	48	-
5.	जैव भौतिकी	24	-
6.	जैव प्रौद्योगिकी	12	-
7.	हृदय जैव रसायन	2	-
8.	सामुदायिक चिकित्सा केंद्र	4	1
9.	एकीकृत चिकित्सा अनुसंधान केंद्र	1	-
10.	नैदानिक तंत्रिका मनोविज्ञान	1	-
11.	नर्सिंग कॉलेज	-	1
12.	सामुदायिक नेत्र विज्ञान (डॉ. रा.प्र. केंद्र)	1	-
13.	त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान	4	-
14.	न्यायचिकित्सा विकृतिविज्ञान एवं आण्विक डीएनए (ज.प्र.ना.ए.ट्रॉ.सें.) प्रभाग	1	-
15.	अंत:स्राविकी एवं चयापचय	2	-
16.	न्यायचिकित्सा	3	-
17.	जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण एकक	7	-
18.	प्रयोगशाला चिकित्सा	3	-
19.	प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान	13	-
20.	चिकित्सा अर्बुद विज्ञान (डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ.)	10	-
21.	चिकित्सा भौतिकी (डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ.)	2	1
22.	सूक्ष्म जीव विज्ञान	6	1
23.	तंत्रिका संवेदनाहरण विज्ञान	-	1
24.	तंत्रिका विकिरण विज्ञान	1	-
25.	तंत्रिका विज्ञान	11	-

26.	तंत्रिका मनोविज्ञान	1	-
27.	तंत्रिका शल्य चिकित्सा	1	-
28.	नाभिकीय चुम्बकीय अनुनाद	6	1
29.	प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान	1	-
30.	नेत्र विज्ञान (डॉ. रा.प्र.कें.)	2	-
31.	नेत्र जैव रसायन (डॉ. रा.प्र. कें.)	1	-
32.	नेत्र विकृति विज्ञान (डॉ. रा.प्र. कें.)	3	-
33.	नेत्र भेषजगुण विज्ञान (डॉ. रा.प्र. कें.)	3	-
34.	बाल शल्य चिकित्सा	2	1
35.	बाल चिकित्सा	4	1
36.	विकृति विज्ञान	15	-
37.	भेषजगुण विज्ञान	17	-
38.	शरीर क्रिया विज्ञान	21	-
39.	मनोचिकित्सा (व्यसन मनोचिकित्सा)	3	-
40.	मनोचिकित्सा (नैदानिक मनोविज्ञान)	1	-
41.	मनोचिकित्सा	2	-
42.	पल्मोनरी चिकित्सा और निद्रा विकार	4	-
43.	विकिरणनिदान	-	1
44.	प्रजनन जीवविज्ञान	12	-
45.	मूल कोशिका	3	-
46.	शल्य चिकित्सा	2	-
47.	शल्य क्रिया अर्बुद विज्ञान	-	1
48.	शल्य चिकित्सा (ज.प्र.न.ए.ट्रॉ.सें.)	1	-
49.	प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवांशिकी	4	3
	कुल	**280**	**15**

पंजीकृत डी.एम. छात्रों का विषय-वार वितरण:-

क्र.सं.	**विषय**	**ओपन**	**प्रायोजित**
1.	व्यसन मनोचिकित्सा (एनडीडीटीसी)	11	1
2.	हृदय शल्य चिकित्सा गहन उपचार	5	4
3.	हृदय संवेदनाहरण विज्ञान	14	1
4.	हृदयरोग विज्ञान	23	4
5.	नैदानिक रुधिररोग विज्ञान	10	2
6.	नैदानिक भेषजगुण विज्ञान	3	1
7.	संवेदनाहरण विज्ञान एवं गंभीर उपचार	20	1

8.	अंत:स्राविकी	8	3
9.	जठरांत्र रोग विज्ञान	21	3
10.	रुधिर विकृति विज्ञान	8	3
11.	संक्रामक रोग	10	1
12.	चिकित्सा आनुवांशिकी	7	1
13.	चिकित्सा अर्बुदविज्ञान	26	1
14.	नवजात विज्ञान	9	2
15.	वृक्क विज्ञान	8	2
16.	तंत्रिका-संवेदनाहरण विज्ञान और गहन उपचार	17	2
17.	तंत्रिका विज्ञान	34	-
18.	न्यूरोइमेजिंग और इंटरवेंशनल तंत्रिका विकिरण विज्ञान	6	3
19.	अर्बुद संवेदनाहरण, डॉ. बी.आर.ए. आईआरसीएच	18	-
20.	बाल हृद्विज्ञान	5	1
21.	बाल वृक्क विज्ञान	3	1
22.	बाल तंत्रिका विज्ञान	9	-
23.	बाल पल्मोनोलॉजी और गहन उपचार	3	3
24.	बाल अर्बुद विज्ञान	9	3
25.	पल्मोनरी, गहन उपचार एवं निद्रा विकार	12	1
26.	प्रजनन चिकित्सा	5	3
27.	चिकित्सीय काय-चिकित्सा	5	-
28.	हृद्वाहिका विकिरणविज्ञान एवं इंडोवस्कुलर इंटरवेंशन	11	-
	कुल	**320**	**43**

पंजीकृत डी.एम. (6 वर्षीय पाठ्यक्रम) छात्रों का विषय-वार वितरण:-

क्र.सं.	**विषय**	**ओपन**	**प्रायोजित**
1.	संक्रामक रोग	12	-
	कुल	**12**	**-**

पंजीकृत एम.सी.एच. छात्रों का विषय-वार वितरण:-

क्र.सं.	**विषय**	**ओपन**	**प्रायोजित**
1.	स्तन, अंत:स्रावी और सामान्य शल्य चिकित्सा	12	1
2.	हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	25	1
3.	जठरांत्र शल्यचिकित्सा	11	3
4.	स्त्रीरोग विज्ञानी अर्बुदविज्ञान	6	3
5.	सिर-गला शल्यचिकित्सा और अर्बुदविज्ञान	7	1

6.	न्यूनतम एक्सेस शल्य चिकित्सा और सामान्य शल्य चिकित्सा	14	3
7.	तंत्रिका शल्य चिकित्सा	17	2
8.	बाल शल्य चिकित्सा	5	1
9.	प्लास्टिक एवं पुनर्रचनात्मक शल्य चिकित्सा	15	-
10.	शल्यक अर्बुदविज्ञान	15	2
11.	आघात शल्य चिकित्सा और गहन उपचार	15	6
12.	मूत्ररोग विज्ञान	8	1
	कुल	**150**	**24**

पंजीकृत एम.सी.एच. (6 वर्षीय पाठ्यक्रम) का विषय-वार वितरण:-

क्र.सं.	**विषय**	**ओपन**	**प्रायोजित**
1.	तंत्रिका शल्य चिकित्सा	10	-
2.	बाल शल्य चिकित्सा	4	-
	कुल	**14**	**-**

पंजीकृत फेलोशिप छात्रों का विषय-वार वितरण:-

क्र.सं.	**विषय**	**ओपन**	**प्रायोजित**
1.	बेरिएट्रिक एवं चयापचय शल्य चिकित्सा	1	-
2.	नैदानिक अनुसंधान कार्य पद्धति और साक्ष्य आधारित चिकित्सा	3	-
3.	संवेदनाहरण विज्ञान-पीड़ा चिकित्सा	4	1
4.	मेरुदंड शल्य चिकित्सा	4	-
5.	स्कल बेस एवं सेरिब्रोवस्कुलर सर्जरी (एनएस)	2	-
6.	बाल शल्य चिकित्सा (एनएस)	2	-
7.	उन्नत जठरांत्र इंडोस्कॉपी	2	-
8.	न्यूनतम इनवेसिव मूत्र रोग विज्ञान (लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक्स)	2	-
9.	जी.आई. विकिरण विज्ञान	2	-
10.	थॉरासिक विकिरण विज्ञान	2	-
11.	बाल विकिरण विज्ञान	2	-
12.	न्यूनतम इनवेसिव स्त्रीरोग विज्ञान संबंधी सर्जरी	2	-
13.	जठरांत्रविज्ञान-पेंक्रिएटोलॉजी	1	-
14.	जठरांत्रविज्ञान-प्रदाहक आंत्र रोग	2	-
15.	जठरांत्रविज्ञान-हिपेटोलॉजी	1	-
16.	तंत्रिका गहन उपचार	2	-
17.	महाधमनी शल्य चिकित्सा	2	1
18.	मातृ भ्रूण चिकित्सा (एमएफएम)	1	-

19.	आर्थ्रोस्कोपी	2	-
20.	ज्वाइंट रिप्लेस्मेंट	1	-
21.	मांसपेशी-अस्थि अर्बुदविज्ञान	1	-
22.	श्रोणि-एसीटेबुलर आघात	1	-
	कुल	**42**	**2**

पंजीकृत एम.डी. / एम.एस. / एम.डी.एस. छात्रों का विषय-वार वितरण:-

क्र.सं.	**विषय**	**ओपन**	**प्रायोजित**
1.	संवेदनाहरण विज्ञान	69	3
2.	शरीर रचना विज्ञान	13	-
3.	जैव रसायन	15	-
4.	जैव भौतिकी	14	-
5.	सामुदायिक चिकित्सा	26	1
6.	रक्षात्मक दंत चिकित्सा विज्ञान एवं एंडोडोटिक्स	11	1
7.	त्वचा एवं रतिज रोग विज्ञान	21	3
8.	आपात चिकित्सा	40	2
9.	न्याय चिकित्सा	11	1
10.	जरा चिकित्सा	21	3
11.	अस्पताल प्रशासन	8	2
12.	संक्रामक रोग डी.एम. (प्रत्यक्ष तौर पर 6 वर्षीय पाठ्यक्रम)	18	-
13.	प्रयोगशाला चिकित्सा	11	-
14.	काय चिकित्सा	61	3
15.	सूक्ष्म जैव विज्ञान	14	-
16.	तंत्रिका शल्य चिकित्सा-एम.सी.एच. (प्रत्यक्ष तौर पर 6 वर्षीय पाठ्यक्रम)	11	-
17.	नाभिकीय चिकित्सा	19	3
18.	प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान	44	3
19.	नेत्ररोग विज्ञान	122	3
20.	ओरल एवं मैसिलोफेशियल शल्य चिकित्सा	14	1
21.	ऑर्थोडोंटिक्स	14	1
22.	अस्थि रोग	20	3
23.	कान, नाक एवं गला रोग विज्ञान (ईएनटी)	22	3
24.	बाल शल्य चिकित्सा-एम.सी.एच. (प्रत्यक्ष तौर पर 6 वर्षीय पाठ्यक्रम)	8	-
25.	बाल चिकित्सा	34	3
26.	प्रशामक चिकित्सा	17	2
27.	विकृति विज्ञान	30	3

28.	पेडोडोंटिक्स और प्रीवेंटिव डेंटिस्ट्री	14	1
29.	भेषजगुण विज्ञान	16	-
30.	भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	10	2
31.	शरीरक्रिया विज्ञान	20	-
32.	प्रोस्थोडोंटिक्स	10	-
33.	मनोचिकित्सा विज्ञान	32	3
34.	विकिरण निदान	30	-
35.	विकिरण चिकित्सा	16	3
36.	शल्य चिकित्सा	64	3
37.	आघान (ट्रांसफ्यूजन) चिकित्सा	7	2
	कुल	**927**	**58**

पंजीकृत एम.एस.सी. छात्रों का विषय-वार वितरण:-

क्र.सं.	**विषय**	**ओपन**	**प्रायोजित**
1.	शरीर रचना	9	-
2.	जैव रसायन	10	1
3.	जैव भौतिकी	6	-
4.	भेषजगुण विज्ञान	11	-
5.	शरीर क्रिया विज्ञान	10	-
6.	जैव प्रौद्योगिकी	22	1
7.	नाभिकीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी	22	2
8.	प्रजनन जैवविज्ञान	10	1
9.	हृदवाहिका इमेजिंग एवं अंत: वाहिका तकनीकी	3	-
	कुल	**103**	**05**

पंजीकृत एम.एस.सी. (नर्सिंग) छात्रों का विषय-वार वितरण:-

क्र.सं.	**विषय**	**ओपन**	**प्रायोजित**
1.	हृद विज्ञान / सी.टी.वी.एस. नर्सिंग	5	2
2.	तंत्रिका विज्ञान नर्सिंग	4	2
3.	बाल नर्सिंग	5	1
4.	मनोचिकित्सा नर्सिंग	6	2
5.	अर्बुद विज्ञान नर्सिंग	4	2
6.	वृक्क विज्ञान नर्सिंग	4	2
7.	गंभीर उपचार नर्सिंग	5	4
	कुल	**33**	**15**

प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारत एवं विदेश के विभिन्न संगठनों के छात्रों और कर्मचारियों को अल्पावधि, दीर्घावधि एवं ऐच्छिक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का प्रावधान है। वर्ष 2020-21, के दौरान 518 भारतीयों को अल्पावधि प्रशिक्षण प्रदान किया गया कोविड-19 महामारी के कारण, वर्ष के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए और इसके चलते उम्मीदवारों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है।

इस वर्ष के दौरान शैक्षणिक अनुभाग ने 7 व्याख्यान आयोजित किए और 69 सम्मेलनों / कार्यशालाओं के आयोजन की अनुमति दी।

समिति की बैठकें

शैक्षिक अनुभाग द्वारा शैक्षिक समिति काउसिंल, संकायाध्यक्ष समिति, संकाय तथा अनुसंधान प्रस्तुतिकरण की बैठकें निम्नानुसार आयोजित की गई:-

क्र.सं.	समिति	बैठकों की संख्या
1.	शैक्षिक	1
2.	स्टाफ काउंसिल	0
3.	संकायाध्यक्ष समिति	2
4.	संकाय (सामान्य चर्चा)	7
5.	अनुसंधान प्रस्तुतिकरण	1

सरल प्लेटफार्म



शैक्षिक सामग्री के ऑनलाइन वितरण के साथ-साथ छात्र प्रबंधन दोनों के लिए 2020-21 के दौरान सरल प्लेटफार्म का व्यापक रूप से प्रयोग किया गया था। संकाय द्वारा अपलोड की जा रही सामग्री के साथ संपूर्ण स्नातक शिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन स्थानांतरित कर दिया गया था। प्लेटफार्म पर कई ऑनलाइन पाठ्यक्रम बनाए और वितरित किए गए। इन पाठ्यक्रमों में लाइव इंटरेक्शन, क्विज़ और सर्टिफिकेट जनरेशन शामिल है। इनमें से कुछ का व्यापक रूप से कोविड-19 के प्रबंधन में जनशक्ति को प्रशिक्षित करने हेतु उपयोग किया गया है। सभी नए शामिल हुए रेजिडेंट को कोविड क्षेत्रों में कार्यभार ग्रहण करने से पहले ऑनलाइन प्रशिक्षण लेना आवश्यक है। 5 दिन के पाठ्यक्रम के सभी

पहलुओं को कवर करने हेतु लघु वीडियो बनाने वाले संकाय के साथ रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए फांउडेशन पाठ्यक्रम को भी ऑनलाइन मॉडयूल में परिवर्तित किया गया था।

आचार्य संजय के. राय ने विभिन्न पेशेवर संगठनों जैसे इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन, इंडिया पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन, इंडियन चेस्ट सोसाइटी, एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया, द ब्रिटिश काउंसिल आदि में 30 से अधिक ऑनलाइन व्याख्यान दिए। उन्हें गुरु गोविंद सिंह विश्वविद्यालय द्वारा एमडी सामुदायिक चिकित्सा के लिए परीक्षक बोर्ड के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। उन्होंने एक बाहरी परीक्षक के रूप में 6-7 जुलाई 2020 तक वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में एमडी सामुदायिक चिकित्सा परीक्षा आयोजित की। आईसीएमआर-एनआईसीईडी की वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएसी) के सदस्य के रूप में, 24 सितंबर, 2010 को आईसीएमआर-एनआईसीईडी कोलकाता में आईसीएमआर-एनआईसीईडी की 48वीं एसएसी बैठक में एक विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। पूरे देश में एचआईवी प्रहरी निगरानी (एचएसएस) के लिए तकनीकी

सहायता प्रदान करने हेतु एम्स, नई दिल्ली में एचएसएस के लिए एनएसीओ के नामित राष्ट्रीय संस्थान के "प्रमुख व्यक्ति" (फोकल पर्सन) के रूप में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित किया गया। चल रहे एचएसएस में सहयोग करने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, अंडमान और निकोबार के कई जिलों का दौरा किया। एम्स इंजीनियरिंग सलाहकार समिति (ईएसी) के सदस्य के रूप में इंजीनियरिंग सेवाओं के कामकाज को सुव्यवस्थित करने के लिए कई इंजीनियरिंग सलाहकार समिति की बैठकों में भाग लिया। सीसीएम के भंडार के प्रभारी-आचार्य के रूप में 2020-21 के दौरान बजट तैयार करने और सीसीएम के लिए विभिन्न मदों की खरीद में भाग लिया। भारत में एचआईवी अनुमानों पर एनएसीओ, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तकनीकी संसाधन समूह (टीआरजी) के सदस्य और 2020 के दौरान टीआरजी की कई बैठकों में भाग लिया। एक विषय विशेषज्ञ के रूप में, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, बिबीनगर, तेलंगाना, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गुवाहाटी, असम, राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, रांची, झारखंड और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर, छत्तीसगढ़ की स्थायी चयन समिति के सदस्यों का सहयोग किया। उन्होंने विभिन्न संकाय पदों के चयन के लिए वर्चुअल मोड में क्रमशः एम्स बीबीनगर, तेलंगाना, एम्स भुवनेश्वर को दिनांक 27-29 सितंबर 2020 तक, 11 नवंबर 2020, 21 दिसंबर 2020 और 25 फरवरी 2021 को सहयोग किया। वे वर्ष 2019-2022 के लिए इंडियन पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन के "अध्यक्ष" चुने गए।

डॉ. कपिल यादव को "नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड एडवांस्ड रिसर्च ऑन एनीमिया कंट्रोल (एनसीईएआर-ए)", स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के लिए प्रमुख व्यक्ति के रूप में जारी रखा गया। एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए, एनसीईएआर-ए ने 6 नए एम्स से शिक्षा जगत के सभी प्रमुख व्यक्तियों के साथ समन्वयन किया और प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम आयोजित किया; डॉ. कपिल यादव ने एएमबी के राष्ट्रीय अभियानों में एक प्रमुख संसाधन व्यक्ति के रूप में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. कपिल यादव ने आयोडीन और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों पर अपना अनुसंधान कार्य जारी रखा और उपरोक्त विषयों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य पोषण की पाठ्यपुस्तकों के लिए कई अध्याय लिखे।

डॉ. सुमित मल्होत्रा अनुसंधान अनुभाग, एम्स, नई दिल्ली के अंतर्गत नैदानिक अनुसंधान एकक (सीआरयू) की कार्यकारी समिति के सदस्य थे; नैदानिक अनुसंधान पद्धति और साक्ष्य आधारित चिकित्सा पर एम्स संकाय के लिए फेलोशिप कार्यक्रम के शिक्षण सदस्य; नूह, हरियाणा में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार के कार्यान्वयन में सहयोग के लिए "नवाचार और शिक्षण केंद्र" के लिए प्रमुख व्यक्ति; वृद्धावस्था और उपशामक उपचार, मानसिक और तंत्रिका संबंधी रोगों से संबंधित नए पैकेज शुरू करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षक [राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू), भारत सरकार (जीओआई) द्वारा विकसित प्रशिक्षण पैकेज], व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार के हिस्से के रूप में आपातकालीन और आघात देखभाल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए टेली-मेंटरिंग कार्यक्रम संचालन के प्रशिक्षक; अनुसंधान अनुभाग, एम्स, दिल्ली के अंतर्गत अनुसंधान पद्धति पर स्नातकोत्तर शिक्षण

कार्यक्रम के लिए संकाय-सदस्य बने रहे। कोविड रोगियों के परीक्षण और उपचार के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी विभिन्न दिशा-निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की जाँच करने के लिए दिल्ली के उत्तर और उत्तर पश्चिम जिलों के सभी निजी अस्पतालों का दौरा करने के लिए केंद्रीय बहु-अनुशासनात्मक टीम के हिस्से के रूप में नामांकित (17-18 नवंबर 2020); उन्हें एसएआरएस कोविड-2 (18-20 जून 2020) के लिए तेजी से नैदानिक परीक्षणों के संचालन की निगरानी के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा आईसीएमआर द्वारा गठित केंद्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान दल के हिस्से के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था, वे एसआरएस-वीए के लिए एम्स तकनीकी सहायता इकाई के सदस्य और मिनर्वा नेटवर्क तथा राष्ट्रीय एनीमिया नियंत्रण पर उत्कृष्टता और उन्नत अनुसंधान केंद्र (एनसीईएआर-ए) के सदस्य थे। जेआईपीएमईआर, पुडुचेरी तथा एम्स, दिल्ली द्वारा आयोजित पीएचडी परीक्षा के लिए एमसीक्यू प्रश्न बैंक में योगदान दिया; पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ और आईआईपीएच (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ)- दिल्ली के लिए एमडी और एमपीएच थीसिस का मूल्यांकन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली के लिए पूरक परीक्षा 2019-20 (सामुदायिक चिकित्सा) सहित एमडी परीक्षा के लिए बाहरी परीक्षक थे। एम्स, दिल्ली में एमबीबीएस प्री-प्रोफेशनल परीक्षा और पूरक परीक्षा 2020-21 के लिए आंतरिक परीक्षक थे। आईसीएमआर, नई दिल्ली द्वारा वेक्टर जनित रोगों से संबंधित अनुसंधान परियोजनाओं के लिए समीक्षक और कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अनुक्रमित पत्रिकाओं के समीक्षक थे।

डॉ. अनिल गोस्वामी एक राष्ट्रीय निकाय "ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ मेडिकल सोशल वर्क प्रोफेशनल्स" चंडीगढ़ के 2016-21 तक संरक्षक थे। 2008 से "रोग निवारण प्रकोप प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ" (डीपीओआरसी) एम्स के नामित नोडल अधिकारी थे। उनकी देख-रेख में वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एम्स परिसर में निगरानी और मूल्यांकन गतिविधि की गई। 2012 से "संस्कानाकिराजा बायाकाया-नवायना साइमैत" एम्स के नामित नोडल अधिकारी। सामुदायिक चिकित्सा केंद्र में दैनिक उपयोग में और विशेष रूप से विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य विषयों पर स्वास्थ्य शिक्षा सामग्री विकसित करके हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। कायाकल्प (स्वच्छ अस्पताल अभियान) के तहत स्वच्छता संवर्धन के लिए उप-समिति के सदस्य (स्वच्छ और हरित एम्स के केआरए-7), काया कल्प (स्वच्छ अस्पताल अभियान) के तहत "सार्वजनिक प्रतिक्रिया" (स्वच्छ और हरित एम्स के केआरए-8) के लिए उप-समिति के सदस्य। तंबाकू नियंत्रण प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली में "नई निर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के विकास के लिए विशेषज्ञ समिति" के सदस्य के रूप में निदेशक एम्स, नई दिल्ली द्वारा मनोनीत।

डॉ. पार्थ हल्दर एम्स नई दिल्ली की नैदानिक महामारी विज्ञान एकक के सदस्य हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री की 'वैभव' पहल के तहत 'क्षैतिज: सुदूर एवं ग्रामीण स्वास्थ्य: उपेक्षित तक पहुँच' के अंतर्गत भारत में पोषण मूल्यांकन के लिए लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी सत्र का संचालन किया, जिसमें उन्होंने विचार-विमर्श के लिए प्रवासी भारतीय वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया। वे राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित भारत में हेपेटाइटिस

निगरानी के लिए तकनीकी संसाधन समूह (टीआरजी) के सदस्य रहे हैं और अभी भी हैं। वह सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के एमडी छात्रों के लिए स्वास्थ्य अर्थशास्त्र मॉड्यूल का संचालन करते हैं। डॉ. पार्थ हल्दर भारत में एचआईवी स्व-परीक्षण के लिए तकनीकी संसाधन समूह (टीआरजी) के सदस्य भी हैं, जिसका गठन राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया है। वह एम्स, दिल्ली में सामुदायिक चिकित्सा 2020-21 की एमबीबीएस अंतिम प्रॉफेशनल परीक्षा के लिए आंतरिक परीक्षक थे। उन्हें एम्स नई दिल्ली के निदेशक द्वारा कायाकल्प 2020-2021 के तहत चिकित्सा संस्थानों के एक सहकर्मी-समीक्षक के रूप में नामित किया गया था। उन्हें रक्त आधान चिकित्सा विभाग के औषधि एवं उपकरण लेखा-परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। वह एम्स नई दिल्ली (एनआई-एचएसएस) में एचएसएस के लिए नाको (एनएसीओ) नामित राष्ट्रीय संस्थान और एनीमिया नियंत्रण पर राष्ट्रीय उत्कृष्टता और उन्नत अनुसंधान केंद्र (एनसीईएआर-ए) के सदस्य बने हुए हैं। उन्हें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी, चेन्नई से एमपीएच थीसिस के मूल्यांकन का काम सौंपा गया था। वह कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं के समीक्षक हैं जिनमें शामिल हैं: साइंटिफ़िक रिपोर्ट्स, बीएमजे ओपन, पीएलओएस वन, बीएमसी प्रेग्नेंसी एंड चाइल्ड बर्थ, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हाइपरटेंशन, जर्नल ऑफ क्लिनिकल पैथोलॉजी, जर्नल ऑफ न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी एंड साइकियाट्री, नेशनल मेडिकल जर्नल ऑफ इंडिया, इंडियन जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ।

डॉ. रवनीत कौर नैदानिक परीक्षणों में गंभीर प्रतिकूल घटनाओं पर संस्थान की एथिकल उप-समिति की सदस्य थीं। एसईटी (कौशल, ई-लर्निंग और टेलीमेडिसिन) सुविधा के लिए संकाय, एम्स और स्नातक शिक्षण के लिए कौशल मॉड्यूल तैयार किया। उन्होंने दिनांक 19-21 मार्च 2021 को सामुदायिक चिकित्सा विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य स्कूल, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ द्वारा आयोजित इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन के 42वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में 21 मार्च 2021 को "फूड फोर्टिफिकेशन: ए सस्टेनेबल पब्लिक हेल्थ स्ट्रैटेजी फॉर कंट्रोल ऑफ माइक्रोन्यूट्रिएंट डेफिशिएंसी: फ्रॉम आयोडीन टू आयरन" नामक एक पूर्ण सत्र का संचालन किया गया। उन्होंने दिनांक 19-21 मार्च 2021 तक सामुदायिक चिकित्सा विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य स्कूल, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ द्वारा आयोजित इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन के 42वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में "पोषण" विषय पर एक पोस्टर सत्र की निर्णायक बनी। 16 एवं 17 अक्टूबर 2020 को ऑनलाइन आयोजित आईएपीएसएम के एमआईवाईसीएन राष्ट्रीय कार्य समूह का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन - पोशनकॉन 2020 में आयोजन समिति की सदस्य। वे कई पत्रिकाओं की समीक्षक (ग्लोबल हेल्थ रिसर्च एंड पॉलिसी, बीएमजे ओपन, इंडियन जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ, इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च, नेशनल मेडिकल जर्नल ऑफ इंडिया, जर्नल ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिसिन)।

डॉ. हर्षल रमेश साल्वे एसईएआर क्षेत्रीय स्तर पर थे; शारीरिक गतिविधि पर वैश्विक कार्य योजना (जीएपीए) दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन का रोडमैप विकसित करने के लिए भारत से एक विशेषज्ञ सदस्य के रूप में काम किया; वे सामुदायिक चिकित्सा केंद्र में समुदाय-आधारित गैर-संचारी रोग निवारण और

नियंत्रण में क्षमता निर्माण और अनुसंधान के लिए डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र का हिस्सा हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, कोविड-19 प्रतिक्रिया के एक भाग के रूप में, जयपुर राजस्थान में लॉकडाऊन के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमसीटी) के सदस्य के रूप में काम किया; वे सीसीएम में उस संकाय समूह का हिस्सा हैं जो मिनर्वा नेटवर्क में मैनुअल विकसित करने, मेडिकल कॉलेजों का नेटवर्क बनाने और मृत्यु के कारणों की वर्बल ऑटोप्सी कोडिंग और आरजीआई के पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण के लिए कोडर के रूप में योगदान दे रहे हैं। मिनर्वा को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तहत आरजीआई द्वारा वित्त पोषित किया जाता है; उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों: मधुमेह, कैंसर, हृदय-संवहनी रोगों और स्ट्रोक के नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों में योगदान दिया- जनसंख्या आधारित स्क्रीनिंग के लिए चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ नर्सों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षक के रूप में योगदान दिया, राष्ट्रीय स्तर पर डब्ल्यूएचओ के लिए एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम की समीक्षा की। जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम - कार्यक्रम की समीक्षा, क्षमता निर्माण और अनुसंधान के लिए तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में; एनसीडीसी, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर क्लाइमेट चेंज एंड कार्डियो-पल्मोनरी डिजीज का हिस्सा हैं। एनसीडीसी द्वारा वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य पर विभिन्न तकनीकी वेबिनार के लिए संसाधन व्यक्ति; दिल्ली एनसीआर में पीएम 2.5 एक्सपोजर के कारण मृत्यु दर मूल्यांकन पर एक परियोजना के लिए एम्स-आईआईटी सहयोगात्मक परियोजना के तहत अनुदान प्राप्त हुआ; दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए नवोन्मेष इंटेर्वेशन के लिए प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार के कार्यालय से अनुदान प्राप्त किया; सीआरएचएसपी बल्लभगढ़, हरियाणा में कोविड-19 से संबंधित धारणा और प्रथाओं को समझने के लिए समुदाय आधारित अध्ययन किया। संस्थान में, सेट (एसईटी) सुविधा के तहत एमबीबीएस छात्रों के लिए ग्लूकोमीटर उपयोग पर मॉड्यूल विकसित किया और इसे सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ में एमबीबीएस शिक्षण में लागू किया; सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ में सातवें सेमेस्टर के दौरान एमबीबीएस शिक्षण का समन्वय किया; विभाग के स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों शिक्षण/प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया; हमारे विभाग में स्नातकोत्तरों को जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य से संबंधित नए विषयों को शामिल कराया और पढ़ाया; सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ में संकाय के पद पर तैनात; सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ में, भंडार, ओपीडी सेवाओं और स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के प्रभारी; एचएमआईएस के पुनर्विकास की प्रक्रिया शुरू की।

डॉ. राकेश कुमार "संशोधित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम (आरएनटीसीपी) और भारत के महापंजीयक' के अंतर्गत क्षय रोग से होने वाली मृत्यु रिपोर्टिंग के लिए तंत्र को मजबूत करना" नामक परियोजना की विशेषज्ञ सलाहकार समिति का हिस्सा थे और मूत्रविज्ञान में बाहय तदर्थ अनुसंधान के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की परियोजना समीक्षा समिति के अध्यक्ष थे; अमेरिकन जर्नल ऑफ़ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हाइजीन, ट्रांज़ैक्शन ऑफ़ द रॉयल सोसाइटी ऑफ़ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हेल्थ, ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड इंटरनेशनल हेल्थ, इंडियन जर्नल ऑफ़ पब्लिक हेल्थ, और द जर्नल ऑफ़ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी ऑफ़ इंडिया के लिए समीक्षक।

डॉ. मोहन लाल बैरवा बोर्ड ऑफ स्टडीज, स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान संस्थान (आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय), जयपुर, भारत के सदस्य थे। संपादकीय बोर्ड के सदस्य (वैश्विक स्वास्थ्य), बीएमसी जन स्वास्थ्य और अनुभाग संपादक (रिसर्च मेथड्स), लंग इंडिया। इंटरनेशनल जर्नल फॉर इक्विटी इन हेल्थ के समीक्षक; इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ इंजरी कंट्रोल एंड सेफ्टी प्रमोशन; बीएमजे ओपन; इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन; मानव टीके और इम्यूनोथैरेप्यूटिक; पीएलओएस ओएनई और; वैश्विक स्वास्थ्य कार्रवाई; बीएमसी पब्लिक हेल्थ; इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन: डब्ल्यूएचओ का बुलेटिन; बायोमेड रिसर्च इंटरनेशनल; "एनसीडी हेतु उपचार के बदलते प्रतिमान: दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में अग्रवर्ती एनसीडी सेवाओं की कहानियां" प्रकाशन के दस्तावेजीकरण पर डब्ल्यूएचओ-एसईएआरओ के परामर्शदाता।

9.9. त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

नीना खन्ना

आचार्य

कौशल के वर्मा	एम राममम	बिनोद के. खेतान
सुजॉय खांडपुर	जी सेतुरमन	सोमेश गुप्ता

सह-आचार्य

कनिका साहनी

सहायक आचार्य

नीतू भारी	विशाल गुप्ता

शिक्षा

विभाग में 25 कनिष्ठ रेजीडेंटों, 10 वरिष्ठ रेजीडेंटों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं 3 पी.एचडी. अभ्यर्थियों को गाइड किया जा रहा है। एम.डी. (कायचिकित्सा) एवं एम.डी. (बालचिकित्सा) के लिए 2 सप्ताह का योग्यता आधारित प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा/कार्यशालाएं/संगोष्ठी/राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

विभाग ने दिनांक 8 नवंबर 2020 को कांटैक्ट एंड आक्यूपेशनल डर्माटोसिस फॉरम ऑफ इंडिया (सी.ओ.डी.एफ.आई.सी.ओ.एन. 2020) के 10वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया।

प्रदत्त व्याख्यान

नीना खन्ना: 6	**कौशल के वर्मा: 8**	**एम राममम: 8**
बिनोद के. खेतान: 4	**सुजाय खांडपुर: 16**	**कनिका साहनी: 2**
नीतू भारी: 15	**विशाल गुप्ता: 8**	

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. निकाले हुए केश फोलिकल्स के बाह्य रूट शीथ से संवर्ध मेलेनोसाइटिस बनाम एपिडर्मिस से संवर्ध मेलेनोसाइटिस के प्रतिरोपण का दोहरा-ब्लाइंड याद्दच्छिक परीक्षण, सोमेश गुप्ता, डीबीटी, 4 वर्ष 2018-2022, रु.60 लाख।
2. एच I - ऐंटीहिस्टेमाइन्स से अपर्याप्त रूप से नियंत्रित किशोरों एवं वयस्कों में चिरकारी सहज पित्ती (सीएसयू) के उपचार में लिजीलिजुमेब (क्यूजीई031) की प्रभावशीलता एवं सुरक्षा की

जांच करने के लिए एक बहुकेंद्रीय, यादृच्छिक, दोहरा, सक्रिय एवं प्लेसिबो-नियंत्रित अध्ययन। (वित्तपोषित परियोजना), नीना खन्ना, नोवार्टिस, 3 वर्ष, 2019-2021, रु.11.24 लाख।

3. रितुक्सीमेब से उपचारित पेम्फिगस वाले रोगियों में आवर्ती सूचक क्लिनिकल एवं इंम्यूनोलॉजिक कारक: एक अग्रदर्शी कोहार्ट अध्ययन, विशाल गुप्ता, अ.भा.आ.सं.-इंट्राम्यूरल अनुदान, 2 वर्ष, 2021-2022, रु.9.8 लाख।
4. वृद्धिकारक गैर-खंडयुक्त विटिलिगो के उपचार में एप्रेमिलास्ट बनाम बीटामिथेसोन मुखीय-मिनी प्लस थेरेपी की तुलना: एक ओपन लेबल गैर-अपकर्ष यादृच्छिक परीक्षण, विशाल गुप्ता, आईएडीवीएल, 2 वर्ष, 2020-2021, रु.3.65 लाख।
5. प्लांट पारथीनियम के कारण वायु जनित संपर्क डर्मेटाइटिस के रोगियों में प्रदाहक साइटाकाइन स्तरों एवं डर्मेटाइटिस पर साइक्लोस्पोराइन के प्रभाव का मूल्यांकन। कौशल के वर्मा, डीएसटी, 3 वर्ष, 2019-2022, रु.36 लाख।
6. रूढ़ डेक्सामिथेसन प्लस एवं नई बायोलॉजिकल रितुक्समेब थेरेपी प्राप्त करने वाले पेंफिगस वल्गरिस रोगियों में रोग आवर्ती सूचक में बीएएफएफ एवं एपीआरआईएल लाइगंड्स एवं उनके रिसेप्टर्स सीटी 4 एवं रेगुलेटरी बी एवं टी कोशिकाओं की भूमिका, सुजय खांडपुर, आईसीएमआर, 3 वर्ष, 2020 से आरंभ, रु.25 लाख।
7. एटोपिक डर्माटाइटिस वाले बच्चों में टीएच2/टीएच17 प्रदाहक साइटोकाइन्स मोडुलेटिंग फ्लैग्गरिन अभिव्यक्ति, नीतू भारी, आईएडीवीएल, 2 वर्ष, 2019-2021, रु.7.45 लाख।

वित्तपोषित परियोजना

पूर्ण

गैर-संवर्धित निकला हुआ फोलीकुलर बाह्य रूट शीथ कोशिका सस्पेंशन एवं रूढ़ एपिडर्मा स्थिर विटिलिगो की प्रभावकता एवं सुरक्षा तथा कंस्टीट्यूंट स्टेम सैल जनसंख्या के साथ इसका संबंध। सोमेश गुप्ता, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद।

विभागीय परियोजनाएं (थीसिस/शोध निबंध)

जारी

1. मुखीय हायपरपिग्मैंटिड त्वचा विक्षतियों के डर्मोस्कोपिक विशेषताओं का एक क्रास सेक्शनल वर्णनात्मक अध्ययन।
2. बच्चों में जन्मजात एवं अर्जित वाहिका विक्षतियों में डर्मोस्कॉपिक खोजों का एक क्रास सेक्शनल वर्णनात्मक अध्ययन।
3. बैक्टेरियल (बीवी) से पीड़ित महिलाओं एवं स्वस्थ कंट्रोल्स में वेजीनल माइक्रोबायोम तथा मेटाबोलोम का सार्कोयडल ऊतक प्रतिक्रिया अध्ययन का 5डी इच स्केल क्लिनिकोहिस्टोपेथोलॉजिकल सह-संबंध तथा चिरकारी पुरूराइटिस की गंभीरता का आकलन तथा 12 आइटम पुरूराइटिस गंभीरता स्केल का प्रयोग करके जीवन गुणवत्ता पर इसके प्रभाव का एक क्रॉस सेक्शनल अध्ययन।

4. आटोनोमिक नर्वस सिस्टम असंतुलन का मूल्यांकन करने के लिए एक क्रॉस सेक्शनल अध्ययन तथा दैहिक स्केलेरोसिस वाले रोगियों में त्वचीय प्रकटनों के साथ इसका सह-संबंध (एमडी थीसिस)।
5. एरेथमा नोडोसम लेप्रोसम प्रतिक्रिया के रूप में हिस्टोलॉजिकली नैदानित स्लाइडों की हिस्टोपैथोलॉजिकल खोज समीक्षा।
6. एक्सटेंसिव नॉन-सेग्मेंटल विटिलिगों के पूर्वसूचकों पर अस्पताल आधारित केस कंट्रोल अध्ययन।
7. क्रमिक विकास के विभिन्न चरणों में नॉन-सेग्मेंटल विटिलिगों के डर्माटोस्कोपिक खोजों का एक अग्रदर्शी अवलोकनात्मक अध्ययन।
8. पार्थेनियम डर्माटाइटिस के रोगियों में पैच जांच पोजीटिविटी को प्रकट करने के लिए पार्थेनियम ऐसीटोन एक्सट्रेक्ट की विभिन्न सान्द्रताओं (अर्थात 1:50, 1:100 एवं 1:200) की तुलना।
9. स्थानीयकृत विटिलिगों में हस्त यूवीबी कॉम्ब बनाम एक्सीमर लाइट थेरेपी की तुलना।
10. एलर्जिक संपर्क डर्माटाइटिस के रोगियों में ओक्कुलशन समय के 24 एवं 48 घंटे के पश्चात पैच जांच पोजीटिविटी की तुलना।
11. एक्सिमर लैंप के संयोजन के साथ 0.1% टेक्रोलिमस/0.2% टेक्रोलिमस/प्लेसिबो का उपयोग करके विटिलिगो में पुन: पिग्मेंटेशन का अध्ययन करने के लिए दोहरा ब्लांइड यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण।
12. रोगियों के मानसिक स्वास्थ्य पर चिरकारी त्वचा रोगों के प्रभाव का मूल्यांकन, पेम्फीगस में डेक्सामिथेसन-साइक्लोफोस्फेमाइड प्लस थेरेपी।
13. एटोपिक डर्माटाइटिस वाले बच्चों में सेरामाइड आधारित मास्चुराइजर की तुलना में पेराफ्फिन आधारित मास्चुराइजर का मूल्यांकन: एक दोहरा ब्लांइडिड, दो समूह समानार्थक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।
14. प्रतिकूल अत्वचीय औषध प्रतिक्रियाओं के निदान में पैच जांच का मूल्यांकन एवं मुखीय औषध प्रोवोकेशन से इसका सह-संबंध।
15. उत्तरी भारत में तृतीयक उपचार अस्पताल आने वाले डर्माटोफिटिक संक्रमण वाले रोगियों में उपचार असफलता के कारण बनने वाले एपिडेमियोलॉजिकल कारकों का अध्ययन।
16. दैहिक स्केलिरोसिस बनाम योगा थेरेपी नहीं करवाने वाले रोगियों के उपचार में योगा थेरेपी का प्रभाव: एक प्रायोगिक यादृच्छिक कंट्रोल परीक्षण।

पूर्ण

1. मुखीय हायपरपिग्मेंटिड त्वचा विक्षतियों की डर्मोस्कोपिक विशेषताओं का एक क्रास सेक्शनल वर्णनात्मक अध्ययन।
2. अर्जित ब्लेस्को-लाइनर एवं सेग्मेंटल विटिलिगों के सिवाय सेग्मेंटल डर्माटोलोजिकल रोग की क्लिनिकल एवं हिस्टोपेथोलॉजिकल विशेषताओं का वर्णनात्मक अध्ययन।
3. गंभीर अवत्वचीय औषध प्रतिक्रियाओं का एक पूर्वव्यापी विश्लेषण।
4. दैहिक स्केलेरोसिस संबंधित इंटरस्टीटियल लंग रोग में इम्यूनोसप्प्रेसिव थेरेपी की प्रभावकता का मूल्यांकन करने के लिए एक एंबिस्पेक्टिव कोहर्ट अध्ययन।

5. मानक संपूर्ण बॉडी नेरो के साथ हैंडहेल्ड नेरो बैंड यूवीबी यंत्र की तुलना करते हुए एक ओपन लेबल गैर-यादृच्छिक प्रारंभिक अध्ययन।
6. स्थानीयकृत विटिलिगों के उपचार में बैंड-यूवीबी थेरेपी।
7. हेक्सावेलेंट क्रोमियम से एलर्जिक संपर्क डर्माटाइटिस के अवरुद्ध प्रकटन में ग्लुटेथियन एवं आयरन सल्फेट के टोपिकल अनुप्रयोग का मूल्यांकन।
8. स्प्लिट मुख यादृच्छिक नियंत्रण अध्ययन में प्लाज्मा के उपचार में फ्रैक्शनल सीओ2 लेजर एवं ट्रिपल थेरेपी एकल के साथ टॉपिकल ट्रिपल थेरेपी फोर्मुलेशन की प्रभावकता एवं सुरक्षा का मूल्यांकन करना।
9. विटिलिगों पीड़ित रोगियों के परिवार के सदस्यों के लिए परिवार विटिलिगो प्रभाव स्केल, जीवन गुणवत्ता स्केल की सायकोमेट्रिक घटकों का अध्ययन करना।
10. एक्ज्जीमर लाइट थेरेपी की उपयोगिता।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. सक्रिय सोरियाटिक आर्थेराइटिस वाले रोगियों में ग्लेनमार्क एप्रेजो एवं एप्रिमिलास्ट टैबलेट्स की सुरक्षा एवं प्रभावकता का मूल्यांकन करने के लिए एक फेज IV क्लिनिकल परीक्षण, रूमेटोलॉजी।
2. बैक्टेरियल वेजीनोसिस में मेटोबोलोमिक्स का नैदानिक एवं/या पूर्वसूचक संभावनाओं का विश्लेषण, इसका अन्य यौन संचरित संक्रमणों हेतु संवेदनशीलता, एनएमआर एवं एमआरआई सुविधा।
3. सिकाट्रिकियल एक्ट्रोपियन के उपचार हेतु ओटोलोगस फैट ट्रांस्फर, नेत्ररोगविज्ञान।
4. शहरी क्षेत्रों में कुष्ठरोग का उन्मूलन करने के लिए नए केस का पता लगाने की पद्धतियां (एनसीडीएस) तथा जनसंख्या आधारित कुष्ठरोग रजिस्ट्री (पीबीएलआर) का विकास, टीएलएम शाहदरा।
5. हिड्राडेंटिस सुप्पुरेटिव के उपचार हेतु रेडियोएक्टिव त्वचा पैचिस की प्रभावकता का मूल्यांकन, नाभिकीय चिकित्सा।
6. पोलिसिस्टिक अंडाशय संलक्षण (पीसीओएस) वाली भारतीय महिलाओं में विभिन्न चिकित्सीय मोडेलिटिस की प्रतिक्रिया में व्यापकता, क्षेत्रीय फीनोटायपिक भिन्नता, सह-रूग्णताओं, जोखिम कारकों एवं भिन्नताओं का मूल्यांकन: संपूर्ण भारत में एक बहुकेंद्रीय अध्ययन (आईसीएमआर-पीसीओएस टास्क फोर्स) बहुकेंद्रीय अध्ययन।
7. बेसल सैल कार्सिनोमा के उपचार हेतु रेडियोएक्टिव त्वचा पैचिस की चिकित्सीय प्रभावकता का मूल्यांकन, नाभिकीय चिकित्सा।
8. किलोड्स के उपचार हेतु रेडियोएक्टिव त्वचा पैचिस की चिकित्सीय प्रभावकता का मूल्यांकन, नाभिकीय चिकित्सा।
9. पेम्फिगस वल्गरिज के इम्यूनोपेथोजेनेसिस में सहज प्रतिरक्षा की भूमिका को उद्घाटित करना, जैवरसायन।

10. सबक्लिनिकल हायपोथायरोडिज्म सहित पोलीसिस्टिक ओवरी संलक्षण (पीसीओएस) वाली महिलाओं में क्लिनिकल, बायोकेमिकल, हार्मोनल एवं इंसुलिन संवेदनशीलता पैरामीटर्स के लिवोथिरोक्सिन प्रतिस्थापन में सुधार, अंत:स्राविकी।
11. आधारपंक्ति क्रम में डिसपर्स ओरेंज 3 के बिना टेक्सटाइल डाय मिक्स के साथ पैच परीक्षण, इंटरनेशनल कॉन्टेक्ट डर्माटाइटिस रिसर्च ग्रुप (आईसीडीआरजी) एवं डिपार्टमेंट ऑफ ओक्यूपेशनल एंड इन्वाइरमेंटल डर्माटोलॉजी, स्केन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल, माल्मो, स्वीडन।
12. कुष्ठ रोगियों में सीडी4 टीसीआर की भूमिका का मूल्यांकन करना, जैवरसायन।

पूर्ण

1. पेंफिगस वल्गरिस के इम्यूनोपेथोजेनेसिस में गामा-डेल्टा टी-कोशिकाओं की भूमिका को उद्घाटित करना, जैवरसायन।

प्रकाशन

पत्रिकाएं: 68 **पुस्तकों में अध्याय: 2**

रोगी उपचार

विभाग में दो एकांत कक्ष सहित 29 बिस्तरों वाला वार्ड है। अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक दीर्घावधि के लिए भर्ती रोगियों की कुल संख्या 771 तथा अल्पावधि के लिए भर्ती रोगियों की कुल संख्या 2132 थी। ओपीडी दोपहर में सामान्य डर्मेटोलॉजी रोगियों (प्रथम पाली में) एवं विशेष क्लिनिक (एसटीडी, कुष्ठ रोग, त्वचारोग, पिग्मेंटेशन, एलर्जी) तथा लेजर (डायोड, कार्बनडाइऑक्साइड, एनडीवाईएजी लेजर, पल्स डाई लेजर) दोनों को सेवा प्रदान करती है। साइड लैब प्रक्रियाएं तथा डर्मेटोसर्जरी प्रक्रियाएं सुबह और दोपहर दोनों समय संचालित की जाती हैं। जनगणना के अनुसार, बाहय रोगी विभाग में 30263 नए रोगियों को देखा गया था तथा पुराने रोगियों की कुल संख्या 55857 थी। एक सीनियर रेजीडेंट सप्ताह में दो बार त्वचा ओपीडी के लिए बल्लभगढ़ जाते हैं और विभाग ने सप्ताह में दो बार झज्जर में सामुदायिक त्वचाविज्ञान ओपीडी सेवाएं आरंभ की हैं।

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम

प्रोफेसर नीना खन्ना को आईएडीवीएल 2021 (उत्तरी क्षेत्र) हेतु श्रेष्ठ अध्यापिका का पुरस्कार प्रदान किया गया था; आईएडीवीएल दिल्ली स्टेट ब्रांच आरेशन 2020; संपर्क समिति आईएडीवीएल की सदस्य।

प्रोफेसर कौशल के वर्मा वैज्ञानिक समिति कांटेक्ट एंड ओक्यूपेशनल डर्माटोसिस फोरम ऑफ इंडिया (सीओडीएफआई) वार्षिक सम्मेलन के सभापति थे, 8 नवंबर 2020; सभापति के रूप में इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट सेक्सयुली ट्रांस्मिटिडिड इंफेक्शन्स-एशिया पैसिफिक (आईयूएसटीआई-एपी) एग्जीक्यूटिव वार्षिक बैठक को आयोजित, समन्वित एवं संचालित किया, 27 नवंबर 2020; अ.भा.आ.सं. जोधपुर हेतु संकाय चयन हेतु विशेषज्ञ संकाय, 29 अक्टूबर 2020, जोधपुर, राजस्थान; विशेषज्ञ संकाय चयन, जन सेवा संप्रेषण जे एवं के, 21 जनवरी 2021, जम्मू (जे एवं के); दिनांक 12 अक्टूबर 2020 को आईयूएसटीआई-एपी सभापति के रूप में आईयूएसटीआई-वर्ल्ड एक्सको वर्चुअल मीटिंग में भाग लिया;

दिनांक 2 अगस्त 2020 को आईसीडीआरजी सदस्य के रूप में आईसीडीआरजी बोर्ड वर्चुअल मीटिंग में भाग लिया; दिनांक 14-17 जुलाई 2021 को आयोजित हुई इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट सेक्सुअली ट्रांस्मिटिडिड इंफेक्शन्स (आईयूएसटीआई) वर्ल्ड क्रांफ्रेंस की एब्स्ट्रेक्ट रीव्यू कमेटी के सदस्य; सभापति-शिकायत प्रकोष्ठ, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली; दिनांक 13 मार्च 2020 को आईसीडीआरजी के सदस्य के रूप में आईसीडीआरजी बोर्ड वर्चुअल मीटिंग में भाग लिया; प्रोफेसर, सुपरवाइजिंग विभागीय भंडार; कोविड-19 संक्रमण निवारण, उपचार एवं टीकाकरण मुद्दों आदि पर जन जागरूकता, सामुदायिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी उपायों आदि तथा कोविड-19 महामारी के दौरान सुरक्षित रूप से होली मनाने के लिए सावधानियां/उपायों पर डीडी समाचार पर 9वें सत्र पर लाइव फोन-इन टीवी कायक्रमों में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया; इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्माटोलोजिस्ट्स, विनरियालोजिस्ट्स एंड लैप्रोलॉजिस्ट (डीएसबी) में “सिंपल टू डायग्नोस डिफिकल्ट टू ट्रिट डर्माटोसिस” पर सत्र की अध्यक्षता की, 17 मई 2020; इंडियन एसोसिशन ऑफ डर्माटोलोजिस्ट्स, विनरियोलॉजिस्ट्स एंड लैप्रोलॉजिस्ट (डीएसबी), के ‘‘साइटोकाइन स्ट्रोम इन आटोइंफ्लैमेटरी सिंड्रोम्स-क्लिनिकल एप्रोच एंड एप्रोच” पर सत्र की अध्यक्षता की, वार्षिक सम्मेलन, 20 दिसंबर 2020; 6 पत्रिकाओं जे. कॉस्मेटिक डर्माटोलॉजी, आईजेडीवीएल, जेईएडीवी, आईजेएसटीडी, डर्माटोलॉजी थेरेपी हेतु समीक्षक; दो पत्रिकाओं-जेसीएएस, एनजेडीवीएल के संपादकीय मंडल में सम्मिलित।

प्रोफेसर बिनोद के. खेतान आईसीएमआर में त्वचाविज्ञान हेतु मानक उपचार कार्यप्रवाह (एसटीडब्ल्यू) हेतु त्वचाविज्ञान विशेषज्ञ समूह के सभापति थे; सभापति: कठिन केसों पर पेनल, सीयूटीआईसीओएन 2020, मई 2020, ऑनलाइन।

प्रोफेसर सुजॉय खांडपुर आईएडीवीएल दिल्ली शाखा 2020 के अध्यक्ष थे; आईएडीवीएल टेक्स्टबुक ऑफ डर्माटोपैथोलॉजी के सह संपादक; सचिव, डर्मापेथोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया, 2020; सदस्य, एजुकेशन कमिटी ऑफ एशियन सोसाइटी ऑफ डर्मापेथोलॉजी, सदस्य, स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप ऑफ डर्मापेथोलॉजी, आईएडीवीएल; वर्ष 2019-20 हेतु माइ थीसिस स्टूडेंट ने श्रेष्ठ थीसिस एम्स, नई दिल्ली हेतु मोहन लाल विग अवार्ड प्राप्त किया, आईजेडीवीएल के “लैटर टू एडिटर” भाग में 2 श्रेष्ठ लेख अवार्ड प्राप्त किए।

डॉ. नीतू भारी आयोजन सचिव, 10वां वार्षिक सम्मेलन कॉन्टेक्ट एंड आकुपेंशन डर्माटोसिस फोरम ऑफ इंडिया, 8 नवंबर 2020 थीं।
समन्वयक, वार्षिक आईएडीवीएल एसआईजी-डर्मापेथोलॉजी न्यूजलैटर, दिसंबर, 2020; सहायक संपादक, आईएडीवीएल टेक्सबुक ऑफ डर्माटोपेथोलॉजी; सहायक संपादक, इंडियन जर्नल ऑफ डर्माटोलॉजी, वेनरियोलॉजी एवं लैप्रोलॉजी; सहायक संपादक, इंडियन जर्नल ऑफ पेडियाट्रिक डर्माटोलॉजी।

9.10. आपात चिकित्सा

आचार्य एवं अध्यक्ष

प्रवीण अग्रवाल

आचार्य

एल.आर. मुरमू | संजीव कुमार भोई

सह-आचार्य

नायर जमशेद | तेज प्रकाश सिन्हा

सहायक आचार्य

मीरा इक्का | अक्षय कुमार | प्रकाश रंजन मिश्रा

विशिष्टताएँ

आपात चिकित्सा विभाग सभी प्रकार की चिकित्सा, बाल रोग और गैर अभिघात शल्य चिकित्सा और अभिघात आपातकालीन स्थितियों के रोगियों को चौबीसों घंटे, विश्वस्तरीय आपातकालीन उपचार प्रदान करता रहा है। वर्ष 2020-21 में आपातकालीन चिकित्सा विभाग सार्स-कोव2 संक्रमण रोगियों को प्रारंभिक सेवा प्रदान करने में अग्रणी रहा है। विभाग सार्स-कोव2 से संक्रमित रोगियों को इनवेसिव तथा गैर-इनवेसिव वेंटिलेशन दोनों प्रदान करता रहा है। वर्ष 2020-21 के दौरान, लगभग 95,000 रोगी इस विभाग में आए थे। गैर-कोविड-19 रोगियों के अतिरिक्त, इस प्रकार के रोगियों के उपचार हेतु रेजिडेंटों को अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया गया है। विभागीय संकाय अन्य विभागों (कायचिकित्सा, शल्यचिकित्सा, जराचिकित्सा, संवेदनाहरण एवं सघन उपचार चिकित्सा, चर्मरोग, मनोविज्ञान एवं अन्य सहित) के स्नातकोत्तर, स्नातक छात्रों, नर्सिंग छात्रों तथा आपात चिकित्सा के क्षेत्र में पैरामेडिक्स के शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य भी करता रहा है।

विभाग स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में जिला अस्पतालों में जलने के मामलों और आघात के साथ-साथ आपातकालीन विभाग के लिए व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए हैं।

दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र, डब्ल्यूएचओ के सहयोग से, विभाग ने सड़क सुरक्षा, चोट के उपचार पर दिशानिर्देश तैयार करने के साथ-साथ भारत में आपातकालीन और आघात देखभाल के एकीकरण में भी शामिल है। एम्स गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत, आपातकालीन चिकित्सा विभाग ने रोगी उपचार एवं परिणाम को बेहतर बनाने के लिए परियोजनाएँ आरंभ की है। इससे रोगियों के अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि में कमी के भी परिणाम सामने आए हैं।

शिक्षा

विभागीय संकाय ने विभाग में तैनात स्नातक पूर्व तथा स्नातकोत्तर और नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए जीवन सहायक पाठ्यक्रमों का आयोजन किया। रेजीडेंटों के लिए विभिन्न आपातकालीन कौशल का प्रदर्शन करने हेतु सोनोग्राफी, कार्डियक लाइफ सपोर्ट, ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट, लम्बर पंचर, इंटुबेशन सहित अन्य विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। आपात चिकित्सा के रेजीडेंटों के लिए शैक्षिक गतिविधियों के कार्यक्रम (गोष्ठी, जर्नल क्लब, केस पर चर्चा, पैनल चर्चा) सप्ताह में दो बार 8 घंटे के लिए चलाए जाते हैं। रोगियों की आपातकालीन चिकित्सा में अल्ट्रासाउंड के उपयोग पर रेजीडेंटों को शिक्षा एवं कौशल प्रदान किया जाता हैं। रेजीडेंटों को सिमुलेशन आधारित शिक्षण (दोनों टेबल-टॉप तथा हाई-फिडेलिटी सिमुलेटर) प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, विभागीय संकाय द्वारा व्याख्यान तथा संगोष्ठी के माध्यम से स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर एवं नर्सिंग विद्यार्थियों को प्रबोधक शिक्षा प्रदान की गई थी।

क्रमिक चिकित्सा शिक्षा

आयोजित सम्मेलन/सेमिनार/कार्यशालाएँ

1. कोविड-19 महामारी के संदर्भ में, 7 तथा 27 मई 2020 को 'दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार में आपात चिकित्सा सेवाओं को एकीकृत करने हेतु सामरिक निर्देश', क्षेत्रीय रणनीति दस्तावेज़ को अंतिम रूप देने के लिए विशेषज्ञ समूह की बैठकें आयोजित की गईं।
2. 28 जनवरी से 8 फरवरी 2021 तक ज.प्र.ना.ए. ट्रॉ.कें., एम्स, नई दिल्ली में सीआरपीएफ के लिए सामरिक प्रतिरोधक पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।
3. दिनांक 9 फरवरी 2021 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, के ईएमआर प्रभाग द्वारा पैरा-मेडिक्स और आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियनों के लिए प्री-हॉस्पिटल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट पाठ्यक्रम मॉड्यूल निर्माण हेतु बैठक (वर्चुअल/ऑनलाइन) आयोजित की गयी।
4. दिनांक 8 मार्च 2021 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) द्वारा आपात चिकित्सा हेतु प्रशिक्षण दिशा-निर्देशों के लिए विशेषज्ञ समूह परामर्श का आयोजन किया गया।
5. दिनांक 10 और 20 मार्च 2021 को जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र (जेपीएनएटीसी), एम्स, नई दिल्ली में सीआरपीएफ के लिए सामरिक प्रतिरोधक पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रदत्त व्याख्यान

प्रवीण अग्रवालः 3 | **संजीव भोई: 1**

तेज प्रकाश सिन्हाः 1 | **प्रकाश रंजन मिश्रा: 1**

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजनाएँ

जारी

1. दिल्ली इमरजेंसी लाइफ हार्ट अटैच इनिशिएटिवः मिशन दिल्ली, प्रवीण अग्रवाल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), 3 वर्ष, 2017-21, (विस्तारित), रुपए 4.9 करोड़
2. डेवेलपमेन्ट ऑफ लो कास्ट यूएसजी-गाइडेड निडल ट्रैकिंग फैंटम मॉडल फॉर मेडीकल एजुकेशन, प्रकाश रंजन मिश्रा, एम्स इंट्राम्यूरल परियोजना, 2 वर्ष, 2020-22, रुपए 0.62 लाख
3. देश के चुनिंदा जिलों में एसटी-सेगमेंट एलिवेटेड मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन (एसटीईएमआई) में थ्रोम्बोलिसिस दर में परिवर्तन पर एक स्वास्थ्य प्रणाली-आधारित कार्य का मूल्यांकन - एक स्वास्थ्य कार्यान्वयन अनुसंधान परियोजना, प्रवीण अग्रवाल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), 3 वर्ष, 2020-22, रुपए 87.93 लाख
4. आपातकालीन विभाग में आने वाले सेप्सिस रोगियों में इम्यूनो-क्लिनिकल कोरिलेशन, अक्षय कुमार, एम्स इंट्राम्यूरल परियोजना, 2 वर्ष, 2020-22, रुपये 9.5 लाख
5. ट्रॉमा हैमरेजिक शॉक रोगियों के स्वस्थ्यलाभ एवं सूजन के डिसरेगुलेशन पर एल्कोहल का प्रभाव, तेज प्रकाश सिन्हा, एम्स, नई दिल्ली, 2 वर्ष, 2019-21, रुपये 9.5 लाख
6. सेप्टिक शॉक रोगियों में सेप्सिस प्रीडिक्टिव बायोमार्कर की पहचान करने हेतु मल्टी-पैरामीट्रिक दृष्टिकोण, तेज प्रकाश सिन्हा, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, 3 वर्ष, 2020-23, रुपये 92.3 लाख
7. ट्रॉमा हैमरेजिक शॉक रोगियों में नैदानिक परिणाम के साथ इसका संबंध और सेलुलर सिग्नलिंग पाथवे की सक्रियता, जीन अभिव्यक्ति का अध्ययन करना, संजीव भोई, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), 3 वर्ष, 2018-21, रुपये 58 लाख
8. ट्रॉमा हैमरेजिक शॉक रोगियों में हेमटोपोइएटिक प्रोजेनिटर कोशिकाओं एवं ग्रैनुलोसाइट कॉलोनी स्टीम्युलेटिंग घटक के स्वरूप का अध्ययन करना, संजीव भोई, आईसीएमआर, 2 वर्ष, 2020-22, रुपये 16 लाख
9. ट्रॉमा हैमरेजिक शॉक रोगियों के पेरीफरल ब्लड में मेसेनकाइमल स्ट्रोमल, हेमटोपोइएक स्टीम और प्रोजेनिटर कोशिकाओं के स्वरूप का अध्ययन करना, संजीव भोई, आईसीएमआर, 3 वर्ष, 2019-22, रुपये 41 लाख
10. ट्रॉमा हैमरेजिक शॉक रोगियों में कोशिका मुक्त-डीएनए की भूमिका एवं नैदानिक परिणाम तथा गंभीरता के साथ इसके संबंध का अध्ययन करना, संजीव भोई, आईसीएमआर, 2 वर्ष, 2020-22, रुपये 41 लाख
11. पशु मॉडल का उपयोग करते हुए ट्रॉमा हैमरेजिक शॉक रोगियों में हेमटोपोइएटिक असफलता हेतु प्राप्त हेमटोपोइएटिक प्रोजेनिटर कोशिकाओं (एचपीसी) आईपीएससी (इन्ड्यूस्ड प्लुरिपोटेंट स्टीमसेल) की भूमिका का अध्ययन करना, संजीव भोई, आईसीएमआर, 3 वर्ष, 2020-23, रुपये 40 लाख

12. तृतीयक चिकित्सा केंद्र के आपात प्रतिक्रिया केंद्र में कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए टेलीमेडिसिन की उपयोगिता, तेज प्रकाश सिन्हा, एम्स, नई दिल्ली, 1 वर्ष, 2020-21, रुपये 2.8 लाख

विभागीय परियोजनाएँ

जारी

1. आपातकालीन विभाग में सुप्रा-वेंट्रिकुलर टैचीकार्डिया वाले रोगियों में कार्डियोवर्जन के लिए संशोधित वलसाल्वा बनाम मानक वलसाल्वमनोउवर का यादृच्छिक परीक्षण
2. आपातकालीन विभाग में सेप्सिस की प्रारंभिक पहचान में एम्स सेप्सिस ट्राइएज प्रोटोकॉल की सटीकता
3. इन्फेरियर वीना कावा कॉलेप्सिबिलिटी की तुलना में आंतरिक वाहिका आयतन स्थिति के निर्धारण में आंतरिक जुगुलर शिरा एवं ऊरु शिरा की बंध्यता का आकलन
4. आपातकालीन विभाग में लंबे समय तक भर्ती रहने तथा अस्पताल में मृत्यु दर के बीच संबंध
5. मस्तिष्क की घातक चोट वाले रोगियो में रिजिड सर्वाइकल कॉलर एप्लीकेशन के उपरांत आप्टिक नर्वस शीथ डायामीटर में बदलाव: तृतीयक चिकित्सा केंद्र में एक भविष्यदर्शी अवलोकनात्मक अध्ययन
6. आपातकालीन विभाग में आने वाले हृदयघात के रोगियों के लक्षण, उपचार एवं प्रणाम, एम्स, नई दिल्ली
7. रजिस्ट्री अध्ययन में छाती का दर्द एवं हृदयघात
8. आपातकालीन विभाग में आने वाले तीव्र छाती के दर्द के रोगियों का नैदानिक एपिडीमिओलॉजिकल प्रोफाइल।
9. सीएलडी में एकेआई वाले रोगियों की नैदानिक क्लीनिकल एपिडीमिओलॉजिकल प्रोफाइल।
10. आपातकालीन विभाग में पेट के तीव्र दर्द का नैदानिक एपिडीमिओलॉजी अध्ययन।
11. आपातकालीन विभाग में कार्डियक अरिथिमिया की क्लिनिको-एपिडिमिओलॉजिकल प्रोफाइल।
12. आपातकालीन विभाग में आने वाले एकेआई के रोगियों की क्लीनिकल-एपिडीमीओलॉजिकल प्रोफाइल।
13. आपातकालीन विभाग में आने वाले कोरोसिव पोइजनिंग से ग्रसित रोगियों की क्लीनिकल-एपिडीमीओलॉजिकल प्रोफाइल।
14. एलीवेटेट लीवर एंजाइम्स पीडीऐट्रिक ब्लंट एब्डोमीनल ट्रॉमा के रोगियों में एफएएसटी की उपचारात्मक सटीकता।
15. पोस्ट क्रेनियोएक्टॉमी रोगियों में नैदानिक रूप से महत्वपूर्ण परिस्थितियों का पता लगाने के लिए ट्रांसक्रेनियल अल्ट्रासाउंड की नैदानिक सटीकता
16. मानसिक स्थिति में बदलाव वाले दीर्घकालिक यकृत रोग से पीड़ित रोगियों में सीटी ब्रेन का नैदानिक प्रभाव।

17. क्या पोकस निर्देशित एम्स-पेडीऐट्रिक पोकस एल्गोरिदम गंभीर रूप से बीमार बाल रोगियों में शीघ्र निदान एवं महत्वपूर्ण उपचार चिकित्सा निर्णय में सुधार करता है?
18. क्या पोकस निर्देशित एक्यूट एब्डोमेन एल्गोरिदम आपातकालीन विभाग में आने वाले एक समान दीर्घकालिक पेट के दर्द से ग्रसित वयस्क रोगियों में शीघ्र निदान एवं महत्वपूर्ण उपचार निर्णय में सुधार करता है?
19. आपातकालीन विभाग में एक्यूट एजीटेटड रोगियों के उपचार में इंट्रामस्क्युलर हेलोपेरिडोल और ओलंज़ापाइन की सुरक्षा एवं प्रभावकारिता - एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण
20. ऑर्गेनो-फास्फोरस विषाक्तता में इंट्रा लिपिड इमल्शन थेरेपी की प्रभावकारिता - एक अन्वेषक अध्ययन
21. आपात चिकित्सा रेजीडेंटों की शिक्षा में फ़्लिप्ड क्लासरूम का प्रभाव।
22. इंसुलिन और डेक्सट्रोज उपचार लेने वाले हाइपरकलेमिक रोगियों में हाइपोग्लाइसीमिया की व्यापकता।
23. आघात पुनरुज्जीवन में तीव्र अनुक्रम इन्टयूबेशन के दौरान उपचार-बिंदु अल्ट्रासाउंड का एकीकरणः एक बहुस्तरीय यादृच्छिक अध्ययन।
24. सांस लेने में परेशानी तथा बुखार से पीड़ित बाल रोगियों में फेफड़े का अल्ट्रासाउंड अथवा सोनोग्रामया अल्ट्रासोनोग्रामसांस (यूएसजी)।
25. आपातकालीन विभाग में आने वाले हेमोप्टीसिस रोगियों में नेबुलाइज्ड बनाम अंतःशिरा ट्रानेक्सैमिक एसिडः एक यादृच्छिक नियंत्रित अध्ययन
26. आपातकालीन विभाग में आने वाले अपर ग्रेस्ट्रो-इंटेस्टीनल ब्लीड से ग्रसित रोगियों के परिणाम।
27. एसटी-एलेवेशन मायोकार्डिअल रोधगलन के रोगियों में इंफैर्क्ट संबंधी धमनी प्रत्यक्षता के पूर्वानुमान के रूप में प्लेटलेट-लिम्फोसाइट अनुपात
28. आपातकालीन विभाग में एंडोट्रेक्शियल इंटुबेशन करा रहे रोगियों के प्रांडल स्टेटस की पहचान करने और निर्धारित करने में प्वाइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड।
29. आपातकालीन विभाग में एंडोट्रेक्याल इंस्टुबेशन की प्रथम पास सफलता दर में गुणवत्ता सुधार।
30. दिल का दौरा पड़ने वाले रोगियों के परिणाम में हाइड्रोकार्टिसोन की भूमिका- एक यादृच्छिक प्लेसीबो नियंत्रित परीक्षण।
31. संक्षारक एसोफेगियल चोट में मेथिलप्रेडनिसोलोन दवा की भूमिः एक यादृच्छिक ओपन लेबल ट्रायल
32. आपातकाल विभाग में आने वाले सीएलडी रोगियों में एक्टिव ब्लीड के उपचार में टीईजी बनाम कंवेशनल कॉएग्यूलेशन मापदंड।
33. आपातकालीन विभाग में आने वाले रोगियों में पारंपरिक एम्स ट्राइएज प्रोटोकॉल की तुलना में अंडर-ट्राएज दर को कम करने में सोनो-ट्राएज का कार्यप्रदर्शन।
34. दुर्घटनाग्रस्त तीव्र फुफ्फुसीय एडिमा (एससीएपीई) वाले रोगियों के नैदानिक-महामारी विज्ञान प्रोफाइल का अध्ययन

35. आपातकालीन चिकित्सा प्रदाताओं में प्रशिक्षण के साथ पारंपरिक तरीकों की तुलना में मुश्किल इंट्रावेनस एक्सेस (डीआईवीए) रोगियों में अल्ट्रासाउंड निर्देशित परिधीय अंतःशिरा पहुँच की प्रथम पास सफलता दर का अध्ययन करना।
36. दिल के दौरे के रोगियों में कैरोटिड पल्स चेक हेतु पॉइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड की भूमिका का अध्ययन करना।
37. एम्स, नई दिल्ली के आपातकालीन विभाग में आने वाले सदमे के रोगियों में ईटीसीओ$_2$ निगरानी की उपयोगिता।

पूर्ण

1. डेंगू गंभीरता के प्रारंभिक पूर्वानुमानक के रूप में सीरम काइमेज़ स्तर का आकलन।
2. हृदयघात के रोगियों में परिणाम के पूर्वानुमान हेतु जैव रासायनिक मार्कर
3. आपातकालीन चिकित्सा विभाग में आपातकालीन एयरवे प्रबंधन की आवश्यकता वाले रोगियों की नैदानिक प्रोफ़ाइल।
4. आपातकालीन विभाग में परिवर्तित सेंसरियम वाले रोगियों के नैदानिक परिणाम के पोर्र्वनुमान में गैर-प्रतिक्रियात्मकता की पूर्ण रूपरेखा (चार) अंक एवं ग्लासगो कोमा पैमाने की तुलना।
5. तीव्र अग्नाशयशोथ में आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले स्कोर (एपीएसीएचई II, सीटीएसआई और बीआईएसएपी) की तुलना में न्यूट्रोफिल-लिम्फोसाइट अनुपात की नैदानिक विशेषता का मूल्यांकन।
6. सीटी स्कैन की तुलना में मैक्सिलोफेशियल फ्रैक्चर की पहचान में पॉइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड की नैदानिक विशेषताओं का मूल्यांकन।
7. परिवर्तित मानसिक स्थिति वाले रोगियों में यूएसजी-निर्देशित ऑब्जैकटिव प्यूपिलरी आकार और प्यूपिलरी रिफ्लेक्सिस बनाम नैदानिक परीक्षा के प्रारंभिक मूल्यांकन की व्यवहार्यता
8. आपातकालीन चिकित्सा विभाग, एम्स, नई दिल्ली में कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन प्राप्त करने वाले रोगियों के परिणाम।
9. आपातकालीन विभाग में आने वाले संदिग्ध संक्रमण वाले रोगियों में 7 और 28 दिनों के परिणाम के पूर्वानुमानक के रूप में क्यू-सोफा स्कोर।
10. सफल इंडिबेशन समय में इंडक्शन को कम करके आपातकालीन विभाग में एयरवे प्रबंधन को आगे बढ़ाने के लिए गुणवत्ता सुधार अध्ययन।
11. आपातकालीन विभाग में सेप्सिस के रोगियों में एंटीबायोटिक समय को कम करने और ब्लड कल्चर दर बढ़ाने हेतु गुणवत्ता सुधार अध्ययन।
12. आपातकालीन विभाग में आने वाले एसटी एलिवेशन मायोकार्डियल इंफार्क्शन के रोगियों में परफ़्यूजन समय को कम करने हेतु गुणवत्ता सुधार अध्ययन।
13. आपातकालीन विभाग में आने वाले दुर्घटनाग्रस्त तीव्र पल्मोनरी एडिमा के रोगियों के लिए उच्च खुराक एनटीजी बोलस की भूमिका - एक संभावित अवलोकनात्मक संबंधी अध्ययन।

14. छाती के कुंद आघात के रोगियों के उपचार में अल्ट्रासाउंड की नैदानिक विशेषताओं का अध्ययन करना।
15. मृत्यु दर एवं सघन चिकित्सा इकाई में प्रवेश के संदर्भ में एम्स ट्राइएज प्रोटोकॉल को वैधता प्रदान करना।

सहयोगी परियोजनाएँ

जारी

1. एटीएलएस दिशानिर्देशों पर नर्सिंग छात्रों के बीच ज्ञान प्रतिधारण एवं कौशल विकास के संबंध में वर्चुअल सिमुलेशन की प्रभावशीलता का आकलन करने हेतु एक अध्ययन, कॉलेज ऑफ नर्सिंग
2. तीव्र श्वसन रोग वाले वृद्ध रोगियों में मृत्यु दर के पूर्वसूचक के रूप में नैदानिक दुर्भावना सूचकांक: एक संभावित अवलोकन अध्ययन, जराचिकित्सा विभाग
3. ऊपरी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रक्तस्राव के उपचार में कम बनाम उच्च खुराक टेरलिप्रेसिन की तुलनात्मक प्रभावकारिता: एक ओपन लेबल यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण, जठरान्त्ररोग विज्ञान विभाग।
4. हृदरोग विभाग के गैर- हृदरोग चिकित्सकों हेतु इकोकार्डियोग्राफी प्रशिक्षण के संरचित मॉड्यूल का विकास।
5. आपातकालीन विभाग का महामारी विज्ञान संबंधी दौरा - अंतर्राष्ट्रीय बहुकेंद्रीय अध्ययन, यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन, एन आर्बर, अमेरिका
6. इमरजेंसी स्टडी में ग्लोबल वन डे - ग्लोबल मल्टीसेंट्रिक पीरियड प्रीवेलेंस स्टडी, यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन, एन आर्बर, अमेरिका
7. प्रयोगशाला सूचना प्रणाली का इष्टतम उपयोग एवं आपातकालीन चिकित्सा परिसर में इसका प्रभाव: एक संभावित अवलोकन अध्ययन, प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग
8. एक स्तर 1 ट्रॉमा केंद्र में आपातकालीन विभाग में गंभीर रूप से घायल आघात रोगियों में आधान प्रक्रियाओं का संभावित अवलोकन संबंधी अध्ययन, प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग
9. बाल-ए सिरोसिस में तीव्र वैरिकाज़ रक्तस्राव में एंटीबायोटिक प्रोफिलैक्सिस की भूमिका: एक बहु-केंद्रित ओपन लेबल यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, जठरान्त्ररोग विज्ञान विभाग
10. दीर्घकालिक वैरिकेल ब्लीडिंग के रोगियों में स्टैंडर्ड मेडिकल थेरेपी प्लस इंट्रावेनस एल्ब्यूमिन बनाम स्टैंडर्ड मेडिकल थेरेपी : एक अग्रदर्शी यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण, जठरान्त्ररोग विज्ञान विभाग

पूर्ण

शून्य

प्रकाशन

पत्रिकाएँ: 40

<u>रोगी उपचार सेवाएँ</u>

1. (क.) आपातकालीन सेवाएं प्राप्त करने वाके रोगियों की संख्या

कुल नए रोगी	कुल पुराने रोगी	कुल रोगी
65,743	29,441	95,184

(ख.) न्याय-चिकित्सा मामले

आपातकालीन विभाग विंग	कुल एमएलसी
नई आपातकालीन	309
शल्यक आपातकालीन	9464
बाल आपातकालीन	395
स्क्रीनिंग आपातकालीन	791
कुल	**10,959**

2. प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग प्रयोगशाला (पीओसीटी) डाटा

जांच का प्रकार	की गई कुल जांचे	कुल योग
कंपलीट ब्लड काउंट	63,000	**1,61,600**
क्वांटिटेटिव ट्रोपोनिन I	11,200	
ब्लड गैस एनालाइजिस	82,000	
एनटी प्रो-बीएनपी	1100	
डी डीमर	900	
यूरिन टॉक्स स्क्रीन	550	
पीटी/आईएनआर	2500	
यूरिन ओस्मोलेलिटी	350	

3. आपातकालीन ओटी में की गई प्रक्रियाएँ

प्रक्रिया का नाम	कुल संख्या
ट्रैकियोस्टोमी	101

पुरस्कार, सम्मान तथा महत्वपूर्ण घटनाएँ

प्रोफेसर प्रवीण अग्रवाल जर्नल ऑफ इमरजेंसीज़, ट्रामा एंड शॉक, पबमेड में सम्मिलित एक अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका के मुख्य संपादक बने हुए हैं। वे फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया के लिए केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन और इंडियन फार्माकोपिया कमीशन के एकल समीक्षा पैनल के नामित सदस्य, सदस्य-वैज्ञानिक निकाय, इंडियन फार्माकोपिया कमीशन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पदों पर बने हुए हैं। वे एकेडमिक कॉलेज ऑफ इमरजेंसी एक्सपर्ट्स इन इंडिया के उपाध्यक्ष हैं तथा ऑर्गेनाइज्ड मेडिसिन एकेडिमिक गिल्ड ऑफ इंडिया, जो भारत में आयुर्विज्ञान के महत्वपूर्ण संगठनों तथा समुदायों का एक गिल्ड है जिसका उद्देश्य रोगी उपचार, शिक्षा तथा अनुसंधान में राष्ट्रीय नीतियों का निर्माण करना है, के संयुक्त सचिव चुने गए। वह 'वाशिंगटन मैनुअल ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन' साउथ-ईस्ट एशिया संशोधित एडीशन के मुख्य संपादक रहे हैं। वह विभिन्न परियोजनाओं में अध्ययन की जा रही दवाओं के गंभीर प्रतिकूल प्रभावों का आकलन करने के लिए संस्थान नैतिकता उप-समिति के सदस्य हैं। वह भारत के राष्ट्रीय फार्मूलेरी मे संशोधन करने के लिए विशेषज्ञों की कोर समिति के सदस्य हैं। वह आपातकालीन चिकित्सा में भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों के लिए आपातकालीन चिकित्सा में संकाय विकास कार्यक्रम के लिए मुख्य पाठ्यक्रम और दिशानिर्देश तैयार करती है।

प्रोफेसर संजीव भोई के कार्य का प्रमुख क्षेत्र भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली का विकास करना है, जो डब्ल्यूएचओ के प्रमुख के रूप में आपातकाल और आघात के लिए एसईएआरओ में सहयोग कर रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्रालय और सड़क सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट की समिति सहित कई अन्य संगठनों को भी अपनी विशेषज्ञता दी। उन्होंने केरल और अरुणाचल प्रदेश राज्यों को आपातकालीन देखभाल प्रणाली के विकास के लिए सलाह दी। इस अवधि के दौरान उनके मार्गदर्शन में आयोजित महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों में 'ट्राएज प्रोटोकॉल वर्कशॉप', 'अर्धसैनिक कर्मियों के लिए टैक्टिकल कॉम्बैट कैजुअल्टी वर्कशॉप' और 'प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग में आपातकालीन चिकित्सा को मजबूत करने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम' शामिल है। एक शिक्षक के रूप में, उन्हें राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर आपातकालीन चिकित्सा में छात्रों को पढ़ाने का बहुत शौक रहा है। नैदानिक विषयों के बीच स्नातकोत्तरों के लिए अल्ट्रासाउंड प्रशिक्षण और स्नातक छात्रों और नर्सों के बीच प्रसार उनके काम का प्रमुख क्षेत्र था। वह सीओवीआईपीओसीयूएस 2021- 'फोकस इन द पेंडेमिक' ग्लोबल ई-कांग्रेस में 2, 16, 23 और 30 जनवरी 2021 को और सीओवीआईएसआईएम2021 में, 'सार्स-सिमुलेशन एंड सर्वाइवल', ग्लोबल ई-कांग्रेस 6, 13, 20 और 27 फरवरी 2021 को सत्र मॉडरेटर रहे थे। रोगी की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन देखभाल एक दशक से उनका कार्यक्षेत्र रहा है और वह इस मुद्दे पर लगातार अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनके शोधकार्य का प्रमुख क्षेत्र, पिछले 8 वर्षों से विशेष रूप से ट्रांसलेशनल में, ट्रॉमा हेमोरेजिक शॉक रहा है, और उन्होंने उसी पर कई शोध पत्र प्रकाशित किए हैं।

डॉ. नायर जमशेद एमडी शिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी हैं, जिसमें साप्ताहिक सेमिनार, जर्नल क्लब, टिनटिनल्ली की पाठ्यपुस्तक-आधारित पाठ चर्चा, साक्ष्य-आधारित चिकित्सा और नैदानिक मामलों पर

चर्चा शामिल है। टीचिंग शेड्यूल में हाई फिडेलिटी सिमुलेशन, टेबल टॉप सिमुलेशन, ओएससीई और ओएसपीई, इमेज फोरम और पॉइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड भी शामिल रहे हैं। वह विभाग के सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी भी हैं। उन्होंने आपातकालीन विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर विभागीय पैनल चर्चा भी शुरू कर दी है। वह एक वर्ष में प्रकाशित होने वाली चार पत्रिकाओं के समीक्षक हैं। वह संस्थान कोविड टास्क फोर्स के सदस्य भी हैं और उन्होंने कोविड-19 पर एम्स के दिशानिर्देशों के लिए लिखित रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह एम्स के पाठ्यक्रम संशोधन कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों में से एक हैं। वे एम्स और कोविड संक्रमण नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों में से भी एक हैं। वे एम्स के पाठ्यक्रम संशोधन कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों में से भी एक हैं। वह एसईटी सुविधा के एक शिक्षण संकाय सदस्य हैं और उसके लिए मॉड्यूल भी विकसित किया है। वह विभाग द्वारा संचालित एम्स ईसीजी और इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट कोर्स के लिए शिक्षण संकाय सदस्य भी है। डॉ. जमशेद मरीज की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार और विभाग की मृत्यु दर और रुग्णता पर बैठक के प्रभारी विभागीय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम का एक हिस्सा है। वे प्रस्तावित विष विज्ञान फैलोशिप कार्यक्रम के लिए शिक्षण संकाय सदस्य में से एक हैं। डॉ. जमशेद, रहस्यमय बीमारी की जाँच के लिए आंध्र प्रदेश के एलुरु में स्थित भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, (एमओएचजीडब्ल्यू) द्वारा गठित केंद्रीय समिति के प्रमुख भी थे। वह सीनियर रेजीडेन्ट्स/प्रदर्शकों के चयनार्थ संस्थान चयन समिति के सदस्य भी हैं और छात्र कल्याण समिति के सदस्य हैं। वह मनोदैहिक चिकित्सा में प्रस्तावित डीएम पाठ्यक्रम के लिए विभाग के एक सहायक संकाय भी हैं। वह इस अवधि के दौरान विभिन्न स्नातकोत्तर परीक्षाओं के लिए आपातकालीन चिकित्सा के बाहरी परीक्षक भी रहे हैं।

डॉ. तेज प्रकाश सिन्हा ने अपने कार्यक्षेत्र को 'आपातकालीन और आघात उपचार प्रणाली के निर्माण' में केन्द्रित किया है। उनका उद्देश्य आपातकालीन चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों में एक मजबूत और एकीकृत आपातकालीन देखभाल प्रणाली बनाने के लिए स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना रहा है। वह सर्जिकल एक्यूट केयर में सुधार लाने और 'एक्यूट केयर सर्जरी' में एक अकादमिक कार्यक्रम तैयार करने के उद्देश्य से सर्जरी विभाग के सहयोग से काम कर रहे हैं। वह स्नातकोत्तर छात्रों के लिए पॉइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड में प्रशिक्षण और अनुसंधान में शामिल रहे हैं। एक मुख्य मार्गदर्शक और सह-मार्गदर्शक के रूप में, वह स्नातकोत्तर छात्रों को पॉइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड से संबंधित थीसिस के लिए सलाह दे रहे हैं। वर्तमान में, वे वैश्विक आपातकालीन चिकित्सा अनुसंधान नेटवर्क "इमरजेंसी मेडिसिन एजुकेशन एंड रिसर्च बाई ग्लोबल एक्सपर्ट्स (इमर्ज)" की शैक्षिक उप-समिति के सह-अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, जिसका उद्देश्य आपातकालीन उपचार अनुसंधान के माध्यम से वैश्विक स्तर पर जीवन बदलना है। वे इस क्षेत्र में इमरजेंसी और ट्रॉमा के लिए डब्ल्यूएचओ- सहयोगी केंद्र के एक अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और भारत और एसईएआर क्षेत्र में भारत के विभिन्न राज्यों और एसईएआरओ के सदस्य देशों के साथ मिलकर आपातकालीन चिकित्सा के लिए एकीकृत आपातकालीन और आघात उपचार प्रणालियों के निर्माण हेतु काम कर रहे हैं।

डॉ. मीरा इक्का विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं की समीक्षक रहीं, और 'एनल्स ऑफ क्लिनिकल केस स्टडीज़' के संपादकीय बोर्ड में भी शामिल हैं। वे एशिया पैसिफिक एसोसिएशन ऑफ मेडिकल टॉक्सिकोलॉजी, एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया और इमरजेंसी मेडिसिन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की सदस्य हैं। वह स्टोर की संकाय प्रभारी और आपातकालीन चिकित्सा विभाग के लिए उपकरण ऑडिट (लेखा परीक्षा) करने के लिए नोडल अधिकारी हैं। विभाग में ट्राइएज और स्क्रीनिंग ओपीडी शुरू करने में उनकी मुख्य भूमिका रही थीं। वह दर्द मुक्त आपातकालीन विभाग के लिए गुणवत्ता सुधार परियोजनाओं का हिस्सा हैं। वह सेट फैसिलिटी के लिए मौजूद शिक्षण संकायों में से एक हैं और उन्होंने एमबीबीएस छात्रों के लिए 'निडिल डिकंप्रेशन इन टेंशन न्यूमोथोरैक्स' पर एक शिक्षण मॉड्यूल विकसित किया है। वह एम्स इमरजेंसी ईसीजी और विभाग द्वारा चलाए जा रहे मेडिकल/पैरामेडिकल सीएपीएफएस कोर्स के इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर ट्रेनिंग के लिए टीचिंग फैकल्टी भी हैं। वे प्रस्तावित 'विष विज्ञान फैलोशिप कार्यक्रम' के लिए शिक्षण संकाय-सदस्यों में से भी एक हैं।

डॉ. अक्षय ने कई 'गुणवत्ता सुधार' परियोजनाओं का नेतृत्व किया, जिसमें मरीज की देखभाल की प्रक्रियाओं में सुधार करना और घर-घर जाकर एंटीबायोटिक समय और आपातकालीन विभाग में रक्त संस्कृति दरों में सुधार करना शामिल है, जिसका रोगी की सुरक्षा पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। वह महामारी की पहली और दूसरी लहर के दौरान संस्थान के सभी कर्मचारियों के लिए सरल मंच का उपयोग करके कोविड-19 संबंधित आभासी प्रशिक्षण का नेतृत्व करने वाले एक प्रमुख संकाय थे। वह सेट फेसिलिटी में विषय-वस्तु को विकसित करने और रेजीडेन्ट्स और स्नातक छात्रों को प्रशिक्षण देने में शामिल रहे हैं। वह राष्ट्रीय चिकित्सा शिक्षा बोर्ड के लिए ओएससीई विकास में शामिल आपातकालीन चिकित्सा में विशेषज्ञ समिति का हिस्सा थे। उन्हें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मेडिकल, ट्रॉमा और बर्न्स सहित आम आपात स्थितियों के लिए परिचालन दिशानिर्देशों को लागू करने में 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स प्रोग्राम' हेतु सलाहकार समिति का हिस्सा बनने के लिए भी नामित किया गया था।

डॉ प्रकाश रंजन मिश्रा ने पैनलिस्ट के रूप में कई पैनल चर्चाओं में भाग लिया है। उन्होंने छात्रों के लिए एम्स इमरजेंसी ईसीजी कोर्स जारी रखा है जो उन्हें एक्यूट केयर सेटिंग्स में ईसीजी कौशल में प्रशिक्षित करता है और विभाग द्वारा संचालित आपातकालीन जीवन समर्थन पाठ्यक्रमों के लिए एक शिक्षण संकाय है। वह सेट फेसिलिटी हेतू एक शिक्षण संकाय भी हैं और उसने प्रशिक्षण और शिक्षण के लिए ई-मॉड्यूल विकसित किए हैं। वह रोगी देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए विभागीय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम का एक हिस्सा भी रहे हैं। वह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से एसईएआर क्षेत्र में आपातकालीन देखभाल सेवाओं को मजबूत करने के लिए ऑनलाइन कार्यशालाओं के दौरान डॉक्टरों और सहयोगी स्टाफ को प्रशिक्षण देने में भी शामिल रहे हैं। वह दक्षिण-पूर्व एशिया संस्करण 'वाशिंगटन मैनुअल ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन' नामक पुस्तक के सह-संपादक रहे हैं।

9.11. अंत:स्राविकी एवं चयापचय

आचार्य एवं अध्यक्ष

निखिल टंडन

आचार्य

रविन्दर गोस्वामी राजेश खड़गावत विवेका पी ज्योत्सना

सह-आचार्य

यशदीप गुप्ता

सहायक आचार्य

अल्पेश गोयल

विशिष्टताएं

विभाग द्वारा कई शैक्षिक गतिविधियां की जाती हैं, जैसे कि प्रत्येक वैकल्पिक सप्ताह में अंत:स्रावी-पैथेलॉजी कॉन्फ्रेंस तथा प्रत्येक सप्ताह में अंत:स्राविकी-सर्जरी-न्यूक्लियर मेडिसिन (बुधवार) और अंत:स्राविकी-रेडियोडायग्नोसिस (शुक्रवार) बैठक का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक सप्ताह सेमिनार (बुधवार), जर्नल क्लब (शुक्रवार) और नैदानिक कक्षाएं (गुरूवार) होती हैं। इन शैक्षिक गतिविधियों के दौरान नैदानिक महत्व के विषयों और हाल ही में उच्च प्रभाव वाले आलेखों पर चर्चा की जाती है। विभाग दैनिक आउट पेशेटं सुविधाओं का संचालन करता है और यहां हार्मोन संबंधी जांच चयापचय अध्ययन और अस्थि धनत्व माप के लिए आधुनिकतम प्रयोगशाला सेवाएं दी जाती हैं। वर्ष के दौरान कोविड-19 के कारण विभाग की कई शैक्षणिक गतिविधियों को वर्चुअल मोड में संचालित किया गया।

(क) विभाग में निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध हैं (विशेष क्लिनिक्स तथा/अथवा विशेष प्रयोगशाला सुविधाएं):

- ऑटोलॉगस रक्तदान
- ऑटोलॉगस प्लेटलेट दान
- स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की सुविधा।
- एफेरेसिस प्रक्रियाएं (एसडीपी, टीपीआई, पीबीएससी)।
- स्वचालित रक्त समूहन तथा सीरोलॉजी।
- स्वचालित संक्रामक मार्करों का परीक्षण।
- 100% रक्त घटक तैयार करना।
- अनियमित एंटीबॉडी की पहचान।
- एंटीबॉडी स्क्रीनिंग।
- एंटीबॉडी टिटर्स।
- लुकोडेप्लेटेड रक्त / घटक।
- इरेडिएशन सुविधा।

(ख) एफ्रेसिस: एसडीएपी संग्रहण, टीपीई, पीबीएससी, एलडीएल, एफ्रेसिस तथा ग्रेनुलोसाइट हार्वेस्टिंग।

रूधिर-अर्बुद विज्ञान के रोगियों की सहायता करने हेतु स्वैच्छिक एसडीपी रक्तदाताओं की रजिस्ट्री बनाई गई।

(ग) सामुदायिक सेवाएं / शिविर आदि:

- मुख्य ब्लड बैंक ने दिल्ली एनसीआर में कुल 59 स्वैच्छिक रक्त दान शिविर आयोजित किए तथा 8000 से अधिक यूनिट्स एकत्रित कीं।
- मुख्य ब्लड बैंक ने कैंसर रोगियों के उपयोग हेतु रक्त घटक उपलब्ध कराने हेतु रक्त प्रदान करना जारी रखा।

(घ) मुख्य ब्लड बैंक ने कान्वलेसन्ट प्लाज्मा एकत्रित शिविर आयोजित किया तथा एक दिन में 25 यूनिट्स से अधिक प्लाज्मा एकत्रित किए गए।

9.41. प्रत्यारोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी

आचार्य एवं अध्यक्ष

डीके मित्रा

सहायक आचार्य

उमा कांगा

राकेश कुमार दीपक

वैज्ञानिक II

सुनील कुमार

लता कुमारी

वैज्ञानिक I

संजीव गोस्वामी

सोनिया वर्मा

विशिष्टताएं

वर्ष 2020-2021 के दौरान, हमारे विभाग ने भारत और विदेशों के विभिन्न अस्पतालों और संस्थानों के 12 विद्यार्थियों/डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया। इन उम्मीदवारों ने प्रत्यारोपण प्रतिरक्षा विज्ञान, इम्यूनोजेनेटिक्स-एचएलए परीक्षण, पोस्ट-ट्रांसप्लांट निगरानी और प्रतिरक्षा की कमी के संबंध में अन्य प्रतिरक्षाविज्ञानी जांच में प्रयोगशाला तकनीकों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। अल्पकालिक प्रशिक्षण-एम्स (1-2 सप्ताह): विभाग ने एम्स से जूनियर रेजिडेंट्स, पैथोलॉजी (5), प्रयोगशाला चिकित्सा (3) और सीनियर रेजिडेंट (डीएम विद्यार्थी) नेफ्रोलॉजी (1), हेमेटोलॉजी (6) बायोकेमिस्ट्री (3), मेडिकल ऑन्कोलॉजी (3), ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन (3), पीडियाट्रिक्स (2) को अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रदान किया। लंबी अवधि का प्रशिक्षण-राष्ट्रीय (6 महीने): एक उम्मीदवार ने लंबी अवधि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष के दौरान विभाग के शिक्षकों और वैज्ञानिकों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया और कई व्याख्यान दिए। हमारा विभाग नियमित रूप से विभिन्न सेल कल्चर परखों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिसमें विद्यार्थियों और आने वाले प्रशिक्षुओं को फ्लोसाइटोमेट्री आधारित परख शामिल हैं। हमारा विभाग भारत में अन्य एचएलए प्रयोगशालाओं द्वारा परीक्षण की गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए एचएलए जीन के डीएनए आधारित टाइपिंग के लिए एक राष्ट्रीय स्तर के गुणवत्ता नियंत्रण अभियान का समन्वय करता है। संकाय सदस्यों ने इन विभागों के शैक्षिक पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में एम्स के जैव प्रौद्योगिकी और पैथोलॉजी विभागों में विशेष व्याख्यान भी दिए। संकाय सदस्यों/ वैज्ञानिकों ने बाल रोग, रुधिर विज्ञान, शरीर रचना विज्ञान, नेफ्रोलॉजी, जैव रसायन, चिकित्सा ऑन्कोलॉजी, पैथोलॉजी और प्रयोगशाला चिकित्सा के एमडी/डीएम रेजिडेंट्स को व्याख्यान दिया। हमारे संस्थान के कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों को ट्रांसप्लांट इम्यूनोलॉजी पर कई व्याख्यान भी दिए गए।

प्रदत्त व्याख्यान

उमा कांगा: 4

अनुसंधान

वित्त पोषित

जारी

1. गैर-संचारी रोगों पर देख-भाल की रोग-निदान निरंतरता और मशीन लर्निंग आधारित भविष्यदर्शी मॉडलिंग की स्क्रीनिंग निगरानी के लिए एकीकृत चिकित्सा उपकरणों पर आधारित एक मॉडल हेल्थकेयर नेटवर्क का विकास, डीके मित्रा, इमप्रिंट (एचआरडी + आईसीएमआर), 2 साल, 2021-2023, 25 लाख रुपये।
2. "तपेदिक रोगियों में एक सहायक इम्यूनोथेरेपी के रूप में α पीडी-1 की प्रभावकारिता", डीके मित्रा, एज़्योर सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड, 3 साल, 2021-2024, 140.20448 लाख रुपये।
3. पोस्ट हार्ट ट्रांसप्लांट रिजेक्शन स्टेटस के परिणाम में पैनल रिएक्टिव एंटीबॉडीज (पीआरए), मेजर हिस्टोकम्पैटिबिलिटी कॉम्प्लेक्स (एमएचसी) और डोनर स्पेसिफिक एंटीबॉडीज का मूल्यांकन: क्लिनिको-पैथोलॉजिकल स्टडी, राकेश के दीपक (पीआई), लता कुमारी, (सह पीआई), एम्स, इंट्राम्यूरल, 2 साल, 2019-2021, 10 लाख रुपये।
4. मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट (एमडीआर) ट्यूबरकुलोसिस की एक्सोसोम आधारित प्रतिरक्षा प्रोफाइलिंग", डीके मित्रा, आईसीएमआर, 3 साल, 2021-2024, 70 लाख रुपये।
5. डीआर एमटीबी में जीनोम वाइड ट्रांसक्रिप्शन विश्लेषण: नवीन लक्ष्यों की पहचान और इम्यूनोमॉड्यूलेशन, डीके मित्रा, डीबीटी, 3 साल, 2018-2021, 148 लाख रुपये।
6. रीनल अलोग्राफ़्ट रिजेक्शन के पूर्वानुमान के लिए नवीन बायोमार्कर की पहचान, उमा कांगा, एम्स-टीएचएसटीआई, 1 वर्ष, 2019-2020, 5 लाख रुपये।
7. सिलिको ट्रायल फॉर ट्यूबरकुलोसिस वैक्सीन डेवलपमेंट (STriTuVaD) यूरोपियन कमीशन होरीजन 2020, डीके मित्रा, डीबीटी, 4 साल, 2020-2024, 398.36224 लाख रुपये।
8. एनके टी सेल सबसेट: माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस विशिष्ट प्रभावक टी सेल प्रतिक्रियाओं पर प्रभाव", डीके मित्रा, डीबीटी, 3 साल, 2018-2021, 70 लाख रुपये।
9. पीडी-एल1/पीडी-1 पाथवे की इम्यूनोरेगुलेटरी भूमिका को चित्रित करने के लिए अध्ययन और विसरल लीशमैनियासिस के खिलाफ टीकाकरण नीतियों के लिए एक संभावित उपकरण के रूप में इसकी संभावना तलाशना", डीके मित्रा, डीएसटी, 3 साल, 2018-2021, 70 लाख रुपये।
10. कोलोरेक्टल कैंसर के रोगियों में नियामक टी कोशिकाओं की भूमिका का अध्ययन करना, लता कुमारी (पीआई), राकेश के दीपक (सह-पीआई), एम्स, इंट्राम्यूरल, 2 साल, 2019-2021, 10 लाख रुपये।

पूर्ण

1. "रिमोट हेल्थकेयर डिलीवरी सिस्टम का विकास: एनसीडी (कार्डियो-फुफ्फुसीय) के लिए प्रारंभिक निदान, चिकित्सा, फॉलो-अप और निवारक देखभाल", डीके मित्रा, इंप्रिंट (एचआरडी + आईसीएमआर), 3 साल, 2017-2020, 64.85 लाख रुपये।

2. "क्लाउड आधारित एकीकृत चिकित्सा उपकरण (आईएमडी) का कार्यकरण और सत्यापन: दूरस्थ अल्प - सेवित आबादी के लिए विशिष्ट नैदानिक, चिकित्सीय और फॉलो-अप उपचार की डिलीवरी।" डीके मित्रा, एज़्योर सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड, 3 साल, 2017-2020, 16.44 लाख रुपये।
3. उत्तर पूर्व भारत की आबादी में एचएलए और गैर-एचएलए जीन और टाइप 1 मधुमेह मेलिटस के ह्यूमोरल प्रोफाइल का जीनोमिक विश्लेषण, उमा कांगा, डीबीटी (बीसीआईएल), 3 साल, 2017-2020, 127.8 लाख रुपये (कुल एनई और एम्स)
4. डेंगू संक्रमण के इम्यूनोजेनेटिक सह-संबंध: उत्तर भारतीय जनसंख्या में एचएलए और केआईआर जीन का विश्लेषण, उमा कंग, एम्स, 1 वर्ष, 2019-2020, 5 लाख रुपये।
5. "एनकेटी सेल सबसेट: माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस विशिष्ट प्रभावक टी सेल प्रतिक्रियाओं पर प्रभाव", डीके मित्रा, आईसीएमआर, 3 साल, 2017-2020, 70.26 लाख रुपये।

सहयोगी परियोजनाएं:

जारी

1. नव निदानित स्पटम पॉजिटिव पल्मोनरी टीबी रोगियों के स्वस्थ घरेलू संपर्कों में तपेदिक (टीबी) को रोकने में दो टीकों VPM1002 और इम्मुवैक (Mw) की प्रभावकारिता और सुरक्षा का मूल्यांकन एक चरण III, रैंडमाइज्ड, डबल-ब्लाइंड, थ्री आर्म प्लेसिबो नियंत्रित परीक्षण करने के लिए, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र विभाग, एम्स, नई दिल्ली।
2. साइनुसाइटिस, इनवेसिव फंगल साइनुसाइटिस और गैर-इनवेसिव फंगल साइनुसाइटिस के मामलों में एचएलए, फेगोसाइटिक फ़ंक्शन और ट्रेस तत्वों का मूल्यांकन, ईएनटी विभाग, एम्स, नई दिल्ली।
3. कोविड-19 रोगियों में प्रतिरक्षाविज्ञानी विशेषताओं और नैदानिक परिणामों के बीच संबंध, चिकित्सा विभाग, एम्स, नई दिल्ली।
4. कुपोषित नव निदानित स्पटम पॉजिटिव पल्मोनरी ट्यूबरकुलोसिस वयस्क रोगियों में उपचार के परिणामों में सुधार के लिए मानक डॉट्स थेरेपी के सहायक के रूप में एनर्जी डेंस न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट (ईडीएनएस) की प्रभावशीलता, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र, एम्स, नई दिल्ली विभाग।
5. नवीन फोरेंसिक प्रदर्शों का मूल्यांकन और काइमेरस्म स्थिति में वाई-एसटीआर मार्करों की सूचनात्मकता, फोरेंसिक मेडिसिन विभाग, एम्स, नई दिल्ली।
6. दार्जिलिंग हिमालय के भारतीय गोरखाओं के बीच आनुवंशिक विविधता: एचएलए मिनिजेनोम, के चरण बहुरूपता विश्लेषण पर आधारित अगली पीढ़ी का अनुक्रमण (एनजीएस), सिक्किम विश्वविद्यालय।
7. उत्तर पूर्व भारत, नागालैंड के नागाओं में नेसो-फिरिन्गियल कार्सिनोमा के लिए आनुवंशिक प्रवृत्ति, नागा अस्पताल और प्राधिकरण।
8. अलक्षित एलसी/एमएस आधारित मेटाबोलिक कार्यनीति का उपयोग करते हुए आलिंद फिब्रिलेशन के साथ रूमेटिक हृदय रोग (आरएचडी) में मेटाबोलिक मार्करों की पहचान, पैथोलॉजी विभाग, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली।

9. कोविड-19 में एचएलए एलील, टी-सेल एपिटोप पहचान और वायरस विविधताओं का अध्ययन: जैव सूचना विज्ञान और इम्यूनो-इन्फॉर्मेटिक कार्यनीति, सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय, पुणे और राष्ट्रीय एड्स अनुसंधान संस्थान (आईसीएमआर), पुणे।
10. भारत में कोविड-19 हॉटस्पॉट में बुजुर्गों में रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने में बीसीजी वैक्सीन की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए अध्ययन, पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन विभाग (पीएमएसडी), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।
11. भारतीय रोगियों में प्राथमिक आईजीएएन में एचएलए एंटीजन की भूमिका: एक केस कंट्रोल स्टडी, नेफ्रोलॉजी विभाग, एम्स, नई दिल्ली।
12. कोविड-19 से जुड़े पीडियाट्रिक मल्टीसिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम की व्यापकता और नैदानिक विशेषताओं का अध्ययन करना, बाल रोग विभाग, एम्स, नई दिल्ली।
13. अपवर्तक सीलिएक रोग की व्यापकता और प्रकारों का अध्ययन करने के साथ-साथ सीलिएक रोग से ग्रस्त गैर-प्रतिक्रियाशील रोगियों के समूह में सर्वोत्तम संभव लागत प्रभावी नैदानिक पैनल तैयार करना, पैथोलॉजी विभाग, एम्स, नई दिल्ली।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. उत्तर भारत में किसी तृतीयक उपचार केंद्र के आमवाती हृदय रोग से पीड़ित बच्चों और किशोरों में एचएलए क्लास II डीआर/डीक्यू अलीलों की संगति
2. क्लिनिको-सीरो-पैथोलॉजिकल वर्गीकरण और इडियोपैथिक इंफ्लेमेटरी मायोपैथीज (आईआईएम) का रोगजनन
3. एचएलए डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए लागत प्रभावी इन-हाउस विश्लेषण का विकास
4. गॉल ब्लैडर कैंसर के लिए सर्जरी कराने वाले रोगियों में एंटी-ट्यूमर इम्युनिटी और इसके मार्करों पर एनेस्थेटिक तकनीक का प्रभाव: एक संभावित यादृच्छिक तुलनात्मक अध्ययन।
5. आनुवंशिक मार्करों में विविधता की स्थापना: प्रत्यारोपण निगरानी में संभावित उपयोग
6. "गुर्दे प्रत्यारोपण रोगियों में एक्सोसोम आधारित प्रतिरक्षा रूपरेखा: तीव्र ग्राफ्ट डिस्फंक्शन में प्रासंगिकता"
7. गुर्दा प्रत्यारोपण में अस्वीकृति के पूर्वानुमान के लिए लक्षणों की पहचान
8. "हैपलो-आइडेंटिकल हेमटोपोइएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण के बाद प्रतिरक्षा पुनर्गठन"
9. तपेदिक में प्रतिरक्षा की दबी हुई स्थिति पर चेकपॉइंट अवरोधकों का प्रभाव
10. क्षय रोग में चेक प्वाइंट अणुओं को रोकना: माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस में इफ्लक्स पंप पर प्रभाव"
11. तपेदिक में पीडी-1 को रोकना: दवा प्रतिरोधी और दवा संवेदनशील रोगियों में प्रतिरक्षाविज्ञानी और नैदानिक परिणाम पर प्रभाव
12. उत्तर पूर्व भारतीय जनजातीय आबादी में एचएलए जीन का चरणबद्ध बहुरूपता विश्लेषण
13. क्षय रोग में एनकेटी कोशिकाएं: सुरक्षात्मक टी सेल प्रतिक्रिया पर प्रभाव।

प्रकाशन

पत्रिकाएं: 19 सार: 1

रोगी उपचार

गुर्दा प्रत्यारोपण

वृक्क विज्ञान, एम्स और अन्य रेफरल

गुर्दा प्रत्यारोपण सेवा	प्राप्तकर्ता	दानकर्ता	कुल
लाइव रिलेटिड ट्रांसप्लांट	107	116	223
केडेवर ट्रांसप्लांटेशन (किडनी)	11	0	11
क्रॉस मैच परीक्षण - सीडीसी (सीरोलॉजी)	141		
क्रॉस मैच परीक्षण - (फ्लोसाइटोमिट्री)	112		
लुमिनेक्स पीआरए	147		
लुमिनेक्स एसएबी (डीएसए मॉनीटरिंग)	128		

बोन मेरो/हेमेटोपोइटिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन

हेमेटोलॉजी, एम्स और अन्य रिफरल

रोग निदान	प्राप्तकर्ता	दानकर्ता	कुल
एप्लास्टिक एनीमिया	49	135	184
एक्यूट ल्यूकेमिया (एएमएल+एएलएल)	48	143	191
थेलेसेमिया	8	24	32
क्रोनिक ल्यूकेमिया (सीएमएल+जेएमएमएल)	7	21	28
अन्य	18	53	71
कुल	**130**	**376**	**506**

क्र.सं.	रोग निदान	परीक्षणों की संख्या 2020-21
क	**निम्न विभेदक एचएलए टाइपिंग (पीसीआर-एसएसपी या पीसीआर-एसएसओ लुमिनेक्स आधारित)**	
1.	एचएलए-ए लोकस	506
2.	एचएलए-बी लोकस	506
3.	एचएलए-सी लोकस	300
3.	एचएलए-डीआरबी1 लोकस	126
4.	एचएलए-डीआरबी3/4/5 लोकी	5

ख	**उच्च विभेदक एचएलए टाइपिंग** **(**सीक्वेंस आधारित टाइपिंग **(**एसबीटी**)** **/** अगली पीढ़ी की सीक्वेंसिंग (एनजीएस/एसएसओ लुमिनेक्स)	
5.	एचएलए**-**ए लोकस	15
6.	एचएलए**-**बी लोकस	18
7.	एचएलए**-**सी लोकस	15
8.	एचएलए-डीआरबी1	15
9.	एचएलए-डीक्यूबी1	15
10.	एचएलए-डीक्यूए1	15
ग	**डोनर विशिष्ट एंटीबॉडी (डीएसए) मॉनीटरिंग - लुमिनेक्स**	
11.	मिश्रित स्क्रीन (एचएलए श्रेणी I और II)	29+29
12.	एचएलए श्रेणी I (एसएबी)	8
13.	एचएलए श्रेणी II (एसएबी)	8
घ	**बीएमटी में काइमेरिज्म अध्ययन**	
14.	एचएससीटी के बाद के प्राप्तकर्ता	12
15.	एचएससीटी से पूर्व के प्राप्तकर्ता	10
16.	एचएससीटी दानकर्ता	10
	कुल परीक्षण	**1528**
ड.	**बीएमटी के लिए असंबंधित दानकर्ता खोजें** * वर्ष के दौरान, एचएलए मैच्ड दानकर्ताओं के लिए एशियन इंडियन डोनर मेरो रजिस्ट्री द्वारा अनुरोध प्राप्त किए गए।	5*

II. **रोग संबंधी एचएलए स्क्रीनिंग परीक्षण**

	रोग	**एचएलए परीक्षण**	**परीक्षणों की संख्या**
1.	एंकलोसिंग स्पांडीलाइटिस तथा अन्य स्पोंडीलो - अर्थरोपैथी	एचएलए - बी-27	208
2.	सीलिएक रोग	एचएलए-डीक्यूए1	2
3.	सीलिएक रोग	एचएलए-डीक्यूबी1	2
4.	नार्कोलेप्सी/केटाप्लेक्सी	एचएलए-डीक्यूबी1	1
5.	बेसेट्स रोग	एचएलए-बी*51	31
6.	औषध हाइपरसेंसिटिविटी स्क्रीनिंग	एचएलए-बी*57:01, बी*15:02	3
	कुल		**247**

	समस्त रोगी उपचार सेवाएं	परीक्षणों की संख्या
	एचएससीटी संबंधित और गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम	1528
	रोग संबंधी स्क्रीनिंग	247
	कुल	**1775**

बोन मेरो ट्रांसप्लांटेशन, आईआरसीएच, एम्स रेफरल्स

रोग निदान	प्राप्तकर्ता	दानकर्ता	कुल
एक्यूट ल्यूकेमिया-एएलएल	28	87	115
एक्यूट ल्यूकेमिया-एएमएल	57	136	193
क्रोनिक ल्यूकेमिया - (सीएमएल+जेएमएमएल)	09	32	41
अन्य	07	24	31
कुल	**101**	**279**	**380**

क्र.सं.	रोग निदान	परीक्षणों की संख्या 2020-21
क	**निम्न विभेदक एचएलए टाइपिंग (पीसीआर-एसएसपी या पीसीआर-एएसओ लुमिनेक्स आधारित)**	
1.	एचएलए-ए लोकस	426
2.	एचएलए-बी लोकस	424
3.	एचएलए-सी लोकस	25
4.	एचएलए-डीआरबी1 लोकस	72
ख	**उच्च विभेदक एचएलए टाइपिंग (सीक्वेंस आधारित टाइपिंग (एसबीटी) / एसएसओ लुमिनेक्स)**	
5.	एचएलए-ए लोकस	08
6.	एचएलए-बी लोकस	08
7.	एचएलए-सी लोकस	08
8.	एचएलए-डीआरबी1	08
9.	एचएलए-डीक्यूबी1	08
10.	एचएलए-डीक्यूए1	08
ग	**डोनर विशिष्ट एंटीबॉडी (डीएसए) मॉनीटरिंग - लुमिनेक्स आधारित परख**	
11.	एचएलए श्रेणी I (एसएबी)	04
12.	एचएलए श्रेणी II (एसएबी)	04

घ	**बीएमटी में काइमेरिज्म अध्ययन**	
13.	एचएससीटी के बाद के प्राप्तकर्ता	01
14.	एचएससीटी से पूर्व के प्राप्तकर्ता	01
15.	एचएससीटी दानकर्ता	01
	कुल परीक्षण	**1006**

रोग संबंधी एचएलए स्क्रीनिंग परीक्षण

क्र.सं.	**रोग निदान**	**एचएलए परीक्षण**	**परीक्षणों की संख्या**
16.	एंकलोसिंग स्पांडीलाइटिस तथा अन्य स्पोंडीलो-अर्थरोपैथी	एचएलए - बी-27	85
17.	सीलिएक रोग	एचएलए-डीक्यूए1	02
	सीलिएक रोग	एचएलए-डीक्यूबी1	02
18.	बेसेट्स रोग	एचएलए-बी*51	15
	कुल		**104**

प्राथमिक इम्यूनो-डायग्नोस्टिक्स

डायग्नोस्टिक्स (2020-21)	
इम्यून डेफिसेएंसी विकार	**6237**

प्राथमिक और द्वितीयक इम्यूनो-डेफिशिएंसी रोगों के लिए प्रदत्त निशुल्क सेवा

परीक्षणों की कुल संख्या (2020-21)			
क.सं.	**रोग निदान**	**मार्कर्स/एस्से**	**परीक्षणों की संख्या**
1.	टी सेल फ्रीक्वेंसी	सीडी**3**$^{+}$/सीडी**4**$^{+}$/सीडी**8**$^{+}$	1052
2.	बी सेल फ्रीक्वेंसी	सीडी**19**$^{+}$/सीडी**20**$^{+}$	1321
3.	एनके सेल फ्रीक्वेंसी	सीडी**3**$^{-}$/सीडी**16**$^{+}$/सीडी**56**$^{+}$	631
4.	एनके सेल एक्टिविटी	सीडी**3**$^{-}$/सीडी**56**^{dim}/परफोरीन$^{+}$	329
5.	एनके सेल एक्टिविटी	एसआईएल2आर	18
6.	एएलपीएस	सीडी**3**$^{+}$/सीडी**4/8**$^{-}$/**TCR**$\alpha\beta^{+}$	52
7.	ल्यूकोसाइटस एडेशन डेफिशिएंसी	सीडी**18**$^{+}$/सीडी**11a**$^{+}$/सीडी**11b**$^{+}$	251
8.	क्रोनिक ग्रेनुलोमेटस रोग	डीएचआर	1123
9.	हाइपर आईजीएम	सीडी**3**$^{+}$/सीडी**8**$^{-}$/सीडी**69**$^{+}$/सीडी**154**$^{+}$	15
10.	टी सेल प्रकार्य (आईएफएन-गामा)	सीडी**3**$^{+}$/सीडी**4**$^{+}$/आईएफएन-γ^{+}/आईएल-**2**$^{+}$	125
11.	क्लास स्विच मेमोरी	सीडी**19**$^{+}$/सीडी**27**$^{+}$/आईजीडी$^{-}$	59

12.	डीग्रेनुलेशन एसे	सीडी**3**$^-$/सीडी**56**^{dim}/सीडी**107a**$^+$	9
13.	आईएल**-12** एसे	सीडी**14**$^+$/आईएल**-12**$^+$	13
14.	मेमोरी टी सेल	सीडी**3**$^+$/सीडी**45**आरए$^+$/सीडी**45**आरओ$^+$	16
15.	सीरम आईजीए		325
16.	सीरम आईजीएम		362
17.	सीरम आईजीजी		351
18.	सीरम आईजीई		156
19.	सीरम आईजीजी उप-श्रेणियां		29
कुल			**6237**

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण घटनाएं

डॉ उमा कांगा को एशिया पैसिफिक हिस्टोकोम्पैटिबिलिटी एंड इम्यूनोजेनेटिक्स एसोसिएशन (एपीएचआईए) (2020-2022) के "एशिया पैसिफिक रीजन - काउंसलर" के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया; भारतीय इम्यूनोलॉजी सोसायटी (आईआईएस) के कोषाध्यक्ष के रूप में उनका कार्य जारी - (2018-2021); एशिया पैसिफिक हिस्टोकोम्पैटिबिलिटी एंड इम्यूनोजेनेटिक्स एसोसिएशन (एपीएचआईए) (2020-2022) की उपाध्यक्ष चुना गया; उन्हें, अमेरिकन सोसाइटी ऑफ हिस्टोकोम्पैटिबिलिटी एंड इम्यूनोजेनेटिक्स (एएसएचआई) की "अंतर्राष्ट्रीय समिति" का सह-अध्यक्ष नामित किया गया।

9.42. मूत्रविज्ञान

आचार्य और प्रमुख

अमलेश सेठ

आचार्य

राजीव कुमार

अपर आचार्य

प्रभजोत सिंह

सह-आचार्य

ऋषि नय्यर   वृषभानु नायक

सहायक आचार्य

सिद्धार्थ जैन   मनोज कुमार   संजय कुमार

विशिष्टताएं

क) विभाग ने 21 जून 2020 को "प्रभावी संचार और प्रस्तुतिकरण" पर एक यूएसआई-आईजेयू अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया।

ख) विभाग ने 2 जुलाई,2020 को "अनकॉमन एडवांस्ड मूत्रविज्ञान रिकंस्ट्रक्शन" पर एक यूएसआई-आईएसयू अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया।

ग) विभाग ने 19,सितम्बर,2020 को "यूरो ऑन्कोलॉजी अपडेट :ब्लैडर कैंसर" एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। डॉ. बद्रीनाथ कोनेटी (यूएसए) और डॉ. आशीष कामत (यूएसए) ने अंतर्राष्ट्रीय संकाय-सदस्य के रूप में इस कार्यक्रम में भाग लिया।

घ) 28 जनवरी, 2021 को एम्स, नई दिल्ली में "द पीपल हू पेव्ड द वे फॉर मी इन मूत्रविज्ञान" विषय पर डॉ. गोपाल बदलानी, आचार्य और उपाध्यक्ष, नैदानिक मामले, मूत्रविज्ञान, वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी हेल्थ साइंसेज, विंस्टन, नॉर्थ कैरोलिना, यूएसए द्वारा मूत्रविज्ञान में 5वां सरिंदर मान सिंह मेमोरियल व्याख्यान दिया गया।

ड.) डॉ. अमलेश सेठ ने सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में एनजेड-यूएसआईसीओएन 2020 की अध्यक्षता की।

च) ओपीडी विभाग को बढ़ाया गया और नए ओपीडी ब्लॉक में सप्ताह में 4 दिन ओपीडी की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।

छ) विभाग ने एनसीआई झज्जर में नियमित मूत्रविज्ञान शल्य चिकित्सा सेवाएं शुरू की हैं।



चित्र: 19 सितंबर 2020 को जारी अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार "यूरो-ऑन्कोलॉजी अपडेट: ब्लैडर कैंसर"।



चित्र: 28 जनवरी 2021 को डॉ. गोपाल बदलानी, यूएसए द्वारा मूत्रविज्ञान में 5वां सरिंदर मान सिंह मेमोरियल ओरेशन के अवसर पर व्याख्यान दिया जा रहा है।

शिक्षा

विभाग के संकाय-सदस्यों ने वर्ष के दौरान निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में ऑनलाइन भाग लिया और व्याख्यान दिए। विभिन्न विश्वविद्यालयों में एनबीई और एम.सीएच मूत्रवि्ज्ञान के लिए वरिष्ठ संकाय सदस्य परीक्षक के रूप में हैं। अन्य आगामी संस्थानों के मूत्रवि्ज्ञान में एमसीएच और डीएनबी प्रशिक्षण के लिए विभाग के संकायों ने पाठ्यक्रम के पुनर्गठन और पुनर्रचना में सक्रिय रूप से भाग लिया। विभाग के संकाय भारतीय यूरोलॉजिकल सोसाइटी के तत्वावधान में विभिन्न भारतीय दिशानिर्देशों के विकास में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। विभाग ने स्नातक और नर्सिंग छात्रों

(बीएससी और एमएससी) के लिए व्याख्यान व्यवस्था की। स्नातक के लिए पाठ्यक्रम संशोधन में संकाय सक्रिय रूप से शामिल हैं। विभाग तीन साल की अवधि में मूत्रविज्ञान में एमसीएच की डिग्री के लिए 11 स्नातकोत्तरों को प्रशिक्षित करता है। पोस्ट एमसीएच फैलोशिप प्रशिक्षण न्यूनतम इनवेसिव मूत्रविज्ञान, यूरो-ऑन्कोलॉजी, रिकंस्ट्रक्टिव मूत्रविज्ञान और यूरोगाइनेकोलॉजी सहित उप-विशिष्टताओं के लिए उपलब्ध है। प्रत्येक उम्मीदवार ने 1 दिसंबर, 2020 में 'मिनिमली इनवेसिव मूत्रविज्ञान' और 'रिकंस्ट्रक्टिव मूत्रविज्ञान' के क्षेत्र में अपनी संबंधित फेलोशिप सफलतापूर्वक पूरी की।1 उम्मीदवार (यूरोगाइनेकोलॉजी) को प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग से तीन महीने के लिए रोटेट किया गया। विभाग ने वर्ष के लिए 3 गैर-शैक्षणिक रेसिडेंट्स की भी भर्ती की। एमएस (सामान्य शल्य चिकित्सा) रेसिडेंट्स को भी उनके पाठ्यक्रम के अनुसार मूत्र संबंधी प्रशिक्षण के लिए रोटेट किया गया। विभाग के संकायों ने छात्रों के लिए कौशल सेट के विभिन्न मॉड्यूल के विकास में सक्रिय रूप से भाग लिया है, जो ई-लर्निंग की दिशा में लिया गया कदम है। संकायों ने अपने संकाय-सदस्य विकास सम्बंधित कार्यकर्म के लिए एसईटी सुविधा के लिए व्यख्यान भी लिए। यूरेथ्रल कैथीटेराइजेशन के लिए इंटर्न और एमबीबीएस छात्रों का प्रशिक्षण: पुरुष और महिला पुतला पेल्विस पर एसईटी सुविधा में किया गया था और इसे उनके नियमित पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। स्किल सिमुलेटर पर प्रशिक्षण (यूआरओ/पीईआरसी मेंटर) रेसिडेंट्स के प्रशिक्षण के नियमित पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है। कोविड-19 महामारी के प्रभाव के कारण अधिकांश शिक्षा ऑनलाइन माध्यम में हुई। सीमित ओटी समय और भर्तियों पर प्रतिबंध, सीमित-इन-पेशेंट बेड और उपलब्ध ओटी समय के कारण शल्य चिकित्सा संबंधी कौशल प्रशिक्षण और वार्ड प्रशिक्षण भी काफी प्रभावित हुआ।

सीएमई / कार्यशालाएं / संगोष्ठी / राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

विभाग ने निम्नलिखित वेबिनार/सम्मेलनों का आयोजन किया।

- 21 जून 2020 को "प्रभावी संचार और प्रस्तुतिकरण" पर यूएसआई-आईजेयू अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार।
- 2 जुलाई 2020 को "अनकॉमन एडवांस्ड यूरोलॉजिकल रिकंस्ट्रक्शन" पर यूएसआई-आईएसयू अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार।
- 19 सितंबर 2020 को "यूरो-ऑन्कोलॉजी अपडेट: ब्लैडर कैंसर" पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार।

दिए गए व्याख्यान:

अमलेश सेठ: 33	**राजीव कुमार: 22**	**प्रभजोत सिंह: 16**
ऋषि नय्यर: 24	**वृषभानु नायक: 17**	**सिद्धार्थ जैन: 2**
मनोज कुमार: 1	**संजय कुमार: 1**	

प्रस्तुत मौखिक पत्रों/पोस्टरों की सूची: 11

अनुसंधान

वित्त पोषित परियोजनाएं

चालू परियोजनाएं

1. मूत्राशय ब्लैडर कैंसर में एंटी-बी7एच4 थेरेपी का एक समुचित चिकित्सीय दृष्टिकोण, प्रभजोत सिंह, एम्स, 2 साल, 2019-2021, 10 लाख रुपये।

2. मेटास्टैटिक कैस्ट्रेशन रेसिस्टेंट प्रोस्टेट कैंसर के विकास के लिए क्लिनिको-जेनेटिक प्रोग्नॉस्टिक सिग्नेचर, प्रभजोत सिंह, आईसीएमआर, 3 साल, 2019-2022, 1 करोड़ रुपये।
3. भारी धातुओं, विषाक्त तत्वों का पर्यावरणीय जोखिम और मूत्राशय के कैंसर की शुरूआत और वृद्धि पर इसका प्रभाव, वृषभानु नायक, एम्स, 2 वर्ष, 2020-2022, 8 लाख रुपये।
4. भारी धातुओं, विषाक्त तत्वों का पर्यावरणीय जोखिम और गुर्दे की कोशिका कार्सिनोमा प्रेरण और वृद्धि पर इसका प्रभाव, वृषभानु नायक, आईसीएमआर, 3 साल, 2019-2022, 43,05,000 रुपये।
5. रीनल सेल कार्सिनोमा (आरसीसी) में संभावित मॉलिक्यूलर मार्कर (पीआरएल 3 फॉस्फेट', सीएवी2, एलएएमए4 और जीआरपी78) की पहचान: ट्यूमर व्यवहार का अनुमान लगाना, मनोज कुमार, एम्स, 2 साल, 2019-2021, 5 लाख रुपये।
6. प्रोस्टेट कैंसर में स्टेजिंग मोडलिटी के रूप में 68जीए-पीएसएमए-पीईटी/सीटी स्कैन की भूमिका, संजय कुमार, आईसीएमआर, 3 साल, 2019-2022, 48,85,740 रुपये।
7. गुर्दे की पथरी की बीमारी में ट्रेस तत्वों की भूमिका, संजय कुमार, आईसीएमआर, 3 साल, 2021-2022, 97,61,605 रुपये।
8. संदिग्ध प्रोस्टेट कैंसर के मामलों में सेमिनल एमआईआरएनए और सूजन संबंधी मार्करों की भूमिका का मूल्यांकन करने और एमपीएमआरआई और जीवित ऊतकों की जांच निष्कर्षों के साथ सहसंबंधित करना, सिद्धार्थ जैन, एम्स, 2 साल, 2019-2021, 5 लाख रुपये।

पूर्ण

1. आंशिक नेफरेक्टोमी से पहले गुर्दे की रोगी-विशिष्ट त्रि-आयामी मुद्रण का नैदानिक मूल्य: मात्रात्मक और गुणात्मक मुल्यांकन, ऋषि नय्यर, एम्स, 1+1 (विस्तार) वर्ष, 2018-20, 5,00,000 रुपये।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. मेटास्टैटिक रीनल सेल कैंसर में 68 गैलियम पीएसएमए पीईटी/सीटी।
2. इंटरमीडिएट जोखिम एनएमआईबीसी के लिए रीसर्कुलैन्थीपरथर्मिकइंट्रावेसिकल कीमोथेरेपी बनाम इंट्रावेसिकल बीसीजी बनाम कन्वेंशनल इंट्रावेसिकलमिटोमाइसिन सी थेरेपी की प्रभावकारिता की तुलना करने के लिए एक 3-आर्म यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण।
3. पेशी संबंधी आक्रामक मूत्राशय कैंसर (एमआईबीसी) के उपप्रकारों में पीडीएल1 अभिव्यक्ति और ट्यूमर उत्परिवर्तनीय बर्डन (टीएमबी) का मूल्यांकन।
4. बांझ पुरुषों में अशुक्राणुता के कारण के रूप में रुकावट के निदान के लिए सेमिनल बायोमार्कर का मूल्यांकन।
5. एडवांस प्रोस्टेट कैंसर द्वारा प्रेरित कैथेटर पर आश्रित मूत्राशय आउटलेट बाधा वाले मरीजों में प्रोस्टेट धमनी एम्बोलिज़ेशन की व्यवहार्यता, सुरक्षा और प्रभावकारिता।
6. आरएआरपी के दीर्घकालिक परिणाम।

7. अधिक आक्रामक घातक आरसीसी से सौम्य ठोस वृक्क द्रव्यमान को अलग करने के लिए टीसी99एम सेस्टाएमआईबीआई स्कैन का संभावित मूल्यांकन।
8. युवा पुरुष रोगियों में निचले पथ के लक्षणों को कम करने के एटियलॉजी का मूल्यांकन करने के लिए संभावित अध्ययन।
9. गैर-पेशी आक्रामक ब्लैडर कैंसर के पूर्ण शोधन के बाद इंट्रावेसिकल जेमिसिटाबाइन बनाम माइटोमाइसिन-सी की एकल खुराक पेरीऑपरेटिव इन्स्टलेशन पर यादृच्छिक परीक्षण: प्रभावकारिता और सहनशीलता का मूल्यांकन
10. मूत्रवाहिनी पथरी के रोगियों में रेडो / विस्तारित चिकित्सा थेरेपी की भूमिका।
11. नियमित यूरोलॉजिकल सर्जरी में कैथीटेराइजेशन से पहले यूरेथ्रल पोविडोन-आयोडीन विन्दुपातन की भूमिका।
12. सीरम पीएसए प्रवृत्तियों और पूर्व नकारात्मक बायोप्सी वाले पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर का पता लगाने की दर-एक महत्वाकांक्षी अध्ययन।
13. एकपक्षीय बनाम द्विपक्षीय वैसोएपिडीडिमल एनास्टोमोसिस: संभावित यादृच्छिक परीक्षण।

पूर्ण

1. वीवीएफ सुधार कराने वाले रोगियों में लंबे समय तक यौन और असंयम के परिणाम।
2. रोबोट-सहायता प्राप्त रेडिकल प्रोस्टेटैक्टोमी के परिणाम: किसी एक केंद्र से 10 साल का अनुभव।
3. पीसीएनएल के लिए विभिन्न बोल्स्टर पदों का रेडियोलॉजिकल एंथ्रोपोमेट्रिक मूल्यांकन।
4. कार्सिनोमा यूरिनरी ब्लैडर में रोग के चरण और ग्रेड का अनुमान लगाने में विआईआरएडी (संस्करण1) का उपयोग करते हुए एमपी एमआरआई की भूमिका।

सहयोगात्मक परियोजनाएं

जारी

1. दोहरी ऊर्जा कंप्यूटेड टोमोग्राफी और मल्टीपैरामीट्रिक चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग और हिस्टोपैथोलॉजी के साथ सहसंबंध के साथ रिनल सेल कार्सिनोमा की विशेषता, वि□किरण वि□ज्ञान/एम्स।
2. कम खुराक वाले डिल्टियाज़ेम इनफ्यूज़न के साथ और बिना फीयोक्रोमोसाइटोमा और पैरागैंग्लिओनोमा सर्जरी कराने वाले रोगियों में पेरिऑपरेटिव अवधि में हेमो डायनामिक प्रोफाइल, संवेदनाहरण विज्ञान/एम्स।
3. प्रसवोत्तर रोगियों में विभिन्न मूत्रजननांगी संबंधी समस्याओं की घटना और प्रसव की वि□धि, से इसका संबंध, प्रसूति और स्त्री रोग/एम्स।
4. फीयोक्रोमोसाइटोमा/पैरागैंग्लिओमा वाले रोगियों की मॉलिक्यूलर प्रोफाइल और फेनोटाइप-जीनोटाइप सहसंबंध: प्रबंधन और पूर्वानुमान में निहितार्थों को समझना, वि□कृति जनन/एम्स।

5. सर्जिकल ट्यूमर हटाने वाले फियोक्रोमोसाइटोमा और पैरागैंग्लिओमा के रोगियों में इन्फीरियर वेना कावा कोलैप्सिबिलिटी इंडेक्स द्वारा मापा गया प्रीऑपरेटिव इंट्रावास्कुलर वॉल्यूम स्टेटस: एक संभावित अवलोकनात्मक कोहोर्ट स्टडी, संवेदनाहरण/एम्स।
6. प्रोस्टेट कैंसर के रोगियों, में अस्थि खनिज घनत्व पर विटामिन के पूरकता के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए यादृच्छिक डबल ब्लाइंड प्लेसीबो नियंत्रित नैदानिक परीक्षण भेषजगुण वि□ज्ञान/एम्स।
7. बांझ पुरुषों में मेथिलनेटेट्राहाइड्रोफोलेट रिडक्टेस (एमटीएचएफआर) पॉलीमॉर्फिज्म के संबंध का अध्ययन, शरीर रचना/एम्स।
8. इडियोपैथिक पुरुष बांझपन में टेलोमेयर की स्थिति और डीएनए सुधार तंत्र, शरीर रचना/एम्स।
9. प्रोस्टेट कैंसर के रोगियों के डायग्नोसिस और फॉलो अप में गैलियम-68 लेबल वाले प्रोस्टेट विशिष्ट झिल्ली एंटीजन के साथ पीईटी-सीटी का उपयोग, नाभिकीय चिकित्सा/एम्स।

पूर्ण

1. अतिसक्रिय मूत्राशय के उपचार के लिए डेरीफेनासीन बनाम मिराबेग्रोन की प्रभावकारिता की तुलना करने के लिए एक संभावित यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण, प्रसूति और स्त्री रोग, एम्स।
2. क्लिनिको-माइक्रोबायोलॉजिकल प्रोफाइल और यूरोसेप्सिस के रोगियों के परिणाम, सूक्ष्मजैवविज्ञान, एम्स।
3. बेरिएट्रिक सर्जरी कराने वाले मरीजों में असंयम का मूल्यांकन, सर्जरी/एम्स।
4. प्रोस्टेट कैंसर में इन-विट्रो यूरिनरी और सीरम एनएमआर आधारित मेटाबोलोमिक्स, एनएमआर/एम्स।
5. जीयूटीबी रोगियों में जीन एक्सपर्ट यूरिन की भूमिका, काय-चिकित्सा/एम्स।
6. प्रोस्टेट कैंसर का पता लगाने में इन-बोर एमआर गाइडेड बायोप्सी की भूमिका, एनएमआर/एम्स।
7. परक्यूटेनियस नेफ्रोलिथोटॉमी के दौर से गुजर रहे मरीजों में पोस्टऑपरेटिव एनाल्जेसिया के लिए अल्ट्रासाउंड गाइडेड इरेक्टर स्पाइन प्लेन ब्लॉक - एक डबल-ब्लाइंड, यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, संवेदनाहरण वि□ज्ञान/एम्स।

प्रकाशन

पत्रिका: 32 सार: 5 पुस्तकों में अध्याय: 7 किताबें और मोनोग्राफ: 1

रोगी उपचार

(क) विभाग में उपलब्ध सुविधाएं (विशेष क्लिनिक और/अथवा विशेष प्रयोगशाला सुविधाओं सहित)

मुख्य अस्पताल ओपीडी

नए मामले:	3715
पुराने मामले:	6640
फॉलो अप टेली-परामर्श	1526

(ओपीडी को 16 मार्च, 2020 से पुराने आरएके से नये आरएके भवन में स्थानांतरित कर दिया गया)

बीआरएआईआरसीएच यूरो-मैलिग्नेंसी क्लिनिक

नए मामले: 270

पुराने मामले: 2519

एंड्रोलॉजी एंड इनफर्टिलिटी क्लिनिक

नए मामले: 59

पुराने मामले: 48

भर्ती

दीर्घकालिक भर्ती : 834

अल्पकालिक भर्ती : 365

डिस्चार्ज : 1199

मुख्य ओटी सर्जिकल प्रक्रियाएं: 636

ओपन सर्जरी : **139**

रेडिकल सिस्टेक्टॉमी	19	रेडिकल या साइटोरिडक्टिव नेफरेक्टोमी	14+2
नेफ्रोयूरेटेरेक्टॉमी के साथ रेडिकल सिस्टेक्टोमी	1	आईवीसी थ्रोम्बेक्टोमी के साथ रेडिकल	4
सालवेज सिस्टेक्टॉमी	0	रेडिकल नेफ्रोयूरेटेरेक्टॉमी	6
आंशिक सिस्टेक्टोमी	1	सिंपल नेफरेक्टोमी	4
एंड टू एंड यूरेथ्रोप्लास्टी	2	आंशिक नेफरेक्टोमी	9
एंटीरियर ले ओपन	0	हेमिनेफ्रेक्टोमी	0
ट्रांसप्यूबिक यूरेथ्रोप्लास्टी	0	आरपीएलएनडी	6
ऑग्मेंटेशन सिस्टोप्लास्टी	0	ग्राफ्ट यूरेथ्रोप्लास्टी	0
एड्रेनालेक्टोमी	1	दूसरे चरण का समापन	1
आईवीसी थ्रोम्बेक्टोमी के साथ एड्रेनालेक्टोमी	0	पाइलोप्लास्टी	3
पैरागैंग्लिओमा एक्स्सिजन	0	कॉन्टिनेंटल कैथीटेराइजेबल पाउच	0
यूरेटेरिक रीइम्प्लांट	2	बोअरी फ्लैप	0
वीवीएफ रिपेयर	0	यूरेटेरोयूरेटेरोस्टोमी	0
वेसिकौटेरिन फिस्टुला रिपेयर	0	टोटल पेनेक्टॉमी	0
ऑर्किडोपेक्सी/ऑर्किएक्टोमी (अवांछित वृषण)	29	प्रोस्टेटक्टोमी	0
एयूएस इम्प्लांटेशन / पेनाइल प्रोस्थेसिस	1	आंशिक पेनेक्टॉमी	0
पेरिनियल यूरेथ्रोस्टोमी	1	हाइपोस्पेडिया की मरम्मत	1
यूरेरोलिथोटॉमी / सिस्टोलिथोटॉमी	1+2	टीवीटी/टीओटी	0
इलियोइंगिनल लिम्फ नोड डिस्सेकशन	1	यूरेटेरोकैलीकोस्टॉमी	0
उच्च वंक्षण ओर्चीएक्टोमी	3	सर्कमसीजन	20
		अन्य	5

***एंडोयूरोलॉजी* : 435**

ऊपरी प्रणाली : 111		**निचली प्रणाली : 323**					
पीसीएनएल	34	टीयूआरपी /टीयूआईपी /टीयूईबी	18	सीएलटी	9	डीजेएस	112
यूआरएस	43	टीयूआरबीटी	11 3	पीसीसीएलटी	0	डीजेआर	14
आरआईआरएस	33	टीयूआर फुलगुरेशन	4	एचओएलईपी	0	ओआईयू/बीएसएनआई /एंडोडाईलेटेशन	6
पीसीएनयूएल	1	टीयूआरईडी	0	एचओएलसीटी	0	डिफ्लक्स इंजेक्शन	0
एंडोपाइलोटॉमी	0	थक्का निकासी	1	पीवीपी	0	लेसर वेल्डिंग	0
		एंडोइवैल्यूएशन/आरजीपी	28	यूरेटरोसेल चीरा	3	अन्य	16

***लेप्रोस्कोपिक* : 26**

रेडिकल या साइटोरेक्टेक्टिवनेफरेक्टोमी	8	आंशिक नेफरेक्टोमी	0
सिंपल नेफरेक्टोमी	3	एड्रेनलक्टोमी	7
सिंपल नेफ्रोयूरेटेरेक्टॉमी	1	रेडिकल नेफ्रोयूरेटेरेक्टॉमी	2
रेट्रोपेरिटोनोस्कोपिक नेफरेक्टोमी / नेफ्रोयूरेटेरेक्टॉमी	1	यूरेटेरोलिथोटॉमी	2
पाइलोप्लास्टी	0	लैप रेडिकल प्रोस्टेटैक्टोमी	0
पाइलोलिथोटॉमी	0	पैरागैंग्लिओमा एक्सीजन	0
यूरेटेरिक रीइम्प्लांट	0	डायग्नोस्टिक लैप	0
लैप रेडिकल सिस्टेक्टॉमी ± नेफ्रोयूरेटेरेक्टॉमी	1	अन्य	1

***रोबोटिक* : 33**

रेडिकल प्रोस्टेटक्टोमी	7	रेडिकल सिस्टेक्टॉमी	2	पाइलोप्लास्टी	4
यूरेटेरोलिथोटॉमी	0	सरल प्रोस्टेटैक्टोमी	0	यूररिक रीइम्प्लांट	2
आंशिक नेफरेक्टोमी	14	रेडिकल नेफरेक्टोमी	3	अन्य	1

***माइक्रोसर्जरी* : 3**

वीईए	3	वीवीए	0	एमवीएल	0
स्क्रोटल एक्सप्लोरेशन	0	टीईएसई	0		

माइनर ओटी: 3928

इंडोस्कोपिक	973
ओपन	5
माइनर मामले	1418
यूरोफ्लोमेट्री	1429
यूरोडायनामिक अध्यनन	103

ईएसडब्ल्यूएल: 151

नए मामले	61	पुराने मामले	90

अल्ट्रासाउंड प्रक्रियाएं: 55

प्रोस्टेट टीआरयूएस बायोप्सी	27	एस.पी.सी.	1
एमआरआई – टीआरयूएस फ्यूजन बायोप्सी	13	पीसीएन	3
बोर बायोप्सी में	1	यूएसजी	10

(ख) सामुदायिक सेवाएं/शिविर आदि।

1. दूरदर्शन पर कई स्वास्थ्य वार्ता कार्यक्रम (अमलेश सेठ)
2. पुरुषों के स्वास्थ्य के लिए 'मुवेंबर' अभियान के लिए 30 नवंबर 2020 को फेसबुक लाइव पर "प्रोस्टेट हेल्थ एंड केयर" पर सीधी वार्ता (ऋषि नय्यर)

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण कार्यक्रम

आचार्य अमलेश सेठ वर्ल्ड यूरो-ऑन्कोलॉजी फोरम के कार्यकारी परिषद के सदस्य थे; मूत्रविज्ञान में मानक उपचार कार्यप्रवाह के लिए आईसीएमआर की समिति के अध्यक्ष; पीएम जेएवाई के तहत एनएचए के साथ स्वास्थ्य लाभ पैकेज पर परामर्श के लिए मूत्रविज्ञान विशेषज्ञ समूह के अध्यक्ष; डीसीजीआई के तहत मूत्रविज्ञान और प्रजनन पर विषय विशेषज्ञ समिति के सदस्य थे।

आचार्य राजीव कुमार, शासी निकाय, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, नई दिल्ली के सदस्य; परियोजना समीक्षा और संचालन समूह के सदस्य; इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य; योजक विनिर्माण पर उत्कृष्टता केंद्र पर विशेषज्ञ समिति, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य; सह-संकायाध्यक्ष (शैक्षिक), एम्स, नई दिल्ली; वैज्ञानिक समिति के सह-अध्यक्ष और निदेशक मंडल, सोसाइटी इंटरनेशनल मूत्रविज्ञान के सदस्य; अध्यक्ष, वैज्ञानिक समिति और सह-ऑप्ट कार्यकारी सदस्य, यूरोलॉजिकल एसोसिएशन ऑफ एशिया; मुख्य संपादक, इंडियन जर्नल ऑफ मूत्रविज्ञान ; सह-संपादक, नेशनल मेडिकल जर्नल ऑफ इंडिया ; अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार संपादक, जर्नल ऑफ मूत्रविज्ञान; संपादकीय बोर्ड के सदस्य, इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च; संपादकीय बोर्ड के सदस्य, जर्नल ऑफ़ एंडोयूरोलॉजी; कार्यकारी सदस्य, ब्रिटिश जर्नल ऑफ मूत्रविज्ञान इंटरनेशनल; सह-संपादक, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मूत्रविज्ञान; संपादकीय बोर्ड के सदस्य, इन्वेस्टिगेटिव और क्लिनिकल मूत्रविज्ञान; संपादकीय बोर्ड के सदस्य, एशियन जर्नल ऑफ मूत्रविज्ञान; मानद सचिव, इंडियन एसोसिएशन ऑफ मेडिकल जर्नल एडिटर्स।

डॉ प्रभजोत सिंह यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया यूआरओएमईटी कार्यक्रम के शिक्षा बोर्ड के लिए प्रमुख संकाय थे; एसईटी (स्किल ई-लर्निंग-टेलीमेडिसिन) सुविधा हेतु संकाय।

डॉ ऋषि नैय्यर, संयोजक समूह, यूएसआई, 2020-2022 के पुनर्निर्माण मूत्रविज्ञान उपखंड के सदस्य थे; एम्स, नई दिल्ली में इंट्राकोर्पोरियलियल कन्डिट के साथ पहला रोबोटिक रेडिकल

सिस्टेक्टॉमी; इंट्राकोर्पोरियल नियोब्लैडरेट एम्स, नई दिल्ली के साथ पहला रोबोटिक रेडिकल सिस्टेक्टॉमी; दिल्ली यूरोलॉजिकल सोसाइटी की ओर से अचीवर्स अवार्ड 2020, जनवरी 2021; आईएसयू-यूएसआई फरवरी 2021 के लिए 'यूरो एजुकेशन एंड यूरोमेट' में मेंटर होने के लिए स्क्रॉल ऑफ ऑनर से सम्मानित; विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) के सदस्य (अनुसंधानात्मक नई दवाएं सहित (आईएनडी), डीजीएचएस, डीसीजीआई (भारत) के कार्यालय के तहत नैदानिक परीक्षण और नए चिकित्सा उपकरण आदि शामिल); एनबीई, नई दिल्ली के लिए डीएनबी (जेनिटो-यूरिनरी सर्जरी) का शोध मूल्यांकन; यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया यूरोमेट कार्यक्रम के शिक्षा बोर्ड के लिए प्रमुख संकाय; एस.ई.टी. (स्किल-ई लर्निंग-टेलीमेडिसिन) सुविधा के लिए संकाय; डीजीएचएस, डीसीजीआई (भारत) के कार्यालय के तहत विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) (प्रजनन और मूत्रविज्ञान) के सदस्य; डीजीएचएस, डीसीजीआई (भारत) के कार्यालय के तहत डीटीएबी के लिए सह-ऑप्टेड सदस्य और विषय विशेषज्ञ (मूत्रविज्ञान); संपादकीय समिति के सदस्य, इंडियन जर्नल ऑफ मूत्रविज्ञान।

डॉ वृषभानु नायक को आईएमएसए (अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी) की फैलोशिप से सम्मानित किया गया; "रेडिकल सिस्टेक्टॉमी कराने वाले रोगियों में सर्जरी प्रोटोकॉल के बाद उन्नत रिकवरी के साथ और बिना परिणामों की तुलना करने के लिए यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण" शीर्षक वाले शोध पत्र के लिए आईजेयू 2020 सर्वश्रेष्ठ मूल लेख से सम्मानित किया गया। इंडियन जे यूरोल 2020; 36:95 100; "मेटास्टैटिक क्लियर-सेल रीनल सेल कार्सिनोमा" के लिए टाइरोसिन किनेज इनहिबिटर्स प्राप्त करने वाले मरीजों में इंट्रा-ट्यूमर सीएक्ससीआर1 एक्सप्रेशन की प्रोग्नॉस्टिक और प्रेडिक्टिव रोल शोध पत्र के लिए 54वें यूएसआईसीएन वार्षिक सम्मेलन में सीकेपी मेनन सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार; "मेटास्टैटिक क्लियर-सेल रीनल सेल कार्सिनोमा वाले मरीजों में ट्यूमर कोशिकाओं को प्रसारित करने की भूमिका" शीर्षक शोध पत्र के लिए 30 एनजेड-यूएसआईसीओएन 2021 में मरुधर जोधपुर सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार।

10.1. हृद् वक्ष विज्ञान केंद्र

हृद् विज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

अनिता सक्सेना

आचार्य

एसएस कोठारी	बलराम भार्गव	केसी गोस्वामी
आर नारंग	एस सेठ	एस मिश्रा
राकेश यादव	एन नायक	जी कार्तिकेयन
गौतम शर्मा	एस सिंह	अंबुज रॉय
	एस. रामाकृष्णनन	

अपर आचार्य

सौरभ के गुप्ता

सह-आचार्य

दीप्ति सिद्धार्थन	सत्यवीर यादव	राघव बंसल
जय रेलान		अरविंद बी

हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा

आचार्य एवं अध्यक्ष

एसके चौधरी

आचार्य

यूके चौधरी	एके बिसोई	वी देवागुरू
मिलिंद पी होते		सचिन तलवार

अपर आचार्य

मनोज कुमार साहू	पी राजशेखर

सह-आचार्य

सर्वेश पाल सिंह	रमेश पी मेनन

सहायक आचार्य

प्रदीप रामकृष्णनन	उम्मेद सिंह धत्तरवाल	सुखजीत सिंह (संविदा पर)

हृद् संवेदनाहरण विज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

संदीप चौहान

आचार्य

नीति मखीजा | पूनम मल्होत्रा | मिनाती चौधरी
शंभुनाथ दास | परागघरडे | विश्वास मलिक

सह-आचार्य

सुरुचि हसीजा | अरिंदम चौधरी

हृद् जैव रसायन

आचार्य

लक्ष्मी रामाकृष्णनन

वैज्ञानिक ।

मनोज कुमार तेम्ब्रे

हृद् नाभिकीय चिकित्सा

आचार्य

चेतन डी पटेल

हृद् विकृति विज्ञान

आचार्य

रूमा रे

अपर आचार्य

सुधीर कुमार अरावा

हृद् वाहिका विकिरण विज्ञान एवं अंत:वाहिका इंटरवेंशन्स

आचार्य और प्रमुख

संजीव शर्मा

आचार्य

प्रिया जागिया

सह-आचार्य

संजीव कुमार

सहायक आचार्य (संविदा पर)

अमरिंदर सिंह मल्ही | नीरज एन पांडे | मनीष शॉ

मूल कोशिका सुविधा

आचार्य एवं अध्यक्ष

सुजाता मोहंती

रक्ताधान सेवाएं

मुख्य चिकित्सा अधिकारी - वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड

अंजलि हजारिका

सहायक आचार्य

गोपाल पाटीदार

अधीक्षण चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी

वीना बेलानी

मुख्य तकनीकी अधिकारी

बिजय माझी	गुलशन मेहता
गजेंद्र सिंह चौहान	पीएस राजपूत

विशिष्टताएं

हृद् विज्ञान

वर्ष 2020-2021 में, कार्डियोलॉजी विभाग ने महामारी के मध्य भी लगभग 35,000 से अधिक बाहर से आए रोगियों का इलाज किया एवं पर्याप्त संख्या में फोन पर भी सलाहें दीं। कोविड-19 महामारी के मध्य भी 1000 से अधिक रोगियों का उपचार एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर, डिवाइस इम्प्लांटेशन और बैलून वाल्वोप्लास्टी सहित इंटरवेंशनल प्रोसीजर के माध्यम से हुआ। विभाग ने इस कठिन समय के मध्य कोविड और गैर-कोविड क्षेत्रों में कार्डियोलॉजी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवधि के मध्य, विभाग ने कई शोध परियोजनाओं में भाग लिया, जिसमें हृदय रोगों के विविध क्षेत्र में पीड़ित रोगियों का उपचार किया गया, जिसमें हृदय का दौरा, हृदय की विफलता और जन्मजात हृदय रोग में कोविड संक्रमण सम्मिलित है। एसटीईएमआई, उच्च रक्तचाप, हृदय का रुक जाना, रूमेटिक हृदय रोग और जन्मजात हृदय रोग से संबंधित महत्वपूर्ण प्रकाशन विज्ञान की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित किए गए थे। विभाग ने कुछ ऑनलाइन कार्डियोलॉजी बैठकें आयोजित कीं। विभाग के फैकल्टी प्रमुख कार्डियोलॉजी पत्रिकाओं का हिस्सा हैं जिनमें इंडियन हार्ट जर्नल, एनल्स ऑफ पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी और जेपीसीवीएस सम्मिलित हैं। विभिन्न फैकल्टी सदस्य महत्वपूर्ण समितियों का भाग बने थे। रोगी देखभाल, अनुसंधान और शिक्षण के अलावा, विभाग देश में कार्डियोलॉजी में अकादमिक नए कदमों को आगे बढ़ाने के लिए सम्मिलित था। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय कार्डियोलॉजी निकायों में कार्यकारी पदों के लिए विभाग के फैकल्टी सदस्यों को चुना गया है और अकादमिक एजेंडे पर फिर से ध्यान केंद्रित करने में मदद की है।

हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा

कोविड-19, और एम्स और विभाग के कामकाज पर जो नए प्रतिबन्ध लगे और नई तरह की रोकें लगीं, उसके बावजूद भी सीटीवीएस विभाग ने हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा की सब स्पेशिलिटी में रोगी देखभाल, शिक्षण और अनुसंधान के लक्ष्यों का अनुसरण नीतिगत निर्णयों को ध्यान में रखते हुए किया

गया एवं साथ ही स्थिति की आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी ढंग से प्रयोग के साथ विभाग के सर्जरी के कार्य को जारी रखा गया। चूंकि हृदय रोगियों को आकस्मिक देखभाल की आवश्यकता होती है, और आकस्मिक सर्जरी ही एकमात्र विकल्प है, उन रोगियों का चयन करने में इसी कारक को ही ध्यान में रखा गया था जो गंभीर थे और जो कमजोर थे। इन प्रतिबंधों के बावजूद, कुल 1297 रोगियों को एक जीवन बचाने वाली प्रक्रिया के रूप में तत्काल हृदय सर्जरी प्रक्रियाओं को करवाना पड़ा था। इनमें से 624 वयस्क रोगी थे और 673 ऐसे रोगी थे, जिनमें जन्मजात ही हृदय रोग था, और जिनमें गंभीर बीमार नवजात से लेकर शैशवावस्था तक के रोगी और ऐसे वयस्क रोगी थे, जिन्होनें अपनी बीमारी पर ध्यान नहीं दिया था। कहने की आवश्यकता नहीं है कि इनमें हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा के सभी आयाम सम्मिलित थे। यहां तक कि एक हजार मील दूर से हृदय प्राप्त करके सफल प्रत्यारोपण भी किया गया। विभाग ने अपना वीएडी कार्यक्रम भी फिर से शुरू किया। विभाग की सघन देखभाल टीम संक्रमण नियंत्रण में भी बहुत सक्रिय भूमिका निभा रही थी और विभाग में प्रकोप को रोकने के लिए सर्जरी से पहले कोविड-19 के रोगियों की आक्रामक रूप से जांच की गई।

कार्डियोलॉजी विभाग के संयोजन में, 2949 से अधिक रोगियों को भर्ती रोगियों के अनुसार उपचार किया गया और लगभग 206,362 रोगियों को आउट पेशेंट सेवाओं में सम्मिलित किया गया। इसके अतिरिक्त, साप्ताहिक ओपीडी के दिनों में तीन दिन फोन से परामर्श के आधार पर असंख्य रोगियों को उपचार उपलब्ध कराया गया और इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से निर्दिष्ट टेलीफोन नंबरों पर आपातकालीन टेलीफोन परामर्श उपलब्ध थे। एम्स के विभिन्न वार्डों में भर्ती गंभीर रूप से बीमार कोविड-19 रोगियों की देखभाल के लिए भी हमारे विभाग ने सक्रिय रूप से योगदान दिया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय केंद्रों के साथ अनुसंधान, प्रकाशन और सहयोग पर हमारे विभाग ने मुख्य रूप से ध्यान केन्द्रित किया था। वेबिनार में आमंत्रित व्याख्यान और पेपर प्रस्तुतियाँ विशेष रूप से ऑनलाइन थीं। विभागीय फैकल्टी ने 57 आमंत्रित दिए गए व्याख्यान और विभिन्न सम्मेलनों में शोध पत्र प्रस्तुत किए और 75 से अधिक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशन किया गया। विभाग की शैक्षिक गतिविधियों में वयस्क, बाल चिकित्सा, एओर्टिक सर्जरी और गंभीर और सघन देखभाल सहित वेबिनार में भागीदारी सम्मिलित थी।

हृद् संवेदनाहरण विज्ञान

- कार्डिएक एनेस्थीसिया विभाग के फैकल्टी और रेजिडेंट डॉक्टरों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में सम्मानित किया गया।
- पूरे भारत में विभिन्न डीएम कार्डिएक एनेस्थीसिया, एमडी एनेस्थीसिया और डीएनबी एनेस्थीसिया पाठ्यक्रम और परीक्षा पत्रों को बनाने के लिए सभी प्रोफेसर और एडिशनल प्रोफ़ेसर परीक्षक थे।
- विभाग पीडियाट्रिक कार्डिएक एनेस्थीसिया में फेलोशिप शुरू करने में अग्रणी रहा है और जल्द ही वैस्कुलर एनेस्थीसिया में फेलोशिप शुरू करने की अनुमति प्रदान कर दी गयी है।
- विभाग के सभी फैकल्टी विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्डिएक एनेस्थीसिया, एनेस्थीसिया और इकोकार्डियोग्राफी पत्रिकाओं के समीक्षा सदस्य संपादक, संपादकीय बोर्ड में हैं।
- डॉ. नीति मखीजा आईसीसीए के सदस्य के रूप में कार्य कर रही हैं।

- डॉ. पूनम मल्होत्रा एससीए-दिल्ली और एनसीआर शाखा (गैर-निर्वाचित) के अध्यक्ष के रूप कार्य कर रही हैं एवं एसडब्ल्यूएसीईएलएसओ (गैर-निर्वाचित) की शिक्षा / सिमुलेशन और संचार की संचालन समिति के अध्यक्ष के रूप में नामांकित हैं।
- वह जर्नल ऑफ कार्डिएक क्रिटिकल केयर (जेसोसोसो) की प्रधान संपादक हैं। 2020-21 में इस पत्रिका के 4 अंक आए हैं।
- जर्नल ऑफ कार्डिएक क्रिटिकल केयर के संपादकीय/सलाहकार बोर्ड में अधिकांश फैकल्टी सदस्य हैं।
- कार्डिएक एनेस्थीसिया विभाग द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 57 प्रकाशन प्रकाशित किए गए हैं।
- विभाग के फैकल्टी ने कई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया और पत्र प्रस्तुत किए / व्याख्यान प्रदान किए हैं।

हृद् जैव रसायन

हमारा विभाग कई अनुसंधान में सक्रिय है और जैसा कि इसे प्रदत्त कई प्रकार के अनुदान पता चलता है और साथ ही कई अन्य विभाग भी ऐसी परियोजनाओं में कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में तीन छात्र पीएचडी कर रहे हैं और कार्डियक बायोकैमिस्ट्री के फैकल्टी को-गाइड के रूप में 6 अन्य पीएचडी थीसिस में सम्मिलित हैं। यूनिसेफ और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए जा रहे पोषण सर्वेक्षण के लिए तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में विभाग के फैकल्टी सदस्य अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं। क्रोनिक किडनी रोग पर एक परियोजना के लिए आँध्रप्रदेश सरकार के लिए तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्य भी विभाग के फैकल्टी हैं। यह उपलब्धियां असंक्रामक रोगों और एंडोक्रिनोलॉजी के क्षेत्र में आईसीएमआर के लिए परियोजना समीक्षा समिति के विशेषज्ञ सदस्य होने के अतिरिक्त अन्य गतिविधियाँ है।

हृद् नाभिकीय चिकित्सा

हृद् वक्ष विज्ञान केंद्र (सीटीसी) में न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग डायग्नोस्टिक न्यूक्लियर कार्डियोलॉजी प्रक्रियाएं करता है और डुअल हेड स्पेक्ट-सीटी गामा कैमरा से लैस है। इस वर्ष कोविड महामारी के मध्य लॉकडाउन के कारण वैकल्पिक क्लीनिकल प्रक्रियाओं की संख्या कम थी, हालांकि विभाग पूरी अवधि के मध्य कार्य करता रहा था एवं कार्डियोलॉजी विभाग में रोगियों तथा कीमोथेरेपी की प्रतीक्षा कर रहे आईआरसीच के कैंसर रोगियों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा था। हमारी यह इकाई शिक्षण और शोध कार्य में भी सक्रिय रूप से सम्मिलित थी। न्यूक्लियर मेडिसिन में एमएससी और न्यूक्लियर मेडिसिन टेक्नोलॉजी में एमडी की डिग्री हासिल करने वाले स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को न्यूक्लियर कार्डियोलॉजी प्रक्रियाओं में रोटेशनल आधार पर प्रशिक्षित किया गया था। मैं 9 डीएम, एमडी और पीएचडी छात्रों की थीसिस या शोध पत्र कार्य में सम्मिलित था जहां परमाणु कार्डियोलॉजी उनके शोध कार्य का हिस्सा है। टीसी99एम-लेबल वाले ट्रेसर के साथ मायोकार्डियल परफ्यूज़न स्पेक्ट और F-18 एफडीजी के साथ पीएटी अध्ययन किए गए। हमने कार्डियक सार्कोइडोसिस और इंफ्लेमेटरी पैथोलॉजी के लिए गैलियम-68 डॉटानोक जैसे गैर-एफडीजी ट्रेसर के प्रयोग का सफलतापूर्वक मूल्यांकन किया और उसके परिणाम हमारी पियर पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। कार्डिएक सार्कोइडोसिस में कार्डियक एमआर

और गैलियम-68 डॉटानॉक की तुलना करने वाला एक अध्ययन भी प्रकाशित किया गया है। हमने F-18 एफडीओपीए की सम्भावना का मूल्यांकन भी कार्डिएक सिम्पैथेटिक इनर्वेशन्स के मूल्यांकन के लिए किया है जिसे जर्नल ऑफ न्यूक्लियर कार्डियोलॉजी में प्रकाशन के लिए स्वीकार किया गया था। हाल ही में, हमने टीसी99एम पाइरोफॉस्फेट (पीवाईपी) के प्रयोग से कार्डियक अमाइलॉइडोसिस के लिए इमेजिंग शुरू की है और इसके साथ ही हम ब्रिघम और महिला अस्पताल/हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, यूएसए द्वारा संचालित "भारत, कुवैत और दक्षिण अफ्रीका में उत्कृष्टता के अंतर्राष्ट्रीय अमाइलॉइडोसिस केंद्रों की स्थापना" नामक एक परियोजना में प्रतिभागिता कर रहे हैं। हम अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी, वियना, ऑस्ट्रिया द्वारा वित्त पोषित "कार्डियो-ऑन्कोलॉजी अध्ययन (आईसीओएस) में इमेजिंग पर अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन" नामक अंतरराष्ट्रीय बहु-केंद्र अनुसंधान परियोजना में मुख्य अन्वेषक हैं।

हृद् विकृति विज्ञान

- हिस्टोपैथोलॉजी और साइटोपैथोलॉजी मामलों की नियमित डायगनोस्टिक रिपोर्टिंग
- स्नातक विद्यार्थियों को शिक्षा (व्याख्यान, व्यावहारिक, संगोष्ठी, समूह चर्चा, क्लिनिकोपैथोलॉजिकल केस चर्चा, सकल और माइक्रोस्कोपी प्रदर्शन)
- स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को शिक्षा
- सुपरस्पेशलिटी विद्यार्थियों को शिक्षा (डीएम, एमसीएच)
- स्नातकोत्तर संगोष्ठियों, जर्नल क्लबों का समन्वय
- कार्डियोपल्मोनरी पैथोलॉजी अंतर्विभागीय सम्मेलनों का आयोजन
- अनुसंधान और विकासात्मक गतिविधियाँ, विशेष रूप से हृदय से संबंधित और
- पल्मोनरी और डर्माटोपैथोलॉजी पैथोलॉजी
- विभागीय अनुरक्षण एवं विभागीय पुस्तकालय समिति के प्रभारी
- एम्स परीक्षा अनुभाग में एमसीक्यू आधारित प्रश्नों का नियमित योगदान
- विभाग और संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने पर अन्य कर्तव्य

हृद् वक्ष वाहिका विकिरण विज्ञान

शिक्षा

विभाग के शिक्षकों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक बैठकों में **व्याख्यान प्रदान किए हैं**। विभाग ने कार्डियोवैस्कुलर इमेजिंग और एंडोवास्कुलर कार्यों के विभिन्न पहलुओं पर शिक्षा और शिक्षण के लिए विभिन्न ऑनलाइन सीएमई कार्यक्रम आयोजित किए। हमारी फैकल्टी कई वैज्ञानिक पत्रिकाओं के संपादकीय बोर्डों और समीक्षकों की सदस्य हैं।

अनुसंधान

विभागीय फैकल्टी अनुसंधान परियोजनाएं और थीसिस चला रहा है। उन्होंने विभिन्न सहकर्मी समीक्षा अंतरराष्ट्रीय जर्नल में शोध पत्र प्रकाशित किए। एक अंतरराष्ट्रीय बैठक में पत्र प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त, कई चैप्टर भी कई पुस्तकों में प्रकाशित किए गए थे।

नैदानिक देखभाल

विभाग ने अस्पताल में विभिन्न विशिष्ट विभागों से रेफर किए गए रोगियों को कार्डियोवैस्कुलर इमेजिंग और वैस्कुलर इंटरवेंशनल उपचार सेवाएं प्रदान करना जारी रखा है।

स्टेम सेल सुविधा

पिछले वित्तीय वर्ष, 2020-2021 के मध्य स्टेम सेल सुविधा/परिसर (एससीएफ) स्टेम सेल और पुनर्योजी चिकित्सा में मूलभूत, प्रीक्लिनिकल और क्लीनिकल अनुसंधान के लिए समर्पित एक एकीकृत भाग के साथ उत्कृष्ट रोगी देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सुविधा को स्टेम सेल अनुसंधान में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में जैव तकनीकी विभाग (डीबीटी), सरकार, भारत सरकार ने, जुलाई 2017-दिसंबर 2021 से दूसरे चरण में अपनी वित्तीय सहायता में वृद्धि कर दी है। कुल प्राप्त हुआकर यह फैसिलिटी वर्तमान में एम्स के अन्य विभागों के सहयोग से 11 चल रही परियोजनाओं में कार्य कर रही है एवं डीबीटी, आईसीएमआर, डीएसटी, आईयूएसएसटीएफ, एम्स आदि द्वारा वित्त पोषित है। फैकल्टी प्रभारी, प्रोफेसर सुजाता मोहंती स्टेम सेल, पुनर्योजी चिकित्सा और स्टेम सेल और नैतिकता के क्षेत्र में भारत में विभिन्न संस्थानों के स्नातकोत्तर और पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण (सिद्धांत और व्यावहारिक अनुभव दोनों) से सम्बंधित विभिन्न शैक्षिक आयोजनों में अपनी ओर से कई कदम उठाती हैं। एड-होक मैन पावर के सम्बन्ध में इस परिसर में वित्त पोषित परियोजनाओं में 11 पीएचडी, शोधकर्ताओं और 2 एमडी, डीएम छात्रों की एक समर्पित टीम के साथ-साथ वर्तमान में सरकार में भर्ती 05 वैज्ञानिकों की एक टीम डिग्री के लिए पंजीकृत है। भारत के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों, जैसे आईआईएसईआर मोहाली, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी-खड़गपुर, दिल्ली विश्वविद्यालय-दक्षिण परिसर, आईजीआईबी, एनआईआई, टीएचएसटीआई, एनबीआरसो, आईसीपीओ के शोध विद्वानों को भी उनके पीएचडी कार्य में सहायता प्रदान की गयी है। चालू वर्ष में, इस परिसर ने ऐसी कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में 22 शोध सफलतापूर्वक प्रकाशित करवाए हैं, जो विज्ञान के क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। डॉ. मोहंती, कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों जैसे वैज्ञानिक रिपोर्ट (नेचर प्रकाशन समूह), ट्रांसलेशनल सर्जरी, स्टेम सेल में वर्तमान रुझान और पुनर्योजी चिकित्सा, स्टेम सेल में अंतर्दृष्टि, आदि में संपादकीय बोर्ड समिति के सदस्य के रूप में में सम्मिलित हैं। इसके साथ ही वह इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर सेल्युलर थेरेपी (आईएससोटी), इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर स्टेम सेल रिसर्च (आईएसएससोआर) और इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ़ बायोलॉजिकल केमिस्ट्स, इंडियन साइंस कांग्रेस (आईएससो), इंडियन इम्यूनोलॉजी सोसाइटी (आईआईएस) जैसे विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय निकायों की सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने देश भर के कई शोध संस्थानों/विश्वविद्यालयों में कई व्याख्यान (आमंत्रित वक्ता के रूप में) दिए हैं। इसके अतिरिक्त, वह डीबीटी, डीएसटी, आईसीएमआर, बायो-केयर, बीआईआरएसी, आदि जैसी फंडिंग एजेंसियों के अनुसंधान और विकास अनुभाग के अंतर्गत विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए निरंतर समर्थन और योगदान प्रदान कर रही है। इस वित्तीय वर्ष के मध्य इस परिसर ने पांच अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों (मिशिगन विश्वविद्यालय, ब्रिजपोर्ट विश्वविद्यालय, इंडियाना विश्वविद्यालय और पर्ड्यू विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, ईरान) के साथ वैज्ञानिक सहयोग के लिए पहल आरम्भ की है।

रक्ताधान सेवाएं

हृद् तंत्रिका की रक्ताधान सेवाएं एम्स के सीएन केंद्र में भर्ती रोगियों की चौबीसों घंटे रक्त और रक्त घटकों को एकत्रित, संसाधित और प्रदान कर ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकताओं को पूर्ण करती हैं। इन गतिविधियों में अस्पताल के भीतर और बाहर से ही रक्त संग्रह, रक्त दाता प्रेरणा और दान से पहले और दान के बाद परामर्श, रक्त घटक तैयार करना, विभिन्न सीरोलॉजिकल परीक्षण और एफेरेसिस और चिकित्सीय फेलोबॉमी जैसी विशेष प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं। पैक्ड रेड सेल्स, प्लाज़्मा, फ्रेश फ्रोजन प्लाज़्मा, प्लेटलेट रिच प्लाज़्मा, प्लेटलेट कॉन्संट्रेट, क्रायोप्रेसिपिटेट, ल्यूकोडेप्लेटेड रेड सेल्स और प्लेटलेट्स जैसे घटक हर समय पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। हर समय एफेरेसिस प्रक्रियाओं और ऑटोलॉगस दान की सुविधा उपलब्ध है। प्लाज्मा उत्पाद फ्रैक्शन के लिए अतिरिक्त प्लाज्मा भेजा जा रहा है। हृदय प्रत्यारोपण के रोगियों के लिए रक्त घटकों का विकिरण किया जाता है। बीटीएस में जो सीरोलॉजिकल परीक्षण किए जाते हैं उनमें ब्लड का क्या ग्रुप है, उसका परीक्षण, अनियमित एंटीबॉडी के लिए स्क्रीनिंग, कॉलम एग्लूटिनेशन और एसपीआरसीए परख जैसी नवीनतम तकनीक के प्रयोग संगत परीक्षण सम्मिलित हैं। एकत्र किए गए रक्त की प्रत्येक इकाई का परीक्षण हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, एचआईवी-1 और 2, सिफलिस, मलेरिया जैसे ट्रांसफ्यूजन ट्रांसमिसिबल संक्रमणों के लिए किया जाता है। बेहतर उत्पादन और गुणवत्ता के लिए विभाग में अधिकांश प्रयोगशालाओं में ऑटोमेशन का प्रयोग किया जाता है। एचआईवी / एचसीवी / एचबीवी का पता लगाने और इस प्रकार रक्त सुरक्षा में सुधार करने के लिए एक अतिरिक्त स्क्रीनिंग परीक्षण के रूप में दाता रक्त के नमूनों की एनएटी (न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट) स्क्रीनिंग की जाती है। रक्त और रक्त घटकों, उपकरणों, प्रक्रियाओं और सेवाओं के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का भी प्रयोग किया जाता है। बीटीएस अपने विभिन्न प्रयोगशाला परीक्षणों के लिए एसडीएमएच जयपुर और आईआरसीएस मुंबई द्वारा बाहरी गुणवत्ता आकलन योजना में भाग लेता है। नियमित आधार पर हेमोविजिलेंस, विभाग भारत के हैमोविजिलेंस (एचवीपीआई) कार्यक्रम में प्राप्तकर्ता और दाता दोनों के लिए नियमित आधार पर भाग लेता है। रोगियों के रक्त नमूनों और फॉर्म को ले जाने के लिए न्यूमेटिक ट्यूब सिस्टम उपलब्ध है। वास्तविक समय डेटा निर्माण और एचआईएस के साथ एकीकरण के लिए एनआईसी द्वारा ई-ब्लड बैंक सॉफ्टवेयर मॉड्यूल के माध्यम से ब्लड बैंक प्रक्रियाओं का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है।

शिक्षा

हृद् विज्ञान

हृद् विज्ञान विभाग स्नातक, स्नातकोत्तर की शिक्षा और प्रशिक्षण में सम्मिलित है। दैनिक ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियों में फैकल्टी द्वारा जर्नल क्लब, मृत्यु दर बैठक, कैथ सम्मेलन, लघु और लंबी सेमिनार, वाद-विवाद, क्लीनिकल मामले पर चर्चा और स्पॉटर सम्मिलित हैं।

प्रदत्त व्याख्यान:

अनीता सक्सेना: 2 **अंबुज रॉय: 6** **एसएस कोठारी: 2**

गौतम शर्मा: 4 **एस रामकृष्णन: 18** **सौरभ के गुप्ता: 11**

सत्यवीर यादव: 2

प्रस्तुत किये गये मौखिक पत्रों/पोस्टरों की सूची: 2

हृद् वक्ष वाहिका शल्यचिकित्सा

विभाग स्नातक, स्नातकोत्तर, एमसीएच छात्रों, बीएससी और एमएससी नर्सिंग छात्रों के शिक्षण में सक्रिय रूप से सम्मिलित था। वर्तमान में 27 छात्र सीटीवीएस में एमसीएच कर रहे हैं, 5 कार्डियक सर्जिकल सघन देखभाल में डीएम कर रहे हैं, 3 एओरटीक सर्जरी में फेलोशिप कर रहे हैं, 10 छात्रों ने सीटीवीएस में एमसीएच पास कर लिया है। छह योग्य पोस्ट-एमसीएच वरिष्ठ निवासियों ने विभाग क्लीनिकल और शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से योगदान दिया है। विभाग ने एम्स दिल्ली के भीतर से 13 स्नातकोत्तर और 5 पोस्टडॉक्टरल छात्रों को अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

सीएमई / कार्यशालाएं / संगोष्ठी / राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

1. "प्रोक्सिमल एओरटा: मूल्यांकन और निर्णय लेना" पर कार्यशाला (वेबिनार), 31 अक्टूबर 2020, दिल्ली / ऑनलाइन
2. "प्रोक्सिमल एओरटा: बेंटल की प्रक्रिया" पर कार्यशाला (वेबिनार), 7 नवंबर 2020, दिल्ली / ऑनलाइन

प्रदत्त व्याख्यान:

शिव कुमार चौधरी: 32	**वी देवागुरू: 9**	**मिलिंद होते: 3**
17. कोविड -19 के कारण तीव्र हाइपोक्सिमिक श्वसन विफलता में जाग्रत प्रवण बनाम जाग्रत पुनर्स्थापन की तुलना।

18. कोविड-19 के कारण तीव्र हाइपोक्सिमिक श्वसन विफलता में एचएफएनओ बनाम एनआईवी की तुलना: यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।

19. सेप्सिस के रोगियों में मृत्यु दर के पूर्वसूचक के रूप में लैक्टेट क्लीयरेंस और न्यूट्रोफिल लिम्फोसाइट अनुपात की तुलना

20. प्राथमिक दाढ़ों में फर्केशन क्षेत्र की पारगम्यता पर 940एनएम डायोड लेजर विकिरण और डेंटिन बॉन्डिंग एजेंट का प्रभाव

21. भारत में स्कूल शिक्षकों के बीच मुख स्वास्थ्य ज्ञान, दृष्टिकोण, प्रवृत्ति और कार्य परिवर्तन का आकलन करने में प्रशिक्षण पैकेज की प्रभावशीलताः एक हस्तक्षेपी अध्ययन।

22. भारत में नर्सिंग पेशेवरों के लिए एक मुख स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रभावशीलताः एक हस्तक्षेपी अध्ययन

23. आपातकालीन लैप्रोटॉमी करा रहे वयस्क रोगियों में ऑपरेशन पश्चात ऑक्सीकरण स्थिति पर डिक्रीमेंटल पीईईपी परीक्षण की प्रभावकारिताः एक पायलट यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण

24. तृतीयक चिकित्सा दंत चिकित्सा अस्पताल में जाने लेने वाले व्यक्तियों के बीच तंबाकू समाप्ति की धारणा का मूल्यांकन - एक मिश्रित प्रकृति अक डिजाइन।

25. एक पीस वाईट्रियम की सफलता दर का मूल्यांकन ज़िरकोनिया रूट एनालॉग डेंटल इम्प्लांट को स्थिर करता है - एक पायलट अध्ययन।

26. आईसीयू में मांसपेशी क्षय का आकलन करने के लिए एक विधि के रूप में पूर्वकाल टेम्पोरलिस मांसपेशी अल्ट्रासाउंड की व्यवहार्यता

27. अस्पताल-आधारित परिस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय कैरीज वर्गीकरण और प्रबंधन प्रणाली (आईसीसीएमएस) प्रोटोकॉल की व्यवहार्यता

28. प्रत्यक्ष लोडिंग के दौरान ऑर्थोडोंटिक मिनी प्रत्यारोपण के आसपास इंटरल्यूकिन 1बी का स्तर- ए सिंगल-सेंटर, स्प्लिट पैरलेड ग्रुप, संभावित यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण

29. ऑर्थोडोंटिक व्हाइट स्पॉट घाव सूचकांकः ऑर्थोडॉन्टिक रोगियों में प्रेरित सफेद स्पॉट घाव के मूल्यांकन के लिए एक नवीन साधन

30. यांत्रिक लुगदी प्रभावन वाले परिपक्व स्थायी दांतों में कैल्शियम सिलिकेट आधारित सीमेंट के साथ या बिना पूर्ण पल्पोटॉमी के परिणाम - एक विभाजित मुख अध्ययन

31. पार्श्व गर्दन एक्स-रे का उपयोग करते हुए कठिन लेरिंजोस्कोपी और ओरोक्टेक्ल इनट्यूबेशन का अनुमानः अग्रदर्शी अवलोकन डबल-ब्लाइंड अध्ययन

32. विकट फेब्राइल रुग्णता में गहन चिकित्सा इकाई भर्ती और मृत्यु दर के पूर्वसूचकः एक अग्रदर्शी अवलोकनात्मक अध्ययन
33. प्रीवलेन्स ऑफ अर्ली चाइल्डहुड कैरिज इन प्री-स्कूल चिल्ड्रेन ऑफ लेह डिस्ट्रिक्ट -लद्दाख।
34. गंभीर रूप से बीमार रोगियों में सेप्सिस और सेप्टिक शॉक के कारण रेड ब्लड सेल ट्रांसफ्यूजन ट्रिगर का रोगात्मक महत्वः अग्रदर्शी अवलोकन अध्ययन
35. तंबाकू परामर्श सत्र में भाग लेने वाले व्यक्तियों के बीच तंबाकू दंत चिकित्सा के उपयोग से जुड़े विचारों और विश्वासों का गुणात्मक विश्लेषण।
36. कोविड -19 रोगियों में कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन में शामिल स्वास्थ्य चिकित्सा प्रदाताओं के बीच सार्स-कोव 2 संक्रमण का जोखिम।
37. प्रीस्कूल बच्चों में ईसीसी की गंभीरता और पैटर्न तथा व्यवहार के विभिन्न पहलुओं के साथ इसका संबंध - अस्पताल आधारित अध्ययन
38. स्केलिटल श्रेणी ii बढ़ती उम्र के रोगियों में जुड़वा ब्लॉक चिकित्सा से पहले और बाद में स्टर्नोक्लेडोमैस्टॉइड और ट्रेपेजियस मांसपेशी गतिविधि
39. अविकसित स्थायी दांत की गतिशीलता पर तार-संयुक्त स्पिलंट की असमान-ग्रीवा स्थिति का प्रभावः एक कैडेवरिक मॉडल अध्ययन
40. प्रवाहकीय श्रवण हानि से ग्रसित क्लीफ्ट पैलेट वाले रोगियों की श्रवणशक्ति पर तीव्र मेक्सिलरी विस्तार का प्रभाव - एक पायलट अध्ययन।
41. मैक्सिलरी कैनाइन रिट्रेक्शन के दौरान दांतों के हिलने की दर पर अनुक्रमिक स्थानीय रूप से इंजेक्टिड प्लेटलेट रिच प्लाज्मा का प्रभाव
42. रोगसूचक अपरिवर्तनीय पल्पिटिस की स्थिति में परिपक्व स्थायी दांतों में पल्पाटॉमी के परिणाम के लिए रोगसूचक बायोमार्कर के रूप में मैट्रिक्स मेटालोप्रोटीनस-9 (एमएमपी-9) का स्तर - एक नैदानिक अग्रदर्शी अध्ययन
43. थोरॅसिक रेडियलॉजिकल कॅरेक्टरिस्टिक्स इन कोविड-19 पेशेंट्स एट दी टाइम ऑफ प्रीज़ेंटेशन - प्रोस्पेक्टिव अब्ज़र्वेशनल स्टडी।
44. तात्कालिक और विलंबित भारित दंत प्रत्यारोपण में भिन्न-भिन्न समय अंतरालों में क्रेस्टल अस्थि हानि की स्थिति में पेरी-इम्प्लांट क्रेविकुलर तरल पदार्थ में ओस्टियोकेल्सिन के स्तर को सह-संबोधित करना। एक यादृच्छिक नियंत्रित पायलट अध्ययन।
45. एलोप्लास्टिक सकल जोड़ प्रतिस्थापन, गैप आर्थोप्लास्टी द्वारा उपचारित टीएमजे एंकिलोसिस के रोगियों में बाइट फोर्स और चबाने की दक्षता का मूल्यांकन करना और सामान्य व्यक्तियों के साथ तुलना करना।
46. बढ़ते ब्लॉक II में उच्च कोण के रोगियों में मैंडिबुलर पोस्चरल परिवर्तनों के बाद गर्दन की मांसपेशियों की गतिविधि का मूल्यांकन करने के लिए ट्विन ब्लॉक थेरेपी- एक ईएमजी अध्ययन

47. पेरीएपिकल एपिकल इंडेक्स (पीएआई) स्कोरिंग सिस्टम के आधार पर रेडियोग्राफिक पेरीऐपिकल घावों को श्रेणीबद्ध करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की प्रयोज्यता का मूल्यांकन करना- एक विधि तुलन अध्ययन
48. गहन समीपस्थ नाड़ी घाव में अप्रत्यक्ष पल्प थेरेपी या पूर्ण पल्पोटॉमी के साथ किए गए समग्र पुनर्स्थापना उपचार के परिणाम- एक नैदानिक अध्ययन
49. परफोरेशन पेरिटोनिटिस के लिए आपातकालीन लैपरोटॉमी कराने वाले रोगियों में प्रतिकूल परिणाम के पूर्वसूचक के रूप में ब्राचियल धमनी की प्रतिक्रिया का अल्ट्रासोनोग्राफी मूल्यांकनः अग्रदर्शी अवलोकन अध्ययन
50. सामान्य रूप से सांस ले रहे रोगियों में मात्रा प्रतिक्रियाशीलता के पूर्वानुमान हेतु एस्सेंडिंग एओर्टा में मापा गया समय एवं स्ट्रोक मात्रा।

सहयोगी परियोजनाएँ

जारी

1. स्थानीय रूप से उन्नत ऑरोफरीन्जियल स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा वाले रोगियों में ट्यूबरियलसैलिवरी ग्लैंड के बिना आईएमआरटी बनाम मानक आईएमआरटी के बाद ज़ेरोस्टोमिया की तुलना करने हेतु एक चरण III यादृच्छिक नियंत्रित अध्ययन। विकिरण अर्बुदविज्ञान, एम्स के सहयोग से, विकिरण अर्बुदविज्ञान, एम्स ।।
2. आघात तथा ज्ञानात्मक क्षरण (काग्निटिव डिकलाइन) के कारणों को उजागर करने के लिए आबादी आधारित दूरदर्शी समूह अध्ययनः क्रॉस कल्चरल पर्सपेक्टिव, तंत्रिका विज्ञान - क्लिनिकल एपिडेमियोलॉजी, एम्स, नई दिल्ली
3. पोस्टमेनोपॉजल ऑस्टियोपोरोसिस के उपचार में एंजेनिन बायोसाइंसेज लिमिटेड के बायोसिमिलर डेनोसुमाब बनाम अन्वेषक डेनोसुमाब की सुरक्षा और प्रभावकारिता की तुलना करने हेतु एक संभावित, सक्रिय-नियंत्रित, यादृच्छिक डबल ब्लाइंड, बहुकेंद्री, चरण III अध्ययन, सह-पीआई के रूप में, अस्थि रोग, अंतःस्राविकी, विकिरण विज्ञान, एम्स, नई दिल्ली
4. भारतीय सुपारी उपयोगकर्ताओं में निर्भरता, नुकसान की धारणा और छोड़ने की प्रेरणा की जांच करने के लिए एक अध्ययन और पायलट परीक्षण एक हस्तक्षेप मॉड्यूल, मनोरोग विभाग और एनडीडीटीसी एम्स।
5. चाइल्डहुड कैंसर सर्वाइवरशिप प्रोग्राम (सीसीएसपी) कार्यक्रम में सह-अन्वेषक (आईआरसीएच विभाग के साथ अंतःविषय सहयोगी परियोजना) के रूप में कैंसर से संबंधित कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी और डेंटोफेशियल और मौखिक संरचनाओं के अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के प्रभाव शामिल थे, आईआरसीएच एम्स नई दिल्ली ।
6. शिशुओं के गम पैड की सफाई के लिए इंजीनियर नॉन-वुवेन बनावट वाली सतहों का विकास, जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), नई दिल्ली ।

7. ई दंत सेवा, मौखिक स्वास्थ्य के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
8. कैरिस सक्रिय बच्चों में सूक्ष्मजीवों व्यापकता पर एक क्रैनबेरी अर्क आधारित माउथ-रिन्ज बनाम सोडियम फ्लोराइड माउथ-रिंज की प्रभावशीलता - एक द्विस्तरीय यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, एम्स, नई दिल्ली
9. कोविड 19 वायरल लोड का एफटीआईआर आधारित अल्ट्रा फास्ट एवं गणनात्मक मूल्यांकन, स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी, आईआईटी खड़गपुर। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, आईआईटी खड़गपुर। कायचिकित्सा विभाग, एम्स, नई दिल्ली।।
10. ओरल सबम्यूकोस फाइब्रोसिस में एचएलए वर्ग II एंटीजन सिस्टम का इम्यूनोएक्प्रेशन- उत्तर भारतीयों में आनुवंशिक प्रवृत्ति का अध्ययन, जैव रसायन, एम्स।
11. भारत में राष्ट्रीय स्तर पर ओरल और डेंटल डिजीज बर्डन सर्वेक्षण- अवधारणा और कार्यप्रणाली, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
12. राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
13. मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के बाद रिकवरी की गुणवत्ता में सुधार के लिए मानक उपचार के अतिरिक्त पेरीऑपरेटिव म्यूजिक थेरेपीः एक यादृच्छिक नियंत्रित अध्ययन, संवेदनाहरण विभाग, एम्स
14. मुंह के कैंसर में मानव विषम नाभिकीय राइबोन्यूक्लियोप्रीटन डी (एचएनआरएनपीडी) की भूमिका, जैवरसायन, एम्स
15. ओरल डिसप्लेसिया के घातक बदलावों में ईजीएफआर के नकारात्मक नियामकों की भूमिका, जैवरसायन, एम्स
16. कार्यात्मक समावेशन की वियना अवधारणा पर आधारित टेम्पोरोमैंडिबुलर संयुक्त विकारों का उपचार, ऑस्ट्रियाई संघीय शिक्षा, विज्ञान एवं अनुसंधान मंत्रालय (बीएमबीडब्ल्यूएफ), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।

पूर्ण

1. मानव टेम्पोरोमैंडिबुलर जोड़ का एक रूपात्मक अध्ययन, शरीररचना विज्ञान, एम्स
2. ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया में ऑफसेट एनाल्जेसिया का एक अध्ययन, शरीरक्रिया विज्ञान एम्स
3. निकोटीन मेटाबोलाइट अनुपात (एनएमआर) और धुआं रहित तम्बाकू उपयोग मापदंडों के बीच के संबंध का आकलन करने के लिए एक खोजपूर्ण अध्ययन, मनोचिकित्सा एवं एनडीडीटीसी एम्स
4. मौखिक स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा और मौखिक सबम्यूकोस फाइब्रोसिस में क्लिनिको-पैथोलॉजिकल विशेषताओं के साथ वीईजीएफ ए और सी की आनुवांशिक बहुरूपताओं के बीच संबंध - एक पायलट अध्ययन, जैव रसायन, एम्स
5. भारत में क्लीफ्ट लिप और पैलेट विसंगतिः नैदानिक प्रोफाइल जोखिम कारक और उपचार की वर्तमान स्थितिः एक अस्पताल-आधारित अध्यय"-मुख्य चरण, आनुवंशिकी एवं सीएसआईआर-आईजीआईबी

6. एसईएआरओ में अन्य असंक्रामक रोगों के बीच मुख स्वास्थ्य पर फ्लिप चार्ट का विकास, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र, एम्स, नई दिल्ली
7. ओरल हेल्थ और ओरल कैंसर पर एमओओसी का विकास, विश्व स्वास्थ्य संगठन
8. प्राथमिक मौखिक स्वास्थ्यचर्या के बारे में, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ और 'आशाओं' के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल का विकास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, भारत सरकार
9. मायोफेशियल पेन डिसफंक्शन सिंड्रोम में दर्द की स्थिति, थर्मल संवेदनशीलता और मोटर गतिविधि पर दोहराए जाने वाले ट्रांसक्रानियल चुंबकीय उत्तेजना का प्रभाव, फिजियोलॉजी एम्स
10. मानव पीरियोडॉन्टल लिगामेंट स्टेम कोशिकाओं की व्यवहार्यता, प्रसार क्षमता एवं विभेदन पर विभिन्न टूथ स्टोरेज मीडिया का प्रभाव- इन-विट्रो प्रारंभिक अध्ययन, स्टेम कोशिका सुविधा, एम्स, नई दिल्ली
11. कैंसरपूर्व घावों - ल्यूकोप्लाकिया, सबम्यूकोस फाइब्रोसिस, लिचेन प्लेनस से पीड़ित रोगियों जिन्हें आईसीएमआर तंबाकू टास्क फोर्स परियोजना में शामिल किया गया, के लंबे समय तक अनुवर्ती जांच के दौरान मुंह के कैंसर रूपांतरण जोखिम का अनुमान, एनआईसीपीआर, नोएडा
12. मुंह के श्लैष्मिक घावों के स्पेक्ट्रम में अंतर्रोगीय रूपांतरण, त्वचारोग विज्ञान
13. कैंसर के सार्वभौमिक बायोमार्कर के रूप में कैथेप्सिन एल और कैथेप्सीन बी की अग्रदर्शी क्षमता का आकलन करना, जैव रसायन, एम्स

प्रकाशन

पत्रिकाएँ: 148 सार: 9 पुस्तकों में अध्याय: 10 पुस्तकें और मोनोग्राफ: 1

रोगी उपचार

रोगी उपचार/सहायक गतिविधियों के बारे में जानकारी शामिल है:

ओरल मेडिसिन एवं विकिरण विज्ञान विभाग

बाह्य रोगी उपचार: 10628

विशेष क्लिनिकः ओरल अल्सर क्लिनिक
ओरल मेडिसिन एवं विकिरण विज्ञान में कोन बीम कंप्यूटेड टोमोग्राफी सुविधा सीडीईआर
सीडीईआर में ओरल संभावित प्रीमैलिग्नेंट घावों हेतु रजिस्ट्री का निर्माण

ओरल एवं मैक्सिलोफेसियल सर्जरी
बाह्य रोगी उपचार: 12422
अंतः रोगी: > 1500 प्रमुख मामले विभाग में संचालित।
(क) विभाग में उपलब्ध सुविधाएं (विशेष क्लीनिक और/या विशेष प्रयोगशाला सुविधाओं सहित)।

मौखिक और मैक्सिलोफेशिय सर्जरी ओपीडी और अंतः रोगी सेवाओं में शामिल है:

1. दांत निकालने की विधि, सरल और जटिल

2. टेम्पोरोमैंडिबुलर (शंख अधोहनु) जॉइंट सर्जरी
3. कपाल-फेशियल (चेहरे पर) अभिघात
4. चेहरे की ऑर्थोगैथिक और सौंदर्य सर्जरी
5. ओरल और मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी
6. मैक्सिलोफेशियल संक्रमण
7. ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया के लिए सर्जरी
8. ट्राइजेमिन ट्रेजमिनल क्लिनिक
9. ऑस्टियो-ओडोंटोकेरोटोप्लास्टी

प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग

बाह्य रोगी उपचार: 5500

हम पूर्ण और आंशिक रूप से एडेंटुलस रोगियों, निद्रा विकारों वाले रोगियों और सर्जिकल उच्छिन्न के लिए गौण, मुखांतर और चेहरे की विकृतियों, अभिघात या जन्मजात दोषों वाले रागियों के लिए दंत पुनर्रस्थापना के लिए बाह्य रोगी उपचार प्रदान कर रहे हैं। हम ओरल और मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स और प्रत्यारोपण दंत चिकित्सा के लिए विशेष क्लिनिक चला रहे हैं। हम रोगियों के लिए विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग बना रहे हैं जो इस प्रकार हैं : पूर्ण डेन्चर, निकाला जा सकनेवाला आंशिक डेन्चर, क्राउन और ब्रिज का कार्य, लैमिनेट्स, ऑक्लुसल (अंतरादंत) स्प्लिंट्स, इम्प्लांट सपोर्टेड प्रोस्थेसिस (रिमूवेबल और फिक्स्ड), मैंडिबुलर एडवांस डिवाइस और मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थेसिस अर्थात् फेशियल (नेत्र, कर्ण, नासिका आदि) और इंट्रा ओरल (ऑब्ट्यूरेटर, ब्रेकीथेरेपी उपकरण आदि)।

विभाग में हम अलग-अलग प्रकार के रिमूवेबल और फिक्स्ड प्रोस्थोडॉन्टिक्स उपकरण बनाने के लिए दो प्रयोगशालाएं चला रहे हैं।

ऑर्थोडोंटिक्स और डेंटोफेशियल विकृतियों का विभाग

बाह्य रोगी उपचार: 9099

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, हमने कटे होंठ और तालु के रोगियों के इंटरडिसिप्लनरी उपचार और चेहरे की विकृति से पीड़ित रोगियों की संयुक्त ऑर्थोजेनेटिक सर्जरी पर अधिक जोर दिया है।

पीरियोडोंटिक्स विभाग

बाह्य रोगी उपचार: 4706

पीरियोडोंटिक्स प्रभाग में निम्नलिखित विभिन्न उपचार प्रक्रियाएं की जाती हैं:

- पारंपरिक गैर-सर्जिकल और सर्जिकल पीरियडोंटल थैरेपी
- पीरियोडॉन्टल प्लास्टिक सर्जरी
- नरम और कठोर ऊतक पुनर्योजी प्रक्रियाएं
- डायोड लेजर एसिस्टेड सॉफ्ट टिश्यू एक्सिशन और एडजंक्टिव पॉकेट डेब्रिडमेंट प्रक्रियाएं

पेडोडोंटिक्स और प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री

बाह्य रोगी उपचार: 8622

पेडोडोंटिक्स और प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग में 14 वर्ष तक के बच्चों और विशेष स्वास्थ्य चिकित्सा की आवश्यकता वाले बच्चों के मुख और दंत रोगों का निदान और उपचार किया जाता है। विशेषज्ञता में स्नातकोत्तर कार्यक्रम वर्ष 2017 में शुरू किया गया था। कोविड महामारी के दौरान, विभाग ने उपचार की आवश्यकता वाले सभी बच्चों को आपातकालीन और तत्काल उपचार प्रदान करना जारी रखा। अनलॉक होने के बाद, रिपोर्ट करने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई और तदनुसार, क्लिनिक केयर की समयावधि में वृद्धि की गई।

सामुदायिक गतिविधियाँ

राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियां की गई हैं:

बैठक

- स्कूली शिक्षकों के लिए शर्करा और मौखिक स्वास्थ्य की भूमिका पर मॉड्यूल के सामग्री विकास के लिए एक्सप्लोरेटरी बैठकें।
- शुगर हब: कार्य योजना और समय-सीमा के लिए संकाय-सदस्यों सीडीईआर के साथ विचार-विमर्श बैठकों की श्रंखला; कई समूह, विभिन्न शीर्षकों के तहत अनुसंधान और आईईसी विकास पर काम कर रहे हैं; प्रोस्पेरो के तहत तीन प्रणालीगत समीक्षाओं का पंजीकरण।

आईईसी, उपकरणों का विकास

- स्कूली शिक्षकों के मुख स्वास्थ्य संवर्धन पर सशक्तिकरण के लिए शर्करा और मुख स्वास्थ्य पर तीन मॉड्यूल का विकास
- विभिन्न डोमेन (एनआईएचएफडब्ल्यू) के विशेषज्ञों से विकसित मॉड्यूल की जांच
- स्कूली शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए केवीएस से 'मुख स्वास्थ्य पर शर्करा की भूमिका' पर प्राप्त अनुमतियां
- स्कूल शिक्षकों और खेल कर्मियों में अभिघात निवारण के प्रशिक्षण की आवश्यकता का आकलन।
- 'ई-अभिघात दंत चोट मूल्यांकन प्रश्नावली- स्कूल शिक्षकों के बीच' का विकास, सत्यापन और पूर्व परीक्षण
- कोविड और मौखिक और सामान्य स्वास्थ्य पर आईईसी सामग्री
- तंबाकू समापन आईईसी विकसित
- पिट और फिशर सीलेंट आईईसी का विकास
- दंत चिकित्सा में मर्करी हार्म रिडक्शन पर आईईसी वीडियो, 18 मार्च 2021 को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के रूप में जारी।
- स्कूली शिक्षकों के मौखिक स्वास्थ्य संवर्धन पर सशक्तिकरण के लिए शर्करा और मौखिक स्वास्थ्य पर मॉड्यूल का विकास और पुनरीक्षण।
- मिश्रित उपयोग को चरणबद्ध तरीके से कम करने के लिए आईईसी वीडियो का विकास

- मुख स्वास्थ्य सप्ताह समारोह के एक भाग के रूप में 'मिनामाता कन्वेंशन के कार्यान्वयन के लिए विचार-विमर्श बैठक' आयोजित की गई थी
- मंत्रालय द्वारा विकसित मैनुअल में योगदान
- नर्सिंग पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल
- बीएससी नर्सिंग पेशेवरों के लिए उन्नत मॉड्यूल की सामग्री की तैयारी और विकास
    - संक्रमण नियंत्रण प्रक्रियाएं
    - कैंसर चिकित्सा रोगियों में नर्सिंग पेशेवरों की भूमिका
    - आईसीयू में नर्सिंग पेशेवरों की भूमिका

सहयोग

- राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम
  सामुदायिक ऑप्थेल्मोलॉजी के सहयोग से अंधता कार्यक्रम में मुख स्वास्थ्य को शामिल करने के लिए प्रारंभिक बैठकें।
- एनसीडी सहयोगः
  सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के सहयोग से मौखिक स्वास्थ्य को आउटरीच सेंटर (बल्लभघर-हरियाणा) में शामिल करने के लिए प्रारंभिक बैठकें।
- आवश्यकता मूल्यांकन और फ्लोरोसिस नियंत्रण के लिए सहयोग
- डेंटोफेशियल क्षेत्र में खेल की चोट के बारे में जागरूकता के लिए राष्ट्रीय कबड्डी और मुक्केबाजी संघों के साथ सहयोग
- दूरदर्शन और आकाशवाणी पर मुख स्वास्थ्य जागरूकता पर रेडियो और टीवी वार्ता।
- निम्नलिखित के लिए तकनीकी सहायता
    - राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य नीति मसौदा
    - राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक
    - 2021-25 के लिए एनओएचपी के लिए परिचालन दिशानिर्देश
    - मौखिक और संबंधित रोगों की राष्ट्रीय रजिस्ट्री
    - एनओएचपी के तहत जिला अस्पतालों में दंत प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए परिचालन दिशानिर्देश

ई-दंत सेवा

- ई-दंत सेवा सुविधाओं को राज्य नोडल अधिकारियों के साथ अद्यतन करने के लिए तेरह वर्चुअल बैठकें।
- वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन पर राज्य स्तरीय आईईसी और अन्य गतिविधियों को अद्यतन करने के लिए राज्य नोडल अधिकारियों के लिए एक अलग फोरम बैक एंड का निर्माण।
- एसएनओ की बैठकों के बाद से सुविधाओं की कुल संख्या 1698 से बढ़कर 4661 हो गई है।
- विभिन्न राज्यों में राज्य नोडल सुविधाओं, अवसंरचना और श्रमशक्ति के मूल्यांकन और विश्लेषण के लिए एसएनओ ग्राफ अनुभाग का समावेशन।

- सामग्री प्रबंधन प्रणाली में उपयोगकर्ता प्रशिक्षण संपन्न हुआ।
- वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन, दोनों पर महामारी के दौरान मौखिक और सामान्य स्वास्थ्य पर पृष्ठभूमि सूचना और निवारक उपायों के साथ कोविड पेज और आईईसी सामग्री का निर्माण।
- लक्षित दर्शकों की पहचान करने और ई-दंत सेवा वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन पर जाने के उद्देश्य के लिए आगंतुक विवरण मंच का सृजन।
  सितंबर 2020 से आगंतुकों की कुल संख्या 890 है।
- फीडबैक फॉर्म को परिष्कृत करना और कॉलम अद्यतन करना।
- डेंटल कॉलेजों और सुविधा अनुभागों को प्राप्त फीडबैक के आधार पर "राज्य की दंत सुविधाओं" के रूप में मिलाना।
- वेबसाइट और एप्लिकेशन की दृश्यता बढ़ाने के लिए ई दंतसेवा पर माईगोव मौखिक स्वास्थ्य प्रचार कार्यक्रमों के लिंक शामिल करना।
- वेबसाइट पर शुगर नॉलेज हब टैब को समाविष्ट करना।
- देश के विभिन्न राज्यों द्वारा किए गए कार्यक्रमों को अद्यतन करने के लिए ई-दंत सेवा और अतिरिक्त टैब पर पिछली घटनाओं को अद्यतन करना।
- शुगर नॉलेज हब का अवधारणा नोट।
- शुगर नॉलेज हब पर काम करने के लिए सीडीईआर संकाय के बीच रुचि की अभिव्यक्ति।

डब्ल्यूएचओ सीसी के तहत गतिविधियाँ

- राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम और निवारण संस्थान, नोएडा के सहयोग से मुख कैंसर की रोकथाम और जांच पर दंत चिकित्सकों, चिकित्सा अधिकारियों, आशा और एमपीडब्ल्यू के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम;
- सीसीएम एम्स, नई दिल्ली और एनएचएसआरसी, नई दिल्ली।
  (डॉ. शालिनी गुप्ता, डॉ. हर्ष प्रिया और डॉ. दीपिका मिश्रा)
- दंत चिकित्सकों के बीच हेपेटाइटिस संक्रमण-यकृत और पित्त विज्ञान संस्थान के सहयोग से जागरूकता और नियंत्रण।
  (डॉ. अजय लोगानी और डॉ. शालिनी गुप्ता)
- मुख स्वास्थ्य पर कैनकिड्स के अभिभावक सहायता समूह और उपचार सहायता समूह का प्रशिक्षण।
- नूह, मेवात, हरियाणा के आकांक्षी जिले में आशा कार्यकर्ताओं और सामुदायिक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण।
- सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के साथ सहयोग
  एनसीडी पर डब्ल्यूएचओ-एसईएआरओ पीईएन ऑनलाइन पाठ्यक्रम
- एनसीडी सेवा वितरण के लिए स्वास्थ्य कार्यबल के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए वर्चुअल एप्रोच पर कार्यशाला - 19 जून 2019 2019
- मिनामाता कन्वेंशन के लिए डब्ल्यूएचओ के साथ सहयोग
- मूक (एमओओसी) मॉड्यूल का उपयोग कर प्राथमिक स्वास्थ्यकर्मियों का क्षमता निर्माण।

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण घटनाएँ

प्रोफेसर ऋतु दुग्गल को आईटीएस डेंटल कॉलेज, अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, नोएडा में दीक्षांत समारोह के लिए मुख्य अतिथि नियुक्त किया गया था। उन्हें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में संकाय पद के लिए चयन समिति की बैठक के एक विशेषज्ञ सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था और एसजीटी विश्वविद्यालय, गुड़गांव, एमएआईडीएस, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्री, इंदौर, एमएआईडीएस में एफडीएसटी 2020 में एक बाह्य परीक्षक भी नियुक्त किया गया था और उन्हें हरियाणा लोक सेवा आयोग में वरिष्ठ दंत सर्जन के लिए साक्षात्कार आयोजित करने के लिए भी नियुक्त किया गया। डॉ. दुग्गल को इंद्रप्रस्थ दंत कॉलेज एंड हॉस्पिटल में निरीक्षण के लिए विषय विशेषज्ञ, एम्स भुवनेश्वर में सीनियर रेजिडेंट के चयन के लिए विषय विशेषज्ञ (ऑनलाइन मोड) और यूसीएमएस और जीटीबी अस्पताल में संकाय पद के चयन के लिए विशेषज्ञ सदस्य के रूप में भी नियुक्त किया गया है। डॉ. दुग्गल को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ स्टडीज का सदस्य भी मनोनीत किया गया है। डॉ. दुग्गल को एमडीएस पाठ्यक्रम शुरु करने के लिए चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा विषय विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है। उन्होंने मुख स्वास्थ्य और स्नातकोत्तर अनुसंधान अनुदान के क्षेत्र में अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आईसीएमआर के विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया। डॉ. दुग्गल ने डब्ल्यूएचओ, राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य नीति के संबंध में भारत सरकार के सलाहकार के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रोफेसर अजय रॉय चौधरी सैन एंटोनियो में 102वीं एएओएमएस वार्षिक बैठक 2020 में टीएमजे पर ब्रेक आउट सत्र के लिए आमंत्रित संकाय-सदस्य थे। वह अग्रलिखित केसह-संपादक ट्रॉमा अनुभाग हैं : जर्नल ऑफ ओरल बायोलॉजी और क्रानियोफेशियल रिसर्च रिव्यूर इंडेक्सेड जर्नल के लिए। ब्रिटिश जर्नल ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, नेशनल मेडिकल जर्नल ऑफ इंडिया, नेशनल जर्नल ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, नेशनल मेडिकल जर्नल ऑफ इंडिया। भारत में स्नातकोत्तर शिक्षा प्रदान करने वाले विभिन्न डेंटल कॉलेज के शिक्षण, बुनियादी ढांचे की सुविधा को सत्यापित करने के लिए दंत परिषद निरीक्षक रहे हैं। वह भारत में विभिन्न डेंटल कॉलेजों को मान्यता देने से संबंधित भारतीय दंत परिषद के फैसलों की समीक्षा करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की समिति में रहे हैं। उन्होंने पीजीआई एमईआर चंडीगढ़, एम्स भटिंडा, एम्स, बिलासपुर में चयन समिति में एक विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया।

प्रोफेसर वीना जैन को नागपुर में 48वें आईपीएस वर्चुअल नेशनल कॉन्फ्रेंस 2020 में मुख्य व्याख्यान के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया, डॉ. वीना जैन ने 10 से 11 सितंबर, 2020 को सुभारती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मेरठ में एमडीएस प्रोस्थोडॉन्टिक्स की नैदानिक/व्यावहारिक और मौखिक परीक्षा संचालित की; डॉ. वीना जैन ने 23-24 जुलाई 2020 को मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज दिल्ली नैदानिक/व्यावहारिक और मौखिक परीक्षा संचालित की; और डॉ. वीना जैन ने आईटीएस इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, गाजियाबाद में 24-25 सितंबर 2020 को नैदानिक/व्यावहारिक और मौखिक परीक्षा संचालित की।

प्रोफेसर ओंगकिला भूटिया एचआईसीसी (अस्पताल संक्रमण नियंत्रण समिति) सीडीईआर की अध्यक्ष रही हैं। उन्हें नोडल अधिकारी, कोविड 19, सीडीईआर, एम्स के रूप में भी नामित किया गया था। मार्च 2020। वह 16-18 फरवरी, 2020 को दूसरे एम्स कुल टीएमजे रिप्लेसमेंट लाइव सर्जिकल वर्कशॉप की अध्यक्ष और पाठ्यक्रम संकाय-सदस्य थीं। एमडीएस पीजीआई चंडीगढ़ मई 2020 को बाह्य परीक्षक के रूप में परीक्षा संचालित की। डॉ ओंगकिला भूटिया ने सीडीईआर के एक नोडल अधिकारी कोविड के रूप में संस्थान द्वारा आयोजित कोविड-19 से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। एचआईसीसी के अध्यक्ष के रूप में, सीडीईआर ने विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया और एचसीडब्ल्यू को संक्रमण नियंत्रण और रोकथाम पर प्रशिक्षित किया।

प्रोफेसर विजय प्रकाश माथुर को अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री (2021-23 के लिए) की सतत शिक्षा पर काउंसिल के लिए नामित किया गया था। उन्हें 3 वर्षों (2021-24) के लिए वैश्विक मौखिक स्वास्थ्य असमानता अनुसंधान नेटवर्क (जीओएचआईआरएन) के लिए काउंसलर के रूप में चुना गया था। उन्हें जर्नल ऑफ डेंटल रिसर्च (2021-22 के लिए) के लिए आईएडीआर प्रतिनिधि के रूप आईएडीआर/एएडीआर प्रकाशन समिति और आईएडीआर अवार्ड्स रिव्यू कमेटी (2021-22 के लिए) में भी नामित किया गया था। उन्हें उपाध्यक्ष- इंडियन सोसाइटी फॉर डेंटल रिसर्च (आईएडीआर- इंडिया डिवीजन) (2020-2022) के पद पर पुन: चुना गया। उन्हें इंडियन सोसाइटी ऑफ डेंटल ट्रौमैटोलॉजी के उपाध्यक्ष के पद पर एक और वर्ष के लिए बने रहने की अनुमति दी गई थी। वह एक और कार्यकाल के लिए साउथ एशियन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री के एडिटर इन चीफ-जर्नल के रूप में भी कार्य करेंगे।

प्रोफेसर अजय लोगानी ने केजीएमयू, लखनऊ 2021 में अखिल भारतीय इंटर डेंटल कॉलेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रोफेसर अजय लोगानी ने 2021 में अखिल भारतीय इंटर डेंटल कॉलेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता केजीएमयू, लखनऊ में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

डॉ दालिम कुमार बैद्य अगस्त 2020 में आईएलबीएस, नई दिल्ली में पीडीसीसी क्रिटिकल केयर के बाहरी परीक्षक रहे हैं। 13 नवंबर, 2020 को ईरा विश्वविद्यालय लखनऊ में पीडीसीसी क्रिटिकल केयर के बाह्य परीक्षक, जनवरी, 2021 में रायपुर में एम्स रायपुर में एमडी एनेस्थिसियोलॉजी के बाह्य परीक्षक रहे। वाशिंगटन मैनुअल ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन- दक्षिण एशियाई संस्करण 2021 के संपादक। बरश टेक्सटबुक ऑफ एनेस्थिसियोलॉजी: दक्षिण एशियाई संस्करण में योगदानकर्ता। तीन अध्यायों - रिसर्च मैथ्डोलॉजी एंड स्टेटिक्स, क्रिटिकल केयर, पोस्ट एनेस्थेसिया केयर की समीक्षा की और संपादित किया।

डॉ दीपिका मिश्रा को इंडियन एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजिस्ट के XXVIIIवें सम्मेलन, केरल में 2020 सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार प्राप्त हुआ; 18वें नेशनल ट्रिपल ओ सिंपोजियम और चौथे अंतर्राष्ट्रीय ओरल प्रीकैंसर और कैंसर कांग्रेस, दिल्ली में सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार, मार्च 2020; 18वें नेशनल ट्रिपल ओ सिंपोजियम और चौथे अंतर्राष्ट्रीय ओरल प्रीकैंसर और कैंसर कांग्रेस, दिल्ली में दूसरा सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार किया, मार्च 2020।

डॉ अमृता चावला को नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज की सदस्य, इंडियन एंडोडॉन्टिक सोसाइटी की कार्यकारी सदस्य, जर्नल ऑफ कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड डॉन्टिक्स की सेक्शन संपादक चुना गया।

डॉ विजय कुमार को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी का सदस्य चुना गया।

डॉ प्रभात कुमार चौधरी को इंग्लैंड के रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स के सदस्य और नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज ऑफ इंडिया (एनएएसआई) के सदस्य के रूप में प्रवेश दिया गया था। बीएमसी ओरल हेल्थ के एसोसिएट एडिटर।

डॉ नितेश तिवारी को मार्च 2021 में ग्लासगो यूके के रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन और सर्जन ऑफ डेंटल सर्जरी फैकल्टी की फेलोशिप के लिए चुना गया था; इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डेंटल रिसर्च 2020 के यूनिलीवर हैटन अवार्ड के लिए नामांकित किया गया। लेज़र थेरेपी में ऑनलाइन/ मुद्रित पेपर को संपादकीय बोर्ड के सदस्यों द्वारा मिंग-चिएन काओ अवार्ड 2019 के लिए चुना गया था; दिसंबर 2020 में आईएडीटी, यूएसए का निदेशक चुना गया; जनवरी 2021 में आईएडीटी, यूएसए की सदस्यता और भर्ती समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया; मार्च 2021 में जर्नल ऑफ़ ओरल बायोलॉजी एंड क्रानियोफेशियल रिसर्च के सहायक संपादक के रूप में नियुक्त किया गया।

डॉ कल्पना बंसल को राष्ट्रीय आईएसपीपीडी सम्मेलन के दौरान आईएसपीपीडी फेलो पुरस्कार से सम्मानित किया गया, रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन और सर्जन को सदस्यता से सम्मानित किया गया- दंत विज्ञान संकाय, ग्लासगो, आईएसडीटी वर्चुअल डेंटल ट्रॉमा कॉन, 2020 में वैज्ञानिक सत्रों की अध्यक्षता की; पीडो-विरकॉन, 2021.

डॉ धीरज कोली को 48वें आईपीएस राष्ट्रीय वर्चुअल सम्मेलन 2020, नागपुर में वैज्ञानिक सत्र व्याख्यान के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। वह अक्टूबर, 2020 में मौलाना आज़ाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में बीडीएस प्री क्लिनिकल प्रोस्थोडॉन्टिक्स वार्षिक परीक्षा के दूसरे वर्ष के परीक्षक भी थे।

डॉ शालिनी गुप्ता मुख कैंसर जांच पर एनआईसीपीआर ईसीएचओ सत्र की विशेषज्ञ हैं। चिकित्सा अधिकारियों और दंत चिकित्सकों के लिए ओरल कैंसर स्क्रीनिंग 2019-2020 पर प्रशिक्षण के लिए नौ डाइडेक्टिक ऑनलाइन सत्र आयोजित किए गए, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ पीईएन ओरल हेल्थ मॉड्यूल के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञ, मौखिक स्वास्थ्य चिकित्सा और आपात स्थितियों में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए मास्टर प्रशिक्षण, एनएचएसआरसी द्वारा आयोजित ओरल कैंसर स्क्रीनिंग में, एनएचएसआरसी द्वारा आयोजित चिकित्सा अधिकारियों के लिए ओरल हेल्थ मॉड्यूल के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए मास्टर प्रशिक्षक, इंडियन जर्नल ऑफ रुमेटोलॉजी के लिए नियुक्त समीक्षक, जर्नल ऑफ ओरल बायोलॉजी एंड क्रानियोफेशियल रिसर्च, बीएमसी ओरल हेल्थ, चयन के नियुक्त सदस्य डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ में अनुसंधान सहयोगी के लिए समिति, मौलाना आज़ाद दंत चिकित्सा विज्ञान संस्थान नई दिल्ली विश्वविद्यालय 2021 में वरिष्ठ रेजीडेंटों के लिए ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी में एमसीक्यू पेपर सेटर नियुक्त किया गया, राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड- ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी 2020 में एमसीक्यू पेपर सेटर, प्राप्त प्रमाण पत्र जर्नल ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी 2021 के समीक्षक के रूप

में योगदान, नए विज्ञान आविष्कार 2020 पर अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पुरस्कार द्वारा सर्वश्रेष्ठ शोध पुरस्कार के लिए नामित किया गया।

डॉ कुणाल ढींगरा को एम्स कोविड -19 कोक्रेन रिव्यू समिति का सदस्य नियुक्त किया गया था, एम्स, नई दिल्ली में कोक्रेन एफिलिएट सेंटर के सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया था, इंग्लैंड, यूके के रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स के सदस्य (एमएफडीएस आरसीएस) के रूप में विधिवत भर्ती किया गया, इंग्लैंड, यूके के रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स के विशेषज्ञ सलाहकार नेटवर्क का सदस्य नियुक्त किया गया, रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन और सर्जन ऑफ ग्लासगो, यूके के पॉलिसी नेटवर्क का सदस्य नियुक्त किया गया, बीएमसी ओरल हेल्थ का सह-संपादक नियुक्त किया गया।

डॉ विकेंद्र सिंह को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति को चिकित्सा परामर्श देने के लिए सलाहकारों के पैनल में शामिल किया गया था, जर्नल ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी, फ्रंटियर्स इन डेंटिस्ट्री के समीक्षक, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय में बाहरी परीक्षक रहे।

डॉ अदिति नंदा को नागपुर 2020 में 48वें आईपीएस वर्चुअल नेशनल कॉन्फ्रेंस में वैज्ञानिक सत्र व्याख्यान के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

डॉ हर्ष प्रिया राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, भारत सरकार में प्राथमिक मौखिक स्वास्थ्य उपचार पर एमपीडब्ल्यू, सीएचओ और आशा के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल के विकास के लिए एक बाह्य विशेषज्ञ थीं। उन्हें वर्ष 2020-2022 के लिए आईएडीआर ई-ओरल हेल्थ नेटवर्क समूह का काउंसलर भी चुना गया था। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली और संसाधन केंद्र, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के लोक स्वास्थ्य प्रशासन प्रभाग और मौखिक स्वास्थ्य वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन ई-दंत सेवा के तकनीकी योगदानकर्ता के सहयोग से स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों में मुख स्वास्थ्य उपचार के लिए परिचालन दिशानिर्देशों के विकास में योगदान दिया। उन्होंने मार्च 2021 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से मिनामाता कन्वेंशन पर मंथन बैठक का आयोजन किया। उन्होंने एनओएचपी के तहत जिला अस्पतालों में दंत प्रयोगशाला की स्थापना के लिए परिचालन दिशानिर्देश विकसित करने में भी सहायता की।

डॉ भारती एम. पुरोहित ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली एवं संसाधन केंद्र, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन प्रभाग के सहयोग से स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों में मुख स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए परिचालन दिशानिर्देश विकसित करने में योगदान दिया और वह मुख स्वास्थ्य वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन ई-दंत सेवा के लिए एक तकनीकी योगदानकर्ता थीं; वह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से देश में मुख स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक आधिकारिक वेबसाइट, ई-दंत सेवा वेबसाइट के तहत शुगर नॉलेज हब के निर्माण के लिए प्रारंभिक कार्य में योगदानकर्ता थीं। उन्होंने एनओएचपी के तहत जिला अस्पतालों में दंत प्रयोगशाला की स्थापना के लिए संचालन दिशा-निर्देश के विकास में मदद की।

कनिष्ठ/वरिष्ठ रेजिडेंट

डॉ एम. इमैकुलेट जोना ने इंडियन सोसाइटी ऑफ डेंटल ट्रॉमेटोलॉजी, वर्चुअल सम्मेलन, अक्तूबर, 2020 में "ग्लोबल स्टेटस ऑफ नॉलेज फोर दी प्रीवेंशन एंड एमरजेंसी मैनेजमेंट ऑफ ट्रामेटिक डेंटल इंजरीज अमंग नॉन-डेंटल हैल्थकेयर प्रोफेशनल्स: ए सिस्टमेटिक रिव्यू एंड मेटा-एनालिसिस" विषय पर व्यवस्थित समीक्षा में पहला स्थान हासिल किया। **डॉ मोहम्मद आतिफ** ने इंडियन सोसाइटी ऑफ डेंटल ट्रॉमेटोलॉजी, वर्चुअल कॉन्फ्रेंस, अक्टूबर 2020 में "वेरियस यूज ऑफ फाईनाईट एलीमेंटल एनालिसिस इन टीडीआई- ए सिस्टमेटिक रिव्यू" विषय पर व्यवस्थित समीक्षा में दूसरा स्थान (संकाय श्रेणी) प्राप्त किया। **डॉ रिया मैरी जॉनसन** ने इंडियन सोसाइटी ऑफ डेंटल ट्रॉमेटोलॉजी, वर्चुअल कॉन्फ्रेंस, अक्टूबर 2020 में "ग्लोबल स्टेटस ऑफ नॉलेज फोर दी प्रीवेंशन एंड एमरजेंसी मैनेजमेंट ऑफ ट्रामेटिक डेंटल इंजरीस इन स्पोर्ट पर्सन्स एण्ड कोचेस: ए सिस्टमेटिक रिव्यू" विषय पर व्यवस्थित समीक्षा में दूसरा स्थान हासिल किया। डॉ **रिग्ज़ेन टैमचोस** ने इंडियन सोसाइटी ऑफ पेडोडोंटिक्स एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री वर्चुअल कॉन्फ्रेंस (पेडोविरकॉन), जनवरी 2021 में "कंपेरेटिव इवेल्यूएशन ऑफ फ्रेक्चर रेसिस्टेंस यूजिंग थ्री प्रोटोकॉल फोर मैनेजमेंट ऑफ टीथ विद फेल्ड फ्रेग्मेंट रिअटेचमेंट" विषय पर मूल शोध श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

10.3. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल

सं.रो.कैं.अ. प्रमुख एवं एनसीआई अध्यक्ष

जी.के. रथ

(विकिरण अर्बुदविज्ञान)

<u>अस्पताल प्रशासन</u>

आचार्य एवं चिकित्सा अधीक्षक

सिद्धार्थ सतपति

सह-आचार्य एवं पीओ (एनसीआई)

एंजेल राजन सिंह

सहायक आचार्य

अब्दुल हाकिम चौधरी | लक्ष्मी तेज वुंदावल्ली | शीतल सिंह

<u>चिकित्सा अर्बुदविज्ञान</u>

आचार्य एवं अध्यक्ष

ललित कुमार

आचार्य

अतुल शर्मा | समीर बख्शी

सह-आचार्य

अजय गोगिया | रणजीत कुमार साहू | प्रभात सिंह मलिक | समीर रस्तोगी

सहायक आचार्य

राजा प्रमाणिक | अतुल बत्रा | सचिन खुराना | दीपम पुष्पम

चंद्र प्रकाश | थौदाम देबराज सिंह | मयंक सिंह | आकाश झा

सहायक आचार्य (संविदात्मक)

चेतन विनोद शर्मा | बबीता कटारिया

<u>विकिरण अर्बुदविज्ञान</u>

आचार्य एवं अध्यक्ष

डी.एन. शर्मा

आचार्य

सुमन भास्कर | सुष्मिता पथी

अपर आचार्य

सुभाष गुप्ता | हरेश के.पी.

सह-आचार्य

रंभा पांडे　　अहितान्गी बिस्वास

सहायक आचार्य

सुरेंद्र कुमार सैनी　　अमन शर्मा　　सुप्रिया मल्लिक　　प्रीति चौधरी

शल्यक अर्बुदविज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

एस.वी.एस. देव

अपर आचार्य

सुनील कुमार　　एम.डी. रे

सहायक आचार्य

आशुतोष मिश्रा　　संदीप कुमार भोरीवाल　　ज्योति शर्मा

सहायक आचार्य (संविदात्मक)

नवीन कुमार　　ज्योतिषमन साकिया　　बाबुल बंसल　　रघुराम आर.

अर्बुद-संवेदनाहरण एवं प्रशामक चिकित्सा

आचार्य एवं अध्यक्ष

सुषमा भटनागर

आचार्य

सीमा मिश्रा

अपर आचार्य

राकेश गर्ग　　निष्कर्ष गुप्ता　　विनोद कुमार　　सच्चिदानंदजी भारती

सहायक आचार्य

ब्रजेश कुमार रात्रे　　अनुजा पंडित　　सौरभ विग

श्वेता भोपाले　　बलबीर कुमार

सहायक आचार्य (संविदात्मक)

राम कुमार　　स्वाति भान　　प्रशांत सिरोहिया

विकिरण निदान

आचार्य

संजय थुलकर

अपर आचार्य

एस. एच. चंद्रशेखर

सह-आचार्य

मुकेश कुमार यादव   एकता धमीजा

सहायक आचार्य

कृतिका रंगराजन

सहायक आचार्य (संविदात्मक)

संचिता साहा   अबंति दास   चंदन कुमार पाल   संजय कुमार मीणा

<u>प्रयोगशाला अर्बुदविज्ञान</u>

आचार्य

ऋतु गुप्ता

अपर आचार्य

संजीव कुमार गुप्ता   अनीता चोपड़ा   प्रणय तंवर   अमर रंजन सिंह

सहायक आचार्य

स्मिता जी.

सहायक आचार्य (संविदात्मक)

तनिमा द्विवेदी   नुपुर दास

<u>चिकित्सा भौतिकी</u>

आचार्य एवं अध्यक्ष

प्रतीक कुमार

<u>निवारक अर्बुदविज्ञान</u>

सहायक आचार्य

पल्लवी शुक्ला   हरि कृष्ण राजू सगीराजू   जितेंद्र कुमार मीणा

प्रशासनिक अधिकारी

विपिन प्रकाश

वित्त एवं मुख्य लेखा अधिकारी

पदम सिंह

सहायक भंडार अधिकारी

हेमंत कुमार

डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ. में संकाय-सदस्यों तथा पदाधिकारियों की कुल संख्या

संकाय सदस्य	55
रेजिडेंट डॉ.क्टर	101
समूह 'क' अधिकारी	36
समूह 'ख' अधिकारी	396
समूह 'ग' अधिकारी	111
अंशकालिक सोशल गाइड	06
आउटसोर्स हाउसकीपिंग स्टाफ	174
आउटसोर्स सुरक्षा कर्मचारी	84
आउटसोर्स डेटा एंट्री ऑपरेटर	36
आउटसोर्स स्वच्छता कर्मचारी	81
आउटसोर्स फायर कर्मचारी	09

विशिष्टताएँ

अर्बुद संवेदनाहरण एवं प्रशामक चिकित्सा

अर्बुद संवेदनाहरण और प्रशामक चिकित्सा विभाग में डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ. (डॉ. सुषमा भटनागर, डॉ. सीमा मिश्रा, डॉ. राकेश गर्ग, डॉ. निष्कर्ष गुप्ता, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सच्चिदानंदजी भारती, डॉ. ब्रजेश कुमार रात्रे) में सात पूर्ण रूप से प्रशिक्षित संकाय-सदस्य हैं। एनसीआई में सात संकाय सदस्य (डॉ. अनुजा पंडित, डॉ. सौरभ विग, डॉ. बलबीर कुमार, डॉ. श्वेता भोपाले, डॉ. स्वाति भान, डॉ. राम कुमार और डॉ. प्रशांत सिरोहिया) हैं। वे अर्बुद संवेदनाहरण, गहन उपचार, दर्द एवं प्रशामक उपचार हेतु सेवाएं प्रदान करते हैं। ये सभी पेशेवर रूप से योग्य एनेस्थेसियोलॉजिस्ट और (गंभीर उपचार) क्रिटिकल केयर चिकित्सक हैं तथा इन्होंने दर्द एवं अन्य लक्षण संबंधी उपचार के लिए संदर्भित उन्नत कैंसर रोगियों में प्रशामक चिकित्सा कर्मियों के रूप में अनुभव प्राप्त किया है।

हमारे विभाग का लक्ष्य कैंसर के रोगियों के लिए रोग निवारक (क्यूरेटिव) तथा प्रशामक (पैलिएटिव)- दोनों प्रकार का अत्याधुनिक एवं व्यापक उपचार प्रदान करना है। इसमें विभिन्न नैदानिक इंटरवेंशन, शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं, दर्द और प्रशामक प्रक्रियाओं के लिए सेवाएं शामिल हैं। विभाग तीव्र एवं जीर्ण दर्द के लिए चौबीसों घंटे सेवाएं प्रदान करता है। विभाग में गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए छह बिस्तरों वाला गंभीर उपचार एकक है और इसके साथ ही अर्बुदविज्ञान रोगियों के प्रशामक उपचार के लिए छह बिस्तरों वाला प्रशामक उपचार वार्ड भी है। विभाग में नियमित शैक्षणिक गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं तथा रोगियों के लिए प्रस्तावित लाभों हेतु कैंसर दर्द, प्रशामक उपचार और पेरिऑपरेटिव मेडिसिन के क्षेत्र में विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों का संचालन भी किया गया है। विभाग ने प्रोटोकॉल विकसित किया है और बेहतर रोगी उपचार हेतु एसओपी की संरचना की है। विभाग, नियमित आधार पर सी.एम.ई., सम्मेलन और कार्यशालाओं का आयोजन करता है।

दिल्ली कैंसर रजिस्ट्री (डीसीआर)

दिल्ली कैंसर रजिस्ट्री एक आबादी आधारित कैंसर रजिस्ट्री है जो 172 से अधिक सरकारी या निजी अस्पतालों/केंद्रों और 250 नर्सिंग होम तथा एम.सी.डी. और एन.डी.एम.सी. के महत्वपूर्ण सांख्यिकी प्रभाग से कैंसर रोगियों के आंकड़े एकत्र करती है तथा दिल्ली के शहरी निवासियों के बीच कैंसर की विभिन्न घटनाओं की रिपोर्ट करती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार यह रजिस्ट्री दिल्ली की जनसंख्या का 97.5% हिस्सा कवर करती है। 1988 में जब रजिस्ट्री की स्थापना की गई थी, तब इसने कैंसर के 5,854 नए मामले दर्ज किए थे। पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के नए मामले बढ़ रहे हैं और 2014 में पंजीकृत घटनाओं की संख्या 20,446 मामले (10,589 पुरुष और 9,857 महिलाएं) थी। दिल्ली के पुरुषों में कैंसर आमतौर पर फेफड़े, मुंह, प्रोस्टेट, जीभ और स्वरयंत्र में होता है और महिलाओं में कैंसर के सामान्य अंग स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, अंडाशय, पित्ताशय की थैली और कॉर्पस गर्भाशय हैं। दोनों लिंगों के लिए कैंसर के निदान की औसत आयु लगभग 55 वर्ष है। कैंसर के शीर्ष 10 अंगों के अंतर्गत क्रमशः पुरुषों और महिलाओं में कुल कैंसर के मामलों का 55.7% और 69.5% हिस्सा शामिल है। रजिस्ट्री द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट का चिकित्सा छात्रों, शोधकर्ताओं, सरकारी संगठनों आदि द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है।

प्रयोगशाला अर्बुदविज्ञान

प्रयोगशाला अर्बुदविज्ञान, रक्त एवं अस्थि मज्जा मोर्फोलॉजी तथा प्रवाह साइटोमेट्रिक इम्यूनोफेनोटाइपिंग का उपयोग करके ल्यूकिमिया निदान प्रदान करने की एक उन्नत कैंसर प्रयोगशाला है। नियमित नैदानिक अनुप्रयोगों के अतिरिक्त, न्यूनतम अवशिष्ट रोग (एमआरडी) का पता लगाने, मोनोक्लोनल एंटीबॉडी के लिए चिकित्सीय निगरानी, सीएसएफ, शरीर द्रव और फाइन नीडिल एस्पिरेट इम्यूनोफेनोटाइपिंग जैसी विशेष सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा, प्रयोगशाला ने एनसीआई, झज्जर में रोबोटिक कोर लैब में चौबीसों घंटे सेवाएँ प्रदान कर तथा रखरखाव करने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। कोविड-19 महामारी के दौरान, हमारी प्रयोगशाला ने एम्स, नई दिल्ली में काम करने वाले सभी स्वास्थ्यकर्मियों के लिए कोविड-19 एंटीबॉडी के स्वैच्छिक परीक्षण की व्यवस्था की एवं प्रदान की। प्रयोगशाला अर्बुदविज्ञान एकक कई इंट्राम्यूरल, एक्स्ट्राम्यूरल, अंतर-संस्थागत और अंत:-संस्थागत अनुसंधान परियोजनाओं एवं अनुसंधान सहयोग में सक्रिय रूप से शामिल रहा है और पिछले 5 वर्षों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 250 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित किए हैं। विभिन्न अंतर-संस्थागत सहयोगों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी, दिल्ली), भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी, दिल्ली), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी (एनआईआई), जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, दिल्ली; इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी), नई दिल्ली, एनआईपीसीआर-नोएडा, और एनआईओपी- सफदरजंग शामिल हैं।

चिकित्सा अर्बुदविज्ञान

चिकित्सा अर्बुदविज्ञान विभाग अपने उच्च-स्तरीय शैक्षणिक कार्यक्रम, व्यस्त नैदानिक सेवा (अंतः रोगियों एवं बाह्य रोगियों दोनों प्रकार के रोगियों में) और अनुसंधान गतिविधि के लिए जाना जाता है। इसके शैक्षणिक कार्यक्रम पीएचडी, डीएम और बीएमटी फैलोशिप बहुत प्रतिस्पर्धात्मक हैं और ये अत्यंत

लोकप्रिय हैं। विभाग ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी आकर्षित करता है। पिछले एक वर्ष में, चिकित्सा अर्बुदविज्ञान प्रयोगशाला के बुनियादी ढांचे तथा रोगियों के उपचार के साथ-साथ अनुसंधान से सीधे तौर पर संबंधित नई प्रयोगशाला सेवाओं की स्थापना करने के रूप में महत्वपूर्ण विकास कार्य हुआ है। प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशन, अनुसंधान अनुदान और संकाय-सदस्यों तथा वैज्ञानिकों एवं विभिन्न एजेंसियों द्वारा मान्यता उनके गुणवत्तापूर्ण योगदान के साक्षी हैं। कोविड महामारी के बावजूद, हमारे विभाग ने कुछ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। यह सब विभाग के सभी सदस्यों के कड़े परिश्रम तथा ईमानदार प्रयासों से संभव हुआ है। नैदानिक अनुसंधान कर्मचारियों और प्रयोगशाला के लिए स्थान की कमी लगातार एक बाधा बनी हुई है।

इस कोविड-19 महामारी के दौरान, हमारा चिकित्सा अर्बुदविज्ञान विभाग पूरे वर्ष लगातार सभी आवश्यक कैंसर रोगी उपचार सेवाएं और ओपीडी प्रदान करता रहा है। हमारे संकाय-सदस्य, झज्जर में नव स्थापित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान को भी अपनी सेवाएं और परामर्श प्रदान कर रहे हैं।

वर्ष 2020-2021 के दौरान चिकित्सा अर्बुदविज्ञान विभाग में उपचारित रोगियों की संख्या

क्रम संख्या		2020-21
1.	अंतरंग रोगियों के रूप में उपचारित रोगी	6002
2.	डे-केयर केन्द्र में उपचारित रोगी	22223
3.	चिकित्सा प्रक्रियाएँ	4265
4.	बाह्य रोगी कीमोथेरेपी	7477
5.	बाह्य रोगी आईवी एंटीबॉडीज़	14302
6.	हेमेटोपोइटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण	92

चिकित्सा अर्बुदबिज्ञान (प्रयोगशाला) में रोगी उपचार सेवाएं

क्रम		2020-21
1.	फिलाडेल्फिया क्रोमोसोम का पता लगाने के लिए साइटोजेनेटिक्स	237
2.	चिमेरिज्म के लिए साइटोजेनेटिक्स	02
3.	सीएमएल में पी210 और पी190 ट्रांसलोकेशन (गुणात्मक) का पता	100
4.	सीएमएल में पी210 और पी190 ट्रांसलोकेशन (मात्रात्मक) का पता	428
5.	फ्लो साइटोमीट्री द्वारा सीडी 34 गणना	243
6.	फ्लो साइटोमीट्री द्वारा सीडी 3 गणना	26
7.	एमएनसी गणना	13
8.	स्टेम सेल का क्रायोप्रिजर्वेशन -80° सेल्सियस	91
9.	-4° सेल्सियस पर स्टेम सेल का भंडारण	56
10.	स्टेम सेल इनफ्यूज़न	135
11.	स्टेम सेल की व्यवहार्यता	136

12.	एसपरजिलोसिस का पता लगाने के लिए एलिसा	952
13.	मैग्नीशियम	49
14.	एलडीएच	461
15.	ईबीवी का पता लगाने के लिए ईबीवी डीएनए का पता लगाना	10

अफेरिसेस प्रयोगशाला (2020-21)

क्रम संख्या		2020-21
1.	पीबीएससी हार्वेस्ट्स	134
2.	एसडीपी अफेरिसेस	1609
3.	ग्रेनुलोसाइट अफेरिसेस	82
4.	हीमोग्राम	12958

चिकित्सा भौतिकी विज्ञान

चिकित्सा भौतिकी विज्ञान एकक (एमपीयू) एम्स और एनसीआई, झज्जर के लगभग 15 विभागों में कार्य करता है जो विभिन्न रोगों के निदान और उपचार के लिए एक्स-रे आधारित चिकित्सा इमेजिंग का उपयोग करते हैं। इनमें से कुछ विभाग, विभिन्न प्रयोगशाला परीक्षणों के लिए रेडियोधर्मिता का उपयोग करते हैं। एमपीयू ने परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड, मुंबई द्वारा सभी एक्स-रे उत्सर्जक चिकित्सा इमेजिंग उपकरणों को उचित रूप से लाइसेंस प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें पर्याप्त परिरक्षण के साथ एक्स-रे प्रतिष्ठानों के उचित लेआउट की आवश्यकता, उनकी प्रारंभिक स्वीकृति परीक्षण और बाद में आवधिक गुणवत्ता आश्वासन परीक्षण, उनके जीवन चक्र के दौरान विकिरण सुरक्षा सर्वेक्षण और अंत में डी-कमीशनिंग शामिल हैं। हम इन विभागों को विकिरण सुरक्षा, लेड एप्रन और थायरॉइड कॉलर जैसे विकिरण सुरक्षा उपकरणों के परीक्षण, जो इन विभागों में उपयोग किए जाते हैं और व्यावसायिक कर्मियों, रोगियों और गर्भावस्था में अनजाने विकिरण जोखिम के विषय में परामर्श देते हैं। वर्ष 2020-2021 के दौरान, हमने 3083 मेजरमेंट्स, जांच, प्रयोग और रक्ताधान हेतु रक्त की थैलियों के रेडिएशन स्टर्लाइजेशन किए।

निवारक अर्बुदविज्ञान

निवारक अर्बुदविज्ञान ने आईआरसीएच में आने वाले रोगियों और परिचरों के लिए कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आरंभ किया। हमने स्वास्थ्य प्रोत्साहन अभियान के तहत कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए कैंसर जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। महिला पुलिसकर्मियों के लिए कैंसर जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। अंतरविभागीय और बहुकेंद्रित सहयोग के माध्यम से पित्ताशय, गर्भाशय ग्रीवा, स्तन, प्रोस्टेट और डिम्बग्रंथि जैसे कैंसर के महामारी विज्ञान और आनुवंशिकी को समझने के लिए विभिन्न शोध परियोजनाएं शुरू की गईं। इसके अलावा विभाग ने सार्स कोव-2 में अनुसंधान शुरू किया।

विकिरण निदान

कोविड-19 महामारी के चुनौतीपूर्ण समय में, हमारे विभाग ने नैदानिक कार्य के साथ-साथ कोविड-19 उपचार से जुड़े अनुसंधान में रुचि ली और कैंसर रोगियों को निर्बाध नियमित रोगी उपचार सेवाएं भी

प्रदान कीं। डॉ. बी.आर.ए.आई.आर.सी.एच. में काम के अलावा, एनसीआई-एम्स, झज्जर में देखे गए कोविड-19 रोगियों को रेडियोलॉजी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन सेवाएं प्रदान करने के लिए विभागीय संकाय-सदस्यों ने भी रोटेशन में कार्य किया। उन्होंने कोविड-19 उपचार में आईआईटी-दिल्ली के सहयोग से रेडियोग्राफ के विश्लेषण, और रेडियोग्राफ के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास और टेली-रोबोट अल्ट्रासाउंड स्कैनिंग उपकरण के विकास से जुड़े अनुसंधान में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमारी कैंसर उपचार सेवाएं कोविड-19 के दौरान भी नैदानिक कार्यभार के लगभग सामान्य स्तर पर निर्बाध रूप से जारी रहीं।

विभाग ने एनसीआई-एम्स, झज्जर में नए रेडियोलॉजी उपकरणों की स्थापना और कामकाज और प्रोटोकॉल तैयार करने में गहन रूचि ली एवं परामर्श प्रदान किया। विभाग ने विशेष रूप से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकृतियों, फेफड़ों के कैंसर और सरकोमा के संबंध में साप्ताहिक बहु-विषयक चर्चा/ट्यूमर बोर्ड आयोजित किए। साथ ही, इस वर्ष के दौरान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के साथ-साथ अन्य विभागों के साथ कार्यशालाओं के आयोजन में भी सक्रिय भागीदारी रही।

विकिरण अर्बुदविज्ञान

वर्ष 2020-21 में सारा विश्व भीषण कोविड-19 संक्रमण तथा मानव जीवन पर इसके शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रभाव से परेशान रहा। भारत अपने विशाल भूगोल और बड़ी आबादी के कारण काफी हद तक प्रभावित हुआ था। इस प्रकार के संकट में एक शीर्ष संस्था से जनता की अपेक्षाएं जुड़ी हुई हैं। विभाग ने समय से कोविड-19 उपचार में अपनी कार्यक्षमता का योगदान दिया और साथ ही मध्यम से गंभीर कोविड -19 रोगियों में विकिरण की भूमिका की खोज की। साथ ही इसने कोविड-19 उपयुक्त प्रोटोकॉल के साथ कैंसर रोगियों के लिए विकिरण उपचार जारी रखा। विभाग कोविड-19 उपचार से संबंधित शैक्षिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है।

शल्यक अर्बुद विज्ञान

कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2020-21 बेहद चुनौतीपूर्ण था। इस महामारी ने विभाग की रोगी उपचार सेवाओं, शैक्षणिक और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावित किया है। शल्यक अर्बुदविज्ञान विभाग ने बुनियादी ढांचे, मशीन एवं उपकरण तथा मानव संसाधन के लिए योगदान देकर एम्स और एनसीआई में कोविड-19 रोगियों के उपचार के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विभाग ने कोविड महामारी के दौरान कैंसर उपचार के लिए दिशानिर्देश विकसित किए हैं और स्टाफ सदस्यों के लिए संशोधित संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं। विभाग ने महामारी के दौरान कैंसर की उपचार करना जारी रखा और आपातकालीन एवं वैकल्पिक कैंसर सर्जरी का कार्य किया तथा 1000 से अधिक प्रमुख कैंसर सर्जरी को सफलतापूर्वक संपन्न किया। हमने स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम को जारी रखने के लिए वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर नवीन शिक्षण विधियों की शुरुआत की। विभाग ने कई सहयोगी अनुसंधान परियोजनाएं शुरू की हैं और वर्चुअल अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। विभाग 12 वित्तपोषित अनुसंधान परियोजनाओं, 17 विभागीय परियोजनाओं और 19 सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं में शामिल रहा। वैज्ञानिक पत्रिकाओं में संकाय सदस्यों और रेजिडेंट्स द्वारा कुल 53 मूल शोध-आलेख प्रकाशित किए गए। 3344 नैदानिक और

चिकित्सीय एंडोस्कोपी प्रक्रियाओं और मामूली कैंसर सर्जरी के साथ-साथ कोविड-19 प्रभावित वर्ष के दौरान कुल 977 जटिल बड़ी कैंसर सर्जरी संपन्न की गई।

शिक्षा

अर्बुद संवेदनाहरण एवं प्रशामक चिकित्सा

विभाग सफलतापूर्वक दो शैक्षणिक पाठ्यक्रम: डीएम एवं एमडी संचालित कर रहा है। पहले बैच को जनवरी 2016 में दाखिला दिया गया था। विभाग, वर्ष में दो बार - जून और नवंबर के महीनों में प्रशामक उपचार में सर्टिफिकेट कोर्स और मार्च के महीने में वर्ष में एक बार प्रशामक उपचार पर फाउंडेशन पाठ्यक्रम का भी आयोजन करता है।

विभागीय संगोष्ठी	प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार सुबह 8-9 बजे (वर्चुअल तौर पर)
आईआरसीएच सेमिनार	प्रत्येक गुरुवार सुबह 8.30-9.30 बजे (वर्चुअल तौर पर)
ट्यूटोरियल:	प्रत्येक मंगलवार 3-5 अपराह्न (वर्चुअल तौर पर)
रेडियो सम्मेलन	हर शनिवार सुबह 9-10 बजे (वर्चुअल तौर पर)
जर्नल क्लब/ऑडिट/केस डिस्कशन	प्रत्येक शनिवार को दोपहर 10-12 बजे। (वर्चुअल तौर पर)

प्रयोगशाला अर्बुदविज्ञान

प्रयोगशाला अर्बुदविज्ञान एकक संस्थान के शैक्षणिक कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल है और वर्तमान में अन्य विभागों के डिग्री कार्यक्रमों की सहायता करता है तथा एम्स में विभिन्न पाठ्यक्रमों के रेजिडेंट डॉ.क्टरों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करता है जैसे पैथोलॉजी, प्रयोगशाला चिकित्सा और बाल चिकित्सा में एमडी; चिकित्सा अर्बुदविज्ञान और हेमेटो-पैथोलॉजी में डीएम; प्रयोगशाला अर्बुदविज्ञान और चिकित्सा अर्बुदविज्ञान में पीएचडी विद्यार्थी; अल्पकालीन प्रशिक्षु और ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण फैलो।

चिकित्सा अर्बुदविज्ञान

कुल 2 पीएचडी विद्यार्थियों (शिवली जे. और मीनाक्षी एम.) को डॉ.क्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

चिकित्सा अर्बुदविज्ञान विभाग निम्नलिखित कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक चला रहा है:

1. डीएम कार्यक्रम
2. चिकित्सा अर्बुदविज्ञान में पीएचडी
3. बीएमटी फैलोशिप
4. ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप/प्रशिक्षण

नियमित कक्षाएं और सेमिनार

विभागीय संकाय संगोष्ठी	प्रत्येक सोमवार सुबह 8.30-9.30 बजे
जर्नल क्लब/केस चर्चा	प्रत्येक बुधवार सुबह 8.30-9.30 बजे
आईआरसीएच संगोष्ठी	प्रत्येक गुरुवार सुबह 8.30-9.30 बजे
आणविक अर्बुदविज्ञान कक्षा	प्रत्येक मंगलवार दोपहर 2.00-3.00 बजे

चिकित्सा भौतिकी

चिकित्सा भौतिकी एकक ने एमडी रेडियोलॉजी, एमबीबीएस और रेडियोग्राफी एवं नर्सिंग के बीएससी (ऑनर्स) के विद्यार्थियों को मेडिकल इमेजिंग की रेडिएशन फिजिक्स, उनके ऑपरेशन के दौरान रेडिएशन प्रोटेक्शन, रेडिएशन डोज मेज़रमेंट और मेडिकल इमेजिंग में गुणवत्ता निश्चित करने के विषय में शिक्षण असाइनमेंट संचालित किए। वर्तमान में 3 पीएचडी विद्यार्थी विभाग में अपना शोध कार्य कर रहे हैं।

निवारक अर्बुदविज्ञान

शिक्षण

1. अंतर-विभागीय सेमिनार : 19
2. आईआरसीएच के डीएम विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान: अर्बुदविज्ञान में तंबाकू निषेध
3. सामान्य कैंसर पर आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) सामग्री का विकास
4. एम्स की वेबसाइट पर प्रकाशित कोविड संबंधी अध्ययनों की सामग्री समीक्षा
5. सामुदायिक नेत्र विज्ञान के अनुसंधान कर्मचारियों के लिए "महामारी विज्ञान और सांख्यिकी" पर व्याख्यान श्रृंखला

विकिरण निदान

संकाय-सदस्यों ने स्नातक, स्नातकोत्तर और सुपरस्पेशलिटी शिक्षण, रेडियो-सम्मेलन, ट्यूमर बोर्ड बैठक, क्लिनिकल संयुक्त राउंड, क्लिनिकल ग्रैंड राउंड में भाग लिया। संकाय-सदस्यों ने आईआरसीएच और संस्थान में आयोजित विभिन्न संगोष्ठियों और सीएमई में भी भाग लिया। इन गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कोविड महामारी के वर्तमान परिदृश्य के अनुसार ऑनलाइन मोड में संपन्न किया गया था।

शल्यक अर्बुदविज्ञान

विभाग ने निम्नलिखित शैक्षिक सत्र आयोजित किए हैं:

क) स्नातकपूर्व शिक्षण: संकाय-सदस्यों ने शिक्षाप्रद व्याख्यान देकर और अर्बुदविज्ञान संबंधी विषयों पर संगोष्ठी में भाग लेकर/ संगोष्ठियों को संचालित करके स्नातकपूर्व शिक्षण में योगदान किया।

ख) स्नातकोत्तर शिक्षण: संकाय-सदस्य, एमसीएच शल्यक अर्बुदविज्ञान के 16 विद्यार्थियों और शल्यक अर्बुदविज्ञान के 11 वरिष्ठ रेजिडेंट्स, डीएम मेडिकल अर्बुदविज्ञान रेजिडेंट्स और एमडी रेडियोथेरेपी जूनियर रेजिडेंट्स के शिक्षण और प्रशिक्षण में शामिल रहे। इसके लिए उन्होंने वार्ड राउंड के दौरान और आईआरसीएच के विशेष कैंसर क्लीनिकों में डिडक्टिक व्याख्यान, संगोष्ठी, जर्नल क्लब आदि का संचालन और नैदानिक शिक्षण किया। संकाय-सदस्यों ने एमसीएच शल्यक अर्बुदविज्ञान, डीएम मेडिकल अर्बुदविज्ञान, एमडी विकिरण निदान, एमडी रेडिएशन अर्बुदविज्ञान थीसिस परियोजनाओं और पीएचडी परियोजनाओं के लिए डॉ. बीआरए

आईआरसीएच और एम्स के विभिन्न विभागों के लिए गाइड और सह-गाइड के रूप में काम किया। संकाय-सदस्य रोटेशन पर, दंत शल्य चिकित्सा रेजिडेंट्स और एमसीएच स्त्री रोग अर्बुदविज्ञान प्रशिक्षुओं के शिक्षण और प्रशिक्षण में भी शामिल रहे।

ग) पैराक्लिनिकल शिक्षण/प्रशिक्षण: संकाय-सदस्य, एमएससी नर्सिंग अर्बुदविज्ञान के विद्यार्थियों के शिक्षण में शामिल रहे।

सीएमई / कार्यशाला / संगोष्ठी / राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

अर्बुद-संवेदनाहरण एवं प्रशामक चिकित्सा

1. प्रशामक उपचार में आईएपीसी सर्टिफिकेट कोर्स, जुलाई और दिसंबर 2020, डॉ. बीआरए आईआरसीएच, एम्स, वर्चुअल रूप से
2. आईएपीसी काउंसलर, फिजियोथेरेपिस्ट कोर्स, अक्टूबर 2020, डॉ. बीआरए आईआरसीएच, एम्स, वर्चुअल रूप से
3. विश्व हॉस्पाइस दिवस, 8 अक्टूबर, 2020, डॉ. बीआरए आईआरसीएच, एम्स, वर्चुअल रूप से
4. विश्व कैंसर दिवस 2021, 01 फरवरी 2021, वर्चुअल रूप से

शल्यक अर्बुदविज्ञान

1. युवा सर्जनों के लिए रोबोटिक सर्जरी प्रशिक्षण कार्यशाला "आरओपीई" विभाग द्वारा "इंट्यूटिव सर्जिकल्स - डेविन्सी रोबोटिक सिस्टम" के सहयोग से वर्चुअल कार्यक्रम के रूप में 29 और 30 सितंबर और 17-19 नवंबर 2020 को आयोजित की गई। पूरे देश से पंजीकृत कुल 100 प्रतिनिधियों और 5 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संकाय-सदस्यों ने शिक्षण संकाय के रूप में भाग लिया।
17. टेलीपरामर्श की स्थापना और संचालन में कंप्यूटर सुविधा की सहायता।
18. जेपीएनएटीसी, एम्स के लिए 10 केएल क्षमता के एक नए तरल ऑक्सीजन भंडारण टैंक का प्रावधान।
19. जेपीएनटीसी कोविड अस्पताल का प्रबंधन इसके अपर चिकित्सा अधीक्षक के रूप में किया
20. 53 वार्ड बेड (जेपीएनएटीसी में 24 और बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी में 29) और 21 वार्ड बेड को आईसीयू बेड में अपग्रेड किया, कोविड प्रयोग के लिए 30 वार्ड बेड को ऑक्सीजन बेड में अपग्रेड किया
21. जेपीएनएटीसी में आईसीयू के रोगियों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था
22. नई ओपीडी में एक नया ईएचएस परामर्श क्षेत्र और फार्मेसी की योजना बनाई और स्थापित किया
23. नई ओपीडी में टीकाकरण क्षेत्र स्थापित करने में सहायता

24. एम्स ब्लड बैंक के साथ नई आरएके ओपीडी में 8 मार्च 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
25. अप्रैल 2020 से जून 2020 तक कोविड-19 की पहली लहर के दौरान एम्स के तीन सदनों के लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की।

महामारी की शुरुआत के दौरान गंभीर रूप से बीमार कोविड-19 रोगियों के लिए कोविड उपचार सुविधा और आईसीयू के निर्माण के लिए एक टीम सदस्य के रूप में सम्मिलित थे। कोरोना वायरस महामारी के दौरान इस वर्ष दो आईसीयू (32 बेड) में भर्ती कोविड-19 रोगियों को गंभीर उपचार सेवाएं प्रदान की गईं। कोविड आईसीयू के लिए कोविड क्रिटिकल केयर ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल तैयार करने में सम्मिलित थे। कोविड रोगियों के लिए आईसीयू के भीतर डायलिसिस की सुविधा प्रदान की गयी। अस्पताल की इमरजेंसी/आपात में कोविड-19 रोगियों के प्रवेश के दौरान कोविड की गंभीरता के आधार पर रोगियों के जाँच में सम्मिलित थे। गंभीर रूप से बीमार कोविड रोगियों के लिए समन्वित आहार और फिजियोथेरेपी सेवाएं भी प्रदान कीं। आईसीयू में रहने के दौरान कोविड रोगियों के परिवार के सदस्यों के साथ वार्तालाप में सम्मिलित।

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण घटनाएं

आचार्य राजेश मल्होत्रा को 26-28 अप्रैल 2019 को स्पाइन एंड ऑर्थोपेडिक बायोमैकेनिक्स पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के मध्य "कॉम्प्लेक्स स्पाइनल डिफॉर्मिटी वाले रोगियों के 3 डी गैट पैटर्न पर एटियलजि का प्रभाव और विकृति की शुरुआत" शीर्षक पेपर के लिए सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार से सम्मानित किया गया, नई दिल्ली। इसके साथ ही उन्हें 1 जुलाई 2019 को आईएमए, नई दिल्ली में डॉक्टर दिवस कार्य के अवसर पर विशिष्ट सेवाओं के लिए आईएमए डॉक्टर्स डे अवार्ड 2019 से सम्मानित किया गया। 7 अगस्त, 2019 को नई दिल्ली में मीडिया पार्टनर सीएनएन न्यूज 18 के साथ सीएमई एक्सीलेंस समिट और अवार्ड्स के मौके पर सीएमई एजुकेटर अवार्ड (व्यक्तिगत) से सम्मानित किया गया। एम्स, नई दिल्ली में 64 वें स्थापना दिवस कार्य के मध्य प्रदर्शनी श्रेणी- यूनिवर्सल हेल्थकेयर में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 25 सितंबर 2019। एम्स, नई दिल्ली में 2-14 सितंबर 2019 तक हिंदी सप्ताह उत्सव के दौरान हिंदी डिक्टेशन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अभिनव कुमार को इंटरनेशनल सेंटर ऑफ जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी (आईसीजीबीई), नई दिल्ली की एथिकल कमिटी के सदस्य के रूप में नामांकित किया गया था। चिकित्सा उपकरणों और चिकित्सा डिस्पोजेबल और उपभोग्य सामग्रियों पर आईसीएमआर एसएनसीएम उप-समिति में सदस्य के रूप में मनोनीत। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा पैरामेडिक्स और आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियनों के लिए प्री हॉस्पिटल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट कोर्स के पाठ्यक्रम विकास के लिए फैकल्टी सदस्य। सर्जिकल क्षेत्र के गुरुकुल के वार्षिक सम्मेलन के लिए रीसोर्स फैकल्टी के रूप में आमंत्रित: गुरूकुलकॉन -2020" 9-13 दिसंबर 2020 में "अमेरिकन कॉलेज

ऑफ सर्जन्स - इंडिया चैप्टर" के साथ सहयोग । एम्स पटना, बिहार में नियुक्ति की स्थायी चयन समिति, सह-चयनित सदस्य (ओबीसी प्रतिनिधि) के रूप में नामांकित। एक बहुराष्ट्रीय वैश्विक अध्ययन में सहयोगी के रूप में भाग लिया "कोविड सर्ज कोलेबरेट" जिसका उद्देश्य सार्स-कोविड-2 संक्रमित रोगी में वैकल्पिक और आपातकालीन सर्जरी में आदर्श समय था।

डॉ आदर्श कुमार को ढाका, बांग्लादेश में 2019-2021 के लिए इंडो-पैसिफिक एसोसिएशन ऑफ लॉ मेडिसिन एंड साइंस (आईएनपीएएलएमएस) के गवर्निंग काउंसिल सदस्य के रूप में चुना गया था । 2018-2021 के लिए इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ लीगल मेडिसिन के सहायक राजदूत नामांकित किए गए। जापान में दो साल के एक और कार्यकाल 2018-2020 के लिए एशिया पैसिफिक मेडिकोलीगल एसोसिएशन (एपीएमएलए) के सदस्य। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मेडिकोलीगल विशेषज्ञ; केंद्रीय जांच ब्यूरो के औषधीय विशेषज्ञ; राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) द्वारा मनोनीत मूल्यांकनकर्ता; राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा मनोनीत मूल्यांकनकर्ता; सदस्य, विभिन्न पत्रिकाओं के संपादकीय बोर्ड।

डॉ अमित गुप्ता को ट्रॉमा पर एशियाई सहयोग के शिक्षा समिति अध्यक्ष के रूप में नामांकित किया गया था ; राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ट्रॉमा केयर के विशेषज्ञ बोर्ड के संयोजक के रूप में मनोनीत। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चिकित्सा अधिकारियों के लिए आपातकालीन देखभाल प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षक के रूप में नामांकित। इंडियन जर्नल ऑफ सर्जरी के प्रबंध संपादक के रूप में नामांकित, यह स्प्रिंगर द्वारा समीक्षा किया गया जर्नल है और एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया की आधिकारिक पत्रिका है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, जीएचएस विभाग द्वारा जीवन रक्षक कौशल में जीवन समर्थन पाठ्यक्रम सम्मिलित करने के लिए अस्पतालों में तैनात मानव संसाधनों के संबंध में भर्ती नियमों के संशोधन के लिए सदस्य, समिति के रूप में नामांकित। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, जीएचएस विभाग द्वारा 3 केंद्र सरकार के अस्पतालों से पहचाने गए ट्रॉमा नर्स समन्वयकों के प्रशिक्षण के लिए तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने के लिए कार्यक्रम प्रभाग का समर्थन करने के लिए सदस्य नामांकित। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, जीएचएस विभाग द्वारा सभी केंद्रीय सरकारी अस्पतालों में मौजूदा आपातकालीन विभाग (दुर्घटना आपातकालीन विभाग / हताहत) की समीक्षा करने के लिए सदस्य, विशेषज्ञों की समिति के रूप में मनोनीत। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, जीएचएस विभाग द्वारा प्रशासनिक और वित्तीय निहितार्थ, पाठ्यक्रम और परिचालन दिशानिर्देशों सहित एमएससी ट्रॉमा नर्सिंग प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के लिए एमएससी ट्रॉमा नर्सिंग की रूपरेखा के लिए कोर समिति के रूप में मनोनीत । सदस्य, अंतर्राष्ट्रीय संबंध समिति: अमेरिकन एसोसिएशन फॉर सर्जरी ऑफ ट्रॉमा (एएएसटी), अमेरिकन कॉलेज ऑफ सर्जन - ट्रॉमा पर समिति, यूएसए 2018 - वर्तमान तक। सदस्य: एनआईएचएफडब्ल्यू अर्थात वरिष्ठ अस्पताल प्रशासकों के लिए स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए अस्पताल की तैयारी पर पाठ्यक्रम के लिए विशेषज्ञ समूह, 2018 - वर्तमान तक । सदस्य:

जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य आपात स्थिति के लिए अस्पताल की तैयारी पर प्रशिक्षण के लिए विशेषज्ञ समूह एनआईएचएफडब्ल्यू, 2018 - वर्तमान तक। सदस्य, अंटार्कटिक अभियान दल के लिए एम्स में मेडिकल/मनोवैज्ञानिक परीक्षा के लिए मेडिकल बोर्ड, 2016 से वर्तमान तक

डॉ आशीष बिंद्रा थीसिस पेपर "न्यूरोक्रिटिकल केयर सोसाइटी ऑफ इंडिया 2020 के सम्मेलन में प्रथम पुरस्कार। थीसिस पेपर" इंडियन सोसाइटी ऑफ न्यूरोएनेस्थिसियोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर (आईएसएनएसीसी) 2021 के सम्मेलन में तीसरा पुरस्कार।

डॉ बिप्लव मिश्रा एमसीएच ट्रॉमा सर्जरी और क्रिटिकल केयर के आंतरिक परीक्षक हैं; एम्स, ऋषिकेश में एमसीएच ट्रॉमा सर्जरी और क्रिटिकल केयर के लिए पाठ्यक्रम के विकास के लिए कोर कमेटी के सदस्य; एम्स, ऋषिकेश में अतिथि प्रोफेसर।

डॉ दीपक अग्रवाल जर्नल ऑफ पेरिफेरल नर्व सर्जरी (जेपीएनएस) के प्रधान संपादक हैं; इंडियन जर्नल ऑफ न्यूरोट्रॉमा (आईजेएनटी) के प्रधान संपादक।

डॉ दिनेश कुमार बगारिया 6 सितंबर 2020 को ट्रामा सर्जरी एंड क्रिटिकल केयर, एम्स, नई दिल्ली के विभाग द्वारा आयोजित "भारत में ट्रॉमा केयर में स्नातकोत्तर प्रशिक्षण: ट्रॉमा एंड एक्यूट केयर सर्जन - करियर पाथवे" पर वेब पैनल चर्चा के समन्वयक रहे। 25 सितम्बर 2020 को विज्ञान अकादमी के तत्वावधान में आयोजित वर्चुअल एएलटीसी कार्यशाला में "ट्रामा मूल्यांकन और प्रबंधन (टीएएम)" पाठ्यक्रम पूरा किया । 5-7 नवंबर 2020 को एम्स नई दिल्ली में (सर्जीकॉन) 2020 में फैकल्टी के रूप में भाग लिया। । सर्जरी विभाग, आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित वर्चुअल पीजी मास्टर की कक्षाओं में भाग लिया; 6 और 7 फरवरी 2021 को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय सत्र "वार्ड राउंड: ब्लंट ट्रॉमा एब्डोमेन" में परीक्षक के रूप में - । सहकर्मी समीक्षा की गई अनुक्रमित पत्रिका "ट्रामा" के लिए लेखों की समीक्षा की। "इंडियन जर्नल ऑफ सर्जरी" के लिए लेखों की समीक्षा की, इसके साथ ही 19 मई 2020 को चक्रवात अम्फान प्रभावित तरीय ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए त्वरित प्रतिक्रिया चिकित्सा टीम एम्स का हिस्सा।

डॉ गरिमा कछावा ने इंट्राम्यूरल परियोजना पर आधारित प्रस्तुति के लिए प्रशंसा पुरस्कार प्राप्त किया, जिसका शीर्षक था, "गर्भावस्था के मध्य ऑक्सीडेटिव तनाव संकेतकों और एंडोथेलियल क्रियात्मक आंकलन का मूल्यांकन और गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप के विकास के साथ परस्पर सहसंबंध: एक संभावित कोहोर्ट अध्ययन"। सर्वश्रेष्ठ पेपर के लिए प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके थीसिस पेपर को सर्वश्रेष्ठ पेपर के लिए डॉ सुनीता मित्तल के पदक से सम्मानित किया गया: जिसका विषय था “पीसीओएस के साथ युवा लड़कियों में मासिक धर्म चक्र विनियमन पर मायो-इनॉसिटोल और डी-चिरो-इनॉसिटोल संयोजन शीर्षक वाली सौम्य स्त्री रोग संबंधी स्थितियां - एक यादृच्छिक ओपन-लेबल अध्ययन, (कृतिका वी.एस.). उनका क्लीनिकल कार्य रेज़िडेंट्स द्वारा प्रस्तुत किया गया था और विषय

था “गर्भावस्था में ग्लेंज़मैन थ्रोम्बस्थेनिया: हर प्रसूति रोग विशेषज्ञ की समस्या”। सर्वश्रेष्ठ पेपर (जायसवाल पी) के लिए प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित। महामारी के दौर में लेबर रूम और वार्ड में भर्ती पर कोविड-19 स्क्रीनिंग प्रश्नावली के प्रभावों का मूल्यांकन करते हुए श्री एस भट्टाचार्य और गांगुली को विषय: विविध श्रेणी (डॉ.इप्सिता साहू) पर सर्वश्रेष्ठ पेपर मेडल सम्मानित किया गया।

डॉ ज्ञानिंदर पाल सिंह को एसएफ इंटरनेशनल द्वारा "सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। 9 दिसंबर 2020 को नए विज्ञान आविष्कारों (एनईएमआईएन-2020) पर अनुसंधान पुरस्कार। वह निम्नलिखित के लिए परीक्षक थे: एमडी एनेस्थिसियोलॉजी, दिल्ली विश्वविद्यालय; डीएम न्यूरोएनेस्थिसियोलॉजी, एससीटीआईएमएसटी, त्रिवेंद्रम; डीएम न्यूरोएनेस्थिसियोलॉजी, एम्स ऋषिकेश। उन्होंने निम्नलिखित थीसिस का मूल्यांकन किया: एमडी एनेस्थिसियोलॉजी, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़; डीएम न्यूरोएनेस्थिसियोलॉजी, निमहंस, बैंगलोर। 24-26 जनवरी 2021, चेन्नई से इंडियन सोसाइटी ऑफ न्यूरोएनेस्थिसियोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर (आईएसएनएसीसी2021- वर्चुअल) के 22 वें वार्षिक सम्मेलन में वैज्ञानिक सत्रों की अध्यक्षता की। दिल्ली न्यूरोलॉजिकल एसोसिएशन (वर्चुअल) के 23 वें वार्षिक सम्मेलन 5-7 से फरवरी 2021, नई दिल्ली में अध्यक्षता की।

डॉ केशव गोयल को एमडी एनेस्थिसियोलॉजी के लिए मध्य प्रदेश चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (एमपी) के बाहरी परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। प्रथम एनसीएसआई सम्मेलन (वर्चुअल) में नेशनल सोसाइटी (आईएसएनएसीसी) और एनसीएसआई 2020 से संबद्ध प्रथम एक्यूट न्यूरो केयर (एएनसी) के पाठ्यक्रम निदेशक सह राष्ट्रीय समन्वयक। एसएनएसीसी, यूएसए की प्रशिक्षु सम्बद्धता के सदस्य। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रेस्पिरेटरी एंड पल्मोनरी मेडिसिन के समीक्षक। आपातकालीन न्यूरोलॉजिकल लाइफ सपोर्ट (ईएनएलएस) - ‘प्रशिक्षक को प्रशिक्षित करें’ पाठ्यक्रम प्रशिक्षक प्रगाणन

डॉ कपिल देव सोनी को 2020-2021 के लिए क्रिटिकल केयर कम्युनिकेशंस (इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन का एक द्वि-मासिक न्यूज़लेटर) के संपादकीय बोर्ड (जर्नल स्कैन) के रूप में चुना गया था। उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की क्लीनिकल अनुसंधान पद्धति और साक्ष्य आधारित चिकित्सा, पूर्णकालिक फेलोशिप कार्यक्रम के लिए फैकल्टी के रूप में नियुक्त किया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में नामांकित कोविड-19 अस्पताल (एम्स ट्रॉमा सेंटर) की क्लीनिकल प्रबंधन टीम के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) कोविड प्रबंधन पर सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।

डॉ नरेंद्र चौधरी को भारत सरकार के एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) में दैनिक कोविड-19 रोगियों के विवरण और जनगणना की रिपोर्टिंग और अद्यतन करने के लिए जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में नोडल अधिकारी के रूप में नामांकित किया गया था। आईटीसी, एम्स नई दिल्ली द्वारा आयोजित 22-24 फरवरी 2021 से एएचए के बीएलएस और एसीएलएस प्रदाता पाठ्यक्रम में प्रशिक्षक

फैकल्टी के रूप में भाग लिया। सर्जिकल अनुशासन विभाग, एम्स, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "सर्जिकॉन 2020" में 06 नवंबर 2020 को मौखिक पत्र सत्र की अध्यक्षता की।

डॉ नवदीप सोखल ने निर्दिष्ट कोविड आईसीयू और कोविड कार्यस्थल में काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के लिए स्पष्ट और वाष्प मुक्त दृष्टि प्रदान करने के लिए और सुरक्षा से समझौता किए बिना, पंखे वाले स्वदेशी फॉगलेस चश्मे पेश किए।

डॉ नीरज कुमार फेलोशिप प्रोग्राम: (सीएमईटीआई - पार्ट टाइम क्लिनिकल रिसर्च मेथडोलॉजी एंड एविडेंस बेस्ड मेडिसिन) एम्स, नई दिल्ली में जनवरी 2019 सत्र में अध्ययन कर रहे है। एटीएलएस, एएनसी, एसीसीसी, एम्स - ईएम-सोनो, ऑटो के इंस्ट्रक्टर (फैकल्टी) .पेरीऑपरेटिव (आईसीयू+ओटी) सभी प्रकार के कोविड-19 रोगियों का प्रबंधन। पाठ्यक्रम निदेशक के रूप में शिक्षा की ऑनलाइन अल्ट्रासाउंड श्रृंखला (कक्षा-आईएसएनएसीसी समाज पहल) का आयोजन किया।

डॉ निरुपम मदान ने बिहार और नई दिल्ली राज्यों को कोविड परीक्षण के लिए सुविधाएं बनाने और पंजीकृत करने के लिए सलाह दी। भारत सरकार के लिए कोविड महामारी को ध्यान में रखते हुए प्रेशर स्विंग एब्सोर्पशन ऑक्सीजन एक्सट्रैक्टर्स के नियोजित प्रावधान के माध्यम से ग्रामीण भारत में ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए प्रस्तावित रणनीति की सलाह दी, जिसे तब से अनुमोदित और कार्यान्वित किया गया है।

डॉ पूर्वा माथुर लेबर रूम में संक्रमण नियंत्रण दिशानिर्देश विकसित करने के लिए थी। टास्क फोर्स की सदस्य रही हैं। 1 जुलाई, 2019 को संस्थागत स्वच्छता रैंकिंग के शुभारंभ के लिए एम्स की प्रतिनिधि। 31 जुलाई 2019 को दोपहर 2.30 बजे एम्स में बोर्ड रूम, उप-समितियों की बैठक के संबंध में 25 सितंबर 2019 को आयोजित होने वाले 64वें संस्थान दिवस कार्य की तैयारी का कार्य किया। 15 जुलाई, 2019 को थाई रूम, डब्ल्यूएचओ इंडिया, आरके खन्ना स्टेडियम में भारतीय प्राथमिकता रोगज़नक़ सूची (आईपीपीएल) को अंतिम रूप देने के लिए अनौपचारिक परामर्श में तकनीकी विशेषज्ञ। एम्स वार्षिक रिपोर्ट संकलन की सदस्य। 29 जुलाई 2019 को संस्थान दिवस प्रदर्शनी समिति के सदस्य, स्वास्थ्य देखभाल संक्रमण और रोगाणुरोधी प्रतिरोध की निगरानी, मेदांता अस्पताल। एम्स के निदेशक ने 16 अक्टूबर 2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे संकायाध्यक्ष के समिति कक्ष में आंतरिक सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा के लिए एक बाहरी विशेषज्ञ समीक्षा समिति का गठन किया। इस संबंध में वर्ष 2019-2020 के लिए 15 सहयोगात्मक अनुसंधान प्रस्ताव प्राप्त हुए, प्रत्येक प्रस्तावों के गुणों पर विस्तार से चर्चा की और वित्त पोषण के लिए 04 प्रस्तावों की सिफारिश की ।

ऋचा अग्रवाल को दीपंजन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रस्तुत महिला कोविड योद्धा पुरस्कार मिला।

डॉ समर्थ मित्तल को भारतीय ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन की कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया जो कि भारत का राष्ट्रीय अस्थि रोग संघ है। उन्हें दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने के लिए दिल्ली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य के रूप में चुना गया। एपीओए (एशिया पैसिफिक ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन) वाईएसएफ इंडिया चैप्टर के कोषाध्यक्ष के रूप में चुने गए। जेसीओटी (जर्नल ऑफ क्लिनिकल ऑर्थोपेडिक्स एंड ट्रॉमा) के एसोसिएट एडिटर के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो दिल्ली ऑर्थोपेडिक सोसाइटी की आधिकारिक पत्रिका है और एक पबमेड इंडेक्सेड जर्नल है। 27 और 28 नवंबर 2020 को आयोजित डीओएसीओएन 2020 में अंतर्राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता के लिए निर्णायक की भूमिका में रहे। एपीओए के युवा सर्जन फोरम इंडिया चैप्टर की दूसरी कांग्रेस का आयोजन 13 व 14 मार्च 2021 को किया गया। 2020 में डीओए के तत्वावधान में दिल्ली भर में पीजी के लिए साप्ताहिक ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया। 31 अक्टूबर 2020 को राष्ट्रीय फैकल्टी, भारत के रूप में एओ ट्रॉमा मास्टर्स हाइब्रिड कोर्स के लिए दिल्ली में आयोजन समिति के सदस्य - इसका विषय था 'घुटने के आसपास फ्रैक्चर, और इसे पूरे एशिया प्रशांत में एक साथ 8 अलग-अलग स्थानों पर में आयोजित किया गया।

डॉ संजीव लालवानी सदस्य हैं- शासी निकाय, केशव महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय 2020-21 (विस्तारित)। नोडल अधिकारी- खोज समिति- महाराष्ट्र के राज्यपाल द्वारा वीसी, एमयूएचएस नासिक नियुक्ति। संयोजक- विशेषता सलाहकार बोर्ड, एनबीई। सदस्य विद्यार्थी शिकायत निवारण समिति, एनबीई के रूप में नियुक्ति हुई है। फोर्टिस अस्पताल, वसंत कुंज में प्राधिकरण समिति के लिए सचिव, स्वास्थ्य, दिल्ली सरकार के प्रतिनिधि और टोहोटा 2011 के अंतर्गत डॉ बीएल कपूर अस्पताल दिल्ली के लिए लिंक अधिकारी। मार्च 2021 में शरीर दान में योगदान के लिए दधीचि देहदान समिति द्वारा सम्मानित। सदस्य विशेषज्ञ- एम्स जोधपुर में चयन समिति। सदस्य विशेषज्ञ-एम्स रायपुर में चयन समिति। सदस्य विशेषज्ञ- एम्स कल्याणी में चयन समिति। सदस्य विशेषज्ञ-एम्स हैदराबाद में चयन समिति। सदस्य विशेषज्ञ-सफदरजंग अस्पताल और वीएमएमसी में चयन समिति। यूसीएमएस/ आईसीएमआर में सदस्य विशेषज्ञ चयन समिति - 29 नवंबर 2021, 10 दिसंबर 2021, 3 जनवरी 2021।

डॉ शिल्पा शर्मा को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी 2020 की फैलोशिप से सम्मानित किया गया । स्टेम 2021-2025 में महिलाओं के लिए इंटर-अकादमी पैनल के लिए विज्ञान अकादमी सदस्य के रूप में नामांकित । कोविड-19 महामारी 2020 के दौरान समाज में योगदान के लिए नारी गौरव पुरस्कार 2020 से सम्मानित। ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने वाले पीडियाट्रिक सर्जन संघों के विश्व संगठन के विश्व परिषद सदस्य के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए वर्ष 2020-2022 के लिए चुनी गयी । उनका चयन वर्ष 2020-2022 के लिए हायपोस्पेडेसिस और डीएसडी की अंतर्राष्ट्रीय सोसाइटी

के एग्जेक्युटिव परिषद सदस्य के रूप में हुआ, उन्हें बाल चिकित्सा सर्जन के इंडियन एसोसिएशन की कार्यकारी समिति के सदस्य 2019-21 के रूप में चुना गया. उन्हें बाल चिकित्सा सर्जन के दिल्ली एसोसिएशन (डीएपीएस) 2020-22 के अध्यक्ष के रूप में चुना गया. आईएपीएस 2019-2021 के अनुसंधान अनुभाग के सचिव सम्पादकीय बोर्ड के सदस्य-पीड़ीएट्रिक सर्जरी इंटरनेशनल, एनाल्स ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ मेडिकल साइंस, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ आर्थोपेडिक (*कोशिकाओं और स्टेम ऊतक पुनर्जनन*) और बाल चिकित्सा के जर्नल और किशोरों में सर्जरी, पाकिस्तान। स्टेम सेल उपचार दिशानिर्देश तैयार करने के लिए सदस्य- विशेषज्ञ समूह आईसीएमआर बाल चिकित्सा सर्जरी 2019/20। एम्स, पटना की फैकल्टी भर्ती के लिए स्थायी चयन समिति के सदस्य। संस्थान आचार समिति, सुपरस्पेशलिटी बाल चिकित्सा अस्पताल और स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थान, सेक्टर 30, नोएडा की सदस्य! सदस्य, संस्थान अनुसंधान समिति, सुपरस्पेशलिटी बाल चिकित्सा अस्पताल और स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थान, सेक्टर 30, नोएडा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के अंतर्गत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएम-जेएवाई) के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य लाभ पैकेज, मानक उपचार दिशानिर्देश, चिकित्सा लेखा परीक्षा और उपचार की गुणवत्ता आदि पर अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण सलाह देना। परियोजना कोविड सर्ज - अंतर्राष्ट्रीय सहयोग 2020 के लिए अस्पतालों का नेतृत्व, नेशनल इंस्टीटयूट फॉर हेल्थ रीसर्च, एम्स की क्लिनिकल एपिडेमियोलॉजी यूनिट के सदस्य। 2019 से अब तक।

डॉ सुबोध कुमार को नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विशेषज्ञ बोर्ड ऑफ ट्रॉमा केयर के संयोजक के रूप में नामांकित किया गया था। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चिकित्सा अधिकारियों के लिए आपातकालीन देखभाल प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षक के रूप में नामांकित। इंडियन जर्नल ऑफ सर्जरी के प्रबंध संपादक के रूप में नामांकित, जो स्प्रिंगर द्वारा एक सहकर्मी समीक्षित पत्रिका है और यह एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया की आधिकारिक पत्रिका है। 5 वीं वर्ल्ड ट्रॉमा कांग्रेस में एक अंतरराष्ट्रीय वक्ता के रूप में आमंत्रित, ट्रॉमा केयर के लिए वैश्विक सहयोग का एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (डब्ल्यूसीटीसी) 14-18 फरवरी 2021 को आयोजित किया गया।

डॉ सुषमा सागर को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा एक आविष्कार के लिए पेटेंट प्रदान किया गया था: अ वुंड ड्रेसिंग फॉर कंबाइंड निगेटिव प्रेशर एंड फ्ल्यूड डिलीवरी सिस्टम। अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द सर्जरी ऑफ ट्रॉमा (एएएसटी) की सदस्यता से सम्मानित। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चिकित्सा अधिकारियों के लिए आपातकालीन देखभाल प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षक के रूप में मनोनीत किए गए। दिल्ली अंग प्रत्यारोपण समिति के प्रमुख सचिव सदस्य के रूप में मनोनीत। अंतर्राष्ट्रीय सर्जिकल वुंड कॉम्प्लिकेशन एडवाइजरी पैनल (आईएसडब्ल्यूसीएपी) के सदस्य के रूप में मनोनीत। अनुसंधान परियोजना समिति के पबमेड एम्स इंट्राम्यूरल ग्रांट के सदस्य।

डॉ विवेक त्रिखा को दिल्ली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन द्वारा वर्ष 2020-2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रकाशन पुरस्कार (40 वर्ष से अधिक) प्राप्त हुआ। जर्नल ऑफ क्लिनिकल ऑर्थोपेडिक्स एंड ट्रॉमा (पब्ड इंडेक्सेड जर्नल) में पेल्विक सिम्पोजियम के अतिथि संपादक। इंडियन जर्नल ऑफ ऑर्थोपेडिक्स नेशनल जर्नल ऑफ इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन (पबमेड इंडेक्सेड जर्नल) के संपादकीय बोर्ड के सदस्य। जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल ऑर्थोपेडिक्स एंड ट्रॉमा के सह-संपादक (पबमेड इंडेक्स्ड जर्नल)। 2020 से एसआईसीओटी वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन के ट्रॉमा कमेटी के सदस्य।

10.6. राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केन्द्र

आचार्य और प्रमुख

राकेश चड्डा

आचार्य

राका जैन राकेश लाल अंजू धवन

सोनाली झांजी अतुल अंबेकर

अपर आचार्य

यतनपाल सिंह बल्हारा रवींद्र राव अश्विनी के मिश्रा

रचना भार्गव गौरीशंकर कलोइया प्रभु दयाल

सह-आचार्य

बिस्वदीप चटर्जी आलोक अग्रवाल रिजवाना कुरैशी

सिद्धार्थ सरकार पियाली मंडल

सहायक आचार्य

रोशन भाद शालिनी सिंह

वैज्ञानिक

मोनिका मोंगिया

(लंबी छुट्टी पर)

चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी

ब्रह्म प्रकाश दीपक यादव

रत्नेश कुमार दिनेश कुमार

प्रशासनिक अधिकारी

आर.के. शर्मा (जून 2020 से)

लेखा अधिकारी

प्रेम पाल (जून 2019 में कार्यभार ग्रहण किया)

सहायक नर्सिंग अधीक्षक

बीना रावत

सहायक भंडार अधिकारी

यतेंद्र कुमार मीणा

विशिष्टताएं

राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र द्वारा पूरे कोविड-19 महामारी के दौरान आउटडोर नैदानिक (क्लिनिकल) सेवाएं प्रदान करना जारी रखा गया और एम्स, नई दिल्ली के समर्पित कोविड-19 क्षेत्रों में कोविड-19 रोगियों को नैदानिक सेवाएं भी प्रदान की गई। कुल 1,72,258 मरीज देखे गए: 5492 नए मरीज और 1,66,766 पुराने मरीज जिनमें राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र सामान्य ओपीडी और इसके 5 विशेष क्लीनिक, 3 सामुदायिक क्लीनिक और मोबाइल मेथाडोन क्लिनिक शामिल हैं। राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र प्रयोगशाला ने अपनी विष विज्ञान (टॉक्सिकोलॉजी), रुधिर विज्ञान, जैव रसायन और एचआईवी जांच प्रयोगशालाओं में वर्ष के दौरान 28,955 से अधिक परीक्षणों में भाग लिया।

नई साइकोएक्टिव दवाओं के साथ-साथ जैविक नमूनों में दुरुपयोग की अन्य दवाओं का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र प्रयोगशाला में एक अत्याधुनिक एलसी-क्यूटीओएफ-एमएस उपकरण स्थापित किया गया है।

मार्च 2021 से, राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र ने मुख्य एम्स परिसर में चिकित्सकीय रूप से बीमार रोगियों में नशे की लत संबंधी विकारों के लिए सेवाओं में सुधार के लिए सप्ताह में तीन बार विशेष 'परामर्श संपर्क व्यसन मनोरोग' आउट पेशेंट सेवाएं शुरू की हैं।

राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र ने भारत में *कोविड-19 महामारी* के संदर्भ में मादक पदार्थों की लत के उपचार की प्रतिक्रिया को आकार देने में एक प्रमुख भूमिका निभाई गई। इसमें 'लॉकडाउन और अल्कोहल की निकासी' (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और एमओएसजेई के लिए), एनएसीओ (नाको) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को ओएसटी केंद्रों के लिए मानक संचालन प्रोटोकॉल (एसओपी) के साथ-साथ निजी क्षेत्र में ओएसटी सेवाओं पर एसओपी के लिए इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी हेतु इनपुट पर परामर्शी निदेश के विकास में योगदान शामिल है। इसके अलावा, राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र 2012 से मादक द्रव्यों के सेवन पर डब्ल्यूएचओ का सहयोगी केंद्र बना हुआ है। राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र ने एम्स के डॉक्टरों,

नर्सों और फैकल्टी सहित *फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के* लिए कई श्वास और ध्यान संबंधी कार्यशालाएं भी आयोजित की हैं। राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र "एम्स के छात्रों के बीच पदार्थ के उपयोग के लिए परिसर में हस्तक्षेप - नीति और कार्रवाई" पर दस्तावेज़ का मसौदा तैयार करने में भी शामिल था।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) के समर्थन से, राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र ने 2020-2021 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर 25 'व्यसन उपचार सुविधा (एटीएफ)' की शुरुआत की। केंद्र पहले से ही राष्ट्रीय स्तर पर डीडीएपी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के समर्थन से 27 ड्रग ट्रीटमेंट क्लीनिक (डीटीसी) का समन्वय करता है।

इस अवधि के दौरान राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र द्वारा कुछ अंतरराष्ट्रीय योगदानों में म्यांमार की सरकार और सिविल सोसाइटी को ब्यूप्रेनोर्फिन आधारित ओपिओइड निर्भरता उपचार शुरू करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना शामिल है। राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया और सीएनडी के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा था और 'अल्कोहल के हानिकारक उपयोग को कम करने के लिए वैश्विक रणनीति पर डब्ल्यूएचओ कार्य योजना' (मार्च 2021) के लिए इनपुट भी प्रदान किया।

राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र ने 'एडिक्शन साइकियाट्री सोसाइटी ऑफ इंडिया (एपीएसआई)' शीर्षक सेभारत में व्यसन के क्षेत्र में काम करने वाले और रुचि रखने वाले पेशेवरों का एक समाज बनाने अग्रणी भूमिका निभाया।

पदार्थ के उपयोग संबंधी विकारों में प्रशिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में, वेब पोर्टल https://naat.co.in/ पर एक ट्रेनर के साथ व्यक्तिगत बातचीत को शामिल किए बिना, के उपयोग संबंधी विकारों में एक ऑनलाइन स्वचालित प्रशिक्षण विकसित और स्थापित किया गया है। वर्तमान में, कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां केंद्र में चल रही शोध परियोजनाओं को वित्तपोषित कर रही हैं। इस अवधि के दौरान 87 लेखों की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में पीयर समीक्षा की गई और 4 पुस्तकें और विभिन्न पुस्तकों में 15 अध्याय प्रकाशित हुए हैं।

कई संकाय सदस्य तकनीकी विशेषज्ञ हैं और प्रतिष्ठित समकक्ष समीक्षा पत्रिकाओं में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पेशेवर निकायों और संपादकीय बोर्डों में महत्वपूर्ण पदों पर हैं।

इस अवधि के दौरान केंद्र ने निम्नलिखित ऑनलाइन प्रशिक्षण/सीएमई का आयोजन किया है:

- पदार्थ के उपयोग संबंधी विकारों के प्रबंधन पर संसाधन व्यक्तियों (मनोचिकित्सकों) का ऑनलाइन ओरिएंटेशन: अक्टूबर 2020 और मार्च 2021 में।
- एम्स के पूर्वस्नातक और स्नातकोत्तर के लिए पदार्थ के उपयोग संबंधी विकारों पर ओरिएंटेशन सत्र।
- जैव-सांख्यिकी पर ऑनलाइन सीएमई: मई और सितंबर,2020 के महीनों के बीच आयोजित किया गया जो 20 सत्रों था।
- 31 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र द्वारा "आईसीडी -11 - मादक द्रव्यों के सेवन और व्यसनी व्यवहार के कारण विकार: एक आम सहमति विकसित करना" शीर्षक से एक राष्ट्रीय सीएमईका आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम को एडिक्शन साइकियाट्री सोसाइटी ऑफ इंडिया (एपीएसआई) द्वारा समर्थित किया गया था।
- बांग्लादेश चिकित्सकों के लिए ओवरडोज कीरोकथाम और प्रबंधन पर यूएनओडीसी प्रशिक्षण, 2020।

शिक्षा

स्नातकपूर्व

एमबीबीएस छात्रों को उनकी मनश्चिकित्सा पोस्टिंग के दौरान केंद्र में एक दिन के लिए तैनात किया जाता है।

स्नातकोत्तर

एमडी (मनश्चिकित्सा) कर रहे रेजिडेंट्स को 6 माह के लिए केंद्र में पदस्थापित किया जाता है।

राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र व्यसन मनश्चिकित्सा में पीएचडी भी प्रदान करता है। केंद्र व्यसन मनश्चिकित्सा में डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन (डीएम) पाठ्यक्रम भी चला रहा है। वर्तमान में, 6 पीएचडी छात्र और 13 डीएम छात्र डिग्री के लिए नामांकित हैं। राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र महामारी के दौरान अपनी सभी शैक्षणिक गतिविधियों को ऑनलाइन मोड में जारी रखा है। केंद्र एमएससी मनोरोग नर्सिंग और बीएससी नर्सिंग छात्रों को प्रशिक्षण भी प्रदान करता है।

पीएचडी और स्नातकोत्तर शिक्षण

*जर्नल क्लब - मनोरोग के साथ साप्ताहिक संयुक्त गतिविधि

*एम्स में प्रत्येक सेमेस्टर में दो सीसीआर और सीजीआर होते हैं।

संगोष्ठी- साप्ताहिक

केस सम्मेलन- साप्ताहिक

सेमिनार/जर्नल क्लब

*मनश्चिकित्सा विभाग और केंद्र की संयुक्त गतिविधियाँ

दिए गए व्याख्यान:

आर चड्डा: 7	**राका जैन: 3**	**राकेश लाल: 2**
अंजू धवन: 6	**सोनाली झांजी : 9**	**अतुल आंबेकर: 19**
यतन पाल सिंह बल्हारा: 43	**गौरी शंकर कलोइया: 5**	
रवींद्र वी राव: 13	**अश्विनी कुमार मिश्रा: 32**	**रचना भार्गव: 8**
बिस्वदीप चटर्जी: 3	**सिद्धार्थ सरकार: 4**	**पियाली मंडल: 2**
रोशन भड़: 8	**शालिनी सिंह: 4**	

प्रस्तुत किए गए मौखिक पत्रों/पोस्टरों की सूची: 11

अनुसंधान

जारी

1. अल्कोहल निर्भरता वाले रोगियों में डोपामाइन बीटा हाइड्रॉक्सिलस जीन और डिसुलफिरम उपचार प्रतिक्रिया का एक कार्यात्मक बहुरूपता: एक प्रायोगिक खोजपूर्ण अध्ययन, कुरैशी आर, एम्स (इंट्राम्यूरल), 2 साल, 2018-2020, 4.5 लाख रुपये।
2. भारतीय सुपारी उपयोगकर्ताओं के बीच निर्भरता, नुकसान की धारणा और छोड़ने की प्रेरणा की जांच करने के लिए एक अध्ययन और एक हस्तक्षेप मॉड्यूल का प्रायोगिक परीक्षण, झांजी एस, डब्ल्यूएचओ-एसईएआरओ, 1 वर्ष, 2020-21, 11.82 लाख रुपये।

3. उत्तर भारतीय अल्कोहल पर निर्भर रोगियों में म्यू-ओपिओइड रिसेप्टर जीन पॉलीमॉर्फिज्म (ए118जी) और दीर्घकालिक नाल्ट्रेक्सोन उपचार प्रतिक्रिया का मूल्यांकन, कुरैशी आर, आईसीएमआर, 3 साल, 2019-2022, 26 लाख रुपये।
4. भारत में युवाओं के बीच मनोरंजक भांग के उपयोग से संबंधित विभिन्न हितधारकों के बीच ज्ञान, कथित दृष्टिकोण और व्यसन क्षमता का एक खोजपूर्ण अध्ययन, भाद आर, एम्स (इंट्राम्यूरल), 3 साल, 2019 - 2022, 8 लाख रुपये।
5. भारत के उत्तरी भाग, बल्हारा वाईपीएस, एम्स-इंट्राम्यूरल, 3 साल, 2017- 2021, रुपये।
6. व्यसन उपचार की बाधाएं और सुविधाकर्ता: एक गुणात्मक अध्ययन, सरकार एस, आईसीएसएसआर, 2 वर्ष, 2019-2021, 4 लाख रुपये।
7. अस्थि खनिज घनत्व और पुरानी अल्कोहल और डिसल्फिरम डेडडिक्शन थेरेपी के बाद परिवर्तन, बलहारा वाईपीएस, डीबीटी, 3 साल, 2017-2021, 83 लाख रुपये।
8. अल्कोहल पर निर्भरता वाले मरीजों में उपचार के परिणाम को बढ़ाने के लिए संज्ञानात्मक अक्षमता और क्रेविंगमैनेजमेंटके लिए एक नयेतकनीक के रूप में ब्रेनस्टिमुलेशन: एक संभावित, यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, दयाल पी, डीएसटी, 3 साल, 2018-2021, 30.80 लाख रुपये।
9. भारत में मादक द्रव्यों के सेवन उपचार चाहने वालों के बीच नए मनो-सक्रिय पदार्थों का पता लगाना - बहु केंद्रित अध्ययन, चड्डा आरके, जैन आर, राजस्व विभाग, भारत सरकार, 5.5 वर्ष, 2017-2022, 6.51 करोड़ रुपये।
10. पदार्थ उपयोग विकारों के उपचार पर चिकित्सा अधिकारियों के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का विकास और परीक्षण, राव आर, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, 2.5 वर्ष, जनवरी 2019 - अप्रैल 2021, 14.59 लाख रुपये।
11. दिल्ली में शहरी आश्रय सेवाएं प्राप्त करने वाली बेघर आबादी के बीच पदार्थ उपयोग विकारों के प्रबंधन के लिए सेवा वितरण मॉडल का विकास और मूल्यांकन, आंबेकर ए, महिला और बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, दिल्ली सरकार, 2 साल, 2020-2022, 30.03 लाख रुपये।
12. पदार्थ संबंधी समस्याओं का अल्कोहल करने के लिए एक भारतीय पैमाने का विकास, सरकार एस, आईसीएमआर, 3 साल, 2019-2022, 42 लाख रुपये।
13. भारतीय चिंता और उन्माद संबंधीप्रश्नावली का विकास, मिश्रा एके, आईसीएमआर टास्क फोर्स, 3 साल, 2018-2021, 62.29 लाख रुपये।
14. छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षकों के लिए छात्रों में मादक द्रव्यों के सेवन और व्यसन की रोकथाम पर मॉड्यूल का विकास, बलहारा वाईपीएस, छत्तीसगढ़ शासन 1 वर्ष, 2020-2021,10 लाख रुपये।
15. ड्रग एब्यूज मॉनिटरिंग सिस्टम (डीएएमएस), मिश्रा एके, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, एनडीडीटीसी, एम्स की निरंतर गतिविधि, एनडीडीटीसी, एम्स की निरंतर गतिविधि, 3 लाख रुपये।
16. भारत में व्यसन उपचार सुविधाओं के लिए क्षमता निर्माण तंत्र की स्थापना और कार्यान्वयन, बलहारा वाईपीएस, विश्व स्वास्थ्य संगठन-एसईएआर, 1 वर्ष, 2020-2021, 10 लाख रुपये।

17. ओपियोड उपयोग विकार के लिए उम्मीदवार एंडोफेनोटाइप के रूप में न्यूरोकॉग्निटिव, व्यक्तित्व, भावनात्मक और मनोसामाजिक बायोमार्कर का अल्कोहल और ओपिओइड और डोपामाइन रिसेप्टर जीन में बहुरूपता के साथ उनका संबंध : रोकथाम और उपचार के लिए निहितार्थ, दयाल पी, आईसीएमआर, 3 साल, 2021-2024, 36.62 लाख रुपये।
18. डब्ल्यूएचओ दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र, बलहारा वाईपीएस, डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ के लिए कोविड-19 के संदर्भ में स्क्रीन टाइम और गेमिंग व्यवहार पर सूचना, शिक्षा, संचार (आईईसी) सामग्री, 0.4 वर्ष, 2020-21, 3.2 लाख रुपये।
19. अल्कोहल और ओपिओइड निर्भरता सिंड्रोम वाले व्यक्तियों के बीच व्यसन गंभीरता सूचकांक-लाइट के हिंदी संस्करण की आंतरिक संगति और भिन्न वैधता, मिश्रा एके, एम्स, इंट्राम्यूरल ग्रांट, 2 वर्ष, 2019-2022, 3.25 लाख रुपये।
20. स्वास्थ्य देखभाल वितरण के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना: गेमिंग विकार के प्रबंधन के लिए ई-स्वास्थ्य हस्तक्षेप की प्रभावशीलता का अल्कोहल करने के लिए एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण, बलहारा वाईपीएस, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), 2 साल, 2019-2021, 7.37 लाख रुपये।
21. नाल्ट्रेक्सोन इम्प्लांट, लाल आर, रुसन फार्मास्युटिकल, ओपन एंडेड, 2018, 9.5 लाख रुपये।
22. भारत में पदार्थ के उपयोग के विस्तार और पैटर्न पर राष्ट्रीय सर्वेक्षण, अंबेकर ए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, 5 साल, 2016-2021, 22.41 करोड़ रुपये।
23. मनोविकृति परिणामों पर एनआईएचआर ग्लोबल हेल्थ रिसर्च ग्रुप: वारविक-इंडिया-कनाडा {डब्ल्यूआईसी} नेटवर्क, चड्डा आरके, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ रिसर्च, यूके, 3 साल, 2017-2020, 2.52 करोड़ रुपये।
24. भारत में कैदियों के बीच साइकोएक्टिव पदार्थ के उपयोग की दरें और पैटर्न, राव आर, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, 2 साल, जनवरी 2019 - मार्च 2021, 30 लाख रुपये।
25. ओपिओइड आश्रित के जोखिम और गंभीरता को निर्धारित करने में आनुवंशिक बहुरूपता की भूमिका: एक केस-कंट्रोल अध्ययन, चटर्जी बी, एम्स इंट्राम्यूरल फंडिंग, 2 साल, 2019-2021, 10 लाख रुपये।
26. ओपिओइड आश्रित व्यक्तियों के बीच नाल्ट्रेक्सोन पर प्रतिधारण और परिणाम में महत्वपूर्ण अन्य भागीदारी की भूमिका: एक ओपन लेबल तुलनात्मक अध्ययन , मंडल पी, एम्स, इंट्राम्यूरल ग्रांट, 2 साल, 2020-22, 4.55 लाख रुपये।
27. ओपिओइड आश्रित वाले रोगियों में नाल्ट्रेक्सोन के साथ उपचार पालन और परिणाम के साथ विशिष्ट एकल-न्यूक्लियोटाइड जीन बहुरूपता (एसएनपी) की भूमिका: एक प्राकृतिक अनुवर्ती अध्ययन, चटर्जी बी, आईसीएमआर, 3 साल, 2021-24, 50 लाख रुपये।
28. प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चों के बीच नशीली दवाओं / पदार्थों के उपयोग के लिए स्क्रीनिंग और हस्तक्षेप , भार्गव आर, यूईई मिशन, शिक्षा विभाग दिल्ली, 1 वर्ष, 2020-21, 23 लाख रुपये।
29. माध्यमिक विद्यालय जाने वाले बच्चों के बीच नशीली दवाओं / पदार्थों के उपयोग के लिए स्क्रीनिंग और हस्तक्षेप, धवन ए, यूईई मिशन, शिक्षा विभाग दिल्ली, 1 वर्ष, 2020-21, 23 लाख रुपये।
30. दिल्ली में मादक द्रव्यों के सेवन के लिए प्राथमिक कक्षाओं के स्कूली छात्रों में स्क्रीनिंग और हस्तक्षेप, भार्गव आर, शिक्षा एस, डीओई, 1 अक्टूबर 2019-मार्च 202124 लाख रुपये।

31. दक्षिण पूर्व एशिया के लिए मानसिक स्वास्थ्य और व्यसनी विकारों पर एक टेली-मेडिसिन और ऑनलाइन संसाधन केंद्र की स्थापना, बलहारा वाईपीएस, डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ, 1 वर्ष, 2020-2021, 11.6 लाख रुपये।
32. ओडिशा राज्य में व्यसनी विकारों के प्रबंधन के लिए सेवाओं को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में ऑनलाइन वेब-आधारित अनुप्रयोगों का उपयोग, बलहारा वाईपीएस, स्वास्थ्य विभाग, ओडिशा सरकार, 1 वर्ष, 2019-2021, 12 लाख रुपये।

पूर्ण

1. "अल्कोहल ई-हेल्प" - अल्कोहल की खपत में कमी के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन इंटरनेट स्वयं सहायता हस्तक्षेप की प्रभावकारिता का पता लगाने के लिए एक अध्ययन, आंबेकर ए, डब्ल्यूएचओ, 5 वर्ष, 2016 - 2021, 5 लाख रुपये।
2. ओपिओइड डिपेंडेंस के इलाज के लिए आवश्यक नारकोटिक ड्रग्स (मेथाडोन) के उपयोग के लिए प्रशिक्षण तंत्र विकसित करना, अंबेकर ए, राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, 3 साल, 2017-2021, 76.22 लाख रुपये।
3. दिल्ली में किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिकों में मदद मांगने वाले किशोरों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और नशे की लत व्यवहार की सीमा, धवन ए, किशोर स्वास्थ्य प्रभाग, परिवार कल्याण निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, 1 वर्ष, 2019-2020, 18.85 लाख रुपये।
4. मादक द्रव्यों के सेवन और नशीले व्यवहार से संबंधित विकारों के लिए आईसीडी -11 वर्गीकरण का फील्ड परीक्षण, अंबेकर ए, विश्व स्वास्थ्य संगठन (जिनेवा), 3, 2017-2020, 3.25 लाख रुपये।
5. पेरिफेरल ब्लड इंफ्लेमेटरी साइटोकिन्स एंड मार्कर्स ऑफ न्यूरोइन्फ्लेमेशन इन अल्कोहल डिपेंडेंस एंड देयर एसोसिएशन विद बिहेवियरल मार्कर्स एंड अल्कोहल डिपेंडेंस ट्रीटमेंट आउटकम, दयाल पी, एम्स (इंट्राम्यूरल), 1 साल, 2019-2020, 4.63 लाख रुपये।
6. बॉलीवुड फिल्मों में साइकोएक्टिव पदार्थ के उपयोग का चित्रण: एक मिश्रित तरीके का अध्ययन, राव आर, एम्स का इंट्राम्यूरल प्रोजेक्ट, 1.5, जुलाई 2016 - मार्च 2019, 1.44 लाख रुपये।
7. राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र, मंडल पी, एम्स इंट्राम्यूरल ग्रांट के महिला क्लिनिक के उपस्थित लोगों के बीच नशीली दवाओं के उपयोग के मनो-सामाजिक सहसंबंध, 3 साल, 2017-2020, 0.5 लाख रुपये।
8. निकोटीन डिपेंडेंस के एक चूहे के मॉडल में *डेल्फीनियम डेनुडाटम* (जादवार) की भूमिका , जैन आर, आयुष, 3.5 साल, 2017-2020 (सितंबर), 29.16 लाख रुपये।
9. आईसीडी -11 का सेवा-आधारित क्षेत्र परीक्षण: भारत में आईसीडी -10 के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य / नैदानिक उपयोगिता और तुलना, अम्बेकर ए, डब्ल्यूएचओ, 2 वर्ष, 2019-21, 5 लाख रुपये।
10. स्कूल और कॉलेज के छात्रों के बीच पदार्थ के उपयोग पर सर्वेक्षण, धवन ए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, 1 वर्ष, 2019-20, 14.85 लाख रुपये।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. दिल्ली, भारत में ओपिओइड प्रतिस्थापन चिकित्सा (ओएसटी) प्राप्त करने वाले रोगियों के बीच कोविड-19 महामारी लॉकडाउन के विभिन्न चरणों के दौरान अल्कोहल के उपयोग की विशेषताओं और पैटर्न का एक समुदाय-आधारित अध्ययन।
2. दिल्ली विश्वविद्यालय चितकारा सेंटर, पंजाब विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालयी छात्रों के बीच वर्तमान में अबाधित तंबाकू का उपयोग करते हुए संयम बनाए रखने पर तंबाकू विरोधी मीडिया संदेशों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक तुलनात्मक अध्ययन।
3. कॉलेज के छात्रों के बीच गेमिंग विकार के मनो-सामाजिक संबंधों का मूल्यांकन करने के लिए एक तुलनात्मक अध्ययन।
4. अल्कोहल डिपेंडेंस सिंड्रोम (एडीएस) के इलाज के इच्छुक रोगियों में बीडीएनएफजीन बहुरूपता (वीएएल66एमईटी) की आवृत्ति को मापने के लिए एक क्रॉस सेक्शनल अध्ययन।
5. अल्कोहल उपयोग विकार के उपचार की मांग करने वाले रोगियों में बीडीएनएफएमईटी66 एलील की आवृत्ति को मापने के लिए एक क्रॉस सेक्शनल।
6. प्रारंभिक कैरियर व्यसन चिकित्सा पेशेवरों के बीच मानकीकृत प्रशिक्षण, अनुसंधान के अवसरों और व्यसन चिकित्सा में मेंटरशिप के लिए आवश्यकता और कार्यक्षेत्र के मूल्यांकन पर एक वैश्विक ऑनलाइन सर्वेक्षण।
7. दिल्ली के चुनिंदा स्कूलों में किशोरों के बीच तंबाकू के उपयोग की रोकथाम पर वकालत कौशल निर्माण कार्यक्रम की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए एक अध्ययन।
8. नशीली दवाओं के इंजेक्शन लगाने वालों के बीच ओपिओइड प्रतिस्थापन चिकित्सा की शुरुआत को प्रभावित करने वाले ग्राहक संबंधी कारकों का मूल्यांकन: एक समुदाय आधारित, क्रॉस सेक्शनल, तुलनात्मक अध्ययन।
9. डिटॉक्सिफाइड ओपिओइड आश्रित विषयों में प्रेरित तनाव के लिए नैदानिक और न्यूरोएंडोक्राइन प्रतिक्रिया का मूल्यांकन।
10. उपचार चाहने वाले किशोरों में कोविड-19 और मादक द्रव्यों के सेवन और संबंधित कारकों पर संबंधित उपायके प्रभाव का मूल्यांकन।
11. ब्यूप्रेनोर्फिन बनाम मेथाडोन के साथ एगोनिस्ट रखरखाव उपचार पर शुरू किए गए ओपिओइड आश्रित रोगियों के परिणाम का मूल्यांकन: पूर्वव्यापी चार्ट समीक्षा का उपयोग करके तुलनात्मक अध्ययन।
12. ओपिओइड प्रतिस्थापन चिकित्सा पर रोगियों में ड्रॉप आउट से जुड़े कारणों, स्थिति और कारकों का मूल्यांकन: एक क्रॉस-अनुभागीय, तुलनात्मक, समुदाय-आधारित अध्ययन।
13. ओपिओइड आश्रित युवावों में स्ट्रेस बायोमार्कर का मूल्यांकन और तनाव के साथ इसका संबंध और इससेमुकाबला: एक खोजपूर्ण अध्ययन।
14. पारिवारिक द्विध्रुवी विकार में उपचार प्रतिक्रिया, उतेजक साइटोकिन (टीएनएफ-अल्फा) और एमटीडीएनए10398ए/ जीबहुरूपता का मूल्यांकन।
15. अल्कोहल आश्रित मरीजों के इलाज में अल्कोहल निर्भरता की गंभीरता के साथ एसोसिएशन ऑफ फॉस्फोटिडाइथेनॉल (पीईटीएच) का स्तर: एक खोजपूर्ण अध्ययन।
16. गैलानिन जीन पॉलीमॉर्फिज्म (आरएस948854) और ओपिओइड निर्भरता का संघ: एक केस कंट्रोल काअवलोकन संबंधी अध्ययन।

17. क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज वाले मरीजों में मनोरोग सह-रुग्णता के साथ तंबाकू धूम्रपान का संघ।
18. प्रमुख अवसादग्रस्तता विकार रोगियों में परिधीय बीडीएनएफ स्तरों और नैदानिक चर के साथ मस्तिष्क व्युत्पन्न न्यूरोट्रॉफिक फैक्टरजीन पॉलीमॉर्फिज्म (वीएएल66एमईटी) ।
19. अल्कोहल के लिए डिसुलफिरम और संयम के अनुपालन का नैदानिक और जैव रासायनिक मूल्यांकन: अल्कोहल पर निर्भर विषयों में एक अनुदैर्ध्य अध्ययन।
20. ओपिओइड आश्रित रोगियों की नैदानिक प्रयोगशाला प्रोफ़ाइल: एक पूर्वव्यापी चार्ट समीक्षा अध्ययन।
21. अल्कोहल और ओपियोइड आश्रित पुरुषों और उनकी पत्नियों में वैवाहिक समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन।
22. हेरोइन और परहेज के वर्तमान उपयोगकर्ताओं के बीच विलंब छूट दर (डिले डिस्काउंटिंग रेट) की तुलना: एक अवलोकन संबंधी अध्ययन।
23. दोहरे निदान वाले रोगियों में रिकवरी कैपिटल के सहसंबंध - एक खोजपूर्ण अध्ययन।
24. विषहरण के दौर से गुजर रहे अल्कोहल पर निर्भर रोगियों में अवसादग्रस्तता के लक्षणों का कोर्स।
25. ध्यान से जुड़े क्यू प्रेरित आकांक्षा और एफएमआरआई परिवर्तन धूम्रपान करने वालों में आधारित हस्तक्षेप।
26. धुआं रहित तंबाकू में क्यू प्रेरित आकांक्षा: एक एफएमआरआई अध्ययन
27. कानून का उल्लंघन करने वाले किशोरों के लिए संज्ञानात्मक व्यवहार आधारित हस्तक्षेप मॉड्यूल का विकास।
28. सामाजिक विकार वाले किशोरों में मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप मॉड्यूल का विकास।
29. पदार्थ के उपयोग विकार वाले रोगियों में उपचार प्रतिधारण पर फोन कॉल बनाम लघु संदेश (शार्ट मेसेज) सेवा का उपयोग करने वाले अनुस्मारक की प्रभावशीलता : एक ओपन लेबल यादृच्छिक परीक्षण।
30. आईसीडी 11, आईसीडी 10 और डीएसएम 5 का समर्थन और सहमति अल्कोहल और ओपिओइड उपयोग विकारों के लिए नैदानिक दिशानिर्देश।
31. भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान टेक-होम मेथाडोन खुराक प्राप्त करने वाले मेथाडोन के रखरखाव उपचार पर मरीजों का अनुभव: एक मिश्रित-विधि अध्ययन
32. समस्याग्रस्त इंटरनेट पोर्नोग्राफ़ी उपयोग का खोजपूर्ण अध्ययन।
33. अल्कोहल पर निर्भर रोगियों में उपचार प्रतिधारण से जुड़े कारक।
34. ओपियोइड निर्भरता वाले पुरुषों की तलाश में उपचार में व्यक्त भावनाओं को संबोधित करने वाले पारिवारिक हस्तक्षेप।
35. अल्कोहल पर निर्भरता सिंड्रोम के उपचार चाहने वाले रोगियों में आकांक्षा और मनोदशा को मापने के लिए पारिस्थितिक क्षणिक अल्कोहल की व्यवहार्यता और समवर्ती वैधता
36. अल्कोहल पर निर्भरता सिंड्रोम के उपचार चाहने वाले रोगियों में अल्कोहल के उपयोग, आकांक्षा, मनोदशा और दैनिक अल्कोहल की खपत पर कथित नियंत्रण के बीच संबंधों को मापने के लिए पारिस्थितिक क्षणिक अल्कोहल की व्यवहार्यता
37. अल्कोहल निर्भरता वाले प्रतिभागियों के बीच परिवर्तन तत्परता और उपचार उत्सुकता स्केल के चरणों (एसओसीआरएटीईएस) का हिंदी अनुकूलन और साइकोमेट्रिक सत्यापन।
38. स्कूल जाने वाले किशोरों में मानसिक, व्यवहारिक और सामाजिक पहलुओं पर स्क्रीन टाइम का प्रभाव।
39. भारत में स्वदेशी रूप से उत्पादित साइकोएक्टिव पदार्थ: उपयोग के पैटर्न और उपयोगकर्ताओं की प्रोफाइल।

40. मूत्रालय पर आधारित मादक द्रव्यों के सेवन के रोगियों में कोडीन के दुरुपयोग का प्रयोगशाला मूल्यांकन।
41. 12 सप्ताह में ओपिओइड उपयोग विकार के लिए ट्रामाडोल के साथ उपचार के परिणाम: एक संभावित अवलोकन संबंधी अध्ययन।
42. जनवरी 2015-मार्च 2020 के बीच लिथियम प्रयोगशाला में प्राप्त लगातार नमूनों में सीरम लिथियम स्तर का पैटर्न और रुझान।
43. कोविड-19 और उसके बाद भारत में लॉकडाउन के दौरान ड्रग का उपयोग करने वाले लोगों और ड्रग उपयोगकर्ता समुदाय से प्राप्त प्रतिक्रियाओं का सामना करने में होने वाली समस्याएं - एक गुणात्मक अध्ययन।
44. मनोरोग सेवाओं से लगातार रेफरल के लिए यूरिनलिसिस के आधार पर पदार्थ के उपयोग की रूपरेखा: 2015- 2020 के बीच प्रयोगशाला रिकॉर्ड की पूर्वव्यापी समीक्षा।
45. सिज़ोफ्रेनिया के रोगियों की देखभाल करने वालों के बीच मनोवैज्ञानिक सहसंबंध।
46. अल्कोहल और ओपियोइड निर्भरता वाले रोगियों में रिकवरी कैपिटल को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन।
47. दिल्ली में आश्रय गृहों से सेवाएं प्राप्त करने वाले बेघर पुरुषों के बीच मादक द्रव्यों का सेवन।

पूर्ण

1. ब्यूप्रेनोर्फिन पर बनाए गए ओपिओइड आश्रित धूम्रपान करने वालों के बीच तंबाकू धूम्रपान करने की आकांक्षा पर ट्रांसक्रैनियल डायरेक्ट करंट स्टिमुलेशन (टीडीसीएस) के प्रभाव का पता लगाने के लिए एक नैदानिक परीक्षण।
2. अल्कोहल पर निर्भर विषयों में अन्य पारंपरिक बायोमार्कर के साथ एथिल ग्लुकुरोनाइड (ईटीजी) और फैटी एसिड एथिल एस्टर (एफएईई) का तुलनात्मक अध्ययन।
3. अल्कोहल पर निर्भरता, अवसाद और सह-रुग्ण अल्कोहल निर्भरता और अवसाद वाले रोगियों में सीरम मस्तिष्क-व्युत्पन्न न्यूरोट्रॉफिक कारकों के स्तर का तुलनात्मक अध्ययन।
4. कॉलेज के छात्रों के बीच गेमिंग विकार के मनोवैज्ञानिक-सामाजिक संबंधों का मूल्यांकन करने के लिए एक तुलनात्मक अध्ययन।
5. ओपियोइड उपयोग विकार वाले मरीजों के बीच उपचार प्रतिधारण दर और उपचार प्रतिधारण के भविष्यवाणियों का मूल्यांकन करने के लिए एक अनुदैर्ध्य अवलोकन अध्ययन।
6. ओपिओइड निर्भरता वाले रोगियों में प्रतिधारण और परिणाम पर एक प्रायोगिक अनुवर्ती अध्ययन।
7. दिल्ली-एनसीआर, भारत में ओपियोइड उपयोग विकार के लिए मोबाइल मेथाडोन वितरण मॉडल हस्तक्षेप की व्यवहार्यता, स्वीकार्यता और प्रारंभिक प्रभावशीलता का एक अध्ययन।
8. नशीली दवाओं के इंजेक्शन लगाने वालों के बीच ओपिओइड प्रतिस्थापन चिकित्सा की शुरुआत को प्रभावित करने वाले ग्राहक संबंधी कारकों का मूल्यांकन: एक समुदाय आधारित, क्रॉस-सेक्शनल, तुलनात्मक अध्ययन।
9. यूरिन के विशलेषण पर आधारित अल्कोहल और ओपिओइड डिपेंडेंट सब्जेक्ट्स के बीच कैनबिस के उपयोग का मूल्यांकन: एक पूर्वव्यापी चार्ट समीक्षा।
10. मौखिक नाल्ट्रेक्सोन पर ओपिओइड आश्रित विषयों के अल्पकालिक प्रतिधारण से जुड़े कारकों का मूल्यांकन।

11. ओपियोइड प्रतिस्थापन चिकित्सा पर रोगियों में ड्रॉप-आउट से जुड़े कारणों, स्थिति और कारकों का मूल्यांकन: एक क्रॉस-सेक्शनल, तुलनात्मक, समुदाय-आधारित अध्ययन।
12. राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र में ओपिओइड निर्भरता के लिए उपचार चाहने वाले रोगियों के बीच यौन व्यवहार का मूल्यांकन।
13. ओपियोइड डिपेंडेंट यूथ में स्ट्रेस बायोमार्कर का मूल्यांकन और तनाव के साथ इसका संबंध और इससेमुकाबला: एक खोजपूर्ण अध्ययन।
14. क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के मरीजों के बीच मनोरोग सह-रुग्णता के साथ तंबाकू धूम्रपान का संबंध।
15. किशोर पदार्थ उपयोगकर्ताओं में परिवार के कामकाज के सहसंबंध।
16. सीरम ब्रेन डिराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर स्तर पर कैनबिस का प्रभाव और मनोविकृति के साथ इसका संबंध - एक क्रॉस-सेक्शनल खोजपूर्ण अध्ययन।
17. पदार्थ उपयोग विकार वाले रोगियों में उपचार प्रतिधारण पर फोन कॉल बनाम लघु संदेश सेवा का उपयोग करने वाले अनुस्मारक की प्रभावशीलता: एक ओपन लेबल यादृच्छिक परीक्षण।
18. किशोर पदार्थ के उपयोग में परिवार के कामकाज और पालन-पोषण की शैलियाँ।
19. अल्कोहल के सेवन संबंधी विकारों के लिए उपचार की तलाश करने वाले रोगियों मेंजुआ संबंधी विकार और इसका सामाजिक-जनसांख्यिकीय सहसंबंध।
20. मनोविकृति के साथ और बिना भांग के उपयोग संबंधी विकार वाले रोगियों के बीच न्यूरोलॉजिकल सॉफ्टसाइन और उनके सहसंबंध: एक क्रॉस-सेक्शनल तुलनात्मक अध्ययन।
21. अल्कोहल पर निर्भरता में मोनोअमीन पथ के जीन की बहुरूपता, मिथाइलेशन और अभिव्यक्ति की स्थिति के संबंध पर अध्ययन।
22. अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिव डिसऑर्डर वाले बच्चों और किशोरों में मादक द्रव्यों का सेवन: एक खोजपूर्ण अध्ययन।
23. ब्यूप्रेनोर्फिन पर बनाए गए ओपिओइड आश्रित रोगियों में नींद की गड़बड़ी के लिए ट्रैज़ोडोन: एक डबल ब्लाइंड, प्लेसीबो-नियंत्रित परीक्षण।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. मनो-यौन स्वास्थ्य विकारों और स्त्री रोग कैंसर से बचे लोगों में उपचारात्मक न्यूरोकेमिकल सहसंबंध हेतु स्क्रीन के लिए एक क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन, स्त्रीरोग और विकिरण विज्ञान विभाग।
2. एम्स नई दिल्ली, नर्सिंग में गुर्दा प्रत्यारोपण के बाद जीवित दाताओं (डोनर)के अनुभवों पर एक व्याख्यात्मक घटना संबंधी अध्ययन।
3. सेरेब्रल पाल्सी वाले बच्चों की देखभाल करने वालों और एम्स, नई दिल्ली, नर्सिंग में बाल चिकित्सा न्यूरो ओपीडी में आम तौर पर विकासशील बच्चों के साथ चिंता, अवसाद और जीवन की गुणवत्ता (क्यूओएल) की तुलना करने के लिए एक अध्ययन।
4. स्तन कैंसर, सर्जरी में संभावित बायोमार्कर के रूप में गामा सिन्यूक्लिन का पता लगाने के लिए एक अध्ययन।

5. कोविड -19 महामारी के बीच गर्भधारण की योजना बना रही बांझ महिलाओं और महिलाओं में चिंता और आशंका, स्त्री रोग और प्रसूति विभाग।
6. कोविड महामारी, नेत्र विज्ञान के दौरान पेरीओकुलर और ओकुलर मैलिग्नेंसी रोगियों में नैदानिक गंभीरता और संकट।
7. अस्पताल में रहने के संदर्भ में खुले कोहेन के यूरेटेरिक रीइम्प्लांटेशन में स्टेंट के रूप में डबल "जे" और शिशु आहार ट्यूबों की तुलना - एक यादृच्छिक अध्ययन, बाल चिकित्सा सर्जरी।
8. दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में 10-16 साल के मुक्केबाजों में दर्दनाक मैक्सिलोफेशियल और दंत पुन: चोट से जुड़े भय और चिंता के लिए मूल्यांकन उपकरण का विकास और सत्यापन, दंत चिकित्सा।
9. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में कॉलेज जाने वाले छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य और मादक द्रव्यों के उपयोग की साक्षरता बढ़ाना- एक हस्तक्षेप अध्ययन, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र।
10. सौम्य पल्मोनरी और फुफ्फुस रोगों के लिए थोरैसिक सर्जरी से गुजरने वाले रोगियों के कार्यात्मक परिणाम: एक महत्वाकांक्षी कोहोर्ट अध्ययन, सर्जरी।
11. ओपिओइड निकासी के नैदानिक अल्कोहल के पूरक के लिए एचआरवी और स्वायत्त पैरामीटर, फिजियोलॉजी।
12. कक्षीय निर्वासन के दौर से गुजर रहे रोगियों के बीच मनोसामाजिक कारक, नेत्र विज्ञान।

पूर्ण

1. विभिन्न नैतिक दुविधा नैदानिक स्थिति पर स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर के परिप्रेक्ष्य का मूल्यांकन करने के लिए एक शब्दचित्र आधारित क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन, मेडिकल ऑन्कोलॉजी।
2. व्यसनी विकारों का डिफ़ॉल्ट मोड नेटवर्क: एक मात्रात्मक ईईजी अध्ययन, शरीर क्रिया विज्ञान।

प्रकाशन

जर्नल: 67 सार: 1 पुस्तकों में अध्याय: 14 पुस्तकें और मोनोग्राफ: 3

रोगी उपचार

जैव रसायन प्रयोगशाला का वार्षिक रिकॉर्ड (अप्रैल 2020 से मार्च 2021)

1) कुल जैव रसायन परीक्षण: 81269
2) कुल सीरम इलेक्ट्रोलाइट्स परीक्षण: 5135
3) कुल रुधिर परीक्षण: 48995
4) कुल एचआईवी जांच: 735

ड्रग स्क्रीन लेबोरेटरी का वार्षिक रिकॉर्ड (अप्रैल 2019 से मार्च 2020)
पेशाब में जांची गई औषध व्यसन दवाओं की कुल संख्या = 4282

क्रम सं.	**औषध जांच टेस्ट**	**संख्या**
1.	मॉर्फीन	573
2.	कौडीन	333

3.	ब्यूप्रेनोर्फिन	508
4.	क्लोरफेनिरामाइन नरेट	379
5.	ट्रामाडोल	549
6.	पेंटाज़ोसाइन	379
7.	बेन्ज़ोदिअज़ेपिनेस	766
8.	कैनबिस	100
9.	कोटिनिन	46
10.	बार्बीट्युरेट	100
11.	एम्फ़ैटेमिन	100
12.	कोकीन	100
13.	नाल्ट्रेक्सोन	348
14.	इनहेलेंट्स	1
	मूत्र में परीक्षण की गई औषधों की कुल संख्या	4282

I. बाह्य रोगी सेवाएं

वित्तीय वर्ष 2020-2021 यानी (1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 तक) के लिए अस्पताल के आंकड़ों को दर्शाने वाला विवरण ।

सामान्य ओपीडी	नए रोगी	पुराने रोगी	कुल
एनडीडीटीसी	4613	37668	42281
त्रिलोकपुरी (सामुदायिक क्लिनिक)	217	24658	24875
सुंदर नगरी (सामुदायिक क्लिनिक)	480	96504	96984
कोटला मुबारकपुर (सामुदायिक क्लिनिक)	158	7495	7653
कुल मामले	5468	166325	171793

विशिष्टता क्लिनिक			
किशोर क्लिनिक	07	82	89
दोहरा निदान	05	227	232
तम्बाकू समापन	04	89	93
महिला क्लिनिक	08	39	47
परिवार अधिकारिता क्लिनिक	शून्य	04	04
कुल रोग	24	441	465
रोगियों का कुल योग	5492	166766	172258

II. अन्य रोगी उपचार के आंकड़े

भर्ती की कुल संख्या	65
ऑपरेशन थियेटर/रोगियों की कुल संख्या	एन/ए
डे केयर में आए रोगियों की कुल संख्या	एन/ए
मृत्यु की कुल संख्या	शून्य
प्रति कार्य दिवस औसत भर्ती की कुल संख्या	1.18
एनडीडीटीसी में प्रति कार्य दिवस ओपीडी में उपस्थिति की औसत संख्या (नए रोगी)	22
एनडीडीटीसी में प्रति कार्य दिवस ओपीडी में उपस्थिति की औसत संख्या (पुराने रोगी)	127
त्रिलोकपुरी क्लिनिक में प्रति कार्य दिवस ओपीडी में उपस्थिति की औसत संख्या (नए रोगी)	1.05
त्रिलोकपुरी क्लिनिक में प्रति कार्य दिवस ओपीडी में उपस्थिति की औसत संख्या (पुराने रोगी)	83
सुंदर नगरी सामुदायिक क्लिनिक में प्रति कार्य दिवस ओपीडी उपस्थिति की औसत संख्या (नए रोगी)	1.88
सुंदर नगरी सामुदायिक क्लिनिक में प्रति कार्य दिवस ओपीडी उपस्थिति की औसत संख्या (पुराने रोगी)	264
कोटला मुबारकपुर सामुदायिक क्लिनिक में प्रति कार्य दिवस ओपीडी में उपस्थिति की औसत संख्या (नए रोगी)	0.76
कोटला मुबारकपुर सामुदायिक क्लिनिक में प्रति कार्य दिवस ओपीडी में उपस्थिति की औसत संख्या (पुराने रोगी)	25
एक साल में बिस्तर अधिभोग	15%
ठहरने की औसत समय	8 दिन

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण घटनाएं

बी बी दीक्षित पुस्तकालय केन्द्रीय पुस्तकालय एवं ज्ञान केंद्र है जो सभी विभागों एवं उत्कृष्टता केंद्र के विभिन्न हितधारकों (संकाय, यू.जी., पी जी एवं अनुसंधानकर्ता) को स्वास्थ्य एवं नैदानिक उपचार पर ज्ञान-आधारित मूल्य-संवर्धित सेवाएं प्रदान कर रहा है। पुस्तकालय 24 घंटे खुला होता है जहां मुद्रित एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों में विशाल संसाधन उपलब्ध है। पुस्तकालय में एम्स नई दिल्ली के पाठकों, कर्मचारियों (दोनों तकनीकी एवं गैर तकनीकी) स्वास्थ्य उपचार क्षेत्र में हिन्दी पुस्तकों का समृद्ध संग्रह है। पुस्तकालय दो मंजिलों में विभाजित है। पहली मंजिल पर 300 प्रयोक्ताओं के बैठने की क्षमता सहित मुद्रित पुस्तकें उपलब्ध है। निचले भूतल पर 100 प्रयोक्ताओं के बैठने की स्थान क्षमता सहित मुद्रित पत्रिकाएं एवं समाचारपत्र, सजिल्द वॉल्यूम एवं पुस्तक कोष का संग्रह है। औसतन, पुस्तकालय में रोजाना 350 पाठक आते हैं। पुस्तकालय जैवचिकित्सीय शिक्षा एवं अनुसंधान में सहायता के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। पुस्तकालय में मुख्य रूप से ई-संसाधन (80%) उपलब्ध हैं जिन्हे चिकित्सकों एवं संकाय सदस्यों को उनके अनुसंधान कार्य के लिए किसी भी समय किसी भी स्थान पर रीमोट एक्सेस प्लेटफार्म के द्वारा हमेशा उपलब्ध कराया जाता है। संसाधन संग्रह का एक संक्षिप्त अवलोकन निम्नलिखित है:

प्रमुख संसाधन संग्रह

मुद्रित संसाधन	कुल संख्या
कुल मुद्रित पुस्तकें	91884
कुल हिन्दी पुस्तकें	2965
कुल सजिल्द पत्रिकाओं के वॉल्यूम	84391
थीसिस	7634

ई-संसाधन	विवरण
ई-पत्रिका	1416 स्कालर पत्रिकाएं, डेन्टिस्ट्री एण्ड ओरल साइंस सोर्सेस (डीओएसएस एग्रीगेटर)
ई -पुस्तक	162 एक्सेस मेडिसन, ऑक्सफोर्ड मेडिसिन ऑनलाइन(83), ओवीआईडी (103 ई-पुस्तकें)
पॉइंट ऑफ केयर डाटाबेस	अप-टू-डेट (कभी भी कहीं भी), बीएमजे बेस्ट प्रैक्टिस, बीएमजे केस रिपोर्ट, एकलेंड एनाटमी, मेडवन सर्जरी, एनईजेएम जर्नल वाच
ई-लर्निंग पैकेज	जेएएमए एविडेंस, बीएमजे रिसर्च टू पब्लिकेशन, एचएसटॉक लेक्चर सीरीज, बीएमजे लर्निंग
एब्सट्रैक्टिंग एवं इंडेक्सिंग डाटाबेस	ईएमबीएएसई, वेब ऑफ साइंस (साइटेशन एनालिसिस डेटाबेस), जर्नल साइटेशन रिपोर्ट, स्कोपस (साइटेशन एनालिसिस डेटाबेस)
सेवाओं पर एक्सेस सुविधा सॉफ्टवेयर	लिब-सीस प्रीमिया (संस्क. 10) पुस्तकालय ऑटमैशन ईबीएससीओ खोज सेवा (सभी सदस्यता प्राप्त ई-संसाधन हेतु एकल बिन्दु खोज) सभी ई-संसाधन रीमोटएक्स (RemoteXs) के माध्यम से कैम्पस के अंदर, कैंपस के बाहर ओपनएथेंस (OpenAthens) सुविधा के द्वारा आईपी सक्षमता के द्वारा प्राप्त किए जा सकते हैं
साहित्यिक चोरी की सत्यापन सेवा	आईथेंटिकेट (iThenticate) वेब सक्षम साहित्यिक-चोरी विरोधी उपकरण

इन ऑनलाइन डेटाबेस, ई-पत्रिका और ई-लर्निंग पैकेजों को वेब-स्केल खोज सेवा (एकल बिन्दु खोज), आईपी इनेबल्ड एक्सेस और रिमोटएक्स सुविधा का उपयोग करके लाइब्रेरी के भीतर, कैंपस में या कैंपस के बाहर से लाभ लिया जा सकता है। वर्ष के दौरान, रिमोट एक्सेस सुविधा वर्ष 2020-21 के लिए 288 नए रिमोटएक्स खाते बनाए गए। कुछ चुनिंदा समाज-आधारित पत्रिकाएँ हैं, जिन्हें उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। स्वास्थ्य देखभाल ज्ञान सेवाओं तक आवश्यक पहुंच पुस्तकालय वेबपेज: http://www। aiims.edu/hi/library.html के माध्यम से प्रसारित की जाती है। संकाय-सदस्यों और अकादमिक रेजिडेंट डॉक्टरों को एकल-बिन्दु मेटा-सर्च http://elibraryaiimsdelhi.remotexs.in के माध्यम से परिसर के बाहर और देश के अन्य हिस्सों में भी ई-संसाधनों तक पहुंच के लिए प्रदान किया जाता है। पुस्तकालय शैक्षिक एकता के लिए अपने हितधारकों को शोध-आधारित सेवाएं भी प्रदान करता है, जैसे साहित्यिक चोरी सत्यापन सुविधा। वर्ष 2020-21 के दौरान प्रस्तुत दस्तावेजों की कुल संख्या 4481 थी। पुस्तकालय का अपना स्वयं का सर्च इंजन है जिसे '*सिंगल पॉइंट सर्च*' वेब-स्केल खोज सेवा कहा जाता है जो उपयोगकर्ताओं के लिए ग्रंथसूची प्रबंधन प्रणाली के लिए एक उपकरण के रूप में भी कार्य करता है। पुस्तकालय समिति पुस्तकालय के प्रबंधन के लिए एक सलाहकार निकाय है। यह पुस्तकों और पत्रिकाओं की खरीद, बजट आबंटन और पुस्तकालय संचालन तथा सेवाओं और कार्य तंत्र में सुधार करने के लिए ऑनलाइन उपलब्धता के लिए सभी पत्रिकाओं की संस्थागत सदस्यता प्राप्त करने और ऑनलाइन गतिविधियों के लिए दुनिया भर में

अन्य पुस्तकालयों के साथ सहयोग विकसित करने के बारे में मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष को सलाह देता है। समिति की बैठक हर तीन महीने में कम से कम एक बार या आवश्यकता पड़ने पर होती है।

पुस्तकालय में एक आंतरिक सूचना संचार और प्रबंधन प्रणाली है जिसमें 3 सर्वर और 49 कंप्यूटर शामिल हैं। पुस्तकालय की अपनी वाई-फाई सेवा है और वर्ष के दौरान लगभग 1200 उपयोगकर्ता इससे लाभान्वित हुए। पुस्तकालय लिबसीस प्रीमिया ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर प्रणाली का उपयोग करता है जो डेटा प्रविष्टि और पुस्तकों और अन्य दस्तावेजों की पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता करता है। एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए सभी दस्तावेज/ग्रंथसूची सेवाओं के साथ-साथ कई पुस्तकालय संचालन संबंधी कार्यों को कम्प्यूटरीकृत किया गया है। पुस्तकालय के संचालन खंड को आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड प्रणाली के माध्यम से कम्प्यूटरीकृत किया गया है और स्वचालित अनुस्मारक प्रणाली के साथ पुस्तकों की ऑनलाइन वापसी को उपयोगकर्ता के ईमेल के साथ एकीकृत किया गया है। पुस्तकालय के पाठकों को जारी किए गए कुल आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड 463 हैं। पुस्तकालय वर्तमान जागरूकता सेवा और संदर्भ और रेफरल सेवाएं प्रदान करता है। पुस्तकालय ई-संसाधन बुलेटिन, एम्स इंस्टीट्यूशनल रिपोजिटरी बुलेटिन और न्यू बुक्स बुलेटिन प्रकाशित करता है। यह वेब-आधारित ओपन एक्सेस पब्लिक कैटलॉग (वेब ओपेक), रिप्रोग्राफी और शैक्षिक साहित्य का मुद्रीकरण जैसी सेवाएं भी प्रदान करता है। पुस्तकालय नियमित रूप से छात्रों, शोधार्थियों और डॉक्टरों के लिए अभिविन्यास और सूचना साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करता करता है।

इस वर्ष पुस्तकालय ने ई-पत्रिका, डेटाबेस, पुस्तक और अन्य दस्तावेजों, आईटी उपकरण, सेवाओं आदि की खरीद में लगभग 18.14 करोड़ रुपये खर्च किए। वर्ष के दौरान पुस्तकालय में लगभग 608 थीसिस (मुद्रित और सीडी रूप में), 53 हिंदी किताबें और 22 उपहार में दी गई किताबें आईं। डेलनेट के माध्यम से अंतर पुस्तकालय ऋण सेवा भी प्रदान की गई। पुस्तकालय में ऑनलाइन मंच के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक थीसिस और निबंध (ईटीडी) की सुविधा है। अब, थीसिस और शोध प्रबंध पुस्तकालय के पाठकों के लिए मुद्रित, सीडी प्रारूपों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (24x7) http://bbdletd.aiims.edu/ के माध्यम से उपलब्ध हैं।

प्रदत्त भाषण:

शांतनु गांगुली: 8 जहांगीर खान: 1

महत्वपूर्ण घटनाएं

डॉ शांतनु गांगुली जर्नल ऑफ अकेडमी ऑफ हॉस्पिटल एड्मिनिस्ट्रेशन(जेएएचए) के कार्यकारी परिषद द्वारा नियुक्त सलाहकार संपादकीय बोर्ड के सदस्य थे।

नीतू प्रिया संस्थान वार्षिक रिपोर्ट समिति, एम्स नई दिल्ली की सदस्य थी।

11.2. कैफेटेरिया

अध्यक्ष
शुभाशीष पांडा
उप-निदेशक (प्रशासन)

सदस्य-सचिव
राकेश कुमार शर्मा
वरिष्ठ भंडार अधिकारी

लेखा अधिकारी
मीनाक्षी डबराल

महाप्रबंधक
के.के. शर्मा

अ.भा.आ.सं. कैफेटेरिया को विभागीय कैंटीन की श्रेणी के तहत स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य संस्थान के कर्मचारियों को उचित मूल्य पर स्वास्थ्यकर वातावरण के अंतर्गत तैयार किया गया पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। यह कैफेटेरिया संकाय सदस्यों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, छात्रों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों सहित संस्थान के 15,000 से अधिक कर्मचारियों के खान-पान संबंधी आवश्यकताओं का प्रबंध करता है। कैफेटेरिया प्रबंधन समिति के पर्यवेक्षण के तहत विभिन्न स्थानों / केद्रों में चौबीस घंटे कैफेटेरिया सेवा प्रदान की जा रही है। यह कैफेटेरिया महत्वपूर्ण सरकारी बैठकों कार्यशालाओं, संगोष्ठी आदि के दौरान अ.भा.आ.सं. के सभी उच्च कार्यालयों की आतिथ्य सेवाओं की पूर्ति भी करता है।

अ.भा.आ.सं. परिसर में नए ब्लॉकों में अतिरिक्त अ.भा.आ.सं. स्टाफ क्षमता, रोगियों एवं उनके संबंधियों के आगमन के परिणामस्वरूप संस्थान में खान-पान की सेवाओं में अत्यधिक विस्तार की जरूरत को ध्यान में रखते हुए इसमें उच्च कुशल व्यावसायिक सेवाओं की आवश्यकता अनुभव की गई है। कैफेटेरिया सेवाओं के क्षेत्र को दो भागों में निर्धारित किया गया है एवं इस सेवा को एक ओपन क्यूसीबीएस निविदा प्रक्रिया के द्वारा एक व्यावसायिक एजेंसी को आउटसोर्स किया गया।

वर्तमान में मुख्य कैफेटेरिया का संचालन अ.भा.आ.सं. के आंतरिक स्टाफ द्वारा किया जा रहा है। मैसर्स जे.एस. हॉस्पिटेलिटी सर्विस प्रा. लिमि. को अ.भा.आ.सं. की अन्य सुविधाओं में किचन एवं कैफेटेरिया सेवाएं प्रदान करने की संविदा प्रदान की गई है। वर्तमान में परिसर के विभिन्न भागों में 11 आउटलेट्स पर कैफेटेरिया / किचन सेवाएं प्रदान की जा रही है।

वर्तमान में संस्थान में संपूर्ण कैफे सेवाओं का प्रबंधन निम्न तरीके से किया जाता है:-

1. ज़ोन-1 के अतंर्गत — अ.भा.आ.सं. कैफेटेरिया
2. ज़ोन-2 के अतंर्गत — मैसर्स जे.एस. हॉस्पिटेलिटी सर्विस प्रा. लिमि.

कर्मचारी संख्या

कैफेटेरिया विभाग में नियमित आधार पर 24 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है और 101 कर्मचारी संविदा आधार पर नियुक्त हैं।

वार्षिक टर्न ओवर

कैफेटेरिया विभाग का कुल टर्न ओवर लगभग 1.25 करोड़ है।

11.3. केंद्रीय पशु सुविधा

प्रभारी आचार्य

एस.एस. चौहान

वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी

पी.के. यादव

वर्ष के दौरान, केन्द्रीय पशु सुविधा (सी.ए.एफ.) में केवल चूहों, मादा चूहों, खरगोश, गिनी पिग तथा हेमस्टर्स को अनुरक्षित रखा गया।

छोटे पशु (रोडेंट्स):

वर्ष के दौरान प्रयोगशाला पशुओं की औसत संख्या निम्नलिखित थी।

1.	चूहे (विस्टर):	2044
2.	चूहे (स्प्रेग डॉले):	469
3.	मादा चूहे (स्विस):	947
4.	मादा चूहे बाल्ब/सी:	877
5.	मादा चूहे सी 57 बीएल/6:	441
6.	खरगोश (न्यूजीलैंड):	104
7.	गिनी पिग (डंकिन हार्टली):	37

विभिन्न विभागों को कुल 2187 छोटे पशु उपलब्ध कराए गए (चूहे 1540, मादा चूहे स्विस एलबिनो 441, मादा चूहे बाल्ब/सी 77, मादा चूहे सी 57 बीएल/6 94, खरगोश 25 तथा गिनी पिग 10)। दिल्ली तथा दिल्ली से बहार के अन्य शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थानों को कुल 1892 पशु बेचे गए (चूहे 1247, मादा चूहे 635 तथा खरगोश 10)।

प्रायोगिक शल्य चिकित्सा

केन्द्रीय पशु सुविधा में विभिन्न विभागों के संकाय, अन्वेषकों तथा छात्रों द्वारा एक सौ तेहत्तर (173) शल्य प्रक्रियाएं निष्पादित की गईं। इसमें शरीर रचना, जैवरसायन, आई.आई.टी. नई दिल्ली के सहयोग से जैव आयुर्विज्ञान इंजीनियरी, जैवभौतिकी, जैव प्रौद्योगिकी, जठरांत्ररोगविज्ञान, प्रयोगशाला चिकित्सा, तंत्रिका शल्यचिकित्सा, नाभिकीय चुम्बकीय अनुनाद, बाल शल्य चिकित्सा, भेषजगुण विज्ञान, प्रजनन जैव विज्ञान तथा स्टेम सेल सुविधा शामिल हैं।

संस्थानिक पशु नीति विषयक समिति

संस्थानिक पशु नीति विषयक समिति (आई.ए.ई.सी.) को मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (भारत सरकार) के तहत जन्तुओं पर प्रयोग के नियंत्रण तथा पर्यवेक्षण के प्रयोजन हेतु समिति (सी.पी.सी.एस.ई.ए.) द्वारा अनुमोदन प्राप्त है। एम्स की सी.पी.सी.एस.ई.ए. पंजीकरण संख्या 10/जी.ओ./आरईबीआईबीटी/एस/9/सी.पी.सी.एस.ई.ए. है "शिक्षा के उद्देश्यों हेतु अनुसंधान, आन्तरिक उपयोग के लिए प्रजनन तथा छोटे

पशुओं के व्यापार कार्य के उद्देश्य के लिए प्रजनन (चूहे, मादा चूहे, खरगोश, गिनी पिग तथा हेमेस्टर)।" संस्थानिक पशु नीति विषयक समिति (आई.ए.ई.सी.) ने विभिन्न अन्वेषकों की 25 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी तथा 2 परियोजनाओं को छोटे पशुओं (रोडेन्टस) पर अध्ययन करने हेतु विस्तार प्रदान किया गया। डॉ. एस.एस. चौहान आई.ए.ई.सी. के अध्यक्ष थे तथा डॉ. पी.के. यादव आई.ए.ई.सी. के सदस्य-सचिव थे।

प्रदत्त सेवाएं

केन्द्रीय पशु सुविधा ने शरीर रचना, जैव रसायन, आई.आई.टी., नई दिल्ली के सहयोग से जैव आयुर्विज्ञान इंजीनियरिंग यूनिट, जैव भौतिकी, जैव प्रौद्योगिकी, जठरांत्ररोगविज्ञान, प्रयोगशाला चिकित्सा, तांत्रिकाशल्यचिकित्सा, नाभिकीय चुम्बकीय अनुनाद, बाल शल्य चिकित्सा, भेषजगुण विज्ञान, प्रजनन जैवविज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान तथा स्टेम सेल सुविधा से संबंधित पशुओं का रख-रखाव कर रहा है। इस विभाग से संबंधित प्रायोगात्मक प्रयोगाशाला पशुओं (उदाहरणतः चूहे 121, मादा चूहे 194, खरगोश 1 तथा गिनी पिग 2) का पूरे वर्ष रख-रखाव किया गया।

प्रतिरक्षा की कमी वाले पशुओं (न्यूड तथा ट्रांसजेनिक मादा चूहे) के साथ अनुसंधान हेतु सुविधाओं पर कार्य हो रहा है एवं यह शीघ्र ही क्रियाशील होगी।

आई.ए.ई.सी. ने शरीर क्रिया विज्ञान, भेषजगुण विज्ञान, नेत्र भेषजगुण विज्ञान तथा रा.प्र. नेत्रविज्ञान केन्द्र की फार्मेसी को इस विभाग में प्रयोगशाला पशुओं को रखने की अनुमति प्रदान की है। ये विभाग केन्द्रीय पशु सुविधा के पर्यवेक्षण के तहत अपने विभाग में प्रयोगशाला पशुओं का रख-रखाव करते हैं।

शैक्षिक कार्यक्रम में भाग लिया

पी.के. यादव

1. 'पशुचिकित्सा पोस्टमॉर्टम परीक्षा', पर ऑनलाइन प्रशिक्षण अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार, 23-24 सितम्बर 2020, पशु चिकित्सा विभाग, पशु चिकित्सा महाविद्यालय तथा अनुसंधान केन्द्र, तमिलनाडु पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, ओरथानाडु, जिला तंजावुर, तमिलनाडु में भाग लिया।
2. 'कोविड-19 परीक्षण तथा पशुजन्य रोगों से संबंधित जैव सुरक्षा मुद्दे' पर ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबिनार 28 सितम्बर 2020, पशुचिकित्सा जन-स्वास्थ्य विभाग, पशुचिकित्सा विज्ञान तथा पशुपालन महाविद्यालय, डी.यू.वी.ए.एस.यू, मथुरा, उत्तर प्रदेश में भाग लिया।
3. 'शिक्षण प्रशिक्षण तथा अनुसंधान में प्रयोगशाला पशुओं का उपयोग' पर ऑनलाइन औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, 11 अक्टूबर 2020, त्रिचिनोपोली, नेहरू स्ट्रीट, बर्मा कलोनी, कट्टूर (पोस्ट), तिरूचिरापल्ली, तमिलनाडु।
4. "जी.एल.पी. परीक्षण तथा अध्ययन निर्देशक एवं अध्ययन कार्मिकों के उत्तरदायित्व" पर ऑनलाइन औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, 13 अक्टूबर 2020, त्रिचिनोपोली, नेहरू स्ट्रीट, बर्मा कलोनी, कट्टूर (पोस्ट) तिरूचिरापल्ली, तमिलनाडु में भाग लिया।

पुरस्कार, सम्मान तथा महत्वपूर्ण घटनाएं

डॉ. पी.के. यादव, वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, केन्द्रीय पशु सुविधा, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली, को मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, पशुपालन तथा डेयरी विभाग, भारत सरकार के तहत भारतीय पशुचिकित्सा परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया।

11.4. केंद्रीय कार्यशाला

संकाय समन्वयक

डॉ. गंगा प्रसाद

(आचार्य, संवेदनाहरण विज्ञान, पीड़ा चिकित्सा और गंभीर उपचार विभाग)

मुख्य तकनीकी अधिकारी

कालू राम, हरिंदर पाल

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

नितिन श्रीवास्तव (इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स)	मनप्रीत सिंह सूदन (इलेक्ट्रॉनिक्स)

उद्देश्य:

अस्पताल में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारु रूप से प्रदान करने हेतु कुशलतापूर्वक कार्य करने वाले यंत्रों का होना आवश्यक है। हालांकि, कई रोगी उपचार केंद्र महंगे एवं उत्कृष्ट उपकरण को खरीद लेते हैं, जो खराब रखरखाव के कारण टूट जाते हैं। यदि टूटे हुए उपकरणों की रिपोर्ट करने तथा योजना बनाने अथवा उन्हें मरम्मत पर ले जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है तो उपकरण लंबे समय तक प्रयोग लायक नहीं रह सकते हैं। एक प्रभावशाली रखरखाव पद्धति अनुपयोगी उपकरण की समय अवधि को कम करेगी तथा वित्तीय दबाब को भी कम करती है।

केंद्रीय कार्यशाला की स्थापना सन् 1964 को शल्य उपकरणों एवं नैदानिक यंत्रों सहित चिकित्सीय उपकरणों की मरम्मत एवं रखरखाव हेतु की गई थी। केंद्रीय कार्यशाला केवल विभिन्न उपकरणों की मरम्मत एवं रखरखाव ही नहीं करती है अपितु शैक्षिक एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्रियों का निर्माण भी करती है। इस प्रकार, यह एम्स में सुचारु एवं पूर्ण रोगी उपचार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एकल तकनीकी विभाग होने के नाते यह संस्थान की विभिन्न प्रापण समितियों को तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान करती है।

कर्मचारियों की संख्या

उपर्युक्त कार्यों के निष्पादन हेतु तकनीशियनों एवं अधिकारीगणों की एक कुशल टीम विभाग में मौजूद है। यह टीम अस्पताल में विभिन्न उपकरणों को सुचारु रूप से कार्य करने के लिए कौशलात्मक सहयोग प्रदान करती है। केन्द्रीय कार्यशाला में विभिन्न अनुभाग हैं जिनका संचालन वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी/तकनीकी अधिकारी की अध्यक्षता में स्टाफ-सदस्यों द्वारा किया जाता हैं।

केन्द्रीय कार्यशाला में समूह 'ख' एवं 'ग' के स्टाफ-सदस्यों की संख्या निम्नानुसार है:

- तकनीकी अधिकारी - 4
- तकनीशियन (ग्रेड I) - 4
- कार्यालय लिपिक (जेएए) - 1
- भंडार लिपिक (जेएए) - 1

- तकनीशियन (ग्रेड II) - 7
- कार्यशाला सहायक - 3
- प्रचालक (ई तथा एम) - 4
- खलासी - 1

उपलब्ध सेवाएं

यह कार्यशाला मुख्य अस्पताल, केन्द्रों, एनडीडीटीसी गाज़ियाबाद और सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ को निम्नलिखित सेवाओं को प्रदान करती हैं:

मरम्मत एवं रखरखाव

केन्द्रीय कार्यशाला में विविध उपकरणों की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए विभिन्न अनुभाग है। वर्ष के दौरान केंद्रीय कार्यशाला द्वारा कुल 5656 काम / कार्य प्राप्त एवं पूर्ण किए गए।

मरम्मत किए गए उपकरणों के कुछ अनुभाग-वार उदाहरण निम्नलिखित हैं:-

क्र.सं.	अनुभाग	कार्यों की संख्या	उपकरण का विवरण
01	इलेक्ट्रॉनिक्स	911	पेशेंट मॉनीटर्स, इन्फ्यूजन पंप, विनियमित पॉवर सप्लाईज, इलेक्ट्रॉनिक तराज़ू मशीन, लाइट सोर्सेज, ईईजी मशीन, सीलिंग मशीन, अल्ट्रासोनिक नेबूलाईजर, डीवीटी पम्पस, सीवीटी / स्टैबला ईज़र, इंडक्शन हॉट प्लेट, नेबूलाईज़र, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, ऑपरेशन टेबल (रिमोट कंट्रोल्ड), माइक्रोस्कोप, माइक्रोवेव ओवन, कलर टेलीविज़न, स्टूडियों लाइट, पेशेंट वार्मर, एलईडी व्यू बॉक्स, एलिसा वॉशर और रीडर, रिएक्शन टाइमर, एयर मैट्रेस पंप आदि।
02	इलेक्ट्रिकल	658	आटोक्लेव मशीन, गाइनी परीक्षण / गूज नैक / बुक आई लैंप, बॉईलर, सेंट्रीफ्यूज मशीन, सक्शन मशीन, फलाई कीलर मशीन, फ्यूमीगेटर, गॉज / प्लास्टर कटर्स, ग्राइडंर, हॉट केस, हॉट एयर ओवेन्स, हॉट डिसप्ले काउटंर, हॉट प्लेट्स, इनक्यूबेट, लैमिनार फलो, मायो स्टैंड, मिक्सर ग्राइंटर, मैग्नेटिक स्टिरर, नीढल डिस्ट्रॉयर्स, ओटी लाइट्स, स्पॉट लाइट, स्टीम बाथ, स्टेरीलाईज़र्स, यूवी लाइट्स, वैक्यूम क्लीनर्स, एम्स-रे व्यू बॉक्स, वोर्टेक्स रोकर, वाटर बाथ, वैक्स बाथ, इलेक्ट्रिक केतली आदि।
03	मैकेनिकल	2558	सर्जिकल उपकरण, ट्रेकियोस्टोमी ट्यूब, स्प्रे पंप, वेपोर जेट क्लीनिंग मशीन, कैंची (पट्टी काटने वाली) बेडसाइड लॉकर्स, आई.वी. स्टैंड्स, पेशेंट ट्रॉली, पेशेंट

04			बेड, व्हील चेयर्स, लोडिंग ट्रॉली, फूड ट्रॉली, साइड स्क्रीन, इंस्ट्रूमेंट ट्रॉली, बेसिन स्टैंड, फूडस्टेप, सर्जिकल ड्रम, पुश कार्ट, पेशेंट एग्जामिनेशन टेबल, हाइड्रोलिक ट्रॉली, टेस्ट ट्यूब स्टैंड्स, रिवोल्विंग स्टूल आदि।
04	फाइन इंस्ट्रूमेंट	916	डिजिटल बी.पी. उपकरण, माइक्रो बैलेंसिज, डायल बी.पी. उपकरण, स्टेथोस्कोप, तौल मशीन, कंप्रेसर, फलोमीटर्स, ऑक्सीजन रेगुलेटर्स, हाइड्रोलिक टेबल्स, लैरिंगोस्कोप आदि।
05	रेफ्रीजरैशन	195	वीसी कूलर्स, डीप फ्रीज़र्स, चिल्लिंग यूनिट, आईक्रीम कैबिनेट, रेफ्रीजरेटर्स, कोल्ड डिसप्ले काउंटर्स, मिनिकोल्ड, रेफ्रीजरेटिड बीओडी इनक्यूबेटर आदि।
06	पेंटिंग	418	कार्यालय एवं अस्पताल की सभी फर्नीचर सामग्री जैसे बेड, इंट्रावीनस स्टैंड्स, सभी प्रकार की ट्रॉली, व्हील चेयर्स, बेंचिस, फुटस्टेप्स, पेशेंट साइड लॉकर्स, पिजन लॉकर्स, पेशेंट एग्जामिनेशन टेबल्स, पुश कार्ट्स, अलमारियाँ, रैक आदि।
	कुल कार्य	**5656**	

निर्माण एवं मार्गदर्शन

मरम्मत एवं रखरखाव की गतिविधियों के धीरे-धीरे बढ़ते हुए भार के बावजूद भी केन्द्रीय कार्यशाला विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए विशेष विवरण के अनुसार रोगी उपचार अथवा वैज्ञानिक अनुसंधान में उपयोगी उपकरणों के डिजाइन एवं निर्माण द्वारा संस्थान की मदद करने में सक्षम है।

वर्ष 2020-21 के दौरान केंद्रीय कार्यशाला द्वारा कुल 1297 (एक हज़ार दो सौ सत्तानवे) उपकरणों का निर्माण किया गया था। उपकरणों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	उपकरण का विवरण	मात्रा	विभाग
01	सर्जिकल उपकरण के लिए हैंडल	12	अस्थिरोग विज्ञान ओ.टी., जे.पी.एन.ए. ट्रॉमा सेंटर ओ.टी.
02	टेम्प चार्ट होल्डर	30	मुख्य अस्पताल
03	इंटूबेशन रोबॉट कोविड-19	1	टी.सी. आपात-चिकित्सा
04	एमआईआरए रोबॉट कोविड-19	2	कम्प्यूटर सुविधा
05	सैम्पलिंग सीट कोविड-19	22	इएचएस,आरपीसी,आईआरसीएच
06	एंडोस्कॉपी होल्डर	3	ईएनटी
07	फोन स्टैंड	1	कम्प्यूटर सुविधा

क्र.सं.	उपकरण का विवरण	मात्रा	विभाग
08	टेबल स्टैंड	1	कम्प्यूटर सुविधा
09	कॉपर स्टीलेट	32	एमओटी / सीटी 6
10	एल्यूमीनियम कलैंप	40	पैथोलॉजी
11	सैंपल ट्रे	3	मुख्य अस्पताल
12	स्टूडियो लाइट हैंगर	5	एसईटी सुविधा
13	एल्यूमीनियम ब्लॉक	205	आईआरसीएच
14	हुक्स	2	शल्य चिकित्सा
15	वुडेन स्प्लिन्ट	930	टीसी आपात-चिकित्सा
16	इलूमनेशन स्टैंड	1	पैथोलॉजी
17	सैंपल बॉक्स	1	स्त्रीरोग विज्ञान
18	इलेक्ट्रॉनिक सेट अप फॉर लैपरोस्कोपिक ट्रेनिंग	1	शल्य चिकित्सा
19	पसीना जांच मशीन	5	शल्य चिकित्सा
	कुल	**1297**	

1) अल्पकालीन प्रशिक्षण

विभाग विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के डिप्लोमा/स्नातकपूर्व के छात्रों को अल्पकालीन प्रशिक्षण (4-6 सप्ताह) प्रदान करने में सक्रिय रूप में संलग्न है।

2) प्रशिक्षण गतिविधि

विभाग बी.एस.सी. ओ.टी. टेक्नोलॉजी के छात्रों की शैक्षिक गतिविधियों से जुड़ा रहा है। इसके द्वारा छात्रों के पाठ्यक्रम के अनुसार विभिन्न इलेक्ट्रिक एवं मैकेनिकल विषयों पर कक्षाएं एवं प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं।

उपलब्धियां

1. केंद्रीय कार्यशाला को विकृतिविज्ञान विभाग, एम्स, नई दिल्ली से विकृतिविज्ञानी नमूनों की सकल फोटोग्राफी के लिए इलूमिनेशन स्टैंड के डिजाइन और निर्माण में प्रदान की गई तकनीकी सहायता के लिए प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए हैं।
2. केंद्रीय कार्यशाला ने इंटुबेशन बॉक्स, एंडोस्कोपी होल्डर, फोन और टैबलेट स्टैंड, एमआईआरए रोबोट और दस्ताने के साथ सैंपलिंग शीट जैसे कोविड स्वास्थ्य सेवा में उपयोगी वस्तुओं के डिजाइन और निर्माण में भी मूल्यवान सेवा प्रदान की है जो स्वास्थ्यकर्मियों को रोगी के नमूने लेने में मदद करते हैं।

11.5 कंप्यूटर सुविधा

प्रभारी-आचार्य

ए. शरीफ

उप-निदेशक

एस.एन. रघु कुमार

सिस्टम एनालिस्ट

सतीश प्रसाद एस.के. मेहर संजय गुप्ता

वरिष्ठ प्रोग्रामर

हरि शंकर श्यामल बरुआ पवन शर्मा

तृप्ता शर्मा संजीव कुमार अमित भाटी

विशिष्टताएं

सेवाएं और शिक्षा	आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और नेटवर्क

• अस्पताल सूचना प्रणाली
• प्रयोगशाला सूचना प्रणाली
• आरआईएस/पीएसीएस
• इन हाउस मॉड्यूल:
  ○ प्रशासन और बैक ऑफिस
  ○ क्लीनिकल
• कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा एप्लीकेशन
• एम्स वेबसाइट: www.aiims.edu
• स्व ईमेल और एसएमएस सेवाएं
• पूर्वस्नातक और स्नातकोत्तर नर्सिंग छात्रों के लिए कंप्यूटर शिक्षा कक्षाएं
	• 9500+ नोड्स का प्रबंधन
	• हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन के लिए एनकेएन कनेक्टिविटी
	• इमारतों में वाई-फाई कवरेज
	• अत्याधुनिक डाटा सेंटर
	• अत्याधुनिक आईटी सुरक्षा
	• अत्याधुनिक 3 स्तरीय नेटवर्किंग आर्किटेक्चर
	• यूटीएएम/फ़ायरवॉल

सॉफ्टवेयर सेवाएं और शिक्षा

अस्पताल सूचना प्रणाली

eHospital@NIC सॉफ्टवेयर का उपयोग करके अस्पताल सूचना प्रणाली (एचआईएस) लागू की गई है जिसके माध्यम से निम्नलिखित मॉड्यूल का प्रबंध किया जाता है:

- ऑनलाइन अपॉइंटमेंट
- ओपीडी पंजीकरण (नया और फॉलो अप)
- पेशेंट बिलिंग
- सूची प्रबंधन मॉड्यूल
- प्रयोगशाला मॉड्यूल
- एडमिशन, डिस्चार्ज और स्थानान्तरण
- मेडिकल रिकॉर्ड अनुभाग
- आहार सेवाएं
- ब्लड बैंक

एचआईएस का स्नोमेड सीटी के साथ पूरी तरह से अनुपालन किया गया है।

ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की स्थिति

नए मरीज	**फॉलो-अप पेशेंट**
102050	116043

ओपीडी पंजीकरण (नए और फॉलो-अप) की स्थिति

केंद्र का नाम	**नए पंजीकरण (फिजिकल)**	**फॉलो-अप पंजीकरण (फिजिकल)**	**नए पंजीकरण (टेली कंसल्टेशन)**	**फॉलो-अप पंजीकरण (टेली कंसल्टेशन)**
मुख्य अस्पताल	104891	177240	224	36906
सीएन केंद्र	13224	36494	1261	23428
डॉ. आरपी केंद्र	36616	67020	14	1236
सीडीईआर	21236	26749	892	612
आईआरसीएच	21185	14548	0	0

भर्ती, छुट्टी और स्थानान्तरण के आँकड़े

भर्ती	**स्थानांतरण**	**छुट्टी**
138133	60763	138587

प्रयोगशाला सूचना प्रणाली

प्रयोगशाला सूचना प्रणाली अंतरराष्ट्रीय एचएल7 मानकों का पालन करते हुए प्रयोगशाला उपकरण और ई-हॉस्पिटल सॉफ्टवेयर के एकीकरण के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। एलआईएस से जुड़े प्रयोगशाला उपकरण हैं:

क्र.सं.	प्रयोगशाला का स्थान	उपकरण का नाम	संख्या	मशीन का प्रकार
1	सीएनसी	बकमैन 5 प्लॉट सेल काउंटर	1	एकल-दिशात्मक
2	सीएनसी	आईरिस आईकाउंट3	1	एकल-दिशात्मक
3	सीएनसी	इम्युलाइट 1000	1	एकल-दिशात्मक
4	सीएनसी	बायो-रेड10	1	एकल-दिशात्मक
5	सीएनसी	एलिफेक्स आर20 ईएसआर मशीन	1	एकल-दिशात्मक
6	सीएनसी	बेकमैन 3 प्लॉट सेल काउंटर	1	एकल-दिशात्मक
7	आरपीसी रुधिर विज्ञान (सातवां तल)	बेकमैन कल्टर 5 प्लॉट एक्ट डिफ सेल काउंटर	1	एकल-दिशात्मक
8	आरपीसी रुधिर विज्ञान (सातवां तल)	सिस्मेक्स केएक्स21	1	एकल-दिशात्मक
9	आरपीसी रुधिर विज्ञान (छठा तल)	बेकमैन एयू680	1	द्वि-दिशात्मक
10	एंडोक्रिनोलॉजी-1	बायो-रेड डी10	1	एकल-दिशात्मक
11	सीसीएफ ग्राउंड फ्लोर	कोबास 6000	1	द्वि-दिशात्मक
12	सीसीएफ ग्राउंड फ्लोर	मूत्र विश्लेषक	1	एकल-दिशात्मक
13	गुर्दे	कोबास सी3 11	1	द्वि-दिशात्मक
14	गुर्दे	एबॉट आर्किटेक्ट1000	1	द्वि-दिशात्मक
15	गुर्दे	आईओएनएस	2	एकल-दिशात्मक
16	आपातकालीन विभाग	एक्यूटी 90	1	एकल-दिशात्मक
17	आपातकालीन विभाग	एबीएल 800	1	एकल-दिशात्मक
18	आपातकालीन विभाग	पेंट्रा एक्सएल	1	एकल-दिशात्मक
19	न्यू प्राइवेट वार्ड द्वितीय तल	मिनी कैप	1	एकल-दिशात्मक
20	बाल चिकित्सा एंडोक्रिनोलॉजी	कोबास ई411	1	द्वि-दिशात्मक
21	सीएनसी	बेकमैन कल्टर एयू 680	1	द्वि-दिशात्मक

22	सीएनसी	बेकमैन कल्टर 480	1	द्वि-दिशात्मक
23	प्रजनन जीवविज्ञान	एबट आर्किटेक्ट 1000	1	द्वि-दिशात्मक
24	आईआरसीएच प्रथम तल	एमएस 4 सेल काउंटर	1	एकल-दिशात्मक
25	आईआरसीएच प्रथम तल	एमएस 9 सेल काउंटर	1	एकल-दिशात्मक
26	आईआरसीएच द्वितीय तल	एमएस4 सेल काउंटर	2	एकल-दिशात्मक
27	आईआरसीएच द्वितीय तल	एमएस9 सेल काउंटर	2	एकल-दिशात्मक
28	लैब मेडिसिन रूम नंबर-2	कोम्बिलिन	2	एकल-दिशात्मक
29	लैब मेडिसिन रूम नंबर-2	कैरटियम	2	एकल-दिशात्मक
30	सीएनसी रूम नंबर 53 ग्राउंड फ्लोर	हिटाशी मॉड्यूलर	1	द्वि-दिशात्मक
31	सीसीएफ ग्राउंड फ्लोर	बेकमैन कल्टर एक्सेस2	1	द्वि-दिशात्मक
32	लैब मेडिसिन रूम नंबर 20	हिताची मॉड्यूलर	2	द्वि-दिशात्मक
33	एंडोक्रिनोलॉजी-01	कोबास इंटेग्रा	1	द्वि-दिशात्मक
34	सीएनसी	स्टा कॉम्पैक्ट	2	द्वि-दिशात्मक
35	आरपीसी (छठा तल)	बेकमैन कल्टर एयू680	1	द्वि-दिशात्मक
36	आरपीसी (छठा तल)	एक्सेस 2	1	द्वि-दिशात्मक
37	न्यू प्राइवेट वार्ड द्वितीय तल	स्टा कॉम्पैक्ट	1	द्वि-दिशात्मक
38	प्रजनन जीवविज्ञान	आर्किटेक्ट 1000	1	द्वि-दिशात्मक
39	प्रजनन जीवविज्ञान	आर्किटेक्ट 4000	1	द्वि-दिशात्मक
40	प्रजनन जीवविज्ञान	आर्किटेक्ट 2000	1	द्वि-दिशात्मक (आईओटी आधारित इंटरफेसिंग)
41	एंडो-02	कोबेस 411	4	द्वि-दिशात्मक
42	एंडो-02	संपर्क	2	द्वि-दिशात्मक

43	एंडो-02	कोबेस 411	1	द्वि-दिशात्मक (आईओटी आधारित इंटरफेसिंग)
44	एंडो-02	संपर्क एक्सएल	1	द्वि-दिशात्मक
45	सीएनसी	एडविया	1	द्वि-दिशात्मक
46	सीएनसी	एडविया सेंटुरा एक्सपी	1	द्वि-दिशात्मक
47	सीएनसी	बेकमैन कल्टर एक्ट5	1	द्वि-दिशात्मक
48	जैव रसायन	विट्रो विश्लेषक	1	द्वि-दिशात्मक
49	एंडो-01	थोश जी8	1	एकल-दिशात्मक
50	लैब मेडिसिन रूम नंबर-2	एलीटएसीएल	1	द्वि-दिशात्मक (आईओटी आधारित इंटरफेसिंग)
		एकल-दिशात्मक	**27**	
		द्वि-दिशात्मक	**33**	
		कुल गणना	**60**	

आरआईएस और पीएसीएस

आरआईएस

विभिन्न रेडियोलॉजिकल जांच की एपॉइमेंट ई-हॉस्पिटल आरआईएस सिस्टम के माध्यम से दी जाती है। जांच के बाद के परिणाम भी एचएल7 का उपयोग करके एचआईएस सिस्टम में वापस ले लिए जाते हैं। आरआईएस के माध्यम से निर्धारित विभिन्न जांच नियुक्ति निम्नानुसार सूचीबद् हैं:

- प्लेन एक्स-रे
- सीटी स्कैन
- एमआरआई स्कैन
- अल्ट्रासोनोग्राफी
- पेट स्कैन
- नेत्र संबंधी रेडियोलॉजी
- मैमोग्राफी
- एंजियोग्राफी
- डेंटल एक्स-रे

ये जांच एम्स के विभिन्न केंद्रों में कई स्थानों पर की जाती है।

पीएसीएस

एम्स ने वेब-आधारित विज़ुअलाइज़र: ओवियम के साथ एक सामान्य केंद्रीकृत पीएसीएस सर्वर लागू किया है। यह प्रणाली स्टैंडअलोन विभागीय पीएसीएस सिस्टम (सीमेंस, जीई सेंट्रिकिटी, फिलिप्स, सोनोसाइट) के साथ एकीकृत है।

एम्स में ओपन सोर्स पैक्स से जुड़ी विधियां: कॉन्फ़िगर किए गए एईटी (एप्लिकेशन एंटिटी टाइटल) कहे जाने वाली विधियां की कुल संख्या 87 है। वर्ष 2014 के बाद से विभिन्न विभागों और स्थानों जैसे मुख्य एम्स, जेपीएनएटीसी, एनसीआई झज्जर से पीएसीएस सर्वर में अध्ययन को स्टोर करने के लिए कॉन्फ़िगर किया गया है।

एचआईएस ई-अस्पताल के साथ पीएसीएस एकीकरण: यह एचएल 7 मानकों का उपयोग करते हुए रोगी जनसांख्यिकी विवरण प्राप्त करने के लिए एचआईएस के साथ एकीकृत है। यह रेडियोलॉजिकल जांच जैसे एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई स्कैन आदि के लिए मांग को ऑनलाइन आरआईएस सिस्टम को भेजने में मदद करता है। पीएसीएस का एकीकरण विभिन्न विधियों के साथ किया गया था।

अपग्रेडेशन: कुछ बग संबंधी समस्या को ठीक करने और प्रदर्शन में सुधार के कारण ओपन पैक्स डीसीएम4सीएच ईईपीएसीएस संस्करण को 2.17.2 से 2.18.1 में अपग्रेड किया गया है।

ओवियम व्यूअर: डीआईसीओएम सी-ईटी/सी-मूव का उपयोग करके सीधे जीई - पीएसीएस से अध्ययन प्राप्त करने के लिए मॉड्यूल जोड़ा गया।

जेपीएनएटीसी पीएसीएस से **अध्ययन का ऑटो अग्रेषण** एम्स पीएसीएस में कॉन्फ़िगर किया गया है। क्रोम अपडेट 70 (अपडेट 70 में कुछ ब्राउज़र विशेषताओं को हटा दिया जाता है और एक वैकल्पिक समाधान किया जाता है) के कारण ओवियम (व्यूअर) सॉफ़्टवेयर अपडेट किया जाता है।

स्पिरोमेट्री रिपोर्ट अपलोड करने के लिए **पीडीएफ2डीआईसीओएम एप्लिकेशन** को स्थापित किया गया है जो पीडीएफ, जेपीजी जेपीईजी छवियों को डीआईसीओएम छवियों में परिवर्तित करती है और पीएसीएस सर्वर में ले जाता है।

वर्ष के दौरान विभिन्न अध्ययनों को ओपन पीएसीएस में स्टोर/संग्रहित किया गया

क्र.सं.	साधन	अध्ययनों की संख्या	साधन का स्थान
1	सीआर (कम्प्यूटेड रेडियोग्राफी)	44391	सीएनसी, आईआरसीएच, मुख्य एम्स, आरपीसी, ट्रॉमा ओपीडी, ट्रॉमा सेंटर
2	सीआर\एसआर	10	मुख्य एम्स, ट्रॉमा ओपीडी
3	सीटी (कम्प्यूटेड टोमोग्राफी)	10092	न्यू प्राइवेट वार्ड, मेन रेडियोलॉजी, मेन एम्स, आईआरसीएच, एनसीआई एम्स, आरपीसी, ट्रॉमा सेंटर

4	सीटी/ओटी/एसआर	5	सीटी8 रेडियोलॉजी वर्कस्टेशन, मुख्य एम्स
5	सीटी/पीआर/एसआर	9	मुख्य एम्स, एनसीआई एम्स
6	सीटी/आरईजी	29	एनसीआई एम्स, मुख्य एम्स, आईआरसीएच
7	सीटी \ एसआर	24263	सीटी 8 रेडियोलॉजी वर्कस्टेशन, मुख्य एम्स, एनसीआई एम्स, आईआरसीएच, ट्रॉमा सेंटर
8	डीएक्स (डिजिटल रेडियोग्राफी एक्स-रे)	40169	आईआरसीएच, सीटी8 रेडियोलॉजी वर्कस्टेशन, मुख्य एम्स, आईआरसीएच, न्यू आरएके ओपीडी, एनसीआई एम्स, आरपीसी
9	डीएक्स/एसआर	4	नई आरएके ओपीडी, मुख्य एम्स
10	केओ/एमआर	2	मुख्य एम्स
1 1	मैमोग्राफी	865	आईआरसीएच, मुख्य एम्स
12	चुंबकीय अनुकंपन	1860	आईआरसीएच, मुख्य एम्स
13	अन्य	619	सीडीईआर एक्स-रे, मुख्य एम्स, एनसीआई झज्जर
14	पीआर	104	आईआरसीएच
15	पीटी/सीटी	68	मुख्य एम्स
16	आरईजी/एमआर/एसआर	1	मुख्य एम्स
17	आरएफ/सीआर	406	आईआरसीएच, मुख्य एम्स, ट्रॉमा ओपीडी
18	एसईजी/सीटी/एसआर	541	सीडीईआर एक्स-रे, मुख्य एम्स, एनसीआई एम्स, ट्रॉमा सेंटर, आईआरसीएच
19	यूएस (अल्ट्रासाउंड)	4775	आईआरसीएच, एनसीआई, मुख्य एम्स
20	एक्सए (एक्स-रे एंजियोग्राफी)	16	मुख्य एम्स

ओपन पीएसीएस में प्राप्त कुल अध्ययन: 128,227

औसत पीएसीएस एक्सेस समय: 12 महीनों के लिए कुल ओपन पीएसीएस एक्सेस समय 1572.083 घंटे है जिसे एलएएन (लैन) कनेक्शन और वाई-फाई पर एक्सेस किया गया था। औसत 1 महीने का पीएसीएस डेटा एक्सेस किया गया 1,572/12=131 घंटे प्रति माह है। प्रत्येक दिन का औसत एक्सेस समय लगभग 4.37 घंटे है।

इन हाउस मॉड्यूल

कंप्यूटर सुविधा में प्रोग्रामर्स की एक टीम होती है जो डॉट नेट तकनीक का उपयोग करके विभिन्न इन हाउस मॉड्यूलों का लगातार रखरखाव, उन्नयन और विकास करती है। हाल ही में, ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी को

प्रोत्साहित किया गया है और सॉफ्टवेयर विकास के उद्देश्य से इसका उपयोग किया गया है जिसमें पायथन प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, ट्राइटन फ्रेमवर्क और पोस्ट ग्रेएसक्यूएल डेटाबेस शामिल है।

प्रशासनिक और बैक ऑफिस मॉड्यूल

प्रशासनिक और बैक ऑफिस ऑटोमेशन के लिए, संस्थान में बनाए रखे जाने वाले और कार्यान्वित किये जाने वाले विभिन्न इन-हाउस मॉड्यूल नीचे सूचीबद्ध हैं:

- पे रोल प्रणाली
    - जीपीएफ सिस्टम: ऑनलाइन जीपीएस स्टेटमेंट
    - टैक्स मॉड्यूल: ऑनलाइन फॉर्म 16
    - पेंशन प्रणाली
- छात्रावास आवंटन और पंजीकरण प्रणाली
- ऑनलाइन वेतन पर्ची
- सतर्कता प्रणाली
- इंजीनियरिंग सेवा विभाग के लिए इन्डेंट पत्र और अवार्ड प्रणाली
- अकादमिक शिक्षण समय-सारणी और स्वचालित मेल
- ऑनलाइन विष सूचना
- ऑनलाइन अंग दान प्रपत्र
- ऑनलाइन परिवहन प्रणाली
- इलेक्ट्रॉनिक वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन और रिपोर्ट (ई-एपीएआर)
    - ट्राइटन आधारित ई-एपीएआर प्रणाली पर 11,264 फॉर्म तैयार किए गए और उन्हें पूरा किया गया।
    - एम्स के कर्मचारियों और सहायक कर्मचारियों द्वारा घर से काम कर रहे विभिन्न हेल्पडेस्क कर्मियों द्वारा 500 से अधिक टिकटों का समाधान किया गया।
- चेक और समाशोधन
    - हमारे सिस्टम से 5937 चेक प्रिंट किए गए।
- सभी सदनों के लिए विश्राम सदन डिजिटल प्रबंधन शुरू किया गया।
- दावा: बाल शिक्षा भत्ता, समयोपरि भत्ता, वाहन भत्ता, टेलीफोन बिल, समाचार पत्र बिल, मानदेय आदि के लिए एक प्रणाली विकसित और कार्यान्वित की गई।
- फिजिक्ल चेक के उपयोग के बिना भुगतान करने के लिए एसबीआई कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग के साथ एकीकरण के लिए एक प्रणाली विकसित की गई।
- सुरक्षा लेखापरीक्षा: एसटीक्यूसी निदेशालय के साथ ट्राइटन-आधारित अनुप्रयोगों के लिए सुरक्षा लेखापरीक्षा शुरू की।

पूरे संस्थान में फाइल की गतिविधियों की ऑनलाइन ट्रैकिंग के लिए ई-ऑफिस@एनआईसी सॉफ्टवेयर के कार्यान्वयन में कंप्यूटर सुविधा टीम भी शामिल है।

क्लिनिकल मॉड्यूल

क्लिनिकल साइड ऑटोमेशन में अनुरक्षित और कार्यान्वित किए गए विभिन्न इन-हाउस मॉड्यूल नीचे सूचीबद्ध हैं:

- आपातकाल में पीडीएस (पेशेंट डिस्प्ले सिस्टम): 55,864 मरीजों का विवरण इमरजेंसी, न्यू आपातकाल और बाल चिकित्सा आपातकालीन के लिए पंजीकृत किया गया है।
- गुणवत्ता आश्वासन मॉड्यूल (क्यूएएम): सम्मेलनों, व्याख्यानों, संकाय सदस्यों की बैठकों और डॉक्टर के ग्रेडिंग उद्देश्य के लिए भी 531 प्रविष्टियां दर्ज की गई हैं।
- क्यूएएम/एचए: एचए द्वारा ग्रेडिंग के उद्देश्य से 26 प्रविष्टियाँ की गई हैं।
- आरपीसी पीडीएस: आरपीसी पीडीएस प्रणाली में 2697 मरीजों का विवरण दर्ज किया गया है।
- ओटी शेड्यूलिंग: विभिन्न विभागों के लिए 28,883 ओटी शेड्यूलिंग की गई है।
- उपकरण चेकलिस्ट आरपीसी: आरपीसी में उपकरणों के लिए 640 चेकलिस्ट बनाई गई हैं।
- ई जन्म प्रमाण पत्र: इस मॉड्यूल के माध्यम से 1629 जन्म प्रमाण पत्र तैयार किए गए हैं।
- ई रक्त अनुरोध: रोगियों के लिए रक्त की व्यवस्था के लिए रक्त अनुरोध किया जाता है।
- एसएनओएमईडी सीटी का उपयोग: हमने इस मॉड्यूल में डायग्नोसिस आदि क्षेत्रों में एसएनओएमईडी सीटी को एकीकृत किया है। रिकॉर्ड किए गए लेनदेन की कुल संख्या 2597 है।
- ई कैथ सूची: कैथ प्रयोगशाला के लिए 388 शेड्यूलिंग की गई है।
- ई एमएलसी: एमएलसी मामलों के लिए 9557 मेडिकल रिकॉर्ड बनाए गए हैं।
- एसएनओएमईडी सीटी का उपयोग: यह डॉक्टरों के लिए ईएमएलसी तैयार करने का एक ऑनलाइन मॉड्यूल है। एसएनओएमईडी सीटी इस मॉड्यूल में कथित एच/ओ, डायग्नोसिस जैसे क्षेत्रों में एकीकृत है। दर्ज किए गए लेनदेन की कुल संख्या 8,406 है।
- ई एमएलसी आरपीसी: आरपीसी में एमएलसी मामलों के लिए 16 मेडिकल रिकॉर्ड बनाए गए हैं।
- पेनिसिलिन रजिस्टर: पेनिसिलिन सेवन के संबंध में शेड्यूलिंग और अलर्ट करने के लिए 119 पंजीकरण किए गए हैं।
- गामा नाइफ रजिस्टर: गामा नाइफ प्रक्रिया के लिए 49 पंजीकरण किए गए हैं।
- ऑनलाइन एडमिशन स्लिप: विभिन्न विभागों के तहत बिस्तरों की उपलब्धता के आधार पर ओपीडी और आपात स्थिति दोनों के रोगियों को मिलाकर कुल 9464 एडमिशन स्लिप एक वास्तविक मंच में प्रदान की गई हैं। एसएनओएमईडी सीटी इस मॉड्यूल में डायग्नोसिस आदि जैसे क्षेत्रों में एकीकृत है और दर्ज किए गए लेनदेन की कुल संख्या 2025 है।
- मेडिकल और फिटनेस सर्टिफिकेट में क्यूआर कोड: एम्स और अन्य केंद्रों के कर्मचारियों के लिए 8201 प्रमाण पत्र तैयार किए गए हैं।
- ई-शिकायत मॉड्यूल: इसके माध्यम से 29 शिकायतें की गई हैं।
- ई-डेथ नोट: इस एप्लिकेशन के माध्यम से 4858 मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार किए गए हैं। तत्काल कारण: (क) पूर्ववर्ती कारण: (ख) डायग्नोसिस इत्यादि जैसे क्षेत्रों में एसएनओएमईडी सीटी को एकीकृत किया गया है। इस मॉड्यूल में दर्ज किए गए एसएनओएमईडी सीटी लेनदेन की कुल संख्या 1,691 है।

- एसएनओएमईडी सीटी का ई-हॉस्पिटल (एनआईसी) के साथ एकीकरण: एसएनओएमईडी सीटी को ईहॉस्पिटल के वेब एपीआई के माध्यम से एकीकृत किया गया है। यह दो मॉड्यूल यानी एडमिशन और डिस्चार्ज के साथ एकीकृत है। ई-हॉस्पिटल में दाखिले के समय लेनदेन की कुल संख्या 1,909 है। ई-हॉस्पिटल में डिस्चार्ज के समय लेनदेन की कुल संख्या 34,203 है।
- एंटीकोआगुलेंट रजिस्टर: यह टेली कंसल्टेशन के उपयोग के लिए पीटी / आईएनआर जैसे रोगियों के लैब मूल्यों की प्रविष्टि करने के लिए एक ऑनलाइन रजिस्टर है। प्रमाणित रोगी ओटीपी प्रमाणीकरण द्वारा इस एप्लिकेशन में स्वयं अपने लैब मूल्यों की प्रविष्टि कर सकते हैं और डॉक्टरों द्वारा नए प्रिस्क्रिप्शन प्रदान किए जाएंगे।
- बोन बैंक: यह मरीजों की हड्डी के विवरण को दर्ज करने के लिए एक एप्लीकेशन है जिसे बाद में उपयोग के लिए संरक्षित किया जाएगा। इसे न्यूरो और ऑर्थो विभागों के लिए विकसित किया गया है।
- स्त्रीरोग ई-एमएलसी: इसका उपयोग महिला एमएलसी मामलों को दर्ज करने के लिए किया जाता है। इस मॉड्यूल में सभी फॉर्म इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रिंट किए जाते हैं।
- हृदय प्रत्यारोपण: इसका उपयोग हृदय प्रत्यारोपण के लिए हृदय के मिलान के लिए हृदय प्रत्यारोपण हेतु रोगी के विवरण को दर्ज करने के लिए किया जाता है।
- स्तन कैंसर: इसका उपयोग स्तन कैंसर के विवरण दर्ज करने के लिए किया जाता है। इसका उपयोग सर्जरी (शल्यचिकित्सा)विभाग में किया जाता है।
- मेडिसिन मॉड्यूल: मेडिसिन मॉड्यूल एडमिशन नोट, परामर्श नोट, प्रगति नोट, सारांश के डिस्चार्ज संबंधी सारांश को शामिल करने के लिए है। हमने इस मॉड्यूल में डायग्नोसिस, जांच, महत्वपूर्ण, ऑपरेटिव नोट्स आदि जैसे क्षेत्रों में एसएनओएमईडी सीटी को एकीकृत किया है।
- छात्र कल्याण: इसका उपयोग छात्र के मानसिक स्वास्थ्य विवरण को कैप्चर करने के लिए किया जाता है।
- टेली कंसल्टेशन और ऑनलाइन प्रिस्क्रिप्शन के लिए टेली मेडिसिन डैशबोर्ड
    - 10 से अधिक विभागों ने ई-प्रिस्क्रिप्शन प्रदान करने के लिए ट्राईटन आधारित टेलीमेडिसिन डैशबोर्ड का उपयोग किया।
    - अब तक 10,000 ई-प्रेस्क्रिप्शन तैयार किए जा चुके हैं।
- फार्मेसी डैशबोर्ड: एचएलएल जेनेरिक फार्मेसी में प्रिस्क्रिप्शन के कागज रहित (पेपरलेस) प्राप्ति के लिए ऑनलाइन प्रणाली है।
- विभिन्न विभागों के लिए अनुकूलित क्लिनिकल मॉड्यूल विकसित किए गए हैं और निम्नलिखित विभागों के लिए सफलतापूर्वक चल रहे हैं:
    - काय चिकित्सा
    - त्वचा
    - शल्य चिकित्सा
    - जेरिएट्रिक चिकित्सा
- कोविड रोबोट: कोविड वार्ड में दवाओं के वितरण के लिए स्वदेशी रोबोट विकसित किया गया। इसे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा लॉन्च किया गया और डिस्कवरी चैनल पर प्रदर्शित वृत्तचित्र में दिखाया गया।

कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा एप्लीकेशन

कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा (ईएचएस) सॉफ्टवेयर सिस्टम एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है और इसका उपयोग ईएचएस ओपीडी में कर्मचारियों के तैयार स्वास्थ्य प्रिस्क्रिप्शन को रिकॉर्ड करने और बनाए रखने के लिए किया जाता है। यह प्रणाली उन सभी कर्मचारियों के रिकॉर्ड और उनके आश्रितों के विवरण का रखरखाव करती है जो ईएचएस ओपीडी में ईएचएस लाभ के लिए पात्र हैं।

सिस्टम में प्रत्येक ईएचएस रोगी को ओपीडी पंजीकृत करता है और सिस्टम में उनकी निर्धारित दवाओं को ऑनलाइन रिकॉर्ड करता है। ईएचएस फार्मेसी काउंटरों के माध्यम से दवाएं भी ऑनलाइन वितरित की जाती हैं। दवाएं जो ईएचएस फार्मेसी में उपलब्ध नहीं हैं उन्हें स्थानीय खरीद (एलपी) के लिए भेजा जाता है। एलपी इंडेंट स्वचालित रूप से इस सिस्टम द्वारा दो बार जेनेरेट होते हैं और एलपी विक्रेता को ऑनलाइन मोड में जमा किए जाते हैं। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ईएचएस पंजीकरण और प्रिस्क्रिप्शन का डाटा इस प्रकार है:

- कुल पंजीकरण: 2,86,190
- कुल ऑनलाइन प्रिस्क्रिप्शन: 2,66,883

एम्स वेबसाइट

- कंप्यूटर सुविधा द्वारा aiims.edu पर होस्ट की गई एम्स वेबसाइटों और इससे संबंधित विभिन्न अन्य सेवाओं का रखरखाव किया जाता है।
- उपरोक्त वेबसाइट का निरंतर रखरखाव।
- एम्स की वेबसाइट पर अपडेट किए गए, बनाए गए और अपलोड किए गए पृष्ठों की कुल संख्या लगभग 8500 थी।
- एम्स की वेबसाइट पर विजिट करने वालों की कुल संख्या लगभग 78 लाख थी।

ई-मेल और एसएमएस सेवाएं

- aiims.edu ई-मेल आईडी को गूगल वर्कस्पेस (जीसूट) में माइग्रेट किया गया।
- ई-मेल आईडी को aiims.edu डोमेन और aiims.ac.in डोमेन पर बनाए रखा गया।
- एम्स के संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों और छात्रों के लिए aiims.edu डोमेन पर लगभग 850 नई ई-मेल आईडी बनायी गयी।
- विभिन्न सम्मेलनों, संगोष्ठियों आदि के संबंध में सभी संकाय-सदस्यों को नियमित ई-मेल भेजे गए।
- मोबाइल सेवा सीडैक एसएमएस गेटवे सेवाओं का उपयोग संस्थान द्वारा एसएमएस प्रदान करने के लिए किया जाता है:
    - रोगी की संबंधित सेवाएं जैसे अपॉइंटमेंट का विवरण, लैब रिपोर्ट ओटीपी आदि।
    - परीक्षा अनुभाग
    - शैक्षिक अनुभाग
    - रक्त बैंक
    - अंग दाताओं का विवरण

आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और नेटवर्क

- कंप्यूटर सुविधा एनआईसी से एनकेएन कनेक्टिविटी के माध्यम से एम्स के विभिन्न उपयोगकर्ताओं को उच्च गति इंटरनेट कनेक्टिविटी सहित नेटवर्क प्रबंधन सुविधाएं प्रदान करती है।
- नए ब्लॉक में अत्याधुनिक नई नेटवर्किंग शुरू की गई: एनसीआई, झज्जर, न्यू ओपीडी और न्यू बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक और इसे एमसीएच, न्यू सर्जिकल, एनएसी और वीवीआईपी ब्लॉक एम्स के लिए प्रदान किया जा रहा है।
- एम्स में कोविड-19 नेशनल टेली कंसल्टेंसी सेंटर (सीओएनटीईसी) और कॉल सेंटर की सुविधा दी गई।
- कोविड-19 महामारी के दौरान चौबीसों घंटे फेल फ्री नेटवर्क और सेवाएं प्रदान की गई।
- ऑनलाइन सम्मेलनों, वेबिनार, बैठकों, कक्षाओं आदि के सुचारू रूप से संचालन के लिए एम्स के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर एनकेएन कनेक्टिविटी प्रदान की गई।
- एम्स के संकाय-सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों को लगभग 100 नए इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।
- विभिन्न सेमिनारों/सम्मेलनों/वीडियो सम्मेलनों के लिए उच्च गति एनकेएन इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की गई:
  - एम्स, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सीएमई / संगोष्ठी / कार्यशाला / सम्मेलनों के लिए एलएएन / वाई-फाई सुविधा प्रदान की गई।
  - "ओटी 5वीं मंजिल से एलटी VI, 6ठी मंजिल, आरपीसी तक लाइव सर्जरी ट्रांसमिशन" के लिए हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की गई।
  - मिशन दिल्ली प्रोजेक्ट (दिल्ली इमरजेंसी लाइफ हार्ट अटैक मिशन), कार्डियोलॉजी विभाग के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की गई।
  - एम्स, नई दिल्ली में विभिन्न विभागों/केंद्रों में लाइव वेबिनार के लिए हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किया गया।
  - तंत्रिका विज्ञान विभाग सम्मेलन हॉल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए वाई-फाई सुविधा प्रदान की गई।
  - एसईटी सुविधा, कन्वर्जेंस ब्लॉक में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किया गया।
- कंप्यूटर नेटवर्क की सुरक्षा और गेटवे स्तर पर प्रबंधन के लिए एप्लीकेशन एंटी-वायरस, एंटी-स्पैम, आईपीएस/आईडीएस और सूचना सामग्री की फ़िल्टरिंगके लिए यूनिफाइड थ्रेट मैनेजमेंट (युटीएम) फ़ायरवॉल का निरंतर प्रबंधन।
- लगभग 18 छात्रावास स्थानों पर वायरलेस नेटवर्किंग ज़ोन का निरंतर प्रबंधन, छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए इंटरनेट, सूचना और ऑनलाइन पत्रिकाओं तक पहुंच के लिए वाई-फाई क्षेत्र बनाना। अब तक लगभग। 9400 छात्रों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। इस सुविधा के लिए फिलहाल 1250 यूजर्स पंजीकृत हैं।
- एम्स वेबसाइट के माध्यम से बी.बी. दीक्षित पुस्तकालय के माध्यम से सब्सक्राइब्ड निरंतर बीबीडीएल ओपेक सेवाएं और पुस्तकालय ऑनलाइन संसाधनों की वृद्धि।

- छात्रों के लिए इंटरनेट और ऑनलाइन जर्नल एक्सेस के लिए बी.बी. दीक्षित पुस्तकालय में वाई-फाई जोन का निरंतर प्रबंधन।
- संकाय-सदस्यों और छात्रों के लिए एनकेएन लीज लाइन के माध्यम से हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा को एम्स के नेटवर्क पर लगभग 9500 नोड्स पर 24/7 आधार पर बनाए रखा जा रहा है।
    - वेब सर्वर, प्रॉक्सी सर्वर और मेल सर्वर का 24x7x365 दिनों के आधार पर रखरखाव।
    - कंप्यूटर की सुविधा के हेल्प-डेस्क के माध्यम से इंटरनेट और नेटवर्क उपयोगकर्ता की शिकायतों और 24 x 7 x 365 दिन समाधान के लिए सुविधा प्रबंधन कॉल संबंधी रखरखाव।
    - ई-हॉस्पिटल मॉड्यूल के लिए वीपीएन आधारित एक्सेस मैकेनिज्म; एम्स के बाहर से सीपीआरएस पहुंच ने बल्लभगढ़, एम्स केंद्रों के लिए प्रबंधन जारी रखा ।
    - एनडीडीटीसी, जेपीएनएटीसी को जोड़ने के लिए आईपी एसईसी सुरंग का निरंतर प्रबंधन।
    - वार्ड, ओपीडी, आईसीयू और ओटी आदि में ई-अस्पताल सॉफ्टवेयर और इंटरनेट तक वाई-फाई आधारित पहुंच के लिए एम्स संकाय-सदस्यों, वैज्ञानिकों, सहायक कर्मचारियों और उप नर्सिंग अधीक्षकों को एमएसी (मैक) आईडी आधारित प्रमाणीकरण प्रदान किया गया।
    - वीपीएन/ऑनलाइन जर्नल एक्सेस के लिए लगभग 200 आईडी बनाया गया।
    - इंटरनेट कनेक्शन के लिए आईपी को सक्रिय और कॉन्फ़िगर किया गया।
    - तंत्रिका विज्ञान केंद्र विभाग के लिए जीई सेंट्रिसिटी आरआईएस-पीएसीएस के लिए बाह्य आईपी एड्रैस का प्रावधान।
    - एलएएन और वाई-फाई उपयोगकर्ताओं के लिए यू-ट्यूब और फेसबुक को अनुमति देने के लिए बनाए गए फ़ायरवॉल नियम।
    - विभिन्न गतिविधियों के लिए एलएएन से डब्ल्यूएएन और डब्ल्यूएएन से एलएएन के लिए फ़ायरवॉल नियम बनाए गए।
    - एम्स में विभिन्न सर्वरों तक एसएसएच पहुंच के लिए फ़ायरवॉल नियम बनाए गए हैं।

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण घटनाएं

एस.एन. रघु कुमार एम्स और उसके सभी केंद्रों और आगामी केंद्रों के लिए आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास हेतु विभिन्न तकनीकी विनिर्देश समितियों के सदस्य थे और उन्होंने नए चयनित एमबीबीएस छात्रों के लिए एम्स, नई दिल्ली में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया था।

सतीश प्रसाद ई-आफ़िस परियोजना (एनआईसी) के लिए नोडल अधिकारी थे और ई-आफ़िस का उपयोग के लिए कार्मिकों को समन्वित और प्रशिक्षित किया; कोर्स समन्वयक और एमएससी, बीएससी और आईटी क्लासेज ऑफ़ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग छात्रों के लिए पोस्ट सर्टिफिकेट कोर्स, बीएससी डेंटल ऑपरेटिंग रूम असिस्टेंट कोर्स, बीएससी डेंटल हाइजीन कोर्स, बीएससी ओटी टेक्नोलॉजी की कक्षाएं लीं।

एस.के. मेहर नर्सिंग और बायोटेक्नोलॉजी के पूर्वस्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों की शिक्षण गतिविधियों में शामिल थे; कोर मॉड्यूल, एलआईएस मॉड्यूल, ब्लड बैंक, आरआईएस, पीएसीएस और एम्स और सभी केंद्रों में इन-हाउस और ई-हॉस्पिटल में विकसित विभिन्न क्लिनिकल मॉड्यूल का पर्यवेक्षण और सहयोग प्रदान किया; झज्जर में रोबोट लैब के एकीकरण, मुख्य नए ओपीडी ब्लॉक में स्मार्ट लैब और एनसीआई, झज्जर के ओपन

पैक्स और सीमेंस पैक्स के कार्यान्वयन के लिए कार्यान्वयन टीम का हिस्सा और झज्जर में ई-हॉस्पिटल और ओपनपैक्स के साथ एकीकरण के लिए एक प्रमुख भूमिका निभाई; सीएफ डाटा सेंटर में ओपन पैक्स डेटा को नए सर्वरों में स्थानांतरित करने के लिए एक रणनीति की योजना बनाई; एनसीआई, झज्जर (हरियाणा) के लिए डेटा सेंटर और डिजाइन, परिनियोजन और कंप्यूटर नेटवर्किंग और वाई-फाई का कार्यान्वयन और एनसीआई, झज्जर से एम्स, नई दिल्ली तक पी2पी कनेक्टिविटी में सहयोग दिया; आईसीएमआर, नई दिल्ली में आईटी उपकरणों की खरीद के लिए तकनीकी समिति के अध्यक्ष; आईसीएमआर परियोजनाओं में आईटी कर्मचारियों की भर्ती के लिए चयन समिति के अध्यक्ष; साइबर सुरक्षा नीति और आवश्यकता के लिए समिति के अध्यक्ष और आईसीएमआर, नई दिल्ली और भारत में अन्य शाखाओं में नेटवर्किंग की उन्नयन और नई आवश्यकता में भी; वर्तमान में एमईआईटी द्वारा वित्त पोषित ऑन्कोलॉजी परियोजना में एआई में काम कर रहे हैं और एम्स, नई दिल्ली में एसएनओएमईडी सीटी परियोजना (एमओएचएफडब्ल्यू के तहत) कार्यान्वयन के लिए नोडल अधिकारी; वीएआर इंडिया वर्चुअल सम्मेलन द्वारा आयोजित 'कोविड समय के दौरान व्यापार परिवर्तन' पर एक वार्ता दी; वीएआर पत्रिका में प्रकाशित "एक अच्छा टेलीहेल्थ एप्लिकेशन का सेटअप करना एक प्रमुख प्राथमिकता है"; 18वें इन्फोरेच फोरम में "स्वास्थ्य सेवा में आपकी व्यवसाय परिवर्तन रणनीति में वृद्धि करना" पर मुख्य वक्ता; वरइंडिया द्वारा 2020 में भारत के शीर्ष 10 प्रख्यात सीआईओ से सम्मानित किया गया। "एक सफल सीआईओ के पास एक ऐसा समाधान बनाने की दृष्टि होगी जो चिकित्सक की वास्तविक आवश्यकता को पूरा करे" लेख वरिंडिया के ब्रांड बुक 2020 में प्रकाशित हुआ था; एक अन्य लेख "स्टार्टअप कंपनी द्वारा विकसित किए जाने वाले हेल्थकेयर उत्पाद में संभावित एआई कैसे हैं" ओडिशा कॉरपोरेट फाउंडेशन में प्रकाशित हुआ था; एंटरप्राइज आईटी वर्ल्ड द्वारा दिए गए "कोविड-19 सुपरहीरो सीआईओ अवार्ड" से सम्मानित; नेशनल एंटरप्राइज टेक कनेक्ट, बी2बी इन्फोमीडिया, नई दिल्ली में "डिजिटल दुनिया में उद्यम सूचना सुरक्षा: वर्तमान रुझान और चुनौतियां" के प्रख्यात वक्ता; बीएमजे हेल्थ एंड केयर इंफॉर्मेटिक्स के संपादकीय बोर्ड के उप संपादक और संपादकीय बोर्ड के सदस्य 2020-2023, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर गेरोनटेक्नोलॉजी 2019-2022 के बोर्ड सदस्य; सदस्य, वैज्ञानिक समिति और 22-25 दिसंबर 2020 को आयोजित छठे भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (विषय "महामारी संकट और चुनौतियां" आईआईएसएफ 2020) में जूरी सदस्य के रूप में भी कार्य किया।

संजय गुप्ता ने एम्स में कोविड-19 नेशनल टेली कंसल्टेंसी सेंटर (सीओएनटेक) और कॉल सेंटर की निगरानी की; एसवाईएस के ऑनलाइन चुनाव आयोजित किए जैसे कि पहले एम्स में सूचना कियोस्क का उपयोग करके ऑफिसर्स एसोसिएशन, एफएआईएमएस, एसवाईएस और आरडीए के लिए किए गए।

हरि शंकर ने एमबीबीएस छात्रों, एम्स के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किए और एमएससी और बीएससी नर्सिंग छात्रों के लिए कक्षाएं लीं।

श्यामल बरुआ, वरिष्ठ प्रोग्रामर, जीईएम और ई-प्रोक्योरमेंट कार्यान्वयन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे थे। अब तक जीईएम में ऑन बोर्ड कुल उपयोगकर्ता 220 हैं।

तृप्ता शर्मा स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर छात्रों की शिक्षण गतिविधियों में शामिल थीं।

अमित भाटी परीक्षा अनुभाग के लिए विभिन्न आईटी उपकरणों की खरीद के लिए समिति के सदस्य थे; जेम सेल (स्टोर अनुभाग, डीओ) के माध्यम से सामान्य वस्तुओं की खरीद के लिए समिति सदस्य; आग लगने की घटनाओं की रोकथाम और प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी (कंप्यूटर सुविधा) के रूप में कार्य कर रहे हैं।

11.6. इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी सुविधा

आचार्य

टी.सी. नाग

सह-आचार्य

सुभाष सी. यादव

सहायक आचार्य

प्रभाकर सिंह

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

संदीप आर्य

तकनीकी अधिकारी

चंदा पंवार

शिक्षा

शरीर रचना स्नातकोत्तरों हेतु इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी कक्षाओं (सिंद्धांत के साथ-साथ प्रेक्टिकल, केवल शुक्रवार) का आयोजन दिनांक 4 जनवरी से 13 मार्च 2021 तक किया गया।

सीएमई/कार्यशालाएं/संगोष्ठी/राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

1. इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी फॉर सांइटिफिक इन्वेस्टीगेटर्स में 36वां राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2020 तक किया गया। दिल्ली से 6 उम्मीदवारों ने भाग लिया।
2. श्री एन रामदास अय्यर, वरिष्ठ क्यूरेटर और अध्यक्ष, राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, नई दिल्ली ने 17 दिसम्बर 2020 को अपनी टीम के साथ माइक्रोस्कोप की विशेषताओं और अनुसंधान में इसके उपयोग का पता लगाने के लिए ईएम सुविधा का दौरा किया।

प्रदत्त व्याख्यान

टी.सी.नाग

1. कोशिका जैविक अनुसंधान में माइक्रोस्कोपी का उपयोग, जूलॉजी में इंट्रीगिंग कन्सेप्ट्स और एप्लीकेशन पर राष्ट्रीय वेबिनार, 28 सितम्बर 2020, बिधाननगर कॉलेज, कोलकत्ता, वर्चुअल

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. क्रायो-इलेक्ट्रॉन टोमोग्राफी (ईटी) और मानव नमूनों से कोविड-19 के सेलुलर संक्रामकता और आंतरिककरण को समझने के लिए सहसंबंध माइक्रोस्कोपी, सुभाष सी यादव, आईयूएसएसटीएफ, 2 वर्ष, 2020-2022, 50 लाख रूपए।
2. सुपर रेजूल्यूशन माइक्रोस्कॉपी का प्रयोग करते हए दृष्टिगत रूप से सक्रिय सूक्ष्मकणों का इंटरासेलुलर ट्रैफिकिंग के यांत्रिकी आधार की व्याख्या करना, सुभाष सी यादव, नेनो मिशन, 2 वर्ष, 2019-2021, 34 लाख रूपए।
3. गुर्दा प्रत्यारोपण रोगियों के सीरम से बी के विषाणु की त्वरित तथा लागत प्रभावी नेनो-लैम्प आधारित पहचान को डिजाइन करना। सुभाष चंद्र यादव, आईसीएमआर, 3 वर्ष, 2019-2022, 35.84 लाख रूपए।
4. ईडब्ल्यूएस-एफएलआई-I, फ्यूजन प्रोटीन का शीघ्र तथा विशिष्ट पहचान पद्धति का विकास, सुभाष चंद्र यादव, डीबीटी, 3 वर्ष, 2019-2022, 80 लाख रूपए।
5. बायोमेडिकल लाइव-सेल इमेजिंग और नेनो-पार्टिकुलेट ड्रग डिलीवरी के लिए लेजर कन्फोकल माइक्रोस्कोप सुविधा की स्थापना, सुभाष सी यादव, डीएसटी-एफआईएसटी, 5 वर्ष, 2018-2023, 165 लाख रूपए।
6. गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के उपचार हेतु मानव पेपिलोमा विषाणु (एचपीवी 16) आधारित नेनोकेरियर्स का प्रयोग करते हुए सिस्प्लेटिन की बाह्य आपूर्ति, सुभाष चंद्र यादव, एम्स- आईआईटीडी, 2 वर्ष, 2019-2021, 10 लाख रूपए।
7. कोशिका विज्ञान नमूने से गर्भाशय ग्रीवा कैंसर कोशिकाओं का चुम्बकीय नेनोकणों एवं क्वांटम डॉट्स युग्मक दृश्य पुष्टिकरण ग्रामीण भारतीय व्यवस्था हेतु एक लागत प्रभावी, शीघ्र तथा अनुकूल जांच, सुभाष चंद्र यादव, एसईआरबी, 3 वर्ष, 2018-2021, 38.68 लाख रूपए।
8. चूहों में प्रयोगात्मक लौह की अधिक मात्रा के बाद माइटोकोन्ड्रियल सक्रिय एवं रेटिना फोटोरिसेप्टर कोशिकाओं में ऑटोफैगी की स्थिति, टी.सी.नाग, आईसीएमआर, 3 साल, 2019-2022, 30 लाख रूपए।
9. फोकल सेरेब्रल इस्किमिया के एक चूहे के मॉडल में कोलीनर्जिक न्यूराडट्स के संरचनात्मक पुनर्गठन का अध्ययन, प्रभाकर सिंह, एम्स, 2 वर्ष, 2020-2022, 10 लाख रूपए।

पूर्ण

1. सुपर रेजूल्यूशन माइक्रोस्कॉपी का प्रयोग करते हुए दृष्टिगत रूप से सक्रिय सूक्ष्मकणों का इंटरासेलुलर ट्रैफिकिंग के यांत्रिकी आधार की व्याख्या करना, सुभाष सी यादव, नेनो मिशन, 2 वर्ष, 2019-2021, 34 लाख रूपए।
2. कोशिका विज्ञान नमूने से गर्भाशय ग्रीवा कैंसर कोशिकाओं का चुम्बकीय नेनोकणों एवं क्वांटम डॉट्स युग्मक दृश्य पृष्टिकरण: ग्रामीण भारतीय व्यवस्था हेतु एक लागत प्रभावी, शीघ्र तथा अनुकूल जांच, सुभाष चंद्र यादव, एसईआरबी, 3 वर्ष, 2018-2021, 38.68 लाख रूपए।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. हैच के बाद के चिक रेटिना में प्रकाश प्रेरित ऑक्सीडेटिव तनाव और एंडोपीनियस न्यूरोप्रोटेक्टिव तंत्र।
2. प्रायोगिक लौह अधिभार के एक चूहे के मॉडल में रेटिनल फोटोरिसेप्टर कोशिकाओं में माइटीकॉन्ड्रियल गतिशीलता और ऑटोफैगी की स्थिति।

पूर्ण

1. चूहों में प्रकाश प्रेरित रेटिना क्षति के पश्चात समांतर कोशिकाओं में रीमॉडलिंग।
2. चयनात्मक मुलर कोशिका क्षति के बाद चूहें के रेटिना पर तेज प्रकाश से पड़ने वाले प्रभाव में सूक्ष्म तंत्रिकाबंध का अध्ययन।

सहयोगी परियोजनाएं

पूर्ण

